


वाराणसी, शनिवार 15 फरवरी, 2025

फाल्गुन माह, कृष्ण पक्ष 3, वर्ष 14, अंक 10, पृष्ठ 16, मूल्य : 5.00

परख सच की

# जनसंदेश टाइम्स

वाराणसी, लखनऊ, कानपुर, गोरखपुर एवं प्रयागराज से प्रकाशित

डाक/नगर संस्करण

E-paper : www.jansandeshtimes.net | Portal : www.jansandeshtimes.news



अन्दर : चैंपियंस ट्रॉफी से बाहर हुए यशस्वी, मुंबई के लिए खेलेंगे रणजी का सेमीफाइनल





अन्दर : मणिपुर में गंभीर पहल की जरूरत


# भारत को एफ-35 की अमेरिकी पेशकश से बौखलाया पाकिस्तान

## प्रधानमंत्री मोदी व डोनाल्ड ट्रंप के बीच रक्षा साझेदारी पर करार

**नई दिल्ली।** भारत और अमेरिका ने नई 10 वर्षीय रक्षा साझेदारी पर हस्ताक्षर करने तथा प्रमुख हथियारों के सह-उत्पादन को जारी रखने के लिए एक महत्वाकांक्षी योजना की घोषणा की। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के साथ बातचीत के बाद कहा कि वह अरबों डॉलर की सैन्य आपूर्ति बढ़ाने के हिस्से के रूप में भारत को एफ-35 लड़ाकू विमान प्रदान करने का मार्ग प्रशस्त कर रहे हैं। लेकिन भारत और अमेरिका की इस रक्षा साझेदारी से अब पाकिस्तान बौखला गया है। राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने साथ ही घोषणा की कि अमेरिका 'एफ-35 स्टील्थ लड़ाकू जेट' विमान की संभावित आपूर्ति सहित भारत को सैन्य हार्डवेयर की बिक्री में वृद्धि करेगा।

खबरों के अनुसार, भारत और अमेरिका ने नई 10 वर्षीय रक्षा साझेदारी पर हस्ताक्षर करने तथा प्रमुख हथियारों के सह-उत्पादन को जारी रखने के लिए एक महत्वाकांक्षी योजना की घोषणा की। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के साथ बातचीत के बाद कहा कि वह अरबों डॉलर की सैन्य आपूर्ति बढ़ाने के हिस्से के रूप में भारत को एफ-35 लड़ाकू विमान प्रदान करने का मार्ग प्रशस्त कर रहे हैं। एफ-35 फाइटर जेट्स की सप्लाई भारत को कब होगी, इस बारे में फिलहाल कोई जानकारी सामने नहीं आई है।

**नाराजगी**

**अरबों डॉलर की सैन्य आपूर्ति बढ़ाएगा अमेरिका**

हालांकि भारतीय सेना में इस लड़ाकू विमान के शामिल होने से न सिर्फ बॉर्डर पर सुरक्षा बढ़ेगी, बल्कि पाकिस्तान की टेंशन भी बढ़ेगी। इस साझेदारी के बाद पाकिस्तान के विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता शफकत अली खान ने चेतावनी दी है कि अगर अमेरिका भारत को एफ-35 फाइटर जेट बेचता है तो इससे दक्षिण एशिया में सैन्य असंतुलन बढ़ जाएगा। इस फैसले से क्षेत्र की रणनीतिक स्थिरता पर नकारात्मक असर पड़ेगा, जो शांति के लिए खतरे की बात है।

इसके अलावा, प्रधानमंत्री मोदी और राष्ट्रपति ट्रंप के बीच हुई बातचीत में पाकिस्तान को आतंकवाद बढ़ावा देने के लिए फटकार भी लगाई गई। संयुक्त बयान में कहा गया कि पाकिस्तान को यह सुनिश्चित करना चाहिए कि वह अपने क्षेत्र का इस्तेमाल आतंकवादियों के लिए न होने दे।



अमेरिका के राष्ट्रपति के आधिकारिक कार्यालय एवं आवास 'व्हाइट हाउस' में बृहस्पतिवार (भारतीय समयानुसार शुक्रवार) को कई मुद्दों पर बातचीत के बाद प्रधानमंत्री मोदी एवं राष्ट्रपति ट्रंप ने हिंद-प्रशांत क्षेत्र में अमेरिकी और भारतीय सेनाओं की विदेशी तैनाती को समर्थन देने और उसे बनाए रखने के लिए नई राह खोलने का संकल्प जताया, जिसमें सुरक्षा साजो-सामान और खुफिया जानकारी साझा करना भी शामिल है।

भारत ने अमेरिका से छह अतिरिक्त 'पी-8आई' लंबी दूरी की समुद्री निगरानी एवं पनडुब्बी रोधी युद्धक विमानों की खरीद की आधिकारिक पुष्टि की। भारतीय नौसेना के पास पहले से ही 11 पी-8आई विमान हैं। दोनों नेताओं ने भारत की रक्षा आवश्यकताओं को तेजी से पूरा करने के उद्देश्य से इस वर्ष भारत में 'जैवलिन' 'एंटी-टैंक गाइडेड मिसाइलों' और पैदल सेना के बख्तरबंद वाहन 'स्ट्राइकर' के लिए नई खरीद एवं सह-उत्पादन व्यवस्था को आगे बढ़ाने की योजना की भी घोषणा की। भारत-अमेरिका रक्षा संबंधों को बढ़ावा देने की महत्वाकांक्षी योजना वास्तविक नियंत्रण रेखा (एलएसी) के साथ-साथ हिंद महासागर क्षेत्र में चीन की बढ़ती सैन्य ताकत की पृष्ठभूमि में सामने आई है। मोदी और ट्रंप ने खरीद प्रणालियों को बेहतर करने तथा रक्षा सामग्री एवं सेवाओं की पारस्परिक आपूर्ति सुनिश्चित करने के लिए भारत-अमेरिका पारस्परिक रक्षा खरीद (आरडीपी) समझौते को लेकर इस वर्ष वार्ता शुरू करने का भी आह्वान किया।

दोनों नेताओं ने अंतरिक्ष, वायु रक्षा, मिसाइल, समुद्री रक्षा प्रौद्योगिकियों में सहयोग में तेजी लाने का संकल्प लिया, जिसमें अमेरिका ने भारत को पांचवीं पीढ़ी के लड़ाकू विमानों (एफ-35) और 'अंडरसी' (पानी के नीचे की) प्रणालियों की आपूर्ति करने की अपनी नीति की समीक्षा की घोषणा की।

एफ-35 लड़ाकू विमान को दुनिया के सबसे घातक, टिकाऊ और कनेक्टेड लड़ाकू विमानों के रूप में जाना जाता है। यह पूछे जाने पर कि क्या भारत, अमेरिका से एफ-35 लड़ाकू जेट विमान खरीदने की योजना बना रहा है, इस पर विदेश सचिव विक्रम मिसरी ने कहा कि यह अभी प्रस्ताव के स्तर पर है।

# कहीं भी रोड पर जाम न लगे अन्यथा जवाबदेही तय होगी

## जाम से निपटने को लेकर सीएम योगी के निर्देश

**चेताया**

**कहा, 'वरिष्ठ अधिकारी स्वयं सड़क पर उतरें'**



**लखनऊ।** महाकुंभ के कारण प्रयागराज सहित प्रदेश के कई जिलों में बनी भीषण जाम की स्थिति को लेकर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने अफसरों को सख्त निर्देश दिए हैं। उन्होंने कहा कि वरिष्ठ अधिकारी स्वयं सड़क पर उतरें। हर स्तर पर जवाबदेही सुनिश्चित करें। जहां जाम होगा वहां के अधिकारियों की जवाबदेही तय होगी। उन्होंने निर्देश दिए कि प्रयागराज महाकुंभ नगर, प्रयागराज जनपद, अयोध्या, वाराणसी और आसपास के सभी जिलों में कहीं भी सड़क पर जाम ना लगे।

प्रदेश में महाकुंभ के पलट प्रवाह से अवध के अयोध्या, अमेठी, सुल्तानपुर, अंबेडकरनगर और बाराबंकी में बृहस्पतिवार को भयंकर जाम की स्थिति का सामना करना पड़ा। सबसे बुरा हाल अयोध्या का है। प्रयागराज महाकुंभ में डुबकी लगाने के बाद श्रद्धालुओं का पलट प्रवाह सबसे ज्यादा रामनगरी की ओर है। इस कारण बृहस्पतिवार को 10 लाख से अधिक श्रद्धालु अयोध्या पहुंचे। हालात नियंत्रण करने के लिए जिले की सीमा से ही वाहनों को डायवर्ट किया जा रहा है। गोरखपुर, गोंडा, लखनऊ, रायबरेली, अंबेडकरनगर मार्ग पर भारी वाहनों का प्रवेश बंद कर दिया गया है। सुल्तानपुर में बृहस्पतिवार को लखनऊ-वाराणसी हाईवे पर करीब 25 किमी लंबा जाम लगा रहा। अमहट से लेकर लंभुआ तक वाहनों की कतार लगी रही। यहां बुधवार रात 10 बजे से बृहस्पतिवार शाम चार बजे तक अयोध्या के लिए आवागमन बंद कर दिया गया। 17 घंटे तक जाम में फंसे श्रद्धालु भूख-प्यास से बिलबिला उठे।

## महाकुंभ से यूपी की अर्थव्यवस्था को 3 लाख करोड़ का लाभ होगा

**लखनऊ।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने प्रयागराज में चल रहे महाकुंभ के ऐतिहासिक आयोजन को उत्तर प्रदेश की सांस्कृतिक और आर्थिक समृद्धि का प्रतीक बताया। उन्होंने कहा कि महाकुंभ 2025 में अब तक 50 करोड़ श्रद्धालु आस्था की डुबकी लगा चुके हैं, जो उत्तर प्रदेश की शक्ति और व्यवस्थागत कुशलता को दर्शाता है। उन्होंने कहा कि आज महाकुम्भ में लोगों की सैंकड़ों वर्षों से दबी हुई भावनाओं को सम्मान मिल रहा है। इस आयोजन से प्रदेश की अर्थव्यवस्था को तीन लाख करोड़ का फायदा होगा। उन्होंने कहा कि महाकुंभ का आयोजन स्थल रक्षा मंत्रालय की भूमि पर होता है और पिछले आठ वर्षों से उत्तर प्रदेश सरकार को यह भूमि लीज पर सहजता से प्राप्त हो रही है। इस बार पहली बार श्रद्धालु अक्षयवट, पातालपुरी और सरस्वती कूप के दर्शन कर पा रहे हैं, जिन्हें ऐतिहासिक रूप से सीमित पहुंच में रखा गया था। मुख्यमंत्री योगी ने रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह, केंद्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी के साथ लखनऊ में 4 लेन के दो प्रमुख फ्लाईओवर का उद्घाटन किया। इनमें 270 करोड़ रुपये की लागत से बना इंदिरा नगर सेक्टर 25 से खुर्रमनगर-कल्याणपुर फ्लाईओवर (3 किमी) और 170 करोड़ रुपये की लागत से बना पॉलिटेक्निक से मुंशी पुलिया चौराहा फ्लाईओवर (2 किमी) शामिल है। इस अवसर पर आयोजित कार्यक्रम में कुल 588 करोड़ रुपये की 114 विकास परियोजनाओं का लोकार्पण एवं शिलान्यास भी किया गया। इस अवसर पर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि डबल इंजन की सरकार द्वारा लखनऊ को न केवल एयरो सिटी बल्कि आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस सिटी के रूप में भी विकसित किया जा रहा है। जनसभा को संबोधित करते हुए सीएम योगी ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में उत्तर प्रदेश आज अत्याधुनिक सुविधाओं से युक्त हो रहा है और राज्य के हर नागरिक को बेहतर बुनियादी ढांचा और सार्वजनिक सेवाएं प्रदान की जा रही हैं।

**सीएम योगी बोले**

**लखनऊ में दो फ्लाईओवर का किया उद्घाटन**

सीएम योगी ने कहा कि लखनऊ को 1000 करोड़ रुपये से अधिक की परियोजनाओं की सौगात मिली है, जिसमें 440 करोड़ रुपये की लागत से बनने वाली राष्ट्रीय राजमार्ग की दो महत्वपूर्ण परियोजनाएं और करीब 600 करोड़ रुपये की विभिन्न राज्य परियोजनाओं का लोकार्पण एवं शिलान्यास शामिल है। उन्होंने कहा कि लखनऊ को मेट्रो शहरों की तरह विकसित करने की दिशा में तेजी से कार्य किया जा रहा है। सीएम योगी ने कहा कि महाकुंभ न केवल आस्था का महापर्व है, बल्कि यह उत्तर प्रदेश की अर्थव्यवस्था के लिए भी अत्यंत महत्वपूर्ण है। उन्होंने अनुमान लगाया कि इस आयोजन से उत्तर प्रदेश की अर्थव्यवस्था में लगभग 3 लाख करोड़ रुपये की वृद्धि होगी। उन्होंने कहा कि कुछ लोग कुंभ पर खर्च को लेकर सवाल उठाते हैं, लेकिन यह निवेश प्रयागराज के संपूर्ण पुनरुद्धार के लिए किया गया है।


NARAYANDAS
नरायन दास सर्राफ ज्वेलर्स (प्रा०लि०)
सोने, चाँदी, हीरे, प्लेटिनम एवं कुंदन के आभूषण
• 916 हॉलमार्क ज्वेलरी •
रथयात्रा : 8303173010
अर्दली बाजार : 9696470424
चौक(ठठेरी बाजार): 8318650589
चितईपुर(अवलेशपुर) :9696544217
SUNDAY OPEN
•रथयात्रा •अर्दली बाजार •चौक(ठठेरी बाजार) •चितईपुर(अवलेशपुर)वाराणसी
•पार्किंग की सुविधा उपलब्ध•


# उत्तर प्रदेश अब बीमारू राज्य नहीं: गडकरी

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश की राजधानी लखनऊ में गुरुवार को केंद्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी पहुंचे। यहां उन्होंने 1028 करोड़ रुपये के विभिन्न विकास कार्यों के लोकार्पण व शिलान्यास कार्यक्रम में हिस्सा लिया। इस मौके पर उन्होंने कहा कि उत्तर प्रदेश अब बीमारू राज्य नहीं रहा। यह देश की अर्थव्यवस्था को गति देने वाले अग्रणी राज्यों में शामिल हो गया है। केंद्रीय मंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारत को विश्व गुरू एवं पांच ट्रिलियन डॉलर की इकॉनमी बनाने का लक्ष्य रखा गया है। इसमें यूपी की भूमिका अहम होगी। उन्होंने कहा कि अगर सड़क, जल, ऊर्जा, परिवहन और संचार की व्यवस्थाएं मजबूत होंगी, तो उद्योगों को बढ़ावा मिलेगा। रोजगार के नए अवसर सृजित होंगे। नितिन गडकरी ने कहा कि यूपी में अब तक 1.25 लाख करोड़ रुपये की सड़कों का काम पूरा हो चुका है। एक लाख करोड़ की परियोजनाएं निमार्णाधीन हैं। कहा कि कानपुर-लखनऊ एक्सप्रेसवे का निर्माण देश में पहली बार 'ऑटोमेटेड इंटेलिजेंट मशीन एंड गाइडेड कंस्ट्रक्शन' तकनीक से किया जा रहा है। कहा कि इससे गुणवत्ता बेहतर होगी। 10 वर्षों तक उसमें कोई गड्ढा नहीं होगा। इसके अलावा, पूर्वांचल को औद्योगिक विकास की नई ऊंचाइयों तक पहुंचाने के लिए वाराणसी से कोलकाता और गोरखपुर से सिलीगुड़ी तक 75,000 करोड़ रुपये की लागत से सड़कों का निर्माण प्रस्तावित है। केंद्रीय मंत्री ने कहा कि अमेरिका और यूरोपीय देशों में लॉजिस्टिक लागत 12 फीसदी और चीन में आठ फीसदी है।

**ऐलान**

**1028 करोड़ की परियोजनाओं का किया लोकार्पण एवं शिलान्यास**

# किन्नर अखाड़े की महामंडलेश्वर कल्याणी नंद गिरी पर हमला

**अराजकता**

**आशीर्वाद के बहाने चाकू से वार**

**प्रयागराज।** महाकुंभ में किन्नर अखाड़े की महामंडलेश्वर कल्याणी नंद गिरी उर्फ छोटी मां पर गुरुवार रात जानलेवा हमला हुआ। इस हमले में उनके तीन शिष्य भी घायल हो गए। घटना के बाद सभी को तुरंत महाकुंभ के सेंट्रल हॉस्पिटल में भर्ती कराया गया, जहां उनकी हालत स्थिर बताई जा रही है। घटना उस समय हुई जब कल्याणी नंद गिरी अपनी कार से अखाड़े के शिविर लौट रही थीं। रास्ते में कुछ लोग आशीर्वाद लेने के बहाने उनके वाहन के पास पहुंचे और गाड़ी रुकवाकर उन पर चाकू से हमला कर दिया। उनके बचाव में आए शिष्यों पर भी हमला किया गया, जिससे वे घायल हो गए। इस हमले के पीछे पहले से चल रहा विवाद भी एक वजह माना जा रहा है। 9 फरवरी को परी अखाड़े की जगद्गुरु हिमांगी सखी ने कल्याणी नंद गिरी, आचार्य महामंडलेश्वर डॉ. लक्ष्मी नारायण त्रिपाठी और कौशल्या नंद गिरी पर मारपीट के आरोप लगाए थे। पुलिस इस हमले को इसी विवाद से जोड़कर भी देख रही है और जांच जारी है। सेंट्रल हॉस्पिटल के सीएमएस डॉ. मनोज कौशिक ने बताया कि कल्याणी नंद गिरी समेत चार लोगों को भर्ती कराया गया है। हालांकि, घायलों को मामूली चोटें आई हैं और सभी की हालत खतरे से बाहर है। पुलिस आरोपियों की पहचान करने और घटना के पीछे की साजिश का पता लगाने में जुटी है। इस बीच ममता कुलर्णी ने 10 फरवरी को विवादों की वजह से महामंडलेश्वर पद से इस्तीफा दे दिया था।

# अमेरिका से फिर आएगा अवैध प्रवासी भारतीयों से भरा विमान

**आशंका**

**119 लोग हैं सवार, क्या फिर लगेंगी हथकड़ियां**

**नई दिल्ली।** अमेरिका में अवैध रूप से रह रहे भारतीयों से भरा एक और प्लेन 15 फरवरी यानी शनिवार को अमृतसर पहुंच रहा है। प्लेन में 119 लोग होंगे। इनमें पंजाब के 67 और हरियाणा के 33 लोग शामिल है। गौरतलब है कि 5 फरवरी को अमेरिका से 104 अवैध भारतीय प्रवासियों को लेकर एक विमान अमृतसर लौटा था. ये वो भारतीय थे, जो अमेरिका में बिना किसी दस्तावेज के रह रहे थे। डोनाल्ड ट्रंप सरकार ने ऐसे 20 हजार भारतीयों की पहचान की है, जो वहां बिना किसी कागजात के अवैध रूप से रह रहे हैं। मोदी ने व्हाइट हाउस में अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के साथ संयुक्त संवाददाता सम्मेलन के दौरान अवैध आव्रजन के मुद्दे पर पूछे गए एक सवाल के जवाब में कहा कि यह केवल भारत का सवाल नहीं है बल्कि एक वैश्विक मुद्दा है। हमारा मानना है कि कोई भी व्यक्ति जो दूसरे देश में अवैध तरीके से प्रवेश करता है और रहता है, उसे उस देश में रहने का कोई कानूनी अधिकार या प्राधिकार नहीं है। मोदी ने कहा कि जहां तक भारत और अमेरिका की बात है, हमने हमेशा कहा है कि जो लोग सत्यापित भारतीय नागरिक हैं और जो अमेरिका में अवैध रूप से रह रहे हैं, भारत उन्हें वापस लेने के लिए तैयार है।



प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि अमेरिका और भारत दोनों का प्रयास है कि हम मिलकर इस पूरे पारिस्थितिकी तंत्र को उखाड़ फेंकें ताकि मानव तस्करी खत्म हो। यह उन गरीब लोगों के साथ अन्याय है जो अपना सब कुछ बेच देते हैं और उन्हें बड़े-बड़े सपने दिखाकर अवैध प्रवासी के रूप में दूसरे देश में लाया जाता है। हमारी बड़ी लड़ाई इस पारिस्थितिकी तंत्र के खिलाफ है और मुझे विश्वास है कि राष्ट्रपति ट्रंप भी इस पारिस्थितिकी तंत्र को समाप्त करने में भारत का पूरा समर्थन करेंगे।

## महाकुंभ भगदड़ में गायब हुआ शख्स, अपनी ही 13वीं के दिन पहुंचा घर

**नई दिल्ली।** प्रयागराज के महाकुंभ में मौनी अमावस्या यानी 29 जनवरी को हुई भगदड़ में कई लोगों ने अपनों को खो दिया, लेकिन हाल ही में एक ऐसी चौंकाने वाली घटना सामने आई जब एक 60 साल का शख्स इस भगदड़ में लापता हो गया था और उसके दोस्तों और पड़ोसियों ने उसे मृत मानकर उसकी तेरहवी की, उसी समय वह शख्स अपने घर पर सही सलामत पहुंच गया। उसे जिंदा देख सभी की आखें फटी की फटी रह गईं। शख्स को जिंदा देखने के बाद तेरहवीं का भोज दावत में बदल गया। पड़ोसियों और मोहल्ले के लोगों ने जश्न मनाया। जब उनसे यह पूछा गया कि वे कहां थे, तो उन्होंने बेहद ही हैरान करने वाला बयान दिया। उन्होंने कहा कि वह तपस्वियों के एक गुट के साथ चला गया था और थोड़ी चिलम पी और वक्त का कुछ पता ही नहीं लगा।

# सीबीएसई 10वीं-12वीं के बोर्ड एग्जाम आज से

**नई दिल्ली।** केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड यानी सीबीएसई 10वीं और 12वीं की बोर्ड परीक्षाएं 15 फरवरी 2025 यानी कल से शुरू हो रही हैं। इस साल दोनों कक्षाओं के बोर्ड एग्जाम एक ही तारीख से शुरू हो रहे हैं, लेकिन दोनों कक्षाओं की परीक्षाएं एक दिन खत्म नहीं होंगी। 10वीं के एग्जाम 18 मार्च को समाप्त होंगे जबकि 12वीं की परीक्षा 4 अप्रैल को समाप्त होगी। बोर्ड एग्जाम की पूरी डेटशीट आधिकारिक वेबसाइट पर उपलब्ध है। इस साल सीबीएसई बोर्ड एग्जाम में दोनों कक्षाओं को मिलाकर 44 लाख से अधिक बच्चे परीक्षा में शामिल होंगे। पेपर एक ही शिफ्ट में सुबह 10.30 बजे से दोपहर 1.30 बजे तक आयोजित होगा। बोर्ड एग्जाम के शुरू होने से पहले सीबीएसई की ओर से गाइडलाइन जारी की गई है जिसमें स्टूडेंट्स के लिए बहुत जरूरी दिशानिर्देश जारी किए गए हैं। सीबीएसई 2025 डेट शीट के अनुसार, कक्षा 10वीं की पहली परीक्षा अंग्रेजी (संचार) और अंग्रेजी (भाषा और साहित्य) के पेपर से शुरू होंगी वहीं 12वीं का पहला पेपर आंत्रप्रेन्योरशिप से शुरू होगा। बता दें कि 10वीं और 12वीं की बोर्ड परीक्षा 3 हजार से अधिक सेंटर्स पर आयोजित होगी। परीक्षा के पहले दिन सभी स्टूडेंट्स समय से सेंटर पर पहुंचे। बोर्ड परीक्षा केंद्र के अंदर एंट्री के लिए एडमिट कार्ड होना जरूरी है।

**परीक्षा**

**40 लाख से अधिक छात्र होंगे शामिल**

# न्यू इंडिया को-ऑपरेटिव बैंक पर आरबीआई ने लगाए प्रतिबंध

**नई दिल्ली।** भारत में बैंकिंग क्षेत्र में कभी-कभी इसतरह के घटनाक्रम होते हैं जो लोगों के लिए चिंता का कारण बन जाते हैं। अब मुंबई स्थित न्यू इंडिया को-ऑपरेटिव बैंक के ग्राहकों के लिए भी ऐसा ही संकट खड़ा हो गया है। भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) ने इस बैंक पर कई गंभीर प्रतिबंध लगाए हैं, जिससे न केवल नया कारोबार ठप हो गया है, बल्कि ग्राहकों को अपने ही पैसे निकालने की अनुमति भी नहीं दी गई है। भारतीय रिजर्व बैंक ने न्यू इंडिया को-ऑपरेटिव बैंक पर जो प्रतिबंध लगाए हैं, उसके बाद बैंक अब कोई नया कर्ज नहीं दे सकेगा, न ही ग्राहक अपने जमा पैसे निकाल सकते है। यह कदम बैंक की वित्तीय स्थिति और सुपरवाइजरी चिंताओं को देखकर उठाया गया है। आरबीआई के अनुसार, जिन ग्राहकों के पैसे बैंक में जमा हैं, वे अधिकतम 5 लाख रुपये तक की जमा बीमा योजना के तहत क्लेम कर सकते हैं। इसतरह के ग्राहकों को अपने दावे बैंक में जमा करना होगा। मार्च 2024 के अंत तक बैंक में कुल जमा राशि 2436 करोड़ रुपये थी। आरबीआई ने स्पष्ट किया कि 13 फरवरी 2025 से बैंक कोई नया कर्ज जारी नहीं कर पाएगा, न ही पुराने लोन को रिन्यू करेगा। इसके अलावा, बैंक को किसी भी प्रकार के नए निवेश करने या नए डिपॉजिट स्वीकार करने की अनुमति नहीं होगी। बैंक किसी को भी भुगतान नहीं कर सकेगा और अपनी किसी भी संपत्ति को बेच या ट्रांसफर नहीं कर सकेगा।

**ग्राहक हो रहे परेशान**

# महाकुंभ में स्नान करने वाले श्रद्धालुओं का आंकड़ा 50 करोड़ के पार

**प्रयागराज।** गंगा, यमुना और अदृश्य सरस्वती का तट विश्व के सबसे बड़े मानव समागम का साक्षी बन गया है। त्रिवेणी में पर 50 करोड़ से अधिक श्रद्धालु डुबकी लगा चुके हैं। श्रद्धालुओं के आने का क्रम लगातार जारी है। तीर्थराज प्रयागराज की धरती पर बीते 13 जनवरी से आयोजित हो रहा दिव्य-भव्य धार्मिक, सांस्कृतिक समागम महाकुंभ अब इतिहास रच चुका है। यहां अबतक 50 करोड़ से अधिक श्रद्धालुओं ने त्रिवेणी संगम में सनातन आस्था की पावन डुबकी लगाकर धार्मिक और सांस्कृतिक एकता की अद्वितीय मिसाल कायम की है। 50 करोड़ से अधिक की यह संख्या किसी भी धार्मिक, सांस्कृतिक या सामाजिक आयोजन में मानव इतिहास की अबतक की सबसे बड़ी सहभागिता बन चुकी है। इस विराट समागम का अंदाज इसी बात से लगाया जा सकता है कि दुनिया में केवल भारत और चीन की जनसंख्या ही यहां आने वाले लोगों की संख्या से अधिक है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ सरकार के सुव्यवस्थित प्रयासों से भारत की इस प्राचीन परंपरा ने अपनी दिव्यता और भव्यता से पूरी दुनिया को मुग्ध कर दिया है। यूएस सेंसस ब्यूरो की एक रिपोर्ट के अनुसार पूरी दुनिया के 200 से अधिक राष्ट्रों में जनसंख्या के दृष्टिकोण से टॉप 10 देशों में क्रमशः भारत (1,41,93,16,933), चीन (1,40,71,81,209), अमेरिका (34,20,34,432), इंडोनेशिया (28,35,87,097), पाकिस्तान (25,70,47,044), नाइजीरिया (24,27,94,751), ब्राजील (22,13,59,387), बांग्लादेश (17,01,83,916), रूस (14,01,34,279) और मैक्सिको (13,17,41,347) शामिल हैं। वहीं महाकुम्भ में आने वाले श्रद्धालुओं की अबतक की संख्या (50 करोड़ पार) को देखा जाए तो केवल भारत और चीन की जनसंख्या ही यहां आने वाले श्रद्धालुओं से अधिक है। जबकि अमेरिका, इंडोनेशिया, पाकिस्तान, नाइजीरिया, ब्राजील, बांग्लादेश, रूस और मैक्सिको की जनसंख्या भी इससे कहीं पीछे है। ये दिखाता है कि महाकुम्भ अब केवल एक पर्व नहीं, बल्कि यह सनातन धर्म के विराट स्वरूप का प्रतीक बन चुका है।

**सबसे बड़ा समागम**

**अमेरिका, रूस और पाकिस्तान जैसे देशों की जनसंख्या भी इतनी नहीं**



## 45 करोड़ का ही लगाया गया था सरकारी अनुमान

मां गंगा, मां यमुना और अदृश्य मां सरस्वती के पवित्र संगम में श्रद्धा और आस्था से ओत-प्रोत साधु-संतों, श्रद्धालुओं, कल्पवासियों, स्नानार्थियों और गृहस्थों का स्नान अब उस शिखर के भी पार पहुंच गया है, जिसकी महाकुम्भ से पहले ही मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने उम्मीद जताई थी। सीएम योगी ने पहले ही अनुमान जताया था कि इस बार जो भव्य और दिव्य महाकुम्भ का आयोजन हो रहा है वह स्नानार्थियों की संख्या का नया रिकॉर्ड स्थापित करेगा। उन्होंने शुरूआत में ही 45 करोड़ श्रद्धालुओं के आने की संभावना जताई थी। बता दें कि उनका यह आंकलन बीते 11 फरवरी को ही सच साबित हो गया था। वहीं शुक्रवार (14 फरवरी) को यह संख्या 50 करोड़ के ऊपर पहुंच चुका है। अभी महाकुम्भ में 12 दिन और एक महत्वपूर्ण स्नान पर्व शेष है। पूरी उम्मीद है कि स्नानार्थियों की यह संख्या 55 से 60 करोड़ के ऊपर जा सकती है।

## विभिन्न स्नान पर्वों पर उमड़ी श्रद्धालुओं की भारी भीड़

यदि अब तक के कुल स्नानार्थियों की संख्या का विश्लेषण करें तो सर्वाधिक 8 करोड़ श्रद्धालुओं ने मौनी अमावस्या पर स्नान किया था, जबकि 3.5 करोड़ श्रद्धालुओं ने मकर संक्रांति के अवसर पर अमृत स्नान किया था। एक फरवरी और 30 जनवरी को 2-2 करोड़ के पार और पौष पूर्णिमा पर 1.7 करोड़ श्रद्धालुओं ने पुण्य डुबकी लगाई, इसके अलावा बसंत पंचमी पर 2.57 करोड़ श्रद्धालुओं ने त्रिवेणी में आस्था की डुबकी लगाई थी। वहीं माघी पूर्णिमा के महत्वपूर्ण स्नान पर्व पर भी दो करोड़ से अधिक श्रद्धालुओं ने संगम में पावन स्नान किया था।

# बोलेरो से टकराई कार, तीन घायल



हादसा

## गंभीर घायलों को ट्रामा सेंटर में भर्ती कराया गया

**चौबेपुर।** स्थानीय वाराणसी गोरखपुर हाइवे के ओवर ब्रिज पर शुक्रवार को समस्तीपुर बिहार निवासी बोलेरो सवार अर्जुन कुमार, विमल कुमारी, वंदना कुमारी, अंजलि कुमारी सहित आठ लोग कुम्भ स्नान करने जा रहे थे। जैसे ही वह चौबेपुर ओवर ब्रिज पर पहुंचे थे तभी विपरीत दिशा वाराणसी की तरफ से तेज रफ़्तार आ रही होंडा यूरो कार डिवाइडर डाक कर बोलेरो से जोरदार टक्कर हो गयी। जिसमे कार सवार अमित कुमार निवासी बलिया सहित अज्ञात तीन लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। मौके पर पहुंची पुलिस से घायल को तत्काल एंबुलेंस से बीएचयू ट्रामा सेंटर भेज दिया जहां पर तीनों की हालत गंभीर बताई जा रही है।सब इंस्पेक्टर राजेंद्र यादव ने बताया कि कार सवार तीनो बलिया के है।अमित कुमार ने केवल अपना नाम ही बता पाए।उसके साथ के दो गम्भीर थे। कार संजय कुमार निवासी बलिया के नाम है।

## खड़ी बस से टकरायी बोलेरो, चार जख्मी



**रोहनिया।** स्थानीय थाना क्षेत्र के अखरी स्थित अवार्चीन हॉस्पिटल के समीप शुक्रवार देर शाम को खड़ी बस में दर्शनार्थियों से भरी बोलेरो टकरा गयी जिसमें चार घायल हो गये। घायलों को पुलिस ने इलाज के लिए भर्ती कराया। जानकारी के अनुसार अखरी एक लान के सामने हाइवे के किनारे खड़ी बस संख्या जेएच 02 बीआर 2175 में बोलेरो बीआर 37 एफ 1485 ने पीछे से टक्कर मार दी है। घटना की जानकारी मिलते ही तत्काल मौके पर पुलिस टीम पहुंची और इलाज के लिए हॉस्पिटल में भर्ती कराया। बोलेरो के यात्री मनीष सिंह ने बताया कि बोलेरो में कुल दस लोग सवार थे जो प्रयागराज से महाकुंभ में स्नान कर वापस झारखंड जा रहे थे। चालक को झपकी लग जाने के कारण सड़क किनारे खड़ी बस से टकरा गयी।

# लक्ष्मी नर्सिंग इंस्टिट्यूट में टेबलेट वितरण



**वाराणसी ।** लक्ष्मी नर्सिंग ट्रेनिंग इंस्टिट्यूट में शुक्रवार को सभी नर्सिंग के छात्रों को टेबलेट प्रदान किया गया। उत्तर प्रदेश सरकार में अध्ययनरत युवाओं के तकनीकी सशक्तिकरण हेतु पूरे उत्तर प्रदेश के विद्यार्थियों को टेबलेट वितरण की योजना बनाई गई है, जिसके तहत लक्ष्मी नर्सिंग ट्रेनिंग इंस्टीट्यूट हरहुआ में प्रथम चरण में 98 विद्यार्थियों को टेबलेट वितरण किया गया। मुख्य अतिथि डॉक्टर अशोक कुमार राय क्षेत्रीय संयोजक, चिकित्सा प्रकोष्ठ भारतीय जनता पार्टी काशी क्षेत्र के उपस्थित रहे। उन्होंने बच्चों को स्वास्थ्य के प्रति हमेशा जागरूक रहने के लिए कहा और स्वास्थ्य के लिए क्या-क्या उपाय करने चाहिए एवं संतुलित आहार में क्या लेना चाहिए उसको बखूबी बताया। इस अवसर पर प्रमुख रूप से निशा वर्मा, ममता पटेल, ज्योति सिंह, बृजेश पांडे, अजय पटेल ,प्रतीक श्रीवास्तव, शशि कन्नौजिया एवं अवधेश तिवारी उपस्थित रहें।

## संक्षेप

### कॉलेज में मधुमक्खी के डंक से कई जख्मी

**वाराणसी।** लहुराबीर स्थित आर्य महिला कालेज परिसर में शुक्रवार की शाम किसी शरारती तत्व ने परिसर में लगे पेड़ पर मधुमक्खी के छत्ते पर ईंट चला दिया। इसके बाद परिसर में रास्ते में जा रहे लोगों पर मधुमक्खी ने हमला कर दिया। जिसकी चपेट में आने से आधा दर्जन से ज्यादा छात्राओं समेत अन्य राहगीर जख्मी हो गये। इनमें से दो लोगों ने मंडलीय अस्पताल में इलाज करवाया। इनमें इशिता दास गुप्ता, ऋतिक समेत चार लोग शामिल है, जबकि अन्य जख्मी ने कहीं और इलाज कराने चले गये।

### दर्शनार्थी की मौत

**वाराणसी।** दशाश्वमेध से बीएचयू रास्ते के बीच काशी में दर्शन पूजन को गए महाराष्ट्र के शिवाजी नगर निवासी स्वप्निल खरे 32 वर्ष की अचानक तबीयत खराब होने पर साथ के लोग उन्हें लेकर मंडलीय अस्पताल पहुंचे जहां डॉक्टर ने मृत घोषित कर दिया।

### मजदूर घायल

**वाराणसी।** महमूरगंज के पास मकान पर काम करते समय गिरने से मिर्जामुराद के कल्लीपुर निवासी प्रदीप 19 वर्ष घायल हो गया। उसे परिजनों ने मंडलीय अस्पताल में भर्ती कराया।

### भटकते बालक को परिजनों से मिलवाया



**वाराणसी।** कैंट स्टेशन की भीड़ में आरपीएफ की तत्परता से एक भटकता बालक परिजनों से मिल गया। जानकारी के अनुसार कैंट स्टेशन के प्लेटफार्म संख्या नौ पर दून एक्सप्रेस खड़ी थी जिसके बी-1 कोच में एक पांच वर्षीय बच्चा रोते हुए मिला, जिसको रेलवे सुरक्षा विशेष बल के जवान कांस्टेबल आदित्य कुमार के द्वारा रेस्क्यू कर उसके मां-बाप से मिलाने के लिए काफी प्रयास किया, जिसको जवान के द्वारा अपने कंधे पर रखकर पूरे प्लेटफार्म पर अनाउंसमेंट करता रहा फिर बच्चे को पोस्ट पर लाया गया जहां पर उससे काफी देर बातचीत करने के पश्चात एक मोबाइल नंबर प्राप्त हुआ जिस पर उसके द्वारा सम्पर्क करके बताया गया और बच्चे को सुरक्षित परिजनों को सौंप दिया गया।

### फेसबुक पर विद्वेष फैलाने वाला गिरफ्तार

**वाराणसी।** भेलूपुर थाना क्षेत्र के जवाहर नगर विस्तार में स्थित एक लाज में रहकर मेडिकल की तैयारी करने वाली स्नेहा सिंह की सुसाइड केस में फेसबुक पर पुलिस के प्रति अनर्गल बातें लिखकर समाज में विद्वेष फैलाने के मामले पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार किया है। भेलूपुर प्रभारी निरीक्षक विजय कुमार मिश्रा ने बताया कि मंडुवाडीह थाना क्षेत्र के कंदवा बरईपुर का रहने वाला विनोद यादव उर्फ नेता यादव को गिरफ्तार किया गया है। आरोपी ने छात्रा की मौत के मामले में अपनी फेसबुक वाल पर लिखा था कि लाज मालिक शर्मनाक कर्म करके उस बेटी को जान से मारा। लाज मालिक अपने आपराधिक साथियों के साथ मिलकर डेड बॉडी को जला दिया। जिससे परिजनों को डेड बॉडी भी नहीं मिल पाई। सासाराम की दूरी मात्र डेढ़ घंटा का रास्ता ही है। पुलिस पैसा लेकर लाज मालिक और उसके अपराधियों बचाने में लगी हैं। गिरफ्तार आरोपी नेता यादव के खिलाफ लंका और मंडुवाडीह थाना में हत्या के प्रयास सहित अन्य आपराधिक मामले दर्ज है। जिसमें लंबे समय तक आरोपी जेल में बंद रहा है।

### तीसरे दिन कैथी घाट पर मिला डूबे युवक का शव

**चौबेपुर।** माघ पूर्णिमा पर बुधवार प्रातः 10:00 बजे शिवदशा के गंगा घाट पर स्नान के दौरान डूबे युवक का शव शुक्रवार दोपहर सवा बारह बजे कैथी स्थित बंदरगाह के किनारे गंगा घाट पर उतराया मिला बताते चलें कि बृहस्पतिवार को पुलिस और एनडीआरएफ की टीम ने परानापुर मुरीदपुर गौरा ऊपरवार रामपुर चंद्रावती घाटों पर शव का तलाश की थी। लेकिन शव बरामद नहीं किया जा सका । गंगा में शव उतराया देख स्थानी ग्रामीणों ने सूचना चौबेपुर पुलिस को दी।बर्थरा कला गांव निवासी 30 वर्षीय आशुतोष तिवारी बुधवार माघ पूर्णिमा की सुबह गंगा स्नान करने के लिए शिवदसा गांव के सामने गंगा घाट पर गया। कपड़ा उतारकर स्नान करने लगा। तभी उसका पैर फिसल गया वह गहरे पानी में डूब गया। उसकी तलाश ग्रामीण व गोताखोरों ने की, मगर वह मिला नहीं। शुक्रवार दोपहर उसका शव कैथी स्थित बंदरगाह के सामने गंगा घाट के पास उतराया मिला। मौके पर पहुंचे कैथी चौकी प्रभारी प्रभाकर सिंह और उपनिरीक्षक दुर्गेश मिश्रा ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

### हत्या के प्रयास में आरोपी को राहत

**वाराणसी।** पुरानी रंजिश को लेकर युवक पर प्राणघातक हमला करने के मामले में दो आरोपितों को कोर्ट से बड़ी राहत मिल गई। जिला जज संजीव पाण्डेय की अदालत ने बबुरी, चंदौली निवासी आरोपित रामजनम यादव व सुनील यादव को पुलिस द्वारा गिरफ्तार किए जाने की दशा में 50-50 हजार रुपए की दो जमानतें एवं बंधपत्र देने पर अग्रिम जमानत पर रिहा करने का आदेश दिया। अदालत में बचाव पक्ष की ओर से वरिष्ठ अधिवक्ता अनुज यादव, नरेश यादव, रवि तिवारी व सौरभ गुप्ता ने पक्ष रखा। अभियोजन पक्ष के अनुसार कबीर नगर, दुगार्कुंड निवासी वादी अनिल कुमार गुप्ता ने भेलूपुर थाने में प्राथमिकी दर्ज कराई थी। आरोप था कि 23 जनवरी 2025 को रात्रि लगभग 9 बजे के करीब उसका पुत्र कृष्ण कुमार गुप्ता अपने घर जा रहा था। उसी दौरान घर के बाहर लगे चाय के दुकान पर जयंत यादव, रामजन्म यादव, सुनील यादव, अवनेश यादव उर्फ सोनू द्वारा अपने अज्ञात साथियों के साथ मिल कर उसके पुत्र को जान से मारने की नीयत से चाकू, कैची, राड, डान्डा से मारने पीटने लगे। हमले से उसके पुत्र के चहरे एवं सिर पर गम्भीर चोट आई और वह लहूलुहान होकर वहीं घायल होकर अचेत हो गया। आनन फानन में शोर सुनकर वे अन्य लोगों के साथ वहां पहुंचा तो देखा कि उसका पुत्र सड़क पर बेहोश पड़ा है। इस मामले में पुलिस ने सभी आरोपितों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर विवेचना शुरू की।

# नगर निगम ने चलाया अभियान



तोड़ा अतिक्रमण

## डोमरी क्षेत्र में सरकारी भूमि पर कब्जा, कराया मुक्त

## सरायमोहाना में उन्नीस बीघे भूमि नगर निगम लैंड बैंक में हुई शामिल

**वाराणसी।** नगर निगम ने शुक्रवार को नवविस्तारित क्षेत्र में जबरदस्त अभियान चलाया। दो जगहो पर किए गए अवैध कब्जे को जहां बेदखल किया ,वही कई बीघा भूमि को भी नगर निगम लैंड में शामिल किया गया। इस दौरान नगर निगम की टीम नगर आयुक्त अक्षत वर्मा के निर्देश पर डोमरी क्षेत्र में पहुंचा। जहां आराजी नम्बर 310 पर नगर निगम की 10 विस्वा सरकारी भूमि को अज्ञात व्यक्तियों द्वारा कब्जा करने की जानकारी ली और सहायक नगर आयुक्त अनिल यादव को तत्काल कार्यवाही करने के निर्देश दिया। इस दौरान लावलश्कर के संग प्रवर्तन दल एवं नगर निगम की अतिक्रमण विभाग की टीम के मौके पर पहुंचा। टीम ने अवैध कब्जे को ध्वस्त कर दिया। टीम ने उस जमीन को तत्काल जहां अपने कब्जे में लेकर उक्त भूमि पर जहां नगर निगम का बोर्ड लगाया,वही बैरकेटिंग का कार्य प्रारम्भ कर सहायक नगर आयुक्त ने अतिक्रमण करने वाले अज्ञात व्यक्ति के विरूद्ध कार्यवाही प्रारम्भ कर दी।

# महापौर और नगर आयुक्त ने आधी रात किया भ्रमण

निरीक्षण

## जाना हाल,देखी तालाबो की साफ-सफाई व्यवस्था

## अधिकारियों को 24 घंटे एलर्ट रहने के दिये निर्देश



**वाराणसी।** महापौर और नगर आयुक्त गुरूवार को आधी रात को अचानक सड़को पर निकले और भ्रमण कर शहर के विभिन्न क्षेत्रों का स्थलीय निरीक्षण किया। इस दौरान कई तालाबों की साफ- सफाई व्यवस्था देखा और श्रद्धालुओं का हाल जाना। नगर निगम की टीम के साथ महापौर अशोक तिवारी और नगर आयुक्त अक्षत वर्मा श्रद्धालुओं के सुविधा के लिए अधिकारियों से 24 घंटेएलर्ट रहने का निर्देश दिया। इस दौरान महापौर और नगर आयुक्त सबसे पहले दुर्गाकुंड पोखरे पर पहुंचे। जहां चल रहे सौन्दर्यीकरण के कार्यो को देखा और तालाब की साफ- सफाई की व्यवस्था की जानकारी ली। इस दौरान महापौर ने कुंड में लगाये गये बायोरियेक्टर, ग्लास फिल्टर और सेबर टैंक आदि का अवलोकन करते हुए दुर्गाकुंड तालाब के सौन्दर्यीकरण का कार्य मानक के अनुरूप स्थायी रूप से कराया जाने और कुंड के पानी में शुद्धता बनाए रखने का निर्देश दिया। उन्होंने अस्सी क्षेत्र में स्थित कुरूक्षेत्र तालाब की स्थिति को भी देखा। जहां साफ- सफाई कराने और तालाब पर किये गये अतिक्रमण को तत्काल हटवाए जाने को कहा। महापौर इसके बाद अस्सी घाट की गलियों का निरीक्षण किया। जहां सफाई में कोताही पर नाराजगी जाहिर की और कूड़ा उठाने के लिए कर्मचारियों की तैनाती का निर्देश दिया। इस दौरान महापौर ने नगर निगम की टीम संग अस्सी घाट से दशाश्वमेध घाट तक निरीक्षण किया। जहां कुछ घाटों पर कूड़े पड़े हुये पाया,जिसे तत्काल साफ कराये जाने, घाटों पर खराब पड़े स्ट्रीट लाइटों के नही जलने पर जहां फटकार लगाई ,वही इसे तत्काल ठीक कराये जाने हेतु अधिशासी अभियन्ता को निर्देशित किया। गंगा नदी में तैर रहे माला फूल की सफाई हेतु चलाये जा रहे ट्रेस स्कीमर को लगातार चलाये जाने को कहा। महापौर के साथ नगर निगम की पूरी टीम दशाश्वमेध से मैदागिन तक मार्गो पर भ्रमण किया। जिसमें पूरे रास्ते में साफ- सफाई, अतिक्रमण, साइनेज, मार्ग प्रकाश आदि का निरीक्षण किया गया।

इस अवसर पर नगर आयुक्त अक्षत वर्मा, अपर नगर आयुक्त दुष्यन्त कुमार मौर्य, राजीव कुमार राय, सविता यादव, समस्त जोनल अधिकारी, मुख्य अभियन्ता मोईनुद्दीन, महाप्रबन्धक जलकल अनूप सिंह, अधिशाी अभियन्ता वि.या. अजय कुमार सक्सेना, कर्नल संदीप शर्मा आदि लोग शामिल रहे।

# शराब पीने को लेकर हत्या की थी, शव भी जलाया

पर्दाफाश

## पुलिस ने चार अभियुक्तों को गिरफ्तार कर भेजा जेल

## तीन दिन में खुलासा करने वाली टीम को 25 हजार ईनाम

**वाराणसी।** लोहता थाना क्षेत्र के कोटवां क्षेत्र के एक खेत में बीते दिनों अधजली मिले शव के संबंध में पुलिस ने खुलासा करते हुए चार अभियुक्तों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। तीन दिन के भीतर पुलिस टीम द्वारा किये गये इस खुलासे पर उन्हें 25 हजार रुपये का ईनाम दिया गया है।

चारों अभियुक्तों को मीडिया के समक्ष पेश करते हुए पुलिस उपायुक्त वरुणा जोन ने बताया कि पुलिस आयुक्त वाराणसी द्वारा चोरी/लूट/हत्या की घटनाओं के सफल अनावरण एवं वांछित फरार अभियुक्तों की गिरफ्तारी हेतु चलाये जा रहे अभियान के क्रम में इस हत्या के मामले में पुलिस टीम का गठन किया गया था जिसके तहत लोहता पुलिस टीम द्वारा मुखबिर की सूचना पर हत्या से जुड़े चार अभियुक्त को शुक्रवार को रिंग रोड खेवसीपुर ओवरब्रीज के नीचे से गिरफ्तार किया गया। बताया कि सराहनीय कार्य करने वाली पुलिस टीम को 25 हजार रुपये का ईनाम दिया गया।

### क्या है मामला

बीते 11 फरवरी को लोहता थाना क्षेत्र के कोटवां में प्रदीप सिंह उर्फ बाबा के सरसों के खेत में अधजला शव मिला था, अभियुक्तों से पूछताछ में पता चला कि 10 फरवरी की रात्रि क्षेत्र में स्थित बरकत शाह बनारसी मजार के पास बैठकर मृतक भैयालाल पटेल उर्फ भाईलाल पुत्र हरिराम पटेल के साथ सभी ने शराब पिया, शराब पीने के दौरान अभियुक्त द्वारा भैयालाल पटेल उर्फ भाईलाल से और शराब लाने के लिये पैसे कि मांग कि गयी तो भैयालाल ने शराब के लिये पैसे देने से मना कर दिया। इसी बात को लेकर चारों अभियुक्तों ने मिलकर भैयालाल पटेल उर्फ भाईलाल को मारा पीटा तथा गढ्?ढे में दीवार की तरफ गिरा दिया, जिससे उसका सर ईट से बनी दीवार में जा लगा और मौके पर ही उसकी मौत हो गयी, सबूत मिटाने के उद्देश्य से चारों अभियुक्तों ने मिलकर मृतक भैयालाल पटेल के शव को मुबारक अली के मकान के पीछे प्रदीप सिंह उर्फ बाबा के सरसो के खेत में घसीटते हुए ले जाकर डाल दिया तथा उसके ऊपर बोरा व शराब डालकर जला दिया ताकि शव की शिनाख्त न हो सके।

### गिरफ्तार अभियुक्त का विवरण

अशरफ अली (42)पुत्र हनीफ, अब्दुल कादिर उर्फ लालू (25)पुत्र मो. हुसैन, सुल्तान उर्फ टीपू (30) पुत्र बाबूदीन, शकील उर्फ मुन्नू (35)पुत्र हारुन सभी कोंटवा के निवास हैं।

# दुर्घटनाओं में दर्शनार्थी समेत आठ जख्मी

**वाराणसी।** अलग-अलग स्थानों पर शुक्रवार को हुई सड़क दुर्घटनाओं में चार दर्शनार्थियों समेटा आठ लोग जख्मी हो गये। सभी को मंडलीय अस्पताल में दाखिल करवाया। एमपी से दर्शनार्थियों के एक दल गंगा में स्नान करने के बाद सारनाथ घूमने गए थे। टोटो से लौटते समय सराय मोहाना के पास टोटो अनियंत्रित होकर पलट गयी। जिसमें सवार एमपी निवासी प्रमोद मिश्रा, लता जो समेत चार लोग घायल हो गये। घायलों ने मंडलीय अस्पताल में इलाज करवाया। लहरतारा कैंसर अस्पताल के पास गुरुवार की देर रात अज्ञात 60 वर्षीय व्यक्ति घायलावस्था में पड़ा मिला। उसे पुलिस ने मंडलीय अस्पताल में भर्ती कराया। इसी स्थान पर वाहन से दुर्घटना में शिवपुरवा, सिगरा निवासी सचिन पासवान 18 वर्ष घायल हो गया। इसी तरह कोतवाली के पास दुर्घटना में दरभंगा, बिहार निवासिनी सुधीरादेवी 55 वर्ष घायल हो गयी। इसके अलावा नई सड़क के पास वाहन से दुर्घटना में स्थानीय निवासी मोहम्मद इकराम घायल हो गया।

# शृंगारगौरी से जुड़े कई मामलों की सुनवाई आज

**वाराणसी।** जिला जज संजीव कुमार पांडेय की अदालत में शनिवार को श्रृंगार गौरी और ज्ञानवापी से जुड़े कई अन्य मामलों में सुनवाई होनी है। हालांकि निचली अदालत में लंबित वर्ष 1991 के पुराने मामले के ट्रान्सफर करने की अर्जी पर अभी आदेश नहीं आया है। पिछले तिथि पर पुराने मामले वर्ष 1991 की मुकदमे ट्रांसफर कर जिला जज खुद को सुनने की कई अर्जी को खारिज करने की गुहार लगाते हुए वादमित्र विजय शंकर रस्तोगी ने कहा कि ये मुकदमे में ये लोग पक्षकार नहीं है। जनप्रतिनिधि वाद है । इस मामले को उक्त निचली कोर्ट से ट्रांसफर नहीं किया जा सकता है। ट्रांसफर संबंधित सभी अर्जी पोषणीय योग्य नहीं इस लिए खारिज करने की अनुरोध किया। इसके संबंध में अंजुमन इंतजामिया मसाजिद कमेटी के अधिवक्ता मो मुमताज, रईस अहमद ने भी ट्रांसफर का विरोध किया। निचली अदालत और सत्र न्यायालय के क्षेत्राधिकार का हवाला दिया गया। इसके संबंध में हाइकोर्ट के विधि व्यवस्थआ भी दाखिल की गई। उधर ट्रांसफर अर्जी दाखिल करने वाले लक्ष्मी देवी वगैरह , शैलेन्द्र व्यास और अनुष्का तिवारी की ओर से अधिवक्ता सुधीर त्रिपाठी, सुभाष नंदन चतुर्वेदी और हिमांशु तिवारी ने पक्ष रखा। की पूर्व में ज्ञानवापी संबंधित कई पत्रावली ट्रांसफर किया गया और माननीय कोर्ट स्वयं की कोर्ट में तलब कर सुनवाई कर रही जो समेकित कर श्रृंगार गौरी संबंधित पत्रावली के सुनवाई के लिए लंबित है। उक्त पुराना भी वाद सामान्य प्रकृति का है। अनुदेश भी सामान्य है । सबका उद्देश्य भी एक है कि उक्त मामले की सुनवाई त्वरित की जाए। एकही परिसर और आराजी नंबर से संबंधित है , मुकदमे की सुनवाई में साक्ष्य भी लगभग एक सामान्य के होगा। सर्वे की प्रति भी हाईकोर्ट ने पुराने मामले में दाखिल करने के कहा जिसे स्पष्ट है कि एक ही सामान्य प्रकृति का है। इस लिए उक्त वाद को ट्रांसफर करने का अर्जी पोषणीय है। जो स्वीकार करने योग्य है। हालांकि इनके तरफ से ये भी कहा गया कि ज्ञानवापी सबंधित मुकदमे को सुप्रीम कोर्ट में सुनवाई के लिए ट्रांसफर करने के लिए सुप्रीम कोर्ट में याचिका दाखिल किया गया है। जिसपर लोअर कोर्ट को ज्ञानवापी संबंधित कोई आदेश पर रोक लगाई है।

जनसंदेश टाइम्स
**वर्गीकृत**

**सूचना**

मेरे हाईस्कूल व इण्टरमीडिएट सर्टिफिकेट पर नाम पाण्डेय रोहितकुमार अशोककुमार (Pandey Rohitkumar Ashokkumar) अंकित है जबकि मेरे आधारकार्ड, पैनकार्ड व बैंक पासबुक पर मेरा नाम रोहित अशोक पाण्डेय (Rohit Ashok Pandey) अंकित है। पाण्डेय रोहितकुमार अशोककुमार (Pandey Rohitkumar Ashokkumar) व रोहित अशोक पाण्डेय (Rohit Ashok Pandey) दोनों एक ही व्यक्ति का नाम है। भविष्य में मुझे रोहित अशोक पाण्डेय पुत्र अशोक पाण्डेय के नाम से जाना व पहचाना जाय। पता-एस.ए.14/113 हवेलिया बरईपुर, जिला-वाराणसी।

**आवश्यकता**

**आवश्यकता है-** बाबा बनवारी लाल बाल गोपाल महाविद्यालय मलौरा, गाजीपुर सम्बद्ध वीर बहादुर सिंह पूर्वांचल विश्वविद्यालय जौनपुर में स्ववित्तपोषित योजनान्तर्गत हिन्दी, भूगोल, प्राचीन इतिहास विषयों हेतु एक-एक प्रवक्ता की आवश्यकता है। योग्यता एवं वेतनमान यू0जी0सी0 एवं विश्वविद्यालय परिनियमावली के अनुसार होगा इच्छुक अभ्यर्थी तीन सप्ताह के अन्दर आवेदनन करें। जो अभ्यर्थी पूर्व में आवेदन पत्र दे चुके है। उनका आवेदन मान्य है।

**प्रबंधक**

मो0-9807189351, 9161071952

# छात्रा की मौत पर परिजनों ने किया हंगामा

**वाराणसी।** शुक्रवार सुबह दीनदयाल अस्पताल में भर्ती 13 वर्षीय छात्रा की मौत पर परिजनों ने हंगामा किया और आरोप लगाया कि हीमोग्लोबिन कम होने के बाद भी समय से ब्लड न चढ़ने पर उसकी मौत हो गई।मृत छात्रा रिया सिंह पहड़िया निवासी को गुरुवार रात तबियत बिगड़ने पर डीडीयू के ट्रामा सेंटर में भर्ती कराया गया था जहां ब्लड की कमी बता उसे 42 नम्बर बेड एच डी यू वार्ड में भर्ती किया गया था। जिसकी 14 फरवरी शुक्रवार सुबह मौत हो गई। परिजनों ने आरोप लगाया कि समय पर ब्लड और ऑक्सीजन न मिलने से उसकी मौत हुई है।

रिया का हीमोग्लोबिन मात्र 1.9 मिलीग्राम था। जिसके चलते उसे तुरंत ब्लड व ऑक्सीजन की जरूरत थी। उसे ट्रॉमा सेंटर में प्राथमिक उपचार के बाद एचडीयू (हाई डिपेंडेंसी यूनिट) वार्ड में भर्ती कर दिया। जहां उसे समय से ब्लड नहीं उपलब्ध हो पाया। जानकारी के अनुसार एचडीयू वार्ड में चिकित्सकों की 24 घंटे की ड्यूटी नहीं होती। बल्कि डॉक्टर ओपीडी के बाद ऑन-कॉल आते हैं। ऐसे में गंभीर मरीजों को समय पर जरूरी उपचार नहीं मिल पाता। घटना के बाद परिजनों और स्थानीय लोगों ने अस्पताल प्रशासन के खिलाफ जमकर हंगामा किया।

# तीसरी आंख से रखी जा रही है नजर

सख्ती

## सीएचसी पीएचसी पर लगाये गये सीसीटीवी कैमरे सीएमओ ऑफिस कंट्रोल रूम से की जा रही निगरानी



**वाराणसी।** स्वास्थ्य विभाग के द्वारा चिकित्सीय सेवाओं में लगातार नवीन पहल किये जा रहे हैं, इसके तहत चिकित्सीय व्यवस्था सुदृढ़ करने के उद्देश्य से सीएमओ आफिस में कंट्रोल रूम बनाकर सभी सीएचसी, पीएचसी पर नजर रखी जा रही है चिकित्सालयों के रजिस्ट्रेशन काउंटर, ओपीडी, वार्ड, एमएनसीयू, पैथोलॉजी तथा दवा वितरण काउंटर एवं अन्य कक्षों के साथ-साथ चिकित्सालय परिसर व प्रवेश मार्ग पर सीसीटीवी कैमरा लगाकर उन्हें मुख्य चिकित्सा अधिकारी कार्यालय के कंट्रोल रूम से जोड़ दिया गया है, जिससे कि अस्पतालों की हर एक गतिविधि पर बारीकी से नजर रखी जा सके, इसकी जानकारी मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ संदीप चौधरी द्वारा दी गई।

बताया कि सभी 29 शहरी प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र, पांच शहरी सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र, नौ ग्रामीण सामुदायिक केंद्र तथा पांच ब्लाक सामुदायिक केन्द्रों में सीसीटीवी कैमरे लगा दिए गये हैं। इस तरह चिकित्सालयों में दी जा रही चिकित्सीय सेवाओं की निगरानी सीएमओ आफिस की तीसरी आंख से की जा रही है जहाँ इस पहल से ओपीडी, एमएनसीयू वार्ड में भर्ती जच्चा बच्चा के साथ-साथ अन्य वार्डों में भर्ती मरीजों की निगरानी की जा रही है वहीं चिकित्सकों, कर्मचारियों की समय पर उपस्थिति सुनिश्चित की जा रही है इसी प्रकार जिले में संचालित सभी आयुष्मान आरोग्य मंदिरों (स्वास्थ्य उपकेन्द्रों) में भी 4-4 सीसीटीवी कैमरे लगाये गये हैं, जिनकी निगरानी उनके ब्लाक मुख्यालय के पीएचसी सीएचसी से की जा रही है। इस कार्य के लिए ब्लाक स्तर पर कार्यरत सहायक शोध अधिकारियों को जिम्मेदारी दी गई है। मुख्य चिकित्सा अधिकारी कार्यालय में बनाये गये कंट्रोल रूम को 24 घंटे सातों दिन संचालित किया जा रहा है, जिसमें अपर मुख्य चिकित्सा अधिकारियों, अपर शोध अधिकारियों एवं अन्य कर्मियों की डयूटी लगायी गई है सीएमओ के द्वारा भी प्रतिदिन कंट्रोल रूम का निरीक्षण किया जा रहा है, जैसे ही जनपद के किसी भी सीएचसी पीएचसी पर कैमरे में कोई ऐसी चीज नजर आती है जो चिकित्सीय मानकों के विपरीत पाई जाती है तो उसका तत्काल निस्तारण हेतु चिकित्सा अधीक्षकों को निर्देशित किया जाता है जिसे तत्समय ही सुधार कर व्यवस्थित कर दिया जाता है सीएमओ आफिस कंट्रोल रूम में अपर मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ एके मौर्या, डॉ राजेश प्रसाद, डॉ एसएस कनौजिया, अपर शोध अधिकारी एसपी शुक्ला, अरुण श्रीवास्तव एवं अन्य कर्मियों के द्वारा मानीटरिंग की जा रही है।

**शुद्धिपत्र**

दिनांक 14.02.2025 को नगर पंचायत सहतवार बलिया द्वारा स्वकर प्रणाली संबंधित अधिसूचना पृष्ठ संख्या 6 पर प्रकाशित है। जिसमें शीर्षक **सार्वजनिक सूचना/अंतिम प्रकाशन** के स्थान पर भूलवश सार्वजनिक सूचना/ आपत्ति आमंत्रण प्रकाशित हो गया है। जिसे सुधारकर सार्वजनिक सूचना/अंतिम प्रकाशन पढ़ा जाय। शेष शर्तें यथावत रहेंगी।

**पूर्वोत्तर रेलवे**

**खुली ई-निविदा सूचना संख्याः NER-BSB0SnT-OT-03-2025**

मण्डल रेल प्रबन्धक/सिग एवं दूरसंचार/पूर्वोत्तर रेलवे/वाराणसी कृते एवं भारत के राष्ट्रपति की ओर से निम्नलिखित कार्यों के लिए "खुली ई" निविदा आमंत्रित की जाती है। **निविदा सूचना सं एवं कार्य का नामः** NER-BSB0SnT-OT-03-2025, **कार्य का नामः-** व.मं.सि.दू.इं.-I/वाराणसी के अनुभाग में एलएचएस आदि से संबंधित इंजीनियरिंग कार्य के संबंध में सिगनलिंग कार्य, **अनुमानित लागत (₹):** ₹ 1,86,29,474.85, **बयाना की राशि (₹):**₹ 2,43,200.00, **निविदा प्रपत्र की कीमत-**₹ 00.00, **कार्य पूर्ण करने की अवधिः** 12 माह, **निविदा बंद होने की अंतिम तिथि एवं समयः 06.03.2025 को 15.00 बजे, नोटः** 1. ई-निविदा दिनांक **06.03.2025 को 15.00 बजे** तक आन लाईन जमा किया जा सकेगा। 2. पूर्ण विवरण की जानकारी प्राप्त करने एवं निविदा की प्रस्तुति करने के लिए भारतीय रेलवे की वेबसाइट i.e. www.ireps.gov.in देखें।

**मंडल रेल प्रबन्धक /सिग एवं दूरसंचार**
**मुजाधि/सिगनल-100** **वाराणसी**

"ट्रेनों में ज्वलनशील पदार्थ लेकर यात्रा न करें"

**सूचना**

बसंत रामनगीना महाविद्यालय, धरांव, चन्दौली का प्रबंध समिति का चुनाव दिनांक 23.02.2025 को प्रातः 10.00 बजे महाविद्यालय के प्रांगण में होगा। सभी सम्मानित सदस्यगण उपस्थित रहें।

**प्रबंधक**

**कार्यालय क्षेत्रीय प्रबंधक**
**उत्तर प्रदेश राज्य सड़क परिवहन निगम**
**वाराणसी**

**नीलामी/निविदा आमंत्रण सूचना**

इस कार्यालय के पत्र संख्या 1221/वारा0/क्षे0प्र0/जन-ठेका/नीलामी दिनांक 14.02.2025 के माध्यम से उत्तर प्रदेश परिवहन निगम वाराणसी क्षेत्र अन्तर्गत निम्नलिखित बस स्टेशनों स्थित रिक्त ठेकों की नीलामी 02 बीड प्रणाली के अन्तर्गत निविदा दिनांक 28.02.2025 को आमंत्रित की गयी है। निविदा विषयक जानकारी परिवहन निगम की वेबसाईट पर उपलब्ध है, तथा जानकारी कार्यालय क्षेत्रीय प्रबंधक, उ0प्र0 परिवहन निगम वाराणसी कैण्ट से कार्यालय दिवस में भी ली जा सकती है।

**क्षेत्रीय प्रबंधक**
**वाराणसी**

पत्रांक 1222/वारा0/क्षे0प्र0/जन-ठेका/नीलामी/2025 दिनांक 14.02.2025

## वाराणसी सर्राफा भाव


सोना (RTGS 999.0)
88750/inc.GST


चांदी (99.50)
98350/- प्रति किलो


चांदी सिक्का
120000/- प्रति सैकड़ा

# वाराणसी भारत



# सीएम योगी आदित्यनाथ आज आएंगे बनारस

**आगमन**

**बाबा कालभैरव और बाबा विश्वनाथ दरबार में नवायेंगे शीश**

**नमो घाट पर काशी तमिल संगमम का करेंगे उद्घाटन**



**वाराणसी।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ 15 फरवरी को अपराह्न में काशी आयेंगे। काशी आगमन पर सीएम योगी बाबा कालभैरव और बाबा विश्वनाथ दरबार में हाजिरी देंगे। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ लखनऊ से चलकर पुलिस लाइन पहुंचेंगे। वहां से वह सड़क मार्ग से सीधे बाबा कालभैरव दरबार पहुंचेंगे। वहां दर्शन-पूजन के बाद नमो घाट जायेंगे, जहां से बजड़े पर सवार होकर ललिता घाट पहुंचेंगे। जहां से वे श्री काशी विश्वनाथ मंदिर पहुंच कर बाबा दरबार में शीश नवायेंगे। विधि-विधान से पूजन-अर्चन करेंगे और श्रद्धालुओं की व्यवस्थाओं का जायजा लेंगे। इसके बाद मुख्यमंत्री योगी पुनः बजड़े पर सवार होकर नमो घाट पहुंचेंगे। जहां वे काशी तमिल संगमम 3.0 में भाग लेने के लिए आने वाले तमिलनाडु के मेहमानों की आगवानी भी करेंगे। सीएम योगी काशी तमिल संगमम 3.0 का उद्घाटन करेंगे। तत्पश्चात वे पुलिस लाइन पहुंचेंगे और वहां से लखनऊ प्रस्थान कर जायेंगे।

# भूमाफिया से त्रस्त न्याय की आस में भटक रहे वयोवृद्ध

## सिगरा पुलिस सहित आईजीआरएस, सीएम पोर्टल, पीएमओ तक शिकायत के बाद सुनवाई नहीं

**हो रही मनमानी**

**रात के अंधेरे में पुलिस के संरक्षण में हॉस्पिटल के संचालक जमीन पर कर रहे कब्जा**





**वाराणसी।** त्वरित न्याय की बात करने वाली भाजपा की केन्द्र व राज्य की सरकार एक वयोवृद्ध को उनके ही जमीन पर कब्जा नहीं दिलवा पा रही है। लखनऊ से लगायत दिल्ली तक शिकायत करने वाले वयोवृद्ध को सिगरा पुलिस भी पुचकारते हुए कार्रवाई का आश्वासन दे रही है, लेकिन जिस तरह से हॉस्पिटल संचालक की ओर से उक्त जमीन पर कब्जा किया जा रहा है उससे साफ जाहिर है कि सिगरा पुलिस भी इसमें दिलचस्पी नहीं ले रही। अब न्याय की आस में वयोवृद्ध कचहरी व आवेदन के बीच फंस कर रह गये हैं।

लगभग 80 वर्षीय वयोवृद्ध दिनेश प्रताप सिंह रजवाड़ी वाराणसी के निवासी हैं, उन्होंने बताया कि सिगरा थाना क्षेत्र के छित्तुपुर में उनकी एक जमीन है, जो वर्षो से खाली थी उस बड़े से जमीन पर उन्होंने आज तक कोई निमार्ण नहीं कराया, परिवार के जीवकोपार्जन में व्यस्त थे। बताया कि उस जमीन को कागजों में सहेज कर रखा था। बेटे जब बड़े हुए तो परिवार भी बढ़ने लगा और इसके चलते मकान बनवाने की इच्छा से इस जमीन पर जब आया गया तो पूरा मंजर बदला दिखा। जमीन से सटे मिडवे हॉस्पिटल के संचालक डॉ.वी सी द्विवेदी द्वारा जमीन पर करीब 28 फीट कब्जा कर लिया गया है। इसको देख उनके होश उड़ गये, उन्होंने तत्काल इसकी सूचना डायल 112 पर देते हुए सिगरा पुलिस को दी। बस उसी दिन से अपनी जमीन के न्याय के लिए भटक रहा हूं लेकिन आज तक इस मामले में कोई कार्य नहीं हुआ। पीड़ित दिनेश सिंह ने बताया कि इस मामले में आईजीआरएस से लगायत पीएमओ व सीएम पोर्टल पर भी शिकायत की जा चुकी है। लेकिन सब जगह सिगरा पुलिस की ओर से क्लीन चिट लगा दी जा रही है। तहसील से खसरा खतौनी को भी पुलिस को दिखाया गया, इतना ही नहीं समाधान दिवस पर भी शिकायत पत्र दिया गया लेकिन कार्रवाई की बात कौन कहे मौके पर सिगरा पुलिस देखने तक नहीं गयी। पीड़ित दिनेश सिंह ने बताया कि सीएम योगी व पीएम मोदी की ओर से भूमाफिया पर नकेल कसने की बात प्रदेश के पुलिस प्रशासन से की जाती है। लेकिन लगता है उनका आदेश भी कोरा है। बताया कि पुलिस कमिश्नर मोहित अग्रवाल से शिकायत की गई है। पुलिस कमिश्नर ने सिगरा पुलिस को जांच सौंपी है। सिगरा थानाध्यक्ष महोदय अपनी जांच में क्या दिखाते हैं कि अधिकारियों की नजर में सब ठीक साबित होता है। जबकि जमीन का कागज वगैरह सब पास है। बताया कि इस उम्र में भी कचहरी व थाना का चक्कर लगा रहा हूं और न्याया की आस में जो जहां कहता है आवेदन दे रहा हूं। और सरकार कहती है बुजुर्गो को न्याय दिलाया जा रहा है। रात में मिडवे हॉस्पिटल के लोग उक्त जमीन के कुछ हिस्से में धड़ल्ले से कार्य कर रहें हैं, लेकिन उनपर कोई कार्रवाई पुलिस की ओर से नहीं की जा रही है। जबकि सिगरा थानाध्यक्ष का कहना है कि यह मामला पूरी तरह से साफ है, लगभग 45 साल पुरानी जमीन है तब से अब तक उक्त जमीन पर कई रजिस्ट्री हुई, कागज दिखाने से बेहतर है लेखपाल से पैमाइश करा लें उनकी जमीन स्वयं मिल जायेगी। हम लोगों की ओर से जितनी मदद हो सकती है की जा रही है।

# 'अंकल जी' हमें जाने दीजिए, परीक्षा देने जाना है

## विभिन्न बोर्ड की परीक्षाओं व कुंभ के पलट प्रवाह की भीड़ से छात्रों के साथ ही अभिभावक भी चिंतित



कुछ ऐसी भीड़ बनारस में हर जगह रोज देखी जा रही है (फाइल फोटो)

**जनसंदेश न्यूज**

**वाराणसी।** जिले में सीबीएसई बोर्ड की परीक्षाएं 15 फरवरी से शुरू हो रही हैं। इसी के साथ आईसीएससी व यूपी बोर्ड की परीक्षाएं भी सिर पर हैं। इधर प्रयागराज में चल रहे महाकुंभ के पलट प्रवाह के चलते धर्मनगरी काशी में अपार जनसमूह की भीड़ कम होने का नाम नहीं ले रही। ऐसे में विद्यार्थियों के साथ ही अभिभावकों की चिंता बढ़ना स्वाभाविक है। कारण यह कि इस भीषण जनसैलाब में परीक्षा केंद्र तक पहुंचना पहाड़ लांघने जैसा है। जिला व पुलिस प्रशासन यदि परीक्षार्थियों की इस समस्या को देखते हुए कोई ठोस निर्णय नहीं लेता तो निश्चित रूप से परीक्षार्थी परीक्षा से वंचित होंगे।

यूपी बोर्ड, सीबीएसई बोर्ड व आइसीएससी बोर्ड को मिलाकर लाखों छात्र इन दिनों परीक्षा की तैयारी में तो सिर खपा ही रहे हैं, दूसरी ओर उन्हें परीक्षा केंद्रों पर सही समय पर पहुंचने की भी चिंता खाए जा रही है। कारण की शहर में इस समय महाकुंभ के पलट प्रवाह के चलते हर ओर भारी भीड़ है, जो कम ही नहीं हो रही है। इन श्रद्धालुओं को आवागमन में किसी तरह की दिक्कत न हो, इस पर जिला व पुलिस प्रशासन ने शहरी क्षेत्र में वाहनों के आवागमन पर पूरी तरह प्रतिबंध लगा दिया है। इतना ही नहीं, कई मार्गों पर चार पहिया के साथ ही दोपहिया वाहनों के आवागमन पर भी रोक लगा दी गई है। जिस मार्ग पर दो पहिया वाहन आने-जाने की छूट है, उस पर भी भीड़ इतनी ज्यादा हो रही है कि लोगों को रेंगते हुए गंतव्य तक जाना पड़ रहा है। लोगों का कहना है कि यह भी महाशिवरात्रि (26 फरवरी) तक इसी तरह बनी रहेगी। ऐसे में 15 फरवरी से सीबीएसई व 24 फरवरी से यूपी बोर्ड की परीक्षा शुरू होने जा रही है।

ऐसे में जिला व पुलिस प्रशासन को कुछ ऐसी व्यवस्था बनानी पड़गे, जिससे परीक्षार्थियों को परीक्षा केंद्र तक जाने व परीक्षा समाप्त होने के बाद घर लौटने में किसी तरह की दिक्कतों का सामना न करना पड़े। खासकर शहर के जिस क्षेत्र में ज्यादा भीड़ हो रही है, वहां पर विशेष ध्यान देना होगा, क्योंकि अंधिकांश विद्यालय इन्हीं क्षेत्रों में हैं, जहां परीक्षा केंद्र बनाए गए हैं।

**अब तो लीजिए सुध**

**आज से शुरू हो रहीं सीबीएसई की दसवीं व 12 वीं की परीक्षाएं, यूपी बोर्ड की 24 फरवरी से होंगी शुरू**

### सीबीएसई की परीक्षाएं आज से



वाराणसी। केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड (सीबीएसई)की परीक्षाएं 15 फरवरी से शुरू होंगी। बोर्ड की सिटी को-आर्डिनेटर गुरमीत कौर ने बताया परीक्षा के लिए जिले के 200 विद्यालयों में से 49 विद्यालयों को परीक्षा केंद्र बनाया गया है। इस बार दसवीं की परीक्षा में 23 हजार विद्यार्थी और 12वीं की परीक्षा में 25 हजार विद्यार्थी शामिल हैं। नकल विहीन परीक्षा कराने के लिए सभी केंद्रों पर सुरक्षा के व्यापक प्रबंध किए गए हैं।

### सोमवार से खुलेंगे कक्षा एक से आठ तक के स्कूल

वाराणसी। महाकुंभ के पलट प्रवाह के चलते नगर क्षेत्र में उमड़ रही भारी भीड़ के चलते कई दिनों से बंद चल रहे कक्षा एक से आठ तक के विद्यालय 17 फरवरी सोमवार से खुल जाएंगे। जिलाधिकारी के निर्देश पर सभी परिषदीय, सहायता प्राप्त, मान्यता प्राप्त सीबीएसई बोर्ड, आईसीएसई बोर्ड स्कूलों में शनिवार को पठन-पाठन ऑनलाइन माध्यम से रहेगा। खंड शिक्षा अधिकारी एवं सभी निजी एवं मान्यता प्राप्त विद्यालयों के प्रधानाध्यापक/ प्रबंधक सुनिश्चित कराएं। 17 फरवरी सोमवार से सभी कक्षाएं भौतिक रूप से प्रारंभ की जाएंगी।

# 55 साल से कम उम्र के संविदाकर्मियों की छंटनी

## निजी कंपनियों को लाभ पहुंचाने को निरीह कर्मचारियों को हटाया जा रहा

**प्रबंधन पर आरोप**

**अभी से 55 साल से कम उम्र के संविदा कर्मियों को हटाया जाने लगा : संघर्ष समिति**

**निजीकरण के पूर्व ही 55 साल से अधिक उम्र के 1200 संविदाकर्मी हटाए जा चुके**

**निजीकरण से करीब 20 हजार संविदा कर्मचारियों पर मंडराने लगा नौकरी जाने का खतरा**

**जितेंद्र श्रीवास्तव**

**वाराणसी।** विद्युत कर्मचारी संयुक्त संघर्ष समिति पूर्वांचल और दक्षिणांचल विद्युत वितरण निगमों के प्रस्तावित निजीकरण का अंतिम दम तक विरोध करने के लिए संघर्षरत है। संघर्ष समिति के पदाधिकारियों ने उत्तर प्रदेश पावर कॉरपोरेशन लि. (यूपीपीसीएल) प्रबंधन पर आरोप लगाया कि ऊर्जा निगमों में भय का वातावरण बनाने के लिए अभी से 55 साल से कम उम्र के संविदाकर्मियों की छंटनी शुरू कर दी गयी है। संघर्ष समिति का आरोप है कि लगभग 20 हजार संविदा कर्मियों पर नौकरी जाने का खतरा मडराने लगा है। निजीकरण से पहले 20 हजार संविदाकर्मियों की नौकरी जा सकती है। पूर्वांचल और दक्षिणांचल विद्युत वितरण निगमों के निजीकरण के विरोध में आंदोलनरत विद्युत कर्मचारी संयुक्त संघर्ष समिति के पदाधिकारियों ने पावर कॉरपोरेशन प्रबंधन पर निजी कंपनियों की फायदा पहुंचाने के लिए संविदाकर्मियों को हटाने का आरोप लगाया है। संघर्ष समिति ने कहा कि पूरे प्रदेश में लगभग 20 हजार संविदा कर्मियों पर नौकरी पर तलवार लटक रही है। अभी तक बिजली कंपनियां करीब 1200 संविदाकर्मियों को नौकरी से निकाल चुकी हैं। यूपीपीसीएल प्रबंधन संविदाकर्मियों की छंटनी के नाम पर ऊर्जा निगमों में भय का वातावरण बनाकर निजीकरण थोपना चाहता है। बिजली कर्मी समझते ही नहीं यह जानते हैं कि अभी संविदा कर्मचारी हटाए जा रहे हैं। कुछ समय बाद नियमित कर्मचारी भी हटाए जाएंगे। सहायक अभियंता और अवर अभियंता की नौकरी भी खतरे में पड़ सकती है। यह सब निजी घरानों की सुविधा के लिए किया जा रहा है।

विद्युत कर्मचारी संयुक्त संघर्ष समिति के संरक्षक शैलेंद्र दुबे, आरके वाही, अंकुर पांडेय, मदन लाल श्रीवास्तव आदि का कहना है कि निजीकरण के लिए संविदा कर्मियों को बड़े पैमाने पर मनमाने ढंग से हटाया जा रहा है, जिससे पूरे प्रदेश में विभागीय कर्मचारियों में भारी गुस्सा है। बिजली कंपनियों ने जिन 1200 संविदा कर्मियों को हटाया गया है, उनमें से सभी 55 वर्ष की आयु के नहीं है। ऐसा निजी कंपनियों की सुविधा के लिए किया जा रहा है। निजी घरानों की सुविधा के लिए 25 प्रतिशत संविदाकर्मी हटाए जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि निजीकरण के पहले भय का वातावरण बनाया जा रहा है। 2019 के एक आदेश का हवाला देकर 55 वर्ष की आयु पूरी करने वाले संविदा कर्मियों को हटाया जा रहा है, जो कि गलत है। बेहद कम वेतन पाने वाले कई संविदा कर्मी ऐसे हैं, जो विभाग और उपभोक्ताओं की सेवा करते हुए विकलांग हो चुके हैं। यूपीपीसीएल प्रबंधन उन्हें बेरोजगार कर रहा है, जो उनके साथ सरासर अन्याय है।

### सुधार और संघर्ष के मंत्र संग जारी रहे आंदोलन

संघर्ष समिति के पदाधिकारियों ने कहा है कि सुधार और संघर्ष के मंत्र के साथ निजीकरण के विरोध में आंदोलन जारी रहेगा। संघर्ष समिति हमेशा से ही भी बिजली व्यवस्था में सुधार का पक्षधर रहा है। पांच अप्रैल 2018 और छह अक्टूबर 2020 को तत्कालीन ऊर्जा मंत्री श्रीकान्त शर्मा और वित्त मंत्री सुरेश खन्ना के साथ हुए समझौते में स्पष्ट लिखा है कि बिजली कर्मियों को विश्वास में लेकर विद्युत वितरण की वर्तमान व्यवस्था में ही सुधार किया जाएगा और प्रदेश में ऊर्जा क्षेत्र में कर्मचारियों को विश्वास में लिए बिना कोई निजीकरण नहीं किया जाएगा। लेकिन प्रबंधन ने आज तक कर्मचारियों और अभियंताओं से सुधार कार्यक्रम पर कोई बात नहीं की और समझौते का खुला उल्लंघन कर निजीकरण की प्रक्रिया शुरू कर दी है। इससे कर्मचारियों में काफी गुस्सा है।



# महाकुंभ भगदड़ में मौतों का आंकड़ा छुपाया जा रहा

## काशी दौरे पर सपा प्रमुख ने प्रदेश सरकार पर साधा निशाना



मीडिया से मुखातिब अखिलेश यादव

**जनसंदेश न्यूज**

**वाराणसी।** एक दिवसीय निजी दौरे पर शुक्रवार को आए समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने प्रदेश सरकार पर जमकर निशाना साधा। कहा कि महाकुंभ की तैयारी को पूरे देश को दिखाया जा रहा, लेकिन भगदड़ में हुई मौतों का आंकड़ा नहीं बताया जा रहा है। वह बाबतपुर स्थित लाल बहादुर शास्त्री हवाई अड्डे पर पत्रकारों से बातचीत कर रहे थे।

सपा सुप्रीमो अखिलेश यादव ने कहा कि प्रदेश सरकार महाकुंभ की तैयारी को देश-दुनिया को दिखाना चाहती है, लेकिन वह यह नहीं बताना चाहती कि महाकुंभ में जो भगदड़ हुई थी, उसमें वास्तविक रूप से कितने लोगों की मृत्यु हुई थी और भगदड़ का कारण क्या था? उन्होंने कहा कि महाकुंभ में 100 करोड़ रुपये से ज्यादा का खर्च करने की बात कही जा रही है, लेकिन महाकुंभ में पैसा कहां गया और उसकी तैयारी क्या की गई? यह बताने की जरूरत नहीं समझी जा रही है। महाकुंभ में अगर 100 करोड़ की तैयारी होती तो लोगों को यह असुविधा नहीं होती। लोग बड़े पैमाने पर परेशान हुए हैं।

लोगों की जान गई है, जो सरकार छिपा रही है। उन्होंने महाकुंभ में सीएम योगी के कपड़े पहनकर स्नान करने पर भी तंज कसा। कहा कि सभी को मुख्यमंत्री से सीखना चाहिए कि आने वाले समय में वस्त्र पहनकर स्नान करना चाहिए। उन्होंने कहा कि महाकुंभ में अगर इंफ्रास्ट्रक्चर सही रहता तो लोगों को असुविधा नहीं होती। लोगों की जान गई है। लोग जाम से परेशान हो रहे हैं। सरकार मृत्यु के आंकड़े को की छिपा रही है। महाकुंभ के आंकड़ों को लेकर सरकार पर तंज कसते हुए उन्होंने कहा कि महाकुंभ में 50 नहीं बल्कि 60 करोड़ लोग आए हैं। लेकिन जिन लोगों की भगदड़ में जान गई है, उनकी भी सूची नहीं से पा रहे हैं।

एक सवाल के जवाब में सपा मुखिया ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी अमेरिका गए हैं, यह काफी अच्छी बात है। लेकिन इससे अच्छी बात तब होगी, जब अमेरिका का व्यापार भारत में आएगा। अमेरिका के हाथों में हमारा बाजार ना चला जाए, इसको भी देखना पड़ेगा। पीएम मोदी अमेरिका से ऐसा व्यापार लाए, जिससे हमारे लोगों की खुशहाली हो। हम अपना बाजार अमेरिका को ना दे दें। पिछली बार पीएम मोदी हीरा लेकर गए थे, इस बार कम से कम सोने की चेन ले जाते। एक अन्य सवाल के जवाब में उन्होंने कहा कि आपके पैसे की कीमत नहीं बची हुई है। डॉलर के मुकाबले रुपये का ग्राफ लगातार नीचे गिरता जा रहा है।

पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव ने कहा कि भारत सरकार का अब तक का सबसे बड़ा बजट पेश हुआ है। लेकिन बजट आने के बाद मायूसी छा गई है। जो आंकड़े सामने नजर आए। इससे ना तो विकसित भारत बनने जा रहा है और ना ही इससे कोई अर्थव्यवस्था बढ़ने जा रही है। नौकरी के नाम पर सरकार रोजगार नहीं दे पा रही है। सरकार का दावा है कि देश की अर्थव्यवस्था को पांच से तीन नंबर पर पहुंचाएंगे। उन्होंने कहा कि जिस बजट ने नौकरी न दी हो, किसानों की आय दोगुनी ना की हो, जिससे व्यापार ना बढ़ा हो, उस बजट ने सिर्फ मायूसी दी है और निराश किया, इस सरकार ने धोखा दिया है। उन्होंने तंज कसते हुए कह कि सरकार पांचवीं अर्थव्यवस्था दुनिया में बता रहे हैं। तमाम योजनाएं अपनी सफल बता रहे हैं तो भारत से छोड़कर के लोग क्यों जा रहे हैं? पलायन क्यों कर रहे हैं?

उन्होंने कहा कि वक्फ बिल लाकर लोगों के अंदर बहस छेड़ने का सरकार तरीका अपना रही है। उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार में दलाल पैसे लेकर लोगों को बाहर भेज रहे हैं। हाथरस में सड़क हादसे को लेकर अखिलेश यादव ने कहा कि जानवरों से पहली बार जान नहीं गई है। कांग्रेस की भूमिका के सवाल पर उन्होंने कहा कि अभी सभी की भूमिका और बढ़ेगी। देश का एक कोऑपरेटिव बैंक बंद होने के सवाल पर उन्होंने कहा कि कोऑपरेटिव अब यूनिवर्सिटी बनने जा रहे हैं। लोगों के पैसे की कीमत नहीं बची है। कोविड के बाद किसी का वेतन नहीं बढ़ा है। मणिपुर में राष्ट्रपति शासन लगने के सवाल पर कहा कि वहां राष्ट्रपति शासन और पहले ही लग जाना चाहिए था।

**बोले अखिलेश यादव**

**कहा-कुंभ के लिए पैसा कहां से आया, यह भी नहीं बता रही सरकार**

# सपाइयों ने राष्ट्रीय अध्यक्ष का किया जोरदार स्वागत



**जनसंदेश न्यूज**

**वाराणसी।** समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष, सांसद और पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव निजी दौरे पर शुक्रवार को वाराणसी पहुंचे। बाबतपुर एयरपोर्ट से लेकर वाजिदपुर, काजीसराय होते हुए पहड़िया तक जगह-जगह पार्टी के सैकड़ों कार्यकर्ताओं ने उनका जोरदार स्वागत किया। इस दौरान सपा प्रमुख ने अपने वाहन को रोकवा कर पीडीए चर्चा को मजबूती से आगे बढ़ाने का पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं को निर्देश दिया।

शुक्रवार को अपराह्न एयरपोर्ट पर पहुंचने पर राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव का पार्टी नेताओं और कार्यकर्ताओं ने गुलदस्ता व माला देकर स्वागत किया। बाबतपुर एयरपोर्ट से अखिलेश यादव का काफिला वाजिदपुर स्थित एक लॉन में पहुंचा।

वहां उन्होंने नेता प्रतिपक्ष विधान परिषद लालबिहारी यादव के पुत्री की शादी समारोह में शरीक हुए और वर-वधु को आशीर्वाद दिया। वहां से काफिले के साथ वे पहड़िया स्थित गोरखनाथ के यहां गए और उनके पुत्र व पुत्रवधु को आशीर्वाद दिया। तत्पश्चात उनका काफिला पांडेयपुर, अर्दली बाजार, शिवपुर, तरना होते हुए काजीसराय पहुंचा, जहां वरिष्ठ नेता प्रदीप मौर्य एवं जिला प्रवक्ता सन्तोष यादव बबलू एडवोकेट के नेतृत्व में सैकड़ों कार्यकर्ताओं ने स्वागत किया।

इसके पश्चात राष्ट्रीय अध्यक्ष बाबतपुर एयरपोर्ट से निजी विमान से लखनऊ चले गए। स्वागत करने वालों में सांसद वीरेंद्र सिंह व प्रिया रोज, विधायक तूफानी सरोज व प्रभु नारायण सिंह, एमएलसी आशुतोष सिन्हा, जिलाध्यक्ष सुजीत यादव लक्कड़, पूर्व विधायक उदयलाल मौर्य, विष्णु शर्मा, प्रदीप जायसवाल, आनंद मोहन गुड्डू, उमेश प्रधान, जैन कुशवाहा, संजय मौर्या प्रधान, इरशाद अहमद, कपिल यादव, राकेश मौर्या, धीरेंद्र यादव, मनोज मौर्या, अजय यादव, राहुल, धीरज, दिलीप, रिंकू पटेल, कमलेश, सोनू, आनंद मौर्या, पूजा यादव, अखिलेश यादव, बाबूलाल यादव आदि शामिल थे।

**निजी दौरा**

**सपा मुखिया अखिलेश यादव एमएलसी की बिटिया की शादी में हुए शरीक**

## वरुणापार के घरों में जल्द लगेंगे पानी के कनेक्शन

**वाराणसी।** वरूणापार के घरो में जल्द पानी का कनेक्शन लगाया जाएगा। इस मामले को लेकर गत दिनो हुई मिनी सदन की बैठक में जहां यह मुद्दा उठाया गया था,वही जल निगम तैयारी में है। जल निगम ने वार्ड के कई घरो में पेयजल की किल्लत को देखते हुए पाइप लाइन तो डाल दिया था और टेस्टिंग भी कर लिया था लेकिन लोगों के मकानों में कनेक्शन नही की गई। जिसके कारण वार्ड के कई मोहल्लों में पानी उपलब्ध नही होने से लोग परेशान रहे। पार्षदों ने इस समस्या को मिनी सदन में जबादस्त ढंग से रखा था और तत्काल कनेक्शन देने की मांग किया था। जल निगम की पहल से वार्ड के सात हजार घरो में जहां पानी की जल्द आपूर्ति हो जाएगा,वही कई माह से अधूरे में पड़े कार्य पूर्ण हो जाने से लोगों को पेयजल की किल्लत से छुटकारा भी मिल जाएगा।

## संक्षेप

### वीडीए ने अवैध प्लॉटिंग पर चलाया हथौड़ा



**वाराणसी।** वीडीए ने अवैध प्लाटिंग पर शुक्रवार को हथौड़ा चलाया। लाव लश्कर के संग टीम रामनगर में पहुंचा। जहां वार्ड के कटेसर, में लगभग 03 बीघा की अवैध प्लाटिंग को देखा और जानकारी हासिल की। प्लाटिंग को बिना ले-आउट पास कराये किए जा रहे अवैध प्लाटिंग पर जहां तत्काल रोक लगा दी, वही प्रवर्तन टीम एवं पुलिस बल के सहयोग से प्लाटिंग को ध्वस्त कर दिया। इस दौरान लोगों की भारी भीड़ लगी रही। इस अवसर पर जोनल अधिकारी सिंह गौरव जय प्रकाश, अवर अभियंता अशोक यादव आदि लोग उपस्थित रहे।

### कामायनी करेगी कुम्भ महात्म्य की प्रस्तुति

**वाराणसी।** वाराणसी की अग्रणी सांस्कृतिक, सामाजिक एवं साहित्यिक संस्था कामायनी की ओर से प्रयागराज महाकुंभ में 15 फरवरी, 2025 को सरस्वती पंडाल में कुंभ महात्म्य की प्रस्तुति की जाएगी। उत्तर प्रदेश सरकार के संस्कृति मंत्रालय के आमंत्रण पर श्रीमती वीणा सहायक नेतृत्व में कामायनी की इस प्रस्तुति की परिकल्पना एवं निर्देशन अमलेश श्रीवास्तव ने किया है। कुंभ महात्म्य के अंतर्गत सृष्टि के आरंभ से मानव की क्रमिक विकास यात्रा, वेदों-पुराणों-धर्मग्रंथों की रचना, गंगावतरण, आदिगुरु शंकराचार्य के प्रसंगों के साथ-साथ महाभारत के उपरांत अश्वत्थामा के परिप्रेक्ष्य में युधिष्ठिर के अंतर्द्वंद्व पर आधारित नाटक 'अश्वत्थामा हतो, नरो वा, कुंजारो वा' का मंचन कामायनी के कलाकारों द्वारा किया जाएगा। प्रो. श्याम मोहन अस्थाना लिखित इस नाटक में अमन श्रीवास्तव, अमित सिंह, सोनल कुशवाहा, डॉ. जयंत रैना, शिवम पाण्डेय, राहुल कुमार रजक, भाष्कर मिश्र, सुषमा गुप्ता, जागृति सृष्टि एवं कमलेश कान्त अभिनय करेंगे। कुंभ महात्म्य का वर्णन डॉ. दीपक कुमार, श्रावंती मुखर्जी एवं उत्सव श्रीवास्तव करेंगे। इस प्रस्तुति को अमित रॉय ने संगीतबद्ध एवं भरत गुप्ता ने दृश्यबद्ध किया है। दिनेश श्रीवास्तव, डॉ. जगदीश पिल्लई एवं मनीष कुमार श्रीवास्तव के स्वरों का विशेष प्रभाव रहेगा। सत्यम चौरसिया द्वारा प्रकाश संयोजन, कुतब कमाल एवं रानी पाण्डेय द्वारा रूपसज्जा, वीणा सहाय द्वारा वेशभूषा, शारदा कान्त द्वारा उपकरणों की व्यवस्था की जाएगी। कामायनी के अध्यक्ष डॉ. दीपक कुमार ने कलाकारों को प्रोत्साहित करते हुए अपनी शुभकामनाएं व्यक्त किया।

### प्रो. विश्वंभरनाथ बने आईआईटी के विजिलेंस ऑफिसर

**वाराणसी।** आईआईटी बीएचयू के इलेक्ट्रॉनिक्स इंजीनियरिंग विभाग के प्रोफेसर और संकट मोचन मंदिर के महंत प्रोफेसर विश्वंभर नाथ मिश्र को आईआईटी बीएचयू का चीफ विजिलेंस ऑफिसर (सीवीओ) नियुक्त किया गया है। वह 90 दिनों तक इस पद पर बने रहेंगे। यह जानकारी आईआईटी बीएचयू के रजिस्ट्रार ऑफिस से दी गई है। संस्थान के वित्तीय मामलों, अनियमितताओं, वार्षिक प्रॉपर्टी रिटर्न, ट्रांजेक्शन और बजट आदि की जांच करेंगे।

### डायट सारनाथ में अध्यापकों को तीन दिनी अंग्रेजी की ट्रेनिंग

**वाराणसी।** जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान सारनाथ वाराणसी में अंग्रेजी विषय का 3 दिवसीय प्रशिक्षण डायट प्राचार्य श्री उमेश कुमार शुक्ला के निर्देशन में संपन्न हुआ। शिक्षक-शिक्षिकाओं को अंग्रेजी भाषा शिक्षण में आने वाली कठिनाइयों एवं चुनौतियों, अंग्रेजी भाषा में खेल और गतिविधियां की विस्तार से जानकारी दी गई। परिषदीय स्कूलों के बच्चों को पढ़ाने के विभिन्न टिप्स भी दिए गए। मास्टर ट्रेनर ने लिसनिंग, स्पीकिंग, रीडिंग और राइटिंग स्किल को कैसे विकसित किया जाए, पर विस्तृत चर्चा की।अंग्रेजी प्रशिक्षण में संदर्भ दाता के रूप में डायट प्रवक्ता अमित दुबे, आलोक कुमार मौर्य एआरपी चिरईगांव, परमा विश्वास एआरपी आराजी लाइन एवं दीप्ति मिश्रा ने स्थानीय योगदान दिया।

# स्ट्रांग रूम में सुरक्षित पहुंचाए गए प्रश्नपत्र

**यूपी बोर्ड परीक्षा**

**तीन लेयर की सुरक्षा में हो रही निगरानी, हाईस्कूल व इंटर की परीक्षा 24 से**

**वाराणसी।** यूपी बोर्ड की परीक्षा के लिए शुक्रवार को प्रश्न पत्र भी जनपद में आ गए हैं। इन प्रश्न पत्रों को लहुराबीर स्थित क्विंस इंटर कॉलेज में बनाए गए स्ट्रांग रूम में रखा गया है। इस स्ट्रांग रूम की निगरानी के लिए तीन लेयर की सुरक्षा बनाई गई है।

24 फरवरी से शुरू होने वाली यूपी बोर्ड की हाईस्कूल व इंटरमीडिएट की परीक्षा के लिए उत्तर पुस्तिकाओं की खेप पहले ही आ चुकी हैं। इसके बाद प्रश्नपत्र भी आ गए हैं। जिले में बनाए गए 125 केंद्रों पर प्रश्नपत्र भेजने की प्रक्रिया भी जल्द ही शुरू होगी।

स्ट्रांग रूम में प्रश्नपत्रों की सुरक्षा के लिए डबल लॉक के साथ सुरक्षाकर्मियों की तैनाती की गई है। इसके अलावा सीसीटीवी से भी स्ट्रांग रूम की निगरानी रखी जा रही है। जिला विद्यालय निरीक्षक अवध कुमार सिंह ने बताया कि विद्यार्थियों प्रवेशपत्र में संशोधन का काम चल रहा है। संशोधन के बाद सभी परीक्षा केंद्रों पर उत्तर पुस्तिकाएं भेजी जाएंगी। उन्होंने बताया कि इस बार नकल विहीन परीक्षा कराने के लिए व्यापक स्तर पर तैयारी की गई है। केंद्रों पर सीसीटीवी कैमरे के साथ ही सुरक्षा के अन्य पुख्ता प्रबंध किए गए हैं।

## बीएसएनएल ने इंटरनेट टीवी सेवा शुरू कर दी

**वाराणसी।** भारत संचार निगम लि. (बीएसएनएल) ने इंटरनेट टीवी सेवा शुरू कर दी है। इस सेवा के तहत 400 से अधिक लाइव टीवी चैनल देखे जा सकते हैं। बीएसएनएल के उपभोक्ता अब स्माट फोन पर टीवी का आनंद उठा सकेंगे। साथ ही प्रमुख ओवर द टॉप (ओटीटी) चैनल भी देख सकेंगे। इसके लिये अलग से कोई रिचाज करने की आवश्यकता नहीं होगी। सावजिनक क्षेत्र की कंपनी बीएसएनएल ने हाल ही में अपने फाइबर टू द होम (एफटीटीएच) उपभोक्ताओं को यह सुविधा दी थी। अब मोबाइल फोन पर यह सुविधा दिये जाने की घोषणा भी कर दी गई है। इसमें प्रमुख रूप से ओटीटी चैनल जैसे चौपाल (भोजपुरी), बालीवुड प्ले, भक्ति, पीटीसी प्ले आदि शामिल है। यहां बीएसएनएल के मोबाइल नंबर को पंजीकृत कराना होगा। इसके बाद प्ले स्टोर से ओटीटी एप डाउनलोड कर अपना रजिस्टड मोबाइल नं.व वन टाइम पासवर्ड डाल कर सुविधा ले सकते हैं। उपभोक्ता कहीं भी कभी भी लाइव टीवी देख सकते हैं।

# आधुनिक तकनीक को अपनाने पर दिया जोर



जनसंदेश न्यूज

**कार्यशाला**

**बीएचयू के राजीव गांधी दक्षिणी परिसर के 'विंध्य क्षेत्र में उन्नत बकरी पालन' विषय पर कार्यशाला**

**वाराणसी।** राजीव गांधी दक्षिणी परिसर (आरजीएससी), बीएचयू के पशु चिकित्सा प्रसार विभाग, पशु चिकित्सा एवं पशुपालन विज्ञान संकाय (एफवीएएस) द्वारा 'विंध्य क्षेत्र में उन्नत बकरी पालन' विषय पर एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन सीड ग्रांट कार्यक्रम के तहत शुक्रवार को राजीव गांधी दक्षिणी परिसर, बरकछा में किया गया। इस कार्यक्रम का उद्देश्य ग्रामीण किसानों को वैज्ञानिक बकरी पालन की जानकारी देकर उत्पादकता और स्थिरता में सुधार करना था।

कार्यक्रम में एफवीएएस के डीन प्रोफेसर डा. एनके सिंह मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे और उन्होंने आधुनिक बकरी पालन तकनीक को अपनाने पर जोर दिया, जिससे किसानों की आजीविका में सुधार हो सके। विशिष्ट अतिथि डा. आरके बैस ने किसानों को आधुनिक प्रबंधन और प्रजनन रणनीति अपनाने के लिए प्रोत्साहित किया। इस अवसर पर किसानों के लिए पुस्तक 'वैज्ञानिक बकरी पालन एवं प्रबंधन' का विमोचन किया गया।

कार्यक्रम का संचालन डा. संजय रवि ने किया, जबकि डा. जयंत गोयल ने मंच का प्रबंधन किया। विशेषज्ञों ने पोषण, स्वास्थ्य देखभाल, नस्ल चयन, आवास प्रबंधन और परजीवी नियंत्रण पर तकनीकी सत्र आयोजित किए और किसानों के साथ संवादात्मक चर्चा की। इस कार्यशाला में विंध्य क्षेत्र के बड़ी संख्या में किसानों ने सक्रिय रूप से प्रतिभाग किया।

# प्रो. गोपबंधु मिश्र को 'रामरुचि त्रिपाठी संस्कृत कवि सम्मान'

**समारोह**

**संपूर्णानंद संस्कृत विवि में पं. विद्यानिवास मिश्र की पुण्यतिथि पर कार्यक्रम का अयोजन**



**वाराणसी।** विद्याश्री न्यास, श्रद्धानिधि न्यास व तुलनात्मक धर्म दर्शन विभाग संपूर्णानंद संस्कृत विश्वविद्यालय के संयुक्त तत्वावधान में पं. विद्यानिवास मिश्र की पुण्यतिथि पर शुक्रवार को संविवि के योग साधना केंद्र में संस्कृत कवि सम्मान, पं. मुनिवर मिश्र स्मृति व्याख्यान एवं संस्कृत कवि-गोष्ठी का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता बीएचयू के संस्कृतविद्या धर्मविज्ञान संकाय के पूर्व संकायप्रमुख प्रो. विंध्येश्वरी प्रसाद मिश्र ने की।

कार्यक्रम का शुभारंभ अतिथियों द्वारा दीप-प्रज्वलन तथा मां सरस्वती व पंडित विद्यानिवास मिश्र के चित्रों पर माल्यार्पण से हुआ। अतिथियों का स्वागत विद्याश्री न्यास एवं श्रद्धानिधि न्यास के सचिव डा. दयानिधि मिश्र ने किया। इस दौरान वर्ष 2025 के 'पं. रामरुचि त्रिपाठी संस्कृत कवि सम्मान' से कविवर प्रो. गोपबंधु मिश्र को सम्मानित किया गया। उन्हें माला, नारिकेल, उत्तरीय, पुस्तक, प्रतीक-चिह्न, प्रशस्ति-पत्र एवं सम्मान-राशि से सम्मानित किया। प्रो. गोपबंधु मिश्र ने पं. विद्यानिवास मिश्र के व्यक्तित्व-कृतित्व का अत्यंत श्रद्धापूर्वक स्मरण किया।

श्रद्धानिधि न्यास द्वारा प्रवर्तित पं. मुनिवर मिश्र स्मृति व्याख्यानमाला के अंतर्गत 'महाभारत की कथाभूमि' विषय पर बीएचयू के संस्कृत भाषा-साहित्य के पूर्व आचार्य प्रो. जयशंकर लाल त्रिपाठी ने महाभारत-संबंधी विमर्श के क्षेत्र में पं. विद्यानिवास मिश्र की रचना 'महाभारत का काव्यार्थ' के मूल्य और महत्त्व को स्थापित किया। उन्होंने कहा कि महाभारत में वर्णित अनेक आख्यान-उपाख्यान हैं जिनके आधार पर संस्कृत सहित विभिन्न भाषाओं में विविधविध साहित्य-रचना हुई है।

कालिदास प्रभृति रचनाकारों की कृतियां तो विश्वविख्यात हुईं, लेकिन मूल कथाओं का अपना सौंदर्य है, अपना स्वरूप है। संस्कृत कवि-गोष्ठी के अंतर्गत प्रो. विंध्येश्वरी प्रसाद मिश्र, पवन कुमार शास्त्री, प्रो. चंद्रकांता राय, प्रो. गायत्री प्रसाद पांडेय, प्रो. विवेक पाण्डेय, प्रो.कमला पाण्डेय, प्रो. विजय पाण्डेय आदि ने शाश्वत-सामयिक विविध विषयों को लेकर भावपूर्ण काव्य-पाठ किया। अध्यक्षीय उद्बोधन में प्रो. विंध्येश्वरी प्रसाद मिश्र ने ऐसे संस्कृतनिष्ठ और संस्कृतनिष्ठ आयोजनों की उपादेयता को रेखांकित करते हुए यह भी बताया कि कैसे महाभारत की कथा हमारी सभ्यता का आख्यान है। उन्होंने अपने काव्य-पाठ से भी अपने उद्बोधन को संपन्न और सहृदय समाज को मंत्रमुग्ध किया।

कार्यक्रम का संयोजन व संचालन प्रो. चंद्रकांता राय व धन्यवाद ज्ञापन डा. दयानिधि मिश्र ने किया। इस मौके पर प्रो. रजनीश कुमार शुक्ल, अशोक शुक्ल, उमेश त्रिपाठी, सुजीत कुमार सिंह, राम सुधार सिंह, प्यारेलाल पांडेय, सुरेंद्र प्रजापति, शारदा, गोविंद त्रिपाठी, वीरेंद्र राम त्रिपाठी, उदयन मिश्र, ध्रुवनारायण पांडेय के अलावा विश्वविद्यालय के शिक्षक व छात्र उपस्थित थे।

# वैश्विक संबंधों के पक्षधर थे पं. दीनदयाल

**व्याख्यान**

**बीएचयू में 'पं. दीनदयाल उपाध्याय के दृष्टिकोण में वैश्विक राजनीति का पुनर्निर्माण' विषय पर व्याख्यान**



**वाराणसी।** पं. दीनदयाल उपाध्याय पीठ, सामाजिक विज्ञान संकाय, बीएचयू द्वारा 'पंडित दीन दयाल उपाध्याय के दृष्टिकोण में वैश्विक राजनीति का पुनर्निर्माण' विषय पर विशेष व्याख्यान का आयोजन किया गया। पीठ के संयोजक प्रो. तेज प्रताप सिंह ने सत्र की शुरूआत की। वक्ता और मुख्यअतिथि मैकमास्टर यूनिवर्सिटी कनाडा के प्रोफेसर डा. बिनॉय संकर प्रसाद रहे।

कार्यक्रम की अध्यक्षता विचारक व समाजसेवी डा. वीरेंद्र जायसवाल रहे। अध्यक्षता कर रहे डा. वीरेंद्र जायसवाल ने पंडित दीनदयाल उपाध्याय की एकात्मता के सिद्धांत एवं रामायण तथा महाभारत के प्रसंग को जोड़ते हुए वैश्विक राजनीति मैं किस प्रकार व्यवहार करना चाहिए, इसका उल्लेख किया। कहा कि पंडित दीनदयाल उपाध्याय व्यष्टि, समष्टि, सृष्टि और परमेष्टि तक के विस्तार की चर्चा करते थे और इस आधार पर वैश्विक संबंधों को स्थापित करने के पक्षधर थे। छात्रों ने प्रश्न उत्तर सत्र में अद्भुत विचारों को उठाया, जैसे पहचान की सापेक्षता, कार्रवाई में हेरफेर के प्रभाव, प्राचीन ग्रंथों और उनके संदर्भों के द्वंद्व और 'कर्म' शब्द की विभिन्न परिभाषाओं के बारे में बात की। अंत में पीठ के परियोजना अधिकारी डा. प्रमोद कुमार गुप्ता अतिथियों, संकाय सदस्यों और छात्रों को धन्यवाद दिया। कार्यक्रम में सभी संकाय के शिक्षक एवं पूर्व संकाय अध्यक्ष प्रो. अरविंद कुमार जोशी, विभाग प्रचारक नितिन, मालवीय नगर के नगर प्रचारक रणवीर आदि उपस्थित थे।

# राज्य परियोजना निदेशक ने दो स्कूलों की देखी शिक्षण व्यवस्था



**सेवापुरी।** पीएमश्री कंपोजिट विद्यालय बेसहूपुर व भीटकुरी में शुक्रवार को दोपहर महाराष्ट्र सरकार की राज्य परियोजना निदेशक आईएएस आर विमला अपने अन्य सहयोगियों के साथ पहुंचकर दोनों विद्यालय में चल रही पढ़ाई एवं अन्य कार्यों को परखा। वह अपनी टीम के साथ कक्षा एक एवं कक्षा दो की शिक्षण व्यवस्था का अवलोकन किया और बच्चों से संवाद स्थापित कर सवाल पूछे, जिनका बच्चों ने बड़े ही उत्साह के साथ जवाब दिया।

उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा संचालित विभिन्न कार्यक्रमों को धरातल स्तर पर कैसे संचालित किया जाता है इस विषय में काफी रुचि लेकर अपनी जिज्ञासाओं को समझने का प्रयास किया। साथ ही विद्यालय के शैक्षणिक परिवेश व भौतिक परिवेश को सराहा।

इस अवसर पर खंड शिक्षा अधिकारी सेवापुरी संजय कुमार यादव, खंड शिक्षा अधिकारी हरहुआ पंकज यादव, एआरपी संजय गिरी उपस्थित रहे। प्रधानाध्यापक संतोष कुमार दुबे द्वारा सभी अतिथियों का स्वागत किया गया।

## ऑल इंडिया कबड्डी प्रतियोगिता आज से

**वाराणसी।** स्व. शिव कुमार सिंह मेमोरियल प्राइज मनी इंडिया कबड्डी प्रतियोगिता 15 फरवरी से 16 फरवरी तक सरदार पटेल इंटर कॉलेज बावनबीघा के मैदान में आयोजित किया गया है। इस प्रतियोगिता में प्रदेश की कुल आठ टीमें भाग लेंगी। सभी टीमों में प्रदेश के प्रो कबड्डी स्टार राहुल चौधरी, अर्जुन देशवाल, विनय तेवतिया, आसू सहित लगभग 20 प्रो खिलाड़ी भाग ले रहे हैं। 38वीं नेशनल गेम्स हरिद्वार उत्तराखंड में उप्र की कबड्डी टीम ने गोल्ड मेडल प्राप्त किया था, वह टीम भी इस प्रतियोगिता में भाग ले रही है। इस प्रतियोगिता में प्रथम पुरस्कार एक लाख रुपए, द्वितीय पुरस्कार 50 हजार रुपए, तृतीय पुरस्कार 25 हजार रुपए दिए जाएंगे। यह जानकारी उप्र कबड्डी एसोसिएशन के महासचिव राजेश कुमार सिंह ने दी है।

# महाकुंभ भगदड़ में मृत आत्माओं की शांति के लिए किया गया यज्ञ

**चौबेपुर।** क्षेत्र के कैथी स्थित मारकंडेय महादेव धाम में महाकुंभ भगदड़ में मृत आत्माओं के शांति एवं विश्व शांति के लिए किया गया यज्ञ। मारकंडेय महादेव धाम में महारुद्राभिषेक जन कल्याण समिति ने विश्व शांति की कामना व महाकुंभ भगदड़ में मारे गए मृतकों की आत्मा की शांति के लिए यह आयोजन किया।

जन कल्याण सेवा समिति के तत्वावधान में 500 पुरोहितों ने महामृत्युंजय जाप किया और यज्ञ में आहुति दी। यह आयोजन 11 दिनों तक चला और इसका समापन यज्ञ आहुति के साथ हुआ। समिति के अध्यक्ष विनोद पांडेय ने बताया कि इस आयोजन का मुख्य उद्देश्य सनातन धर्म की परंपरा का पालन करते हुए समाज और दुनिया के कल्याण के लिए प्रार्थना करना था। हॉलैंड व नीदरलैंड से आए लोगों ने कहा ने कहा कि इस यज्ञ में सम्मिलित होकर भारतीय परंपरा को जानने का अवसर मिला क्योंकि हमारे पूर्व लगभग 100 वर्षों से विदेश में रह रहे हैं आज अपने देश में इस कार्यक्रम में सम्मिलित होकर गर्व की अनुभूति हुई। उन्होंने कहा कि इस धार्मिक आयोजन में शामिल हुए और आहुति दी। इस अवसर पर समिति के कई सदस्य और श्रद्धालु उपस्थित थे, जिन्होंने इस महत्वपूर्ण आयोजन में योगदान दिया।



इस मौके पर विनोद पांडेय, विमल पाण्डेय, राजन पांडेय, रविंद्र तिवारी, अरुण तिवारी, वीरेंद्र पांडेय, राजन पांडेय, महेश चंद्र पांडेय, अभिनंदन पांडेय, प्रेम शंकर पांडेय, प्रदीप तिवारी आदि लोग मौजूद रहे।

# एआई का उपयोग सभी विषयों में लाएगा क्रांति

**उम्मीद**

**'आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस इन डिजिटल पेडागाजीः शेपिंग द फ्यूचर ऑफ लर्निंग इन हायर एजुकेशन इंस्टीट्यूशंस' विषय पर कार्यशाला**



**वाराणसी।** अंतर विश्वविद्यालय अध्यापक शिक्षा केंद्र, बीएचयू व शैक्षिक संचार संकाय, नई दिल्ली के संयुक्त तत्वावधान में शुक्रवार को 'आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस इन डिजिटल पेडागाजीः शेपिंग द फ्यूचर ऑफ लर्निंग इन हायर एजुकेशन इंस्टीट्यूशंस' विषय पर दो दिवसीय कार्यशाला का समापन हुआ।

द्वितीय दिवस तीन लेक्चर हुए। यह कार्यशाला डिजिटल युग में शिक्षण और अधिगम पद्धतियों के पुनर्निर्माण में आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस की परिवर्तनकारी भूमिका को समझने और अपनाने पर केंद्रित रही। इस कार्यशाला में शिक्षा में आर्टिफिशियल इंटेलीजेंस के उपयोग और उसकी संभावनाओं को गहराई से जानने और अभ्यास का अवसर प्राप्त हुआ।

कार्यशाला के समापन सत्र की मुख्य अतिथि इनफ्लिबनेट, गुजरात की निदेशक प्रो. देविका मदल्ली रहीं। समापन सत्र की अध्यक्षता आईयूसीटीई के निदेशक प्रो. पीएन सिंह ने किया। द्वितीय दिवस के प्रथम सत्र में आईआईटी, बीएचयू के प्रो. संजय कुमार सिंह ने 'एन्हान्सिंग एजुकेशन थ्रू एआई' शीर्षक पर व्याख्यान दिया और एआई के उपयोग से शिक्षा को बेहतर बनाने के तरीकों पर प्रतिभागियों से वातार्लाप किया। कहा कि एआई की मदद से शिक्षण, शोध, प्रशासन, नेतृत्व को बेहतर बनाया जा सकता है, जिससे विद्यार्थियों में कौशल का विकास संभव है। द्वितीय सत्र में ब्रांड किल्न, पुणे के संस्थापक निदेशक मानस दीवान ने 'एनविजनिंग द डिजिटल फ्यूचर' शीर्षक एआई टूल्स पर हैंड्स-ऑन से टेक्स्ट जेनरेशन, वीडियो व इमेज एडिटिंग आदि का अभ्यास प्रतिभागियों से कराया।

तृतीय सत्र में आईआईटी, बीएचयू के प्रो. एके त्रिपाठी ने कहा कि जिन समस्याओं को आज तक हल नहीं किया जा सका है, उनका समाधान डाटा प्रोसेसिंग और मशीन लर्निंग के उपयोग से खोजा जा सकता है। एआई का प्रयोग विज्ञान तथा तकनीकी के सभी विषयों में क्रांति लाएगी। समापन सत्र की मुख्य अतिथि प्रो. देविका मदल्ली ने कहा कि शिक्षा तथा संचार के क्षेत्र में एआई एक मील का पत्थर सिद्ध होगा। सत्र की अध्यक्षता करते हुए प्रो. पीएन सिंह ने कहा कि एआई को बहुत ही सावधानी के साथ प्रयोग करना चाहिए।

कार्यशाला में देशभर के उच्च शिक्षा संस्थानों के 70 से अधिक सहायक आचार्य, सह-आचार्यों, प्राचार्यों ने प्रतिभाग कर एआई आधारित टूल्स व एप्लीकेशंस की जानकारी ली और अभ्यास किया। कार्यशाला में केंद्र के प्रो. आशीष श्रीवास्तव, डा. विनोद कुमार सिंह, डा. कुशाग्री सिंह, डा. दीप्ति गुप्ता, डा. राज सिंह, डा. सुनील कुमार त्रिपाठी, डा. अनिल कुमार सहित शैक्षणिक व गैर-शैक्षणिक सदस्य उपस्थित रहे। संयोजन प्रो. अजय कुमार सिंह व डा. शत्रुद्ध तथा सह-संयोजन व धन्यवाद ज्ञापन डा. ज्ञानेन्द्र सिंह ने किया।


## कार्यालय आदर्श नगर पालिका परिषद, रसड़ा (बलिया)

पत्रांक 642/न0पा0प0र0/ई0टे0/(2024-25)/2025 दिनांक 14.02.2025

### निविदा आमंत्रण सूचना/ई-टेण्डरिंग सूचना

आदर्श नगर पालिका परिसर रसड़ा में अधोलिखित विवरण के अनुसार ऑनलाईन निविदा आमंत्रित करती है।

| क्र. सं. | कार्य का विवरण | निविदाओं की ऑनलाइन उपलब्धता | ऑनलाईन निविदा अपलोड करने की अन्तिम तिथि | मूल अभिलेख (निविदा सूचना के अनुसार) जमा करने की अन्तिम तिथि समय व स्थान | वित्तीय ई-टेण्डरिंग निविदा खोलने की तिथि व स्थान |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | कार्यालय आदर्श नगर पालिका परिषद रसड़ा के पत्र संख्या 642/न.पा.प0र0/(2024-25)/025 दिनांक 14.02.2025 के कार्यों से सम्बंधित ई-निविदा पोर्टल www.etender.up.nic.in पर अपलोडेड कुल 12 अदद लाटों की निविदा। | दिनांक 15/02/2025 से दिनांक 07/03/2025 तक समय 11.00 बजे से 3.00 बजे तक | दिनांक 07/03/2025 को समय अपराह्न 03.00 बजे तक | दिनांक 11/03/2025 को 03.00 बजे अपराह्न तक कार्यालय आदर्श नगर पालिका परिषद रसड़ा | दिनांक 10/03/2025 को अपराह्न 04:00 बजे तक कार्यालय आदर्श नगर पालिका परिषद रसड़ा में खोला जायेगा |

www.etender.up.nic.in पर उक्त निविदाओं की विस्तृत जानकारी हेतु लाग-आन करके देखी जा सकती है।

अधिशासी अधिकारी
आदर्श नगर पालिका परिषद
रसड़ा- बलिया

अध्यक्ष
आदर्श नगर पालिका परिषद
रसड़ा- बलिया

# ट्रैक्टर-पिकअप की टक्कर, दो भागों में बंटा ट्रैक्टर

जनसंदेश न्यूज

**मझौवां।** राष्ट्रीय राजमार्ग-31 के प्रसाद छपरा ढाला पर गुरुवार की रात्रि ट्रैक्टर और पिकअप की टक्कर में जहां ट्रैक्टर का इंजन दो भागों में बंट गया, वहीं पिकअप चालक टक्कर मारने के बाद पिकअप मौके पर छोड़कर फरार हो गया। जानकारी के अनुसार दुबे छपरा उदई छपरा निवासी बाढ़ पीड़ित विपिन बिहारी राम जिनका घर गंगा में समाहित हो गया हैं, वह अपने परिवार के साथ प्रसाद छपरा ढाला पर शरण लिए हुए हैं और वहीं पर अपना ट्रैक्टर खड़ा करके सोए हुए थे। गुरुवार की देर रात बैरिया की तरफ से आ रही



दो भागो में बंटा ट्रैक्टर

पिकअप ने ट्रैक्टर में जोरदार टक्कर मार दिया। इससे विपिन बिहारी राम के ट्रैक्टर का इंजन टूटकर दो भागों में बंट गया और पिकअप उसमें फंस गया। घटना के बाद चालक मौके पर पिकअप छोड़कर फरार हो गया। प्रत्यक्षदर्शियों की माने तो मझौवां निवासी बैरिया कस्बा के लेखपाल आकाश सिंह बुलेट से आ रहे थे कि पहले पिकअप ने उनको टक्कर मार दिया। इससे आकाश सिंह खाई में जा गिरे और आगे जाकर पिकअप ने ट्रैक्टर में टक्कर मार दी। संयोग अच्छा रहा कि आकाश सिंह को हल्की चोट आई है।

## तेज रफ्तार कार के धक्के से दीवान घायल

**बैरिया।** राष्ट्रीय राजमार्ग-31 पर वाहन चेकिंग के दौरान चांददियर पुलिस चौकी के सामने चौकी पर तैनात दीवान महेंद्र कुमार को अनियंत्रित तेज रफ्तार कार ने टक्कर मार दिया। इससे दीवान गंभीर रूप से घायल हो गए। आनन-फानन में घायल दीवान को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र सोनबरसा में भर्ती कराया गया, जहां प्राथमिक उपचार के दौरान हालत गंभीर होने पर चिकित्सक ने उन्हें सदर अस्पताल के लिए रेफर कर दिया गया। बता दे कि बृहस्पतिवार की रात वाहन चेकिंग के क्रम में बैरिया की तरफ से जा रही तेज रफ्तार कार को दीवान ने हाथ देकर रोकना चाहा, किंतु कार ने दीवान को धक्का मार दिया। इससे वह लहूलुहान होकर सड़क पर गिरकर छटपटाने लगे। कुछ दूर आगे जाकर कार सवार कार सड़क पर छोड़कर फरार हो गया। मौके पर पहुंची पुलिस ने कार को कब्जे में ले लिया और संबंधित कार के नंबर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर आगे की कार्रवाई शुरू कर दी है। कोतवाल बैरिया रामायण सिंह ने बताया कि नंबर के आधार पर कार स्वामी की तलाश जारी है।

## जांच में खुल जायेगी ओडीएफ गांवों की हकीकत

जनसंदेश न्यूज

जांच पड़ताल

**धरातल पर खोखले नजर आ रहे शासन प्रशासन के दावे**

**बैरिया।** मुरली छपरा ब्लाक के 25 एवं बैरिया के 30 समेत कुल 55 ग्राम पंचायतों को खुले में शौच मुक्त होने की प्रशासनिक घोषणा तीन वर्ष पहले ही कर दी गई थी, लेकिन धरातल पर आज भी पूर्व की तरह ही स्थिति है। सड़कों के किनारे एवं खेतों में इसकी सच्चाई का नजारा देखा जा सकता है कि सरकार और प्रशासन के दावे कितने खोखले हैं।

सोनबरसा ग्राम पंचायत का भगवानपुर-श्रीपालपुर मार्ग, मिश्र के हाता मुरली छपरा के किनारे, बीएसटी बंधा सहित दर्जनों सड़क लोगों के शौच करने से इतनी गंदी हो गई है कि उस पर जाने से भी लोग परहेज करते हैं। सरकार शौचालयों के निर्माण पर भारी भरकम धनराशि खर्च कर रही हैं, किंतु विभागीय अधिकारियों एवं कार्यदाई संस्थाओं की मिलीभगत से बड़ी संख्या में शौचालय बने नहीं और जो बने, उसमे से अधिकांश क्षतिग्रस्त हो गए। सामुदायिक शौचालयों पर प्रधानों का ताला लटका हुआ है। यह बात अलग है कि सामुदायिक शौचालयों के केयर टेकर का मानदेय हर महीने संबंधित मद से प्रधानों द्वारा निकाला जा रहा है। ग्राम पंचायत सोनबरसा, सोनकी भाट पांडेपुर, रामपुर कोड़रहा, मुरारपट्टी, सुकरौली, शिवपुर उर्फ करण छपरा, मुरली छपरा आराजी माफी उपाध्याय बाल गोविंद सहित अधिकाश गांवों में सरकार द्वारा बनाए गए शौचालय दुर्दशा के शिकार है। ऐसे में गांवों को ओडीएफ ही नहीं, बल्कि कुछ गांवों को ओडीएफ प्लस भी घोषित किया जा चुका है। इन गांवों की वास्तविक स्थिति को देखने के लिए सरकार को टीम गठित करके गांव में भेजना चाहिए। क्या यही ओडीएफ प्लस गांव है, जहां गांव की सड़कें गंदगी से पटी हो। इस संदर्भ में पूछने पर प्रभारी एडीओ पंचायत संजय चौरसिया ने बताया कि गांव में शौचालयों की स्थिति बेहतर है। कुछ लोगों की आदत बाहर शौच जाने की है। वही लोग बाहर शौच को जाते हैं। शौचालय की स्थिति बिल्कुल ठीक है।

## पोखरे पर हो रहे अतिक्रमण को ईओ ने रोका

**बलिया।** नगर पंचायत चितबड़ागांव में धड़ल्ले से चल रहे भू अतिक्रमण पर मुख्य राजस्व अधिकारी की तल्खी के बाद अधिशासी अधिकारी एक्टिव मोड में आए और अतिक्रमण पर ब्रेक लगाई। मनीष सिंह की शिकायत पर कार्य रोका गया। नगर पंचायत चितबड़ागांव के वार्ड नंबर पांच ब्रम्ही बाबा नगर और वार्ड नंबर 13 जयप्रकाश नगर के बीचो-बीच स्थित प्राचीन हकीम जी गड़ही पर अतिक्रमणकारियों की बुरी नजर पड़ चुकी थी। नगर पंचायत प्रशासन और राजस्व विभाग की मिलीभगत से हकीम जी गड़ही के प्राचीन पोखरा को अतिक्रमणकारियों द्वारा दिन-रात एक करके दर्जनों की संख्या में ट्रैक्टर से पोखरे पर मिट्टी भराई कार्य किया जा रहा था। भीड़भाड़ वाली गली से होकर आ-जा रहे दर्जनों ट्रैक्टर लोगों के लिए फजीहत बने हुए थे। नगर पंचायत के लोगों की शिकायत को नजरअंदाज किया जा रहा था। शुक्रवार को जब सीआरओ ने मामले का संज्ञान लेते हुए तल्खी दिखाई, तब ईओ ने एक्शन मोड में आते हुए कार्य पर ब्रेक लगाया और पुलिस का भी सहयोग लिया। भू-माफियाओं के अभियान पर ब्रेक लगने से लोगों में राहत है।

## कटान क्षेत्र में धड़ल्ले से हो रहा मिट्टी खनन


मिट्टी खनन के बाद की स्थिति

**बैरिया।** प्रशासन के तमाम दावों के बावजूद क्षेत्र में अवैध रूप से हो रहा मिट्टी खनन थमने का नाम नहीं ले रहा है। खनन करने वाले लोगों के हौसले इतने बुलंद है कि एक जमीन की परमिट लेकर उसकी आड़ में कई जगहों पर खनन कर रहे हैं। ग्रीन फील्ड एक्सप्रेस-वे के निर्माण के लिए मांझी में निर्माणधीन सड़क पुल के पास, अठगांवा के कटान क्षेत्र एवं दया छपरा गांव के दक्षिण रिंग बंधे के निकट कटान क्षेत्र में जेसीबी से अवैध खनन किया जा रहा है। कटान क्षेत्र में खनन का परमिट प्रशासन द्वारा कत्तई नहीं दिया जा सकता है। बावजूद इसके खनन करने वाले

दबंगई

**परमिट लेकर खनन करने का किया जा रहा दावा**

लोग कहते हैं कि परमिट लेकर खनन किया जा रहा है। अगर तत्काल अवैध खनन पर रोक नहीं लगाया गया तो आगामी बरसात के दिनों में उक्त क्षेत्र में कटान की विभिषिका लोगों को झेलनी पड़ सकती है। लोगों ने प्रशासन का ध्यान आकृष्ट कराते हुए उचित कार्रवाई की मांग की है। इस बाबत पूछने पर उप जिलाधिकारी सुनील कुमार ने बताया कि मांझी में अवैध खनन हो रहा था। नायब तहसीलदार एवं खनन अधिकारी की टीम बनाकर मौके पर भेजकर खनन रोक दिया गया है।

कहीं भी अवैध खनन नहीं होने दिया जाएगा। अवैध खनन करने वालों के खिलाफ कठोर कार्रवाई की जाएगी।

### दो सफाई कर्मचारियों का वेतन काटने का आदेश

बलिया। नगर पालिका परिषद बलिया के अधिशासी अधिकारी सुभाष कुमार ने वार्ड नंबर नौ के यारपुर बेदुआ का गुरुवार को निरीक्षण किया। इस दौरान अधिशासी अधिकारी ने सफाई नायक अवधेश रावत को कड़ा निर्देश दिया। कहा कि सफाई व्यवस्था में लापरवाही अक्षम्य होगी। साथ ही सफाई कर्मचारी मनोज रावत के कार्य में लापरवाही पाए जाने पर एक दिन के वेतन काटने का आदेश दिया। इसके अलावा सफाई कर्मचारी प्रभु के बिना किसी सूचना अनुपस्थित रहने पर तीन दिन के वेतन के कटौती का आदेश दिया। इस दौरान सफाई एवं खाद्य निरीक्षक अहमद नदीम, हिमांशु केशरवानी, प्रदीप कुमार आदि उपस्थित रहे।

## सीएचसी पहुंची राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन की टीम, देखा सच






**बेल्थरारोड (बलिया)।** उ. प्र. शासन के निर्देश पर यहां सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र सीयर पर राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन की दो सदस्यीय टीम ने काया कल्प के तहत शुक्रवार की अपराह्न में विधिवत निरीक्षण कर सुधार के दिशा निर्देश दिये। कहा कि अस्पताल को और बेहतर बनाने की दिशा में शासन को रिर्पोटिंग की जायेगी। राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन की दो सदस्यीय टीम के मण्डलीय प्रबन्धक गोरखपुर के डा0 अरविन्द पाण्डेय ने अपने सहयोगी डा0 अबू बकर जिला क्वालिटी कंसल्टेंट जिला संत कबीर नगर के साथ यहां अस्पताल में लेबर रुम एवं ओटी रुम को देख काफी प्रसन्नता व्यक्त की। लेकिन साफ-सफाई के तौर-तरीकों के बारे में विस्तार से दिशा निर्देश भी दिया। मुख्य रुप से टीम के सदस्यों ने एक्स-रे रुम, ओपीडी, महिला ओपीडी, माईनर ओटी, टीकाकरण कक्ष, मरीज वार्ड आदि का निरीक्षण किया। शौचालय में लगे विद्युत ट्यूब लाईट को देख उसे प्रतिबन्धित करार देते हुए एलईडी लगाकर कर उसे खतरा से पूर्व हटाने का निर्देश दिया। वहीं दवा वितरण कक्ष में एक्सपायरी दवाओं के भारी मात्रा में मिलने पर उसे जिला मुख्यालय के मेन स्टोर के लिए वायो बेस्ट की गाड़ी को सिपुर्द करने की सलाह दी। ब्लाक पब्लिक हेल्थ यूनिट (बीपीएचयू) का निरीक्षण कर संतोष व्यक्त किया कहा कि अभी इसमें सुधार की आवश्यकता है। उन्होंने बीसीपीएम कार्यालय स्थापित कराने के निर्देश के साथ एलटी कक्ष, पैथालोजी कक्ष स्थापित करने पर जहां जोर दिया। वहीं डाटा मैनेजर की पोस्टिंग किये जाने की जानकारी दी। अंत में उन्होंने पैथोलॉजी, एक्सरे तथा लेवर रूम के स्वास्थ्य कर्मियों को हेप्पेटाईटिस बी के 3 टीके प्रत्येक वर्ष लगवाना स्वास्थ्य हित में बताया। निरीक्षण के दौरान सीएचसी सीयर के अधीक्षक डॉ. राकेश कुमार सिंह संग अस्पतालकर्मी मौजूद रहे।

## पेड़ से लटकता मिला युवक का शव, हड़कम्प

**बलिया।** नगरा थाना क्षेत्र के ढेकवारी गांव में गुरुवार की सुबह 23 वर्षीय युवक का शव गांव के पूरब हरिजन बस्ती निविहवा बाबा के समीप लिशोर के पेड़ से लटकता हुआ मिला, जिससे इलाके में सनसनी फैल गई। सूचना मिलते ही पुलिस तथा फॉरेंसिक टीम मौके पर पहुंचकर जांच पड़ताल किया। बताया जाता है कि ढेकवारी गांव के पूरब हरिजन बस्ती निविहवा बाबा के समीप गुरुवार की सुबह गांव के लोक टहल रहे थे। इसी दौरान उन्हें लिशोर के पेड़ से लटकता हुआ युवक का शव देख हो हल्ला मचाना शुरू कर दिया। बाद में मौके पर पहुंचे ग्रामीणों ने उसकी पहचान गांव के ही 23 वर्षीय रामविलास राम पुत्र पंचमी के रूप में की। घटना की सूचना ग्रामीणों ने पुलिस को दी। सूचना पाकर क्षेत्रधिकारी, प्रभारी निरीक्षक हरिशंकर सिंह तथा फॉरेंसिक टीम मौके पर पहुंचे मामले की छानबीन कर शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। ग्रामीणों की माने तो युवक शाम तक गांव में संत रविदास पूजा में शामिल भी हुआ था।

## वक्फ बोर्ड की संपत्तियों का दर्ज हो रहा ब्योरा

तैयारी

**जिले में वक्फ संपत्तियों की अनुमानित कीमत 10 अरब से अधिक**

**बलिया।** वक्फ की संपत्तियों का सर्वे किया जा रहा है। अल्पसंख्यक कल्याण विभाग की ओर से राष्ट्रीय पोर्टल वामिका पर इसका ब्योरा अपलोड किया जा रहा है। विभागीय आंकड़ों में जिले में वक्फ की 1024 संपत्तियां दर्ज है। हालांकि, राष्ट्रीय वामिक पोर्टल पर 1111 वक्फ संपत्तियां प्रदर्शित हो रही है।विभाग का कहना है कि इनमें से 87 वक्फ संपत्तियां मऊ जिले की है। जिले की वक्फ संपत्तियों की अनुमानित कीमत लगभग 10 अरब रुपए से अधिक बताई जा रही है। इनमें शिया वक्फ बोर्ड के नाम पर शहर के बिशनीपुर में दर्ज एक संपत्ति है, जबकि शेष 1023 सुन्नी वक्फ बोर्ड के नाम पर दर्ज है। इन संपत्तियों का संचालन बोर्ड के निर्देशानुसार जिला अल्पसंख्यक विभाग करता है। विभाग से प्राप्त आंकड़ों के मुताबिक रसड़ा तहसील क्षेत्र में वक्फ की सबसे अधिक 265 और बैरिया तहसील क्षेत्र में सबसे कम 18 संपत्ति है। इसमें खेतीहर भूमि के अलावा आवासीय भूखंड शामिल है। इसके अलावा जिला मुख्यालय में बोर्ड के नाम पर स्टेशन रोड से लेकर अन्य मोहल्ले में कई दुकानें, आवासीय भवन और भूखंड है। सिकंदरपुर में 214, बांसडीह में 126, बेल्थरारोड में 170, रसड़ा में 265, बैरिया में 18 एवं बलिया में 231 वक्फ संपत्तियां है। इसमें भूमि के साथ-साथ दुकान भी हैं। जिले की वक्फ बोर्ड की संपत्तियों का राष्ट्रीय वामिक पोर्टल पर पंजीकरण के उपरांत उनका तहसील के रिकार्ड में मिलान किया जाएगा और बेनामी संपत्ति पाने पर सरकार उनका अधिग्रहण करेगी। इस संबंध में जिला अल्पसंख्यक कल्याण अधिकारी आशुतोष पांडेय ने बताया कि राज्य स्तर से ही उक्त पोर्टल पर शिया और सुन्नी वक्फ बोर्ड की संपत्ति का ब्योरा दर्ज होता है। जिले में शिया एवं सुन्नी वक्फ बोर्ड की संपत्तियों को एक निजी एजेंसी द्वारा अभी अपलोड किया जा रहा है। इसके बाद पोर्टल पर दर्ज वक्फ की संपत्तियों का तहसील के रिकार्ड से मिलान किया जाएगा।

## मदर टेरेसा कान्वेंट स्कूल के बच्चों ने लहराया परचम



**मझौवां।** मदर टेरेसा कान्वेंट स्कूल पचरुखिया के बच्चों ने लगातार चौथी बार वर्ल्ड बिगेस्ट इंटरनेशनल ओलंपियाड सिल्वर जोन अखिल भारतीय हिन्दी परीक्षा में परचम लहराते हुए अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर प्रथम स्थान प्राप्त कर विद्यालय का नाम रोशन किया है। तीन छात्रों ने गोल्ड मेडल, दो छात्रों ने ब्रोंज मेडल, एक छात्र ने सिल्वर मेडल एवं छह स्पेशल अचीवमेंट सर्टिफिकेट जीतकर अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाया है। परीक्षा में स्कूल के कक्षा दूसरी से परिधि यादव ने अन्तर्राष्ट्रीय स्तर पर प्रथम स्थान प्राप्त कर विद्यालय का नाम रोशन करते हुए अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर भी अपनी जगह बनाया। वहीं, छात्र प्रिंस सिंह ने आईआईटी मेंस परीक्षा में शानदार प्रदर्शन करते हुए विद्यालय और क्षेत्र का नाम रोशन किया है। इस शानदार उपलब्धि पर विद्यालय में हर्ष का माहौल है। विद्यालय की प्रधानाचार्या कुसुमलता सिंह ने परीक्षा में बेहतर प्रदर्शन करने वाले छात्र-छात्राओं को प्रशस्ति पत्र, मेडल एवं प्राइज देकर सम्मानित किया। प्रबंधक प्रेम किशोर ने कहा कि मदर टेरेसा कान्वेंट स्कूल क्षेत्र का नंबर वन स्कूल ऐसे ही नहीं बना है। इसके पीछे कड़ी मेहनत एवं अभिभावकों का विश्वास है। चाहे बोर्ड एग्जाम हो या कंपीटिशन एग्जाम सबमें स्कूल का बेहतर प्रदर्शन रहा है। हम आगे भी इस लय को बनाए रखेंगे। क्योंकि स्कूल बच्चों के सर्वांगीण विकास पर ध्यान देता है। मौके पर विद्यालय के सभी शिक्षक-शिक्षिकाएं उपस्थित रहे।

## मॉडल तहसील पर जारी रहा आगसा का धरना

**बलिया।** ऑल गोंडवाना स्टूडेन्ट्स एसोसिएशन (आगसा) के तत्वावधान में बलिया सदर मॉडल तहसील पर गोंड समुदाय का जाति प्रमाण पत्र निर्गत करने की मांग को लेकर चल रहा कार्यालयावधि का अनिश्चितकालीन धरना शुक्रवार को 19वें दिन भी जारी रहा। धरनारत लोगों ने कहा कि लेखपालों और तहसीलदार गण द्वारा शासनादेश का अनुपालन न करना घोर अराजकता है। कहा कि आजादी के पूर्व के भू-राजस्व अभिलेखों में गोंड़ दर्ज है। जन्म-मृत्यु रजिस्टर फौती में भी गोंड़ है। इसके बाद भी शासनादेश की घोर अवमानना करते हुए मनगढ़ंत गलत आख्या लगाकर गोंड़ की जाति बदलने का षडयंत्र किया जा रहा है। लेखपालों एवं तहसीलदार गणों पर प्राथमिकी दर्ज कर कार्यवाही की जानी चाहिए। गोंड समुदाय अपने संवैधानिक अधिकारों की रक्षा के लिए अंतिम दम तक संघर्षरत रहेगा। इस अवसर पर सुमेर गोंड, बच्चालाल गोंड, संजय गोंड, मनोज शाह, मैनेजर गोंड, लल्लन गोंड, रामनारायण गोंड, रघुनाथ गोंड, विक्रम गोंड, गुलाब गोंड, कन्हैया गोंड, प्रेमसागर गोंड, अवधेश गोंड, श्रीभगवान गोंड, आनंद गोंड, आशीष गोंड, अरविन्द गोंडवाना आदि मौजूद रहे।

## करोड़ों की लागत से बनेगी सड़क विधायक ने किया भूमि पूजन

जनसंदेश न्यूज

**बांसडीह (बलिया)।** बेरूआरबारी क्षेत्र के असेगा गांव में स्थित शोकहरण नाथ शिव मंदिर परिसर में शुक्रवार को आयोजित कार्यक्रम में केतकी सिंह ने 9 करोड़ 18 लाख 49 हजार रुपये की लागत से बनने वाली साढ़े चार किलोमीटर लम्बी सड़क के लिए भूमि पूजन किया। असेगा से नारायनपुर गांव तक सड़क के तैयार होने से दो दर्जन से अधिक गांवों के लोगों की राह आसान हो जाएगी। विधायक ने सहतवार पीएचसी में आयोजित कार्यक्रम में नये अल्ट्रासाउंड मशीन व मनियर पीएचसी में खून जांच मशीन का लोकार्पण भी किया। असेगा गांव से नारायनपुर गांव तक जाने वाली सड़क लम्बे समय से क्षतिग्रस्त थीं। विधायक के प्रस्ताव पर लोक निर्माण विभाग ने सड़क निर्माण की योजना बनायी। वैदिक मंत्रोच्चार व पूजा-पाठ के बीच सड़क निर्माण का शिलान्यास करने के बाद विधायक ने कहा कि असेगा गांव से नारायनपुर तक नौ करोड़ 18 लाख 49 हजार रुपये से साढ़े चार किमी लम्बी सड़क बनेगी।



भूमि पूजन करती विधायक केतकी सिंह

### टेंडर की प्रक्रिया हुई पूरी

इसके लिए टेंडर की प्रक्रिया पूरी हो गयी है। शासन की ओर से एक करोड़ 83 लाख रुपये अवमुक्त हो चुका हैं। सड़क के बन जाने से बेरूआरबारी, असेगा, बभनौली, सेमरी, नारायनपुर पिण्डहरा आदि गांवों के लोगों को आवागमन में सुविधा होगी। विधायक ने कहा कि जिस आशा व विश्वास के साथ जनता ने मुझे विधायक चुना हैं उस पर खरा उतरने का प्रयास कर रही हूं। डबल इंजन सरकार में लोगों को सभी जरुरी सुविधाएं उपलब्ध कराने के संकल्प के साथ काम कर रही हैं। बांसडीह विधानसभा क्षेत्र में सभी सीएचसी व पीएचसी में एक्सरे मशीन, अल्ट्रासाउंड मशीन, सीवीसी आदि मशीन लगाई जा रही है। सहतवार पीएचसी में आज से अल्ट्रासाउंड मशीन व मनियर पीएचसी में खून जांच मशीन काम शुरू कर दिया है। सभी अस्पताल में आक्सीजन कस्टेंटर, दवाई आदि सुविधाएं उपलब्ध हैं। अन्य सुविधाएं भी शीघ्र उपलब्ध होगा। इस दौरान ब्लाक प्रमुख बेरूआरबारी चन्द्र भूषण सिंह उर्फ भोला, बृजनाथ, अजय, अरविंद गाधी, राना कुनाल, धर्मात्मानंद, हरेंद्र, रंजन, शेंताशु, बिरजू साहनी, मिथिलेश, शिवनारायण निषाद, उमेश, विनय, ममता सिंह रेखा, निक्की, सौरभ रंजन आदि मौजूद रहे।

## संक्षेप

### सपा की नीतियों को जन-जन तक पहुंचाने का आह्वान



**सहतवार।** सपा द्वारा बांसडीह विधानसभा क्षेत्र के रेवती ब्लाक अंतर्गत ग्राम सभा कुशहर एवं डुमरिया में शुक्रवार को पीडीए चौपाल का आयोजन किया गया। इसमें सपा की नीतियों को जन-जन तक पहुंचाने पर जोर दिया गया। सपा के वरिष्ठ नेता नीरज सिंह गुड्डू ने कहा कि पीडीए चौपाल का मुख्य उद्देश्य जन-जन तक पार्टी की नीतियों को पहुंचना है। उन्होंने संविधान की रक्षा के लिए आमजन से एकजुट होने का आह्वान किया। कहा कि अपने बच्चों को शिक्षित बनाये। विधानसभा चुनाव-2027 में अखिलेश यादव को पुनः मुख्यमंत्री बनाने का संकल्प लेकर कार्य करें। भाजपा सरकार के नीतियों की आलोचना करते हुए कहा कि पीडीए की एकता ही देश का भविष्य है। जिसकी जितनी हिस्सेदारी, उसकी उतनी भागीदारी तय की जाएगी। इस अवसर पर प्रधान प्रतिनिधि बिंदा वर्मा, सुरेंद्र यादव, पप्पू ओझा, दिलीप यादव, उपेंद्र गुप्ता, राजेश यादव, बृजेश यादव, मुन्ना यादव, समर बहादुर सिंह, ध्रुव सिंह, प्रशांत सरोज, रूद्रेश, अखिलेश पाठक, अमित, बजरंग बली वर्मा इत्यादि मौजूद रहे।

### एड्स की जांच व बचाव की दी जानकारी



**बेरूआरबारी।** स्थानीय ब्लाक के डवाकरा हाल में शुक्रवार को मेन स्ट्रीमिंग के तहत ब्लॉक स्तरीय एचआईवी एड्स उन्मुखीकरण कार्यशाला का आयोजन किया गया। इसमें अध्यापक, ग्राम प्रधान, सचिव आदि ने हिस्सा लिया। एचआईवी एड्स नियंत्रण में कार्यरत गैर सरकारी संस्थाओं से आह्वान किया गया कि वह एचआईवी की जांच को बढ़ाएं, ताकि पाजिटिव लोगों को चिह्नित कर उनका उपचार किया जा सके। प्रशिक्षक राजीव कुमार सिंह सेंगर ने एचआईवी एड्स की जांच और बचाव की जानकारी देते हुए कहा कि एचआईवी एड्स मात्र चार कारणों से फैलता है। असुरक्षित यौन संबन्ध, संक्रमित सुई, संक्रमित रक्त चढ़ाने एवं संक्रमित मां से उसके बच्चे को एचआईवी एड्स होता है। यह साथ खाने एवं हाथ मिलाने आदि से नहीं फैलता है। एड्स की जानकारी ही इसका उपचार है। परामर्शदाता राहुल सिंह ने टीबी रोगियों की एचआईवी जांच और एचआईवी रोगियों की टीबी की जांच करने पर बल दिया। अध्यक्षता खण्ड विकास अधिकारी शैलेष कुमार मुरारी एवं संचालन एडीओ पंचायत बलिराम मौर्य ने किया। सबके प्रति आभार बीपीएम विनय कुमार यादव, रमाशंकर , राजनाथ राम ने व्यक्त किया।

### सम्मानित किये गये सेवा निवृत्त ले. कर्नल



**बांसडीह (बलिया)।** पुलवामा अटैक की बरसी पर शहीद हुए जवानों को नमन करते हुए यूनिक मांटेसरी जू० हाई स्कूल के अध्यापक एवं अध्यापिकाओं सहित सभी बच्चों ने शहीदों को श्रद्धांजलि अर्पित किया। साथ ही देश सेवा में 40 वर्षों तक सेवा करने के बाद सेवानिवृत्त हुए कस्बा निवासी ले० कर्नल राजेश प्रसाद को उनके अतुलनीय योगदान के लिए विद्यालय परिवार ने सम्मान कार्यक्रम आयोजित किया। विद्यालय परिवार द्वारा सेवा निवृत्त ले०कर्नल राजेश प्रसाद को अंगवस्त्रम से सम्मानित किया।कस्बे के ही एक साधारण परिवार से निकल कर सेना के उच्च पद ले०कर्नल पद से रिटायर होकर कुछ दिन पहले गांव आए है। इस अवसर पर विद्यालय के प्रबंधक जाकिर हुसैन ने कहा कि सेना के अदम्य साहस एवं समर्पण के बदौलत ही हमारे देश की सीमाएं सुरक्षित है। समारोह को विद्यालय के प्रधानाचार्य पवन तिवारी सहित अनिल गुप्ता ने भी सम्बोधित कर देश सेवा में सैनिकों द्वारा दिए जा रहे योगदान को विस्तृत रूप से बताया। इस अवसर पर विद्यालय के शिक्षक अजित सिंह, अनिल पाण्डेय, शारदा नन्द मिश्रा, खैरुद्दीन, दिनेश कन्नौजिया, चन्द्रशेखर यादव, अमित वर्मा, सूरज सिंह, संजय, अनामिका, खुशी, नौशीन, वन्दना सहित अन्य गणमान्य लोग भी उपस्थित रहे। सभा का संचालन प्रदीप सिंह ने किया।

### विधि-विधान से हुई संत रविदास की मूर्ति की स्थापना



**मझौवां।** ग्राम पंचायत गंगापुर में न्यू जागृति संघर्ष क्लब द्वारा आयोजित संत शिरोमणि रविदास जयंती पर उनके अनुयायियों द्वारा भव्य मूर्ति की स्थापना कर वैदिक मंत्रोचारण के साथ पूजन-अर्चन किया गया। वहीं, मूर्ति विसर्जन के साथ ही विशाल बाल भोज का आयोजन किया गया। विधायक जयप्रकाश अंचल ने संत शिरोमणि रविदास के व्यक्तित्व एवं कृतित्व पर विस्तार से प्रकाश डालते हुए नमन कर कमेटी के सदस्यों का उत्साह बढ़ाया। इस मौके पर प्रमोद गौतम गोलू, सुनील राम, सुरेश राम, आकाश गौतम, बृजेश गौतम, अमित गौतम, गोलू, राहुल, छोटू, रंजीत वकील, अर्जुन, सूरज, चंदन, पचकौड़ी राम, मुन्नू भारती, ओमप्रकाश, अनिल राम, धर्मेंद्र भारती आदि मौजूद रहे।

### एसडीएम ने लेखपाल को किया निलंबित

**रसड़ा।** उप जिलाधिकारी संजय कुमार कुशवाहा ने लेखपाल लालसाहब को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया है। उन्होंने अपने आदेश में कहा है कि रसड़ा तहसील क्षेत्र के लेखपाल लालसाहब के विरूद्ध एक आडियो वायरल हो रहा है। इसमें आरआरसी सेंटर निर्माण के संबंध में सीमांकन को लेकर घूस लेने-देने के संबंध में सहमति दी जा रही है। वायरल आडियो को सुनने के बाद प्रथम दृष्टया स्पष्ट है कि आडियो में लेखपाल लालसाहब की आवाज है। यह अति गंभीर है। निलंबन अवधि में लेखपाल लालसाहब को जीवन निर्वाह भत्ते के साथ कोई अन्य भत्ता देय नहीं होगा।

### जल निगम की पाइप से टकरायी स्कूटी, दो घायल

**मझौवां (बलिया)।** राष्ट्रीय राजमार्ग 31 के शुघर छपरा मोड़ के पास लॉर्ड कृष्णा एकेडमी स्कूल के सामने शुक्रवार की शाम जल निगम के पाइप से स्कूटी टकरा जाने से स्कूटी सवार जीरा बस्ती, बलिया निवासी अंशु गुप्ता 32 वर्ष और बिहार के मुजफ्फरपुर निवासी विक्की गुप्ता 25 वर्ष गंभीर रूप से घायल हो गए, जिसे ग्रामीणों ने आनंन-फानन में सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र सोनबरसा पहुंचाया। जहां गंभीर रूप से घायल अंशु गुप्ता का इलाज चल रहा है। जबकि विक्की गुप्ता को हल्के चोट पर डॉक्टर ने प्राथमिक उपचार कर छोड़ दिया। जानकारी के अनुसार रामगढ़ निवासी द्वारिका शाह के घर 12 फरवरी को शादी समारोह था, जिसमें शामिल होने के लिए अंशु गुप्ता और विक्की गुप्ता आए हुए थे और शुक्रवार को बैरिया गए थे, बैरिया से वापस रामगढ़ जाते समय किसी तेज रफ्तार गाड़ी से बचने के चक्कर में राजमार्ग पर रखे जल निगम के पाइपों से टकरा गए, जिससे स्कूटी समेत गिरकर घायल हो गए। प्रत्यक्षदर्शियों की मानें तो अंशु गुप्ता को गंभीर चोटें आयी है।

### अमरजीत को घोषित किया शराब माफिया

**बैरिया।** स्थानीय थाना क्षेत्र के जयप्रकाशनगर अंतर्गत भवन टोला (चाचा के टोला) निवासी अमरजीत सिंह को बैरिया कोतवाल रामायण सिंह की रिपोर्ट पर पुलिस अधीक्षक ओमवीर सिंह ने शराब माफिया घोषित किया है। कोतवाल रामायण सिंह ने बताया कि अमरजीत सिंह के ऊपर सात शराब तस्करी एवं एक मारपीट का मामला दर्ज है। मिले इनपुट के अनुसार उक्त व्यक्ति काफी दिनों से शराब तस्करी में लिप्त है। इसलिए उसे शराब माफिया घोषित किया गया है।



# चोरी की 20 लाख की साड़ियां बरामद

**दो चोर गिरफ्तार**

**तीन जगह से चोरी की कुल 6688 साड़ियां पुलिस ने किया बरामद**




**मऊ।** थाना कोतवाली नगर व थाना दक्षिणटोला पुलिस की संयुक्त टीम द्वारा 13/14 फरवरी को दो शातिर चोरो को गिरफ्तार किया गया। प्रेसवार्ता में जानकारी देते हुए अपर पुलिस अधीक्षक महेश सिंह अत्रि ने बताया कि थाना कोतवाली नगर व थाना दक्षिणटोला पुलिस की संयुक्त टीम को उस समय अहम सफलता हाथ लगी जब बंधा रोड़ नवापुरा के पास से एक शातिर चोर होजैफा नसीम पुत्र नसीम उर्फ कोठा निवासी कासिमपुरा निकट खीरीबाग थाना कोतवाली नगर मऊ को गिरफ्तार किया गया। जो संबंधित मु0अ0सं0 45/25 धारा 305(क) बी0एन0एस0 थाना कोतवाली नगर जनपद मऊ से सम्बन्धित मुकदमें में कुल 38 बोरियो में चुरा कर रखी 3344 अदद चोरी की साड़ी कीमती लगभग बीस लाख चैसठ हजार रुपए जिसमें से सहयोगी अभियुक्त मो0 आमिर के बंधा रोड नवापुरा पश्चिम थाना दक्षिण टोला स्थित मकान से 34 बोरियों में कुल 3069 साड़ियां व सहयोगी अभियुक्त साहब अहमद के मकान मोहल्ला डोमनपुरा थाना दक्षिणटोला से 4 बोरियों में कुल 275 साड़ियां बरामद किया गया। मुकदमा उपरोक्त से सम्बन्धित वांछित अभियुक्तगण मो0 आमिर, साहब अहमद तथा मो. उमर की तलाश पुलिस टीम द्वारा की जा रही थी जिस क्रम में षुक्रवार को अभियुक्त साहब अहमद पुत्र रेयाज अहमद निवासी डोमनपुरा थाना दक्षिणटोला जनपद मऊ को मुखबिर की सूचना पर ढ़ेकुलिया घाट के पास से गिरफ्तार किया गया है। इस संबंध मे उक्त अभियोग में धारा 317(2) बीएनएस की बढोत्तरी कर गिरफ्तार अभियुक्तगण के विरूद्ध आवश्यक वैधानिक कार्यवाही की जा रही है। गिरफ्तारी बरामदगी पुलिस टीम में निरीक्षक अनिल कुमार सिंह प्रभारी निरीक्षक थाना कोतवाली, निरीक्षक धर्मेन्द्र कुमार सिंह प्रभारी निरीक्षक थाना दक्षिणटोला, उ0नि0 विवेक राव, उ0नि0 अनिल द्विवेदी, हे0का0 विनोद कुमार सरोज, हे0का0 रितेश राय, राजेश कुमार, का0 अमरेश कुमार सिंह थाना कोतवाली, का0 अमरजीत मौर्या का0 मित्रसेन यादव थाना दक्षिणटोला षामिल रहे।

## अटल आवासीय विद्यालय में प्रवेश हेतु आवेदन की अंतिम तिथि 05 मार्च

**मऊ।** सहायक श्रमायुक्त प्रभात कुमार सिंह ने बताया कि उत्तर प्रदेश भवन एवं अन्य सन्निर्माण कर्मकार कल्याण बोर्ड के अन्तर्गत संचालित अटल आवासीय विद्यालय गम्भीरवन आजमगढ़ के शैक्षणिक सत्र 2025-26 हेतु प्रकाशित किया गया था कि कक्षा-6 एवं कक्षा-9 में प्रवेश हेतु आवेदन पत्र ऑफलाइन जमा करने हेतु जनपद के स्थानीय श्रम कार्यालय में जमा किये जाये, जिसकी जमा करने की अन्तिम तिथि 31 जनवरी सांय 05 बजे तक नियत की गयी थी। आयुक्त आजमगढ़ मण्डल द्वारा दी गयी स्वीकृति के क्रम में आवेदन पत्र जमा किये जाने हेतु अन्तिम तिथि को विस्तारित करते हुए 05 मार्च सांय 05 बजे तक स्थानिय श्रम कार्यालय से निःशुल्क आवेदन पत्र प्राप्त एवं जमा किया जा सकता हैं। प्रवेश परीक्षा तिथि 18 मार्च को नियत की गयी है।

## कृषि विज्ञान केंद्र में बीज ग्राम योजना के प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन




**मऊ।** भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद् के दिशा निर्देशन में राष्ट्रीय बीज विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी संस्थान, कुशमौर, मऊ द्वारा बीज ग्राम योजना नामक योजना का संचालन हो रहा है। इस योजना के तहत वैज्ञानिक गाँवों में जाकर किसानों को कृषि से संबंधित तकनीकों की जानकारी प्रदान करते हैं। इसका उद्देश्य किसानों के साथ वैज्ञानिकों के सीधे सम्पर्क को बढ़ावा देने एवं संवाद स्थापित करने के लिये ह्ललैब टू लैंडह्व प्रक्रिया को तेज करना है। संस्थान के निदेशक डॉ संजय कुमार द्वारा गठित वैज्ञानिकों के समूह में योजना के संचालक वैज्ञानिक बनोथ विनेश के साथ प्रधान वैज्ञानिक डॉ अंजनी कुमार सिंह तथा वरिष्ठ वैज्ञानिक डॉ कल्याणी कुमारी हैं। इस योजना के अंतर्गत षुक्रवार को वैज्ञानिकों के समूह ने कृषि विज्ञान केंद्र, गाजीपुर का दौरा किया जहाँ रबी फसलों में गुणवत्तापूर्ण बीज उत्पादन बढ़ाने के लिए एकीकृत पोषक तत्त्व विषय पर प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया। करीब 150 किसानों ने कार्यक्रम में भाग लिया। कृषि विज्ञान केन्द्र के वैज्ञानिक डॉ धर्मेंद्र कुमार सिंह तथा डॉ ओमकार सिंह भी कार्यक्रम में सम्मिलित रहे। वैज्ञानिकों ने किसानों को वैज्ञानिक विधि से खेती करने का आग्रह किया साथ ही किस प्रकार नयी नयी प्रजातियों को उगा कर किसान अपने बीज उत्पादन को बड़ा सकते हैं इससे अवगत कराया।

# खराब प्रदर्शन करने वालों के खिलाफ होगी कार्रवाई

**बैठक**

**सीएम डैशबोर्ड आधारित विकास कार्यों की मासिक समीक्षा बैठक संपन्न**



**मऊ।** जिलाधिकारी प्रवीण मिश्र की अध्यक्षता में कैंप कार्यालय पर सीएम डैशबोर्ड पर आधारित विकास कार्यों की मासिक समीक्षा बैठक संपन्न हुई। समीक्षा के दौरान अल्पसंख्यक, समाज कल्याण, पिछड़ा वर्ग कल्याण के पूर्व दशम छात्रवृत्ति में क्रमशः ई, बी एवं सी ग्रेड पाए जाने पर उन्होंने संबंधित विभाग के अधिकारियों को कड़ी चेतावनी देते हुए इसमें सुधार लाने के निर्देश दिए। इसी प्रकार विद्युत विभाग में दैनिक विद्युत आपूर्ति शहरी में ई ग्रेड पाए जाने पर भी उन्होंने अधिशासी अभियंता को इसमें सुधार के निर्देश दिए। बेसिक शिक्षा विभाग की समीक्षा के दौरान मध्याह्न भोजन एवं विद्यार्थियों की उपस्थिति में डी ग्रेड पाए जाने पर कड़ी नाराजगी व्यक्त करते हुए जिलाधिकारी ने बेसिक शिक्षा अधिकारी को खराब प्रदर्शन करने वाले तीन खंड शिक्षा अधिकारियों एवं प्रधानाध्यापकों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई करने के निर्देश दिए। दुग्ध विभाग की समीक्षा के दौरान जिलाधिकारी ने डीसी एनआरएलएम को परिवहन की व्यवस्था उपलब्ध कराते हुए समूह के माध्यम से दूध विक्रय करने को कहा। विभिन्न प्रकार की पेंशन योजनाओं यथा निराश्रित पेंशन, वृद्धावस्था पेंशन आदि के आवेदनों का प्राथमिकता के आधार पर सत्यापन एवं निस्तारण करने के निर्देश जिलाधिकारी द्वारा दिए गए। पंचायती राज विभाग के कार्यों की समीक्षा के दौरान 15 वें वित्त में धन खर्च करने की कमी के दृष्टिगत जिलाधिकारी ने लापरवाह ग्राम पंचायत अधिकारियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई करने के निर्देश जिला पंचायत राज अधिकारी को दिए। सामाजिक वानिकी विभाग की समीक्षा के दौरान उन्होंने वन विभाग के अधिकारियों को वृक्षारोपण के उपरांत उनकी सुरक्षा भी सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। निराश्रित गोवंश की समीक्षा के दौरान जिलाधिकारी ने मुख्य पशु चिकित्सा अधिकारी को उप जिला अधिकारी एवं खंड विकास अधिकारियों से समन्वय स्थापित कर हरे चारे की पर्याप्त व्यवस्था गौशालाओं में सुनिश्चित करने को कहा। माध्यमिक शिक्षा विभाग के प्रोजेक्ट अलंकार योजना की समीक्षा के दौरान उन्होंने जिला विद्यालय निरीक्षक को समस्त स्थलों पर कार्य प्रारंभ होने की जांच करने के निर्देश दिए। श्रम एवं सेवा योजन विभाग द्वारा संचालित कन्या विवाह सहायता योजना एवं मातृत्व शिशु एवं बालिका मदद योजना से संबंधित समस्त विवरण खंड विकास अधिकारियों को उपलब्ध कराने के निर्देश सहायक श्रम आयुक्त को जिलाधिकारी द्वारा दिए गए। समाज कल्याण विभाग की महत्वाकांक्षी योजना मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना के तहत वित्तीय वर्ष हेतु निर्धारित लक्ष्य को फरवरी माह में ही पूर्ण करने के निर्देश जिलाधिकारी द्वारा दिए गए। सिंचाई विभाग के कार्यों की समीक्षा के दौरान जिलाधिकारी ने टेल फीडिंग की ग्रेडिंग सुधारने तथा समय से कार्य पूर्ण करने के निर्देश अधिशासी अभियंता सिंचाई विभाग को दिए।

जिलाधिकारी ने सिल्ट सफाई का कार्य समय से पूर्ण करने को भी कहा। बैठक के दौरान जिलाधिकारी ने ऐसे समस्त विभागों को जिनमें संचालित योजनाओं में बी, सी, डी अथवा ई ग्रेड प्राप्त है उनसे संबंधित विभाग के अधिकारियों को अपेक्षित सुधार लाते हुए ए अथवा ए प्लस ग्रेड करने के निर्देश दिए। इस दौरान मुख्य विकास अधिकारी प्रशांत नागर, जिला विकास अधिकारी उमेश चंद तिवारी, मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ राहुल सिंह सहित समस्त जनपद स्तरीय अधिकारी एवं समस्त खंड विकास अधिकारी उपस्थित रहे।

# अभियुक्तों के कब्जे से 18.40 लीटर अवैध शराब बरामद



**बलिया।** पुलिस अधीक्षक ओमवीर सिंह के निर्देशन में जनपद में अवैध शराब की तस्करी के विरुद्ध चलाये जा रहे अभियान के क्रम में अपर पुलिस अधीक्षक (द.) कृपा शंकर के निकट पर्यवेक्षण में व क्षेत्राधिकारी बैरिया मो0 फहीम कुरैशी के कुशल नेतृत्व में थाना बैरिया पुलिस टीम को सफलता मिली। उल्लेखनीय है कि 14 फरवरी 2025 को थाना बैरिया पुलिस टीम के उ0 नि0 रामप्रसाद बिन्द मय हमराह हे0 का0 रामनगीना यादव, हे0 का0 जयकिशुन पाल व म0 आ0 प्रीती मौर्या के रोकथाम जुर्म जरायम अपराध व अपराधियों पर प्रभावी निरोधात्मक कार्यवाही हेतु क्षेत्र में मामूर थे कि जरिए मुखबिर की सूचना के आधार पर पासवान चौक के आगे पेट्रोल पम्प के सामने से अभियुक्ता आरती देवी पत्नी रमाशंकर शाह ग्राम रूपगंज थाना टाउन जिला सारन बिहार को गिरफ्तार किया गया। म0 आ0 प्रीती मौर्या द्वारा अभियुक्ता की जामातलाशी ली गयी तो एक झोले में 30 अदद ऑफ्टर डार्क ब्लू की शीशी प्रत्येक 180 एम एल कुल 5.4 लीटर अंग्रेजी शराब बरामद हुई, जिसके क्रम में थाना स्थानीय पर मु0अ0सं0 74/25 धारा 60(1) आबकारी अधि0 तथा पासवान चौक के पश्चिम दिशा में स्थित मार्ग से अभियुक्ता सुनीता पुत्री दशही ग्राम दिलहरईपुर थाना टाऊन जिला सारण बिहार को गिरफ्तार किया गया। अभियुक्त की जामातलाशी म0 आ0 प्रीती मौर्या द्वारा ली गयी तो अभियुक्त सुनीता के पास से 72 अदद 8 पी एम प्रत्येक 180 एम एल कुल लगभग 13 ली0 शराब बरामद हुई जिसके क्रम में मु0अ0सं0 76/25 धारा 60 आबकारी अधि0 पंजीकृत कर आवश्यक वैधानिक कार्यवाही की जा रही है। गिरफ्तारी करने वाली पुलिस टीम में उ0 नि0 राम प्रसाद बिन्द थाना बैरिया, हे0 का0 रामनगीना यादव थाना बैरिया, हे0 का0 जयकिशुन पाल थाना बैरिया, म0 आ0 प्रीती मौर्या थाना बैरिया जनपद बलिया शामिल रहे।

## पुलिस ने वांछित अभियुक्त को धर दबोचा

**बलिया।** कोतवाली पुलिस ने गैंगेस्टर अधिनियम से संबंधित अभियुक्त को गिरफ्तार किया है। गुरुवार को कोतवाली बलिया में धारा 2/3(1) उप्र गैंगेस्टर अधिनियम का अभियोग पंजीकृत कर अभियुक्त की गिरफ्तारी हेतु टीम गठित कर लगातार प्रयास किया जा रहा था। उक्त प्रयास के क्रम में शुक्रवार को पुलिस ने मूखबीर की सूचना पर अभियुक्त विकास कुमार गुप्ता पुत्र बनारसी गुप्ता निवासी बेंदुआ, थाना कोतवाली बलिया को माल्देपुर मोड़ के पास से गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने उसे न्यायालय के समक्ष पेश किया, जहां से उसे जेल भेज दिया गया। पुलिस टीम में प्रभारी निरीक्षक योगेन्द्र बहादुर सिंह, कां. मनीष कुमार शुक्ला, कां. पुनीत चौरसिया, कां. शत्रुहन कुमार शामिल रहे।

## पछुआ हवा से गेहूं की फसल को नुकसान

**बैरिया।** प्रकृति भी किसानों का साथ नही दे रही है। फाल्गुन महीना शुरू हो गया है। पछुआ हवा का बेग लगातार बढ़ रहा है। इससे रवि के फसलों को नुकसान पहुंचने का अंदेशा बढ़ गया है। ऐसे में गेहूं की फसल की दूसरी सिंचाई में किसान जुट गए हैं। गेहूं की फसल के लिए न्यूनतम 10 डिग्री सेल्सियस या उससे कम तापमान होना चाहिए। उसमें ओस भी पड़ना चाहिए। क्योंकि फरवरी महीना में हल्की ठिठुरन वाली सर्दी होती है। इसलिए गेहूं की फसल के लिए ठिठुरन वाली सर्दी उचित माना जाता है, लेकिन अभी से चटख धूप होने लगा है। इससे फसलों पर प्रतिकूल असर पड़ने का अंदेशा होने लगा है। ऐसे में किसान अपने फसलों को बचाने के लिए दूसरी सिंचाई करने लगे हैं। किसानों का मानना है कि गेहूं के फसल के लिए ठंडा वातावरण जरूरी होता है। हालिया मौसम में गर्मी को देखते हुए गेहूं के उत्पादन पर असर पड़ सकता है। गेहूं की फसल अब बाली पर आ गई है। बालिया निकलनी शुरू हो गई है। इसलिए गेहूं की सिंचाई किसान कर रहे हैं कि पौधों में ग्रोथ होता रहे और बालिया अच्छी निकले। खेतों में नमी बनाए रखने के लिए किसान दूसरी सिंचाई कर रहे हैं। अगर इसी तरह से पछुआ हवा का प्रकोप जारी रहा तो गेहूं की फसल को सर्वाधिक नुकसान होगा।

## विधायक ने किया अल्ट्रासाउंड मशीन का उद्घाटन



विधायक केतकी सिंह को स्मृति चिह्न देते राजकुमार वर्मा

**जनसंदेश न्यूज**

**सहतवार।** सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र सहतवार पर शुक्रवार को विधायक केतकी सिंह ने मुख्य चिकित्साधिकारी की मौजूदगी में अल्ट्रासाउंड मशीन का उद्घाटन किया। बता दें कि सहतवार सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पर अल्ट्रासाउंड मशीन नहीं थी, जिससे आम जनमानस को अधिक आर्थिक व्यय का सामना करना पड़ता था। सीएमओ डा. विजयपति द्विवेदी ने कहा कि अल्ट्रासाउंड बार-बार करने से मृत्यु दर कम होती है। क्योंकि अल्ट्रासाउंड करा लेने से रोग पकड़ में आ जाता है। उसका इलाज समय पर किया जा सकता है। इसके पूर्व भाजपा नेता राजकुमार वर्मा ने क्षेत्रीय विधायक केतकी सिंह को स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया। वहीं, क्षेत्रीय विधायक केतकी सिंह ने अपने तीन वर्ष के कार्यकाल में सहतवार क्षेत्र में कराए गए कार्यों के बारे में विस्तारपूर्वक बताया। कहा कि आने वाले विगत दो सालों में भी सूचीबद्ध तरीके से सभी समस्याओं का निस्तारण करा लिया जाएगा। भाजपा जो कहती है, वह करती है। इसका प्रमाण आप सबके सामने दिख रहा होगा। इस अवसर पर अजय सिंह, रंजन सिंह, मिथिलेश तिवारी, जगदीप प्रसाद पप्पू, दीपक सिंह इत्यादि मौजूद रहे।

## ई-लाटरी से आवंटित होगी 280 शराब की दुकानें



**बलिया।** सरकार के खजाने में एक वर्ष में 864 करोड़ का राजस्व देने वाला आबकारी विभाग बलिया ई-लाटरी के माध्यम से 280 दुकानों का आवंटन करेगा, जिसकी तैयारियां विभाग ने पूरी कर ली है। 14 से 16 फरवरी तक पंजीयन होगा। जानकारी पोर्टल से ले सकते है और 17 से 27 फरवरी तक आवेदन लिये जायेंगें। आवेदन लेने की अंतिम तिथि 27 फरवरी होगी। आबकारी अधिकारी विजय कुमार शुक्ला ने बताया कि छह मार्च को ई-लाटरी होगी। सूत्र यह भी बता रहा है कि यह आयोजन गंगा बहुउद्देशीय सभागार में होगा। वैसे, जिले में इस वक्त 145 देशी, 50 अंग्रेजी, 53 बीयर और दो माडल शाप दुकान है। साथ ही 30 भांग की दुकानें है। अब अगले वित्तीय वर्ष में बीयर और अंग्रेजी शराब की दुकानें एक मर्ज हो जायेंगी। अब अलग-अलग अंग्रेजी और बीयर की दुकानें नहीं होंगी। अब उनकी संख्या 98 हो जायेगी। अब कुल दुकानों की संख्या 275 होगी। बिहार में शराब बंदी के बाद बलिया के आबकारी विभाग को जबरदस्त फायदा हो रहा है। बिहार की सीमाओं पर स्थित शराब की दुकानों को काफी फायदा पहुंच रहा है।

## डीएम ने की सीएम डैशबोर्ड पर प्रदर्शित योजनाओं की समीक्षा

**बलिया।** जिलाधिकारी प्रवीण कुमार लक्ष्कार ने कलेक्ट्रेट सभागार में सीएम डैशबोर्ड पर प्रदर्शित योजनाओं/इंडीकेटर के प्रगति की विस्तृत समीक्षा की। इस दौरान जिलाधिकारी ने फेमिली आईडी, जल जीवन मिशन, 15वां वित्त आयोग (पंचायत), सेतुओं के निर्माण कार्य, मध्याह्न भोजन, पर्यटन के कार्य तथा मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना आदि में ग्रेड सी, डी या ई प्राप्त होने पर नाराजगी प्रकट करते हुए संबंधित अधिकारियों को अपने-अपने विभागीय योजनाओं में शत-प्रतिशत प्रगति सुनिश्चित करने के निर्देश दिये। उन्होंने सभी अधिकारियों को ई-आफिस संचालन के संबंध में भी आवश्यक दिशा-निर्देश दिये। कहा कि सूचना का अधिकार अधिनियम के तहत पोर्टल पर प्राप्त आनलाइन आवेदनों एवं अपीलों का शीघ्र निस्तारण सुनिश्चित किया जलाय। इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी ओजस्वी राज, मुख्य चिकित्साधिकारी डा. वीपी द्विवेदी, जिला अर्थ एवं संख्याधिकारी राजेश कुमार सिंह आदि मौजूद रहे।

# सीबीएसई की परीक्षाएं आज से, तैयारियां पूरी, 18 केंद्रों पर 16800 होंगे परीक्षार्थी




**बलिया।** केन्द्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड की ओर से 10वीं व 12वीं बोर्ड परीक्षा का आयोजन 15 फरवरी से किया जायेगा। बार्ड एग्जाम में शामिल होने वाले छात्रों का सीबीएसई की ओर से एडमीट कार्ड जारी कर दिया गया है। जिले में 18 परीक्षा केन्द्र बनाये गये है। इसमें हाईस्कूल के 9600 और इण्टरमीडिएट के 7200 परीक्षार्थी शामिल होंगे। टाइम टेबल के अनुसार सीबीएसई 10वीं परीक्षा का आयोजन 15 फरवरी से 18 मार्च तक और 12वीं परीक्षा का आयोजन 15 फरवरी से 4 अप्रैल तक किया जायेगा। इनके लिए आवश्यक दिशा-निर्देश जारी किये गये है। सिटी कोआर्डिनेटर पीसी श्रीवास्तव ने बताया कि दिशा निर्देशों के अनुसार छात्रों को प्रवेश पत्र के साथ विद्यालय का आईडी कार्ड भी ले जाना होगा। इसके बिना प्रवेश की अनुमति नहीं होगी। प्राइवेट के परीक्षार्थी प्रवेश पत्र के आलावा कोई दूसरा पहचान पत्र ले जा सकेत है। कोई भी इलेक्ट्रॉनिक उपकरण जैसे मोबाइल, फोन, कैलकुलेटर के साथ प्रवेश की अनुमति नहीं दी जायेगी। परीक्षा केन्द्र पर सभी को गाइड लाइन के अनुसार समय पर पहुंचना होगा।

### 10 बजे के बाद परीक्षा केन्द्र पर नहीं हो एंट्रीः हर्ष श्रीवास्तव



सीबीएसई स्कूल मैनेजर एसोसिएशन के उपाध्यक्ष हर्ष श्रीवास्तव ने बताया कि सभी परीक्षा केन्द्रों पर सुबह 10 बजे से पहले परीक्षार्थियों को पहुंचना होगा। 10 बजे के बाद परीक्षा केन्द्रों पर परीक्षार्थी का प्रवेश वर्जित होगा। 10वीं की परीक्षा 15 फरवरी से 18 मार्च व 12वीं की परीक्षा 15 से 4 अप्रैल तक होगा। 10:30 बजे से 01:30 बजे तक परीक्षा का समय निर्धारित है। जिले के कुल 18 केन्द्रों पर 16800 परीक्षार्थी होंगे।

## संक्षेप

### सीएम सामूहिक विवाह योजना में 233 जोड़ों की हुई शादी



**मऊ।** जिला समाज कल्याण अधिकारी अनुज कुमार ने बताया कि मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजनान्तर्गत शुक्रवार को महिला शहर डिग्री कॉलेज बरामदपुर मु0बाद गोहना में कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसमें विकास खण्ड मु0बाद गोहना के 35 जोड़े, विकास खण्ड दोहरीघाट के 33 जोड़े, विकास खण्ड रतनपुरा के 29 जोड़े, विकास खण्ड फतहपुर मण्डाव के 27 जोड़े, नगर पालिका/नगर पंचायत के 23 जोडें विकास खण्ड-रानीपुर के 22 जोड़े, विकास खण्ड घोसी के 21 जोड़े, विकास खण्ड बड़रांव के 16 जोड़े, कोपागंज के 16 जोड़े, एवं विकास खण्ड परदहा के 11 जोड़ों सहित कुल 233 जोड़ें सम्मिलित हुए। इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में नुपुर अग्रवाल जिलाध्यक्ष भाजपा, रानू सिंह, ब्लाक प्रमुख मु0बाद गोहना, पूनम सरोज पूर्व प्रत्याशी भाजपा। मु0 बाद गोहना के विधायक राजेन्द्र प्रसाद भी कार्यक्रम उपस्थित होकर जोड़ों को आशीर्वाद दिये। खण्ड विकास अधिकारी मु0बाद गोहना तथा जिला समाज कल्याण अधिकारी मऊ उपस्थित होते हुए जोड़ों को आशीर्वाद दिये। जिला समाज कल्याण अधिकारी द्वारा बताया गया कि जनपद मऊ का लक्ष्य 1051 है। अब तक कुल 655 जोड़ों का विवाह कराया जा चुका है। आज के कार्यक्रम में 233 जोड़ों का विवाह सम्पन्न कराया गया है। मुख्य अतिथि नूपुर अग्रवाल ने बताया कि विवाह में उपहार सामग्री स्वरूप साड़ी सेट, दुल्हा हेतु पैण्ट शर्ट का कपड़ा, चांदी की बिछ्या 01 जोड़ी व पायल 01 जोड़ी, स्टील डिनर सेट, प्रेशर कुकर, ट्राली बैग, वैनिटी किट, दीवार घड़ी आदि वैवाहिक उपहार सामग्री जोड़ों को वितरित की गयी तथा विवाह के पश्चात रू0 35 हजार की धनराशि लाभार्थी के खाते में भेज दी जायेगी। खण्ड विकास अधिकारी मु0बाद गोहना ने अपने विकास खण्ड के लोगों से अत्यधिक आवेदन कर सामूहिक विवाह योजना का लाभ उठाने की अपील की।

### सामूहिक विवाह योजना का लाभ पाने के लिए करें आवेदन

**मऊ।** सहायक श्रम आयुक्त प्रभात कुमार सिंह ने बताया कि जनपद मऊ में श्रम विभाग द्वारा पंजीकृत निर्माण श्रमिकों के हितार्थ योजनाएं संचालित की जा रही है। उक्त योजनाओं की प्रगति के विषय में जिलाधिकारी के द्वारा लगातार समीक्षा की जा रही है। जनपद मऊ में आने वाले पखवारों में सामूहिक विवाह का आयोजन प्रस्तावित है, जिसमें सम्मिलित होने वाले पात्र श्रमिकों को अपनी पुत्री की शादी (या स्वयं का विवाह होने पर भी पंजीकृत निर्माण श्रमिक होने की दशा में) रू0 65 हजार की धनराशि उनके बैंक खाते में ऑनलाइन प्रेषित की जायेगी। इसके अतिरिक्त वर-वधू को पोशाक के क्रय हेतु भी ऑनलाइन धनराशि प्रदान की जायेगी। साथ ही इस विवाह के आयोजन एवं खर्च की सम्पूर्ण जिम्मेदारी श्रम विभाग की होगी। इस हेतु सभी पात्र निर्माण श्रमिक आगामी पखवाड़ों में होने वाली अपनी पुत्री की शादी का आवेदन कर सकते हैं। वर्तमान में उन्हें आवेदन या अपना डिटेल ऑफलाइन कार्यालय सहायक श्रम आयुक्त, में देना होगा, तत्पश्चात उनका आवेदन तिथि निर्धारित होने के बाद ऑनलाइन किया जायेगा। इसके लिए आवश्यक अभिलेख श्रमिक का पंजीयन कम से कम एक वर्ष पुराना हो, आयु प्रमाण-पत्र हेतु वर-वधू का मैट्रिक का अंक-पत्र/प्रमाण-पत्र या परिवार रजिस्टर की नकल या जन्म प्रमाण-पत्र, श्रमिक का पंजीयन अद्यतन और नवीनीकृत हो। ज्यादा से ज्यादा से0 म पंजीकृत निर्माण श्रमिक आवेदन करें।

### सामाजिक कार्यकर्ता का अनशन समाप्त



**रसड़ा।** स्थानीय तहसील मुख्यालय पर आमरण अनशन पर बैठे सामाजिक कार्यकर्ता संजीव गिरि के अनशन को शुक्रवार को विधायक प्रतिनिधि रमेश सिंह ने जूस पिलाकर समाप्त करा दिया। सामाजिक कार्यकर्ता द्वारा दोषी लेखपाल को निलंबित कर कार्यवाही किये जाने की मांग की जा रही थी। इस मामले में उप जिलाधिकारी रसड़ा ने लेखपाल को प्रथम दृष्या दोषी पाते हुए निलंबित कर दिया। इसके बाद विधायक प्रतिनिधि ने अनशन स्थल पर पहुंचकर सामाजिक कार्यकर्ता का अनशन समाप्त कराया।

### गैंगस्टर ऐक्ट का वांछित अभियुक्त गिरफ्तार

**बलिया।** बांसडीह रोड पुलिस ने गैंगेस्टर एक्ट से संबंधित एक वांछित अभियुक्त को गिरफ्तार करने में सफलता प्राप्त किया है। पुलिस ने उसे न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया, जहां से उसे जेल भेज दिया गया। शुक्रवार को थानाध्यक्ष बांसडीह रोड अखिलेश चन्द्र पाण्डेय ने मूखबीर की सूचना पर धारा 2/3(1) उप्र गिरोह बन्द एवं समाज विरोधी क्रिया कलाप निवारण अधिनियम 1986 से संबंधित वांछित अभियुक्त तेजू कुमार शर्मा पुत्र बिरह शर्मा निवासी ग्राम टकरसन, थाना बांसडीह रोड को ग्राम टकरसन पोखरे के पास से गिरफ्तार कर लिया। पुलिस टीम में थानाध्यक्ष अखिलेश चंद्र पांडेय, रि उनि सतीश यादव, कां. आदित्य प्रताप श्रेयांश, कां. कुलदीप कुमार, कां. धर्मेन्द्र यादव शामिल रहे।

### युवक पर तेजाब फेंकने का आरोपी गिरफ्तार

**बलिया।** कोतवाली पुलिस ने युवक पर तेजाब फेंकने से संबंधित दर्ज प्रकरण में एक अभियुक्त को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने उसे न्यायालय के समक्ष पेश किया है। सात फरवरी को थाना कोतवाली में वादी ने शिकायत किया कि संजय पुत्र छोटक द्वारा पुरानी रंजिश के कारण मुझ पर तेजाब फेंककर जलाने की कोशिश किया गया। इसके सम्बन्ध में धारा 124(1) बीएनएस का अभियोग पंजीकृत कर नियमानुसार विधिक कार्यवाही की गयी। इसी क्रम में थाना कोतवाली में गिरफ्तारी हेतु गठित टीम द्वारा किये जा रहे लगातार सार्थक प्रयास के क्रम में शुक्रवार को उनि हितेश कुमार, कां. गुरुप्रसाद, कां. सरोज ने मूखबीर की सूचना पर अभियुक्त संजय सिंह पुत्र बैजनाथ सिंह उर्फ छोटक सिंह निवासी ग्राम रामपुर महावल, थाना कोतवाली, जनपद बलिया को गिरफ्तार किया गया।

### एसपी ने परेड का निरीक्षण कर ली सलामी

**बलिया।** पुलिस अधीक्षक ओमवीर सिंह ने रिजर्व पुलिस लाइन में शुक्रवार को साप्ताहिक परेड की सलामी ली तथा परेड का निरीक्षण किया। इस दौरान पुलिस बल को शारीरिक एवं मानसिक रूप से फीट रहने के लिए स्वयं के साथ समस्त पुलिस कर्मियों से दौड़ लगवायी तथा अनुशासन एवं एकरूपता बनाए रखने के लिए ड्रिल भी करवाया। पुलिस कर्मियों को आपात स्थिति से निपटने एवं अपराधों की रोकथाम हेतु दंगा निरोधक उपकरणों के साथ तथा उनके रख-रखाव व क्रियाशीलता के बारे में सम्बन्धित को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। परेड में पुलिस लाइन का पुलिस बल तथा विभिन्न कार्यालयों में नियुक्त पुलिस कर्मी सम्मिलित हुए। पुलिस अधीक्षक ने यूपी 112 पीआरवी में मौजूद दंगा नियंत्रण उपकरणों, फर्स्ट ऐड किट आदि विभिन्न उपकरणों का निरीक्षण करके उपकरणों की नियमित साफ-सफाई, समुचित देखरेख एवं कुशल संचालन हेतु आवश्यक दिशा-निर्देश दिया।

### रसोइयों ने डीएम को सौंपा ज्ञापन

बलिया। उप्र राज्य कर्मचारी महासंघ बलिया के अध्यक्ष रामप्रकाश श्रीवास्तव की अध्यक्षता में रसोइया संघ की अध्यक्षा रेनू शर्मा ने रसोइयों के लगभग पांच माह का रोके गये मानदेय का भुगतान त्योहारों से पहले करने के लिए जिलाधिकारी को ज्ञापन सौंपा। इधर, मिनिस्ट्रीयल संघ आजमगढ़ मंडल के मंत्री राजेन्द्र कुमार वर्मा ने कहा कि यदि रोके गये समस्त मानदेय का भुगतान यथाशीघ्र नहीं होता है तो संगठन किसी भी कार्य दिवस पर कार्य बहिष्कार कर जिला बेसिक कार्यालय पर धरना प्रदर्शन करने को बाध्य होगा। इस अवसर पर नवीन यादव, मु. कलामुद्दीन, रामप्रवेश यादव, हरिराम प्रजापति, विमला भारती, संजू ठाकुर, आशा देवी, माया पांडेय, रीता वर्मा, डा. तेजबहादुर ठाकुर, चंद्रमा राम आदि मौजूद रहे।

### आज होगा 'पंचम वेद' नाटक का मंचन

**बलिया।** राष्ट्रीय नाट्य विद्यालय दिल्ली द्वारा भारत रंग महोत्सव पर विश्व जन रंग महोत्सव का आयोजन किया गया है। संकल्प साहित्यिक, सामाजिक एवं सांस्कृतिक संस्था बलिया के सचिव आशीष त्रिवेदी ने बताया कि इसमें देश की सभी नाट्य संस्थाएं 15 फरवरी को एक ही समय पर एक ही नाटकों का मंचन देश के अलग-अलग हिस्सों में करेगी। इसका लाइव प्रसारण फेसबुक पेज और यूट्यूब चैनल पर होगा। भरत मुनि का 'पंचम वेद' नाटक का मंचन पूरे देश में हिन्दी, अंग्रेजी, संस्कृत, उर्दू, बांग्ला, तमिल, तेलगु आदि भाषाओं में होगा। संकल्प संस्था द्वारा इसका मंचन 15 फरवरी को शाम चार बजे कलेक्ट्रेट स्थित ड्रामा हाल में किया जायेगा। बलिया के रंगमंच के लिए यह गर्व का विषय है।

### मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट ने मरीजों में बांटा फल

**बलिया।** मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट पराग यादव ने जिला चिकित्सालय बलिया में भर्ती मरीजों को फल वितरित किया। इस अवसर पर विशेष न्यायाधीश (ईसीएक्ट)/ अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश महेश चन्द्र वर्मा, जिला चिकित्सालय के सीएमएस डा. सुजीत कुमार यादव, डा. डीपी गुप्ता, डा. रितेश सोनी, सर्वेश कुमार श्रीवास्तव, हृदय वर्मा, दिलीप कुमार, संजीव कुमार, उमेश प्रजापति, मृत्युंजय सिंह आदि उपस्थित रहे।

# महाकुंभ पर बिगड़े बोल, फंसें सांसद

## सांसद अफजाल अंसारी पर साधु-संतों के खिलाफ अमर्यादित टिप्पणी के मामले में मुकदमा दर्ज

जनसंदेश न्यूज

**मनिहारी।** सांसद अफजाल अंसारी की मुश्किलें कम होने का नाम नहीं ले रही है। महाकुंभ पर लगातार टिप्पणी करने पर उनके खिलाफ एक और मुकदमा दर्ज हो गया है। शादियाबाद थाने में पूर्व जिला सहकारी बैंक के चेयरमैन ने गुरूवार को एफआईआर दर्ज कराया है। पूर्व चेयरमैन देवप्रकाश सिंह का आरोप है कि सांसद अफजाल अंसारी सनातन धर्म के खिलाफ अमर्यादित बयान देकर लोगों के भावनाओं का आहत पहुंचाया है। उनका आरोप है कि पूर्व में भी अफजाल अंसारी ने साधु संतो के खिलाफ अमर्यादित टिप्पणी की थी। बतादें, बीते बुधवार के दिन संत रविदास जयंती के अवसर पर शादियाबाद में शामिल हुए थे और महाकुंभ में 29 जनवरी को हुई भगदड़ को लेकर सवाल उठाते हुए कहा था कि भगदड़ में कितने लोगों की मौत हुई, इसका सही आंकड़ा अभी तक जिम्मेदारों द्वारा नहीं बताया गया। उन्होंने कहा कि महाकुंभ में नहाने से पाप धुल रहे हैं, लोगों के लिए बैकुंठ का रास्ता खुल रहा है। यानी नरक में अब कोई नहीं जाएगा। स्वर्ग तो हाउसफुल हो जाएगा। यह वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल होने लगा। शादियाबाद पुलिस ने इस मामले में विभिन्न धाराओं में सांसद अफजाल अंसारी के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है।

दरअसल सांसद अफजाल अंसारी ने कहा था की 15 और 20 साल के युवा ट्रेनों के शीशे तोड़ रहे हैं, जिससे महिलाएं और बच्चे डरे हुए हैं। टीटी अपनी वर्दी उतारकर झोले में रख रहे हैं। पुलिस भी परेशान हैं। डोनाल्ड ट्रंप राष्ट्रपति बनते हैं, तो हम उत्सव मनाने लगते हैं और कीर्तन गाने लगते हैं। जिम्मेदार लोगों से समस्या के समाधान की बात मत पूछिए, क्योंकि हकीकत यह है कि देश पर कर्ज का बोझ 200 लाख करोड़ रुपए से भी अधिक हो चुका है। हम वास्तव में किस दिशा में जा रहे हैं। यह सवाल हर भारतीय को खुद से पूछना चाहिए। भारत को विश्वगुरु बताया जा रहा। मगर जमीनी हकीकत कुछ और है,जिस देश की जनसंख्या नियंत्रण से बाहर हो और व्यवस्थाएं चरमराई हों। ऐसे में क्या हम विश्वगुरु बनने की दिशा में हैं।

### सोशल मीडिया पर वीडियो वायरल

सासंद अफजला अंसारी के दिए गए बयान का वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल होने लगा है। जिसे लेकर लोग तीखी प्रतिक्रिया कर रहे हैं। वीडियो दो दिन पहले वायरल हुआ था। वहीं, इसके पहले भी सांसद अफजाल अंसारी ने महाकुंभ पर साधुओ के गाजा पीने को लेकर बयान दिया था। इस मामले में भी मुकदमा दर्ज हुआ था।

### धार्मिक भावनाएं हुई आहत

सहकारी बैंक के पूर्व चेयरमैन देवप्रकाश सिंह ने शादियाबाद थाने में दिए तहरीर में आरोप लगाया कि गाजीपुर के सपा सांसद अफजाल अंसारी ने शादियाबाद थाना क्षेत्र में एक रविदास जयंती के कार्यक्रम में अपने भाषण के दौरान महाकुंभ को लेकर अमर्यादित टिप?पणी की थी। जिससे मेरी व सनातन हिंदू धर्म को मानने वाले लोगो की धार्मिक भावनाएं आहत हुई है।

## अवैध शराब के साथ आरोपी गिरफ्तार

**दिलदारनगर।** स्थानीय रेलवे स्टेशन पर जीआरपी और आरपीएफ की संयुक्त चेकिंग के दौरान एक संदिग्ध युवक को दो झोलों में अवैध शराब के साथ पकड़ा गया। यह कार्रवाई प्लेटफार्म नंबर-1 पर बने रेलवे ओवरब्रिज के पास खान-पान की दुकान के पास की गई। पुलिस ने जब युवक के झोलों की तलाशी ली, तो उसमें से 24 बोतल अंग्रेजी शराब और 12 बोतल किंगफिशर बियर बरामद हुई। पकड़े गए युवक की पहचान राजकुमार उर्फ सनी पुत्र सुरेंद्र यादव, निवासी हुमाद गली, पटना सिटी, थाना चौक, जिला पटना, बिहार के रूप में हुई है, जिसकी उम्र 23 वर्ष बताई जा रही है। जीआरपी चौकी इंचार्ज मुन्नन लाल ने बताया कि आरोपी के खिलाफ अभियोग पंजीकृत कर आगे की विधिक कार्रवाई शुरू कर दी है। अवैध शराब तस्करी के खिलाफ जीआरपी व आरपीएफ की यह कार्रवाई लगातार जारी रहेगी।

# दो कच्चे मकान में लगी आग लाखों का सामान जलकर खाक



कालूपुर गाँव में आग लगने के बाद क्षति को देखते लोग

**रेवतीपुर।** सुहवल थाना क्षेत्र के कालूपुर गाँव में शुक्रवार की शाम अज्ञात कारणों से आग लगने के कारण दो लोगों की चार कच्चे टीन शेड मकान में जलकर खाक हो गया। उसमें रखा घर गृहस्थी का पूरा सामान और बक्से में रखा 55 हजार नगदी भी जल गया। सूचना पर पहुंचे राजस्व कर्मियों ने नुकसान का आकलन रिपोर्ट उच्चाधिकारियों को भेंज दिया है। ग्रामीणों के मुताबिक दोनों पीड़ित परिवार अपने परिजनों के साथ खेत में काम कर रहे थे। इसी दौरान बिक्रमा यादव के कच्चे टीन शेड के मकान में धुआं निकलता दिखा, लोग कुछ समझ इसके पहले ही मकान से आग की लपटने निकलने लगी और बगल के भी कच्चे टीन शेड के मकान को अपने आगोश में ले लिया। जिसके बाद ग्रामीण मौके की तरफ दौड़े और उसमें बंधे जानवरों को किसी तरह बाहर निकाला। मगर पछुआ हवा के झोकें के कारण आग की? लपटें कम होने का नाम नहीं ले रही थी। किसी तरह कड़े मशक्कत के बाद करीब एक घंटे बाद आग पर काबू पाया जा सका, मगर तब तक सब आग की भेंट चढ़ चुका था। ग्रामीणों ने बताया कि इस अगलगी में बिक्रमा यादव की तीन टीन शेड का कच्चा मकान, 55 हजार नगद, जानवरों का चारा, कपड़ा, बच्चों के कापी किताब, खाद्यान्न आदि जल गया। इसी तरह मनोहर यादव एक टीन शेड का कच्चा मकान, उसमें रखा चार कुंतल खाद्यान्न, कपड़ा, आभूषण आदि जलकर राख हो गया। ग्रामीणों के मुताबिक इस भीषण आग में दोनों को करीब तीन लाख का नुकसान हुआ है।

# राष्ट्रीय राजमार्ग पर वृद्ध का मिला शव



**भांवरकोल।** ब्लॉक मुख्यालय के पूर्व थोड़ी दूर पर राष्ट्रीय राजमार्ग 31 के उत्तर तरफ नीचे शुक्रवार को सुबह बलियरियां निवासी मानसिक रूप से अस्वस्थ गोविंद गुप्ता(78) का मिला शव। शुक्रवार को सुबह राष्ट्रीय राजमार्ग 31 से आने जाने वाले लोगों को सड़क के उत्तर नीचे एक वृद्ध मृत पड़ा हुआ दिखाई दिया। धीरे-धीरे लोग वहां पहुंचने लगे और अपने-अपने ढंग से कयास लगने लगे। धीरे-धीरे क्षेत्र में वृद्ध के शव मिलने की खबर फैलने लगी। खबर सुखडेहरा निवासी मोतीचंद गुप्ता तक पहुंची। मोतीचंद गुप्ता मौके पर पहुंचे और शव को देखकर उसकी पहचान अपने समधी बलियरियां निवासी गोविंद गुप्ता के रूप में किया।

मोतीचंद गुप्ता ने बताया कि उनके पुत्र गणेश गुप्ता की शादी बलियरियां निवासी गोविंद गुप्ता की पुत्री कुसुम गुप्ता के साथ हुई है। गोविंद गुप्ता अक्सर अपनी पुत्री कुसुम के ससुराल सुखडेहरा में ही रहते थे। उनकी मानसिक स्थिति ठीक नहीं थी, वह दिन भर इधर-उधर घूमते रहते थे और कहीं भी गिर जाया करते थे।

बताया कि गुरुवार की शाम लगभग 4:00 बजे वह सुखडेहरा से निकले थे और सुबह ब्लॉक मुख्यालय के पूरब सड़क के नीचे उनका शव मिला। अनुमान लगाया जा रहा है की सड़क के किनारे वह लघुशंका करने के लिए बैठे होंगे और लुढ़क कर नीचे चले गए हों। गोविंद गुप्ता के शव को वाहन में रखकर उनके पैतृक गांव बलियरियां ले जाया गया।

# डेढ़ साल बाद भी सड़क की नहीं हुई मरम्मत

**लापरवाही**

### सात किमी सड़क की बिखरी गिट्टी, जगह जगह पड़ी दरार

**नगसर।** ढढ़नी- सोनहरिया से अंवती गांव तक जाने वाली करीब सात किमी लिंक मार्ग पीडब्ल्यूडी अधिकारियों के उपेक्षा के कारण खस्ताहाल है। हालात यहां तक कि, ध्यान भटका तो बड़ा हादसा होना तय है। मार्ग की गिट्टियां बिखरने के साथ ही जगह जगह दरारें भी पड़ चुकी है। बावजूद,अधिकारी सड़क के मरम्मत को लेकर उदासीन बने हुए है। बतादें, अवती मार्ग की यह खस्ताहाल हालात पिछले करीब डेढ साल से बनी हुई है। इस लिंक मार्ग के जर्जर और दरारों के कारण आए दिन दिन पैदल, वाहन सवार राहगीर गिरकर जख्मी हो रहे है। इंद्रजीत तिवारी , त्रिलोकी, जितेंद्र, अनिल, लालजी, प्रिंस , सिद्धनाथ तिवारी, गोपाल, संतोष आदि लोगों ने कहा कि अगर यही हाल रहा तो भविष्य में कभी भी बड़ा सड़क हादसा होने से इन्कार नहीं किया जा सकता है। दरअसल, सात किमी लंम्बा लिंक मार्ग इलाके के आधा दर्जन गावों से जुड़ा होने के साथ ही जमानियां और दिलदारनगर जाने वाले प्रमुख मार्गों से भी जुडा है। इसके कारण यह मार्ग काफी व्यस्त रहता है। इस मार्ग से हर रोज सैकड़ो छोटे बड़े वाहनों का आना जाना लगा रहता है। सड़क किनारे दर्जनों सरकारी, निजी स्कूलों के होने से भी इससे छात्रों का आवागमन बना रहता है,उनके अभिभावक मार्ग के जर्जर होने से अपने बच्चों के स्कूल और घरों तक सुरक्षित पहुंचने और संभावित दुर्घटनाओं को लेकर हमेशा भयभीत रहते है।



ढढ़नी-सोनहरिया से अंवती गांव तक जाने वाली सड़क की उखड़ी गिट्टी

> जर्जर मार्ग के मरम्मत के लिए प्रस्ताव भेंजा गया है,मंजूरी और धनराशि के मिलते ही मरम्मत शुरू करा दिया जाएगा। साथ ही पूर्व में कराए गये कार्यों की जांच भी कराई जाएगी।
>
> **अधिशासी अभियंता बीएल गौतम**

### तीस लाख की लागत से हुई थी मरम्मत, जांच की मांग

ग्रामीणों ने बताया कि हैरानी है कि इस मार्ग की मरम्मत पिछले करीब डेढ़ साल पहले शासन के निर्देश पर करीब तीस लाख की लागत से किया गया। मगर इतनी जल्दी मार्ग में दरारें, गिट्टियों का बिखरना निश्चित लोनिवि और कार्यदायी संस्था पर गंम्भीर सवाल खड़े कर रहा है। लोगों ने मांग किया कि इस खस्ताहाल मार्ग की दोबारा मरम्मत बेहतर तरीके से की जाए ताकि राहगीरों को आवागमन में सहुलियत होने के साथ ही सम्भावित दुर्घटनाओं से भी बचा जा सकें,साथ ही इसकी एक कमेटी गठित कर जांच भी की जाए।

## संक्षेप

### ट्रक-ट्रेलर में आमने-सामने टक्कर, चालक की हालत गंभीर



**गाजीपुर।** शहर कोतवाली क्षेत्र के अंधऊ के पास बीती रात भीषण सड़क हादसा हो गया। गाजीपुर से मऊ जा रहे एक ट्रक और मऊ से गाजीपुर आ रहे टेलर की बिराईच मोड़ के पास आमने-सामने जोरदार टक्कर हो गई। हादसे में टेलर चालक गंभीर रूप से घायल हो गया, जबकि ट्रक ड्राइवर मौके से फरार हो गया। टक्कर इतनी भीषण थी कि टेलर ड्राइवर केबिन में फंस गया। मौके पर पहुंची पुलिस और स्थानीय लोगों ने कड़ी मशक्कत के बाद उसे बाहर निकाला और इलाज के लिए अस्पताल भेजा। हादसे के कारण गाजीपुर-मऊ मार्ग पर काफी देर तक जाम की स्थिति बनी रही। शहर कोतवाल दीनदयाल पांडेय ने बताया कि टेलर ड्राइवर की हालत गंभीर है और पुलिस मामले की जांच में जुटी है। फरार ट्रक ड्राइवर की तलाश की जा रही है।
खेतों से मिट्टी निकाल कर बेचने का चल रहा अवैध व्यापार

### सो रहा विभाग, खनन माफिया का फल फूल रहा कारोबार

**गाजीपुर।** सदर क्षेत्र में खनन माफियाओं का बोलबाला है। अवैध रूप से मिट्टी खनन कर किसानों की कमर ही तोड़ दे रहे हैं। शिकायत के बाद भी इन पर कोई कार्रवाई न होने से किसान बेबश हो गए हैं। माफिया चार फीट का समझौता कर चालीस फीट तक मिट्टी निकाल ले रहे। विरोध करने पर उन्हें धमकी भी देते हैं। डर यह सताने लगा है कि बारिश का पानी भरने से गड्ढे जानलेवा होंगे। किसानों का आरोप है कि विभाग सो रहा है और ऐसे लोगों का धंधा फल फूल रहा है। मिट्टी खनन से उपजाऊ खेत चौपट हो रहे हैं। आरोप है कि इस कृत्य में प्रभावशाली लोग और पुलिस का गठजोड़ हावी है। प्रशासन का अभियान केवल कागजों में चल रहा है। किसान अपने ऊबड़-खाबड़ खेतों को समतल करा रहा है। कुछ स्थानों पर तीन से चार फीट मिट्टी बेच रहे हैं। इस समझौते के बाद खनन माफी समझौते से इतर तीन से चालीस फीट मिट्टी निकाल ले रहे हैं। एक जेसीबी के पीछे 12 से 14 ट्रैक्टर-ट्राली मिट्टी ढोने के लिए लगाई गई हैं। रात में सात घंटे मिट्टी खनन होने से एक जेसीबी से 70-80 ट्राली मिट्टी निकाली जा रही। ट्रैक्टर चालक खेतों की मिट्टी को बाजार में अधिक कीमतों में बेच कर अपनी जेब भरने में लगे हैं। सकरा गांव से मिट्टी लाई जा रही है। गांव के कुछ बिचौलिए मिलकर खेतों से बेखौफ होकर मिट्टी निकलवा रहे हैं और उसको औने पौने दाम में बेच कर अपना जेब भर रहे हैं। मिट्टी खनन माफियाओं के द्वारा जेसीबी मशीन लगाकर मिट्टी का अवैध खनन किया जा रहा है, जिससे राजस्व का नुकसान हो रहा है।

# ताड़ीघाट रजवाहा ओवर 50 बीघा फसल जलमग्न



डेढगावां गांव के पास ताड़ीघाट रजवाहा ओवर-फ्लो

**रेवतीपुर।** सिंचाई विभाग ने 27 किमी लंम्बी ताड़ीघाट- रजवाहा में क्षमता से अधिक पानी छोड़ दिया है। जिससे डेढगावां गांव के समीप इस महत्वपूर्ण रजवाहा के ओवर- फ्लो होने से दर्जनों किसानों की करीब 50 बीघा से अधिक, गेंहू, चना, मसूर, मटर आदि विभिन्न फसलें जलमग्न हो गई। रजवाहा के ओवरफ्लो होने के कारण उसका पानी डेढगावां गाँव के पीएचसी परिसर में घुस गया,यही नहीं राजभर बस्ती के समीप भी रजवाहा का पानी पहुंच गया। इसकी जानकारी ग्रामीणों और किसानों को सुबह हुई तो उनके चिंता बढने के साथ ही आक्रोश व्याप्त हो गया। युवा समाजसेवी हरिपाल राय सहित अन्य ग्रामीणों ने इसकी सूचना तत्काल सिंचाई विभाग के एसडीओ, जेई को दी तो उनके विभाग में हडकंम्प मच गया। जिसके बाद तुरंत रजवाहा में छोड़ा गया पानी जमानियां पंम्प कैनाल से बंद कर दिया गया। लोगों का कहना है कि विभागीय लापरवाही के कारण सैकड़ों बीधा की फसल बर्बाद हुई। चेताया कि फसलों की क्षतिपूर्ति सिंचाई विभाग सम्बन्धित किसानों को अविलंब दें,अन्यथा किसान और ग्रामीण धरना- प्रदर्शन को मजबूर होगें। ग्रामीणों ने बताया कि आए दिन रजवाहा के ओवरफ्लो होने से किसानों की फसलें बबार्दी की भेंट चढ़ जाती है, बावजूद सिंचाई विभाग किसानों के दर्द को कभी साझा नहीं किया। जिसके कारण उन्हें बडे पैमाने पर आर्थिक नुकसान उठाना पडता है।

> रजवाहा के ओवर- फ्लो होने की किसानों की सूचना पर पानी बन्द कर दिया गया है,बताया कि किसानों के फसलों के हुए नुकसान का वह खुद स्थलीय निरीक्षण करेगें।
>
> **सिंचाई विभाग के एसडीओ एके श्रीवास्तव**

### जरूरत पर नहीं मिलता पानी

लोगों ने बताया कि जिन किसानों की फसलें जलमग्न हुई है, उनमें श्रीनिवास राय, रामजी राय, गिरजा, अजय कुमार राय, अक्षय कुमार, राजू,हरपाल राय, अंकित, पिंटू कुशवाहा,रामविलास यादव, शैलेंद्र, अनिकेत राय आदि किसान है। लोगों ने बताया कि जब पानी की जरूरत होती है,तब रजवाहा बेपानी रहता है। जब जरुरत नहीं होती तब रजवाहा ओवर- फ्लो रहता है।

## महिलाएं पुरुषों से बेहतर कर रहीं कार्य : सीता सिंह

**मरदह।** स्थानीय विकास खंड सभागार में उपनिदेशक (पंचायत) वाराणसी मंडल के तत्वाधान में दो दिवसीय महिला ग्राम प्रधान का प्रशिक्षण कार्यशाला का शुभारंभ किया गया। जिसमें मरदह, कासिमाबाद व बिरनो ब्लाक के 69 महिला ग्राम प्रधान ने भाग लिया। मास्टर ट्रेनर सुनील सिंह वरिष्ठ फैकल्टी सह प्रबंधक डीपीआरसी चंदौली, शशि कुमार, कल्पना शर्मा ने प्रशिक्षण में पंचायती राज व्यवस्था, ग्राम सभा,ग्राम पंचायत का गठन, प्रधान की भूमिका और दायित्व, ग्राम प्रधान को पद से हटाने की प्रक्रिया, सत्त विकास लक्ष्य, जेंडर, लिंग आधारित भेद भाव पर सभी लोगों को प्रशिक्षित किया। मुख्य अतिथि ब्लाक प्रमुख सीता सिंह ने कहा कि आजादी के अमृत महोत्सव काल में केन्द्र व प्रदेश सरकार मिशन शक्ति,नारी सुरक्षा,नारी सम्मान,नारी स्वावलंबन के कृत संकल्पित है,महिला प्रधानों को उत्साहित करते हुए कहा कि पुरुष को ये नहीं समझना चाहिए कि महिलाएं चूल्हा चौका के अलावा कोई कार्य नहीं कर सकती है बल्कि समय बदल गया है। अब महिलाएं सभी कार्य पुरुषों से बेहतर कर रही है। मौके पर खंड विकास अधिकारी अनुराग राय, एडीओ प्रभाकर, भूपेंद्र कुमार सिंह, अशोक कुमार, विनय प्रकाश, विनित आदि मौजूद रहे।

# 18 किलो गांजा के साथ दो तस्कर गिरफ्तार



पुलिस गिरफ्त में गांजा तस्कर

**दुल्लहपुर।** थाना पुलिस ने दो गांजा तस्करों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपियों के पास से भारी मात्रा में गांजा बरामद किया। इसके साथ ही इलेक्ट्रानिक कांटा और बाइक जब्त कर लिया। पुलिस के मुताबिक शबे बारात और रविदास जयंती के अवसर पर सुरक्षा चेकिंग के दौरान मधुसरी पुलिया के पास से दो संदिग्ध व्यक्तियों को पकड़ा। जिनके पास से 18 किलो 400 ग्राम गांजा बरामद हुआ। गिरफ्तार आरोपियों की पहचान संजय राजभर (27 वर्ष) और हिमांशु प्रधान (21 वर्ष) के रूप में हुई है। दोनों बरेखी गांव के रहने वाले हैं। पुलिस की जांच में पता चला कि दोनों आरोपी पहले भी गांजा तस्करी के मामले में जेल जा चुके हैं। इधर घटना की जानकारी मिलते ही सीओ भूड़कुडा चोभसिंह भी मौके पर पहुंचे और उनकी निगरानी में कार्रवाई की गई। आरोपियों के पास से गांजा का वजन इलेक्ट्रॉनिक कांटा और बाइक बरामद किया गया। पुलिस के अनुसार, जेल से छूटने के बाद भी दोनों अपनी आपराधिक गतिविधियों से बाज नहीं आए और फिर से गांजा तस्करी में लिप्त हो गए।

# करोड़ों रुपये का चालान, फिर भी मनमानी कर रहे श्रीमान

**गाजीपुर।** दुर्घटनाओं में मृत्यु दर कम करने के लिए परिवहन विभाग और पुलिस विभाग की ओर से हर तरीके से प्रयास किए जा रहे हैं। जागरूकता के साथ ही चेतावनी के साथ-साथ जुमार्ना भी लगाया जा रहा है। बावजूद इसके अधिकांश बाइकों के चालक हेलमेट तक नहीं लगा रहे। वर्ष 2024 की बात करें तो यातायात नियम तोड़ने वालों पर साढ़े चार करोड़ से अधिक का जुमार्ना लगाया है। विभाग का यह आंकड़ा बताता है कि हेलमेट लगाने और अपनी जान के प्रति लोग लापरवाही बरत रहे हैं। दुर्घटनाएं कम करने के लिए यातायात माह, जागरूकता सप्ताह जैसे आयोजन होते हैं। अक्सर वाहन दुर्घटनाओं में बाइक के चालक व उन पर सवार लोग अधिक घायल होते हैं। मरने वालों में अधिकांशता बाइक चलाने व बैठने वालों की ही संख्या अधिक होती है। शासन ने दो पहिया वाहन के चालकों और बैठने वालों के लिए हेलमेट की अनिवार्यता की है, लेकिन इसका पालन लोग नहीं कर रहे हैं। विभागीय आंकड़े बताते हैं कि वर्ष 2024 में 37 हजार 845 लोगों ने नियमों को तोड़ा। इनके खिलाफ चार करोड़ 53 लाख 21 हजार 400 रुपये से अधिक का चालान किया गया। हालांकि यह आंकड़ा 2023 से कम हैं। केंद्र सरकार ने यातायात नियमों को तोड़ने पर भारी भरकम चालान और पूरी तरह से ऑनलाइन व्यवस्था लागू की है। नियम तोड़ने पर ट्रैफिक सिपाही मोबाइल से फोटो खींचकर चालान कर देते हैं। इसके बाद भी लोगों में सुधार नहीं दिखाई दे रहा है। लोग लाखों रुपये चालान भी भर रहे हैं। इसके बावजूद हेलमेट न लगाने वालों की संख्या अधिक देखने को मिल रही है। तो वहीं चार पहिया वाहनों के चालक भी सीट बेल्ट का प्रयोग नहीं कर रहे हैं। वाहनों की ओवर स्पीड भी देखने को मिल रही है।

> यातायात नियमों के प्रति जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए जाते हैं। नियमों का सख्ती से पालन कराने के लिए जुमार्ना की कार्रवाई भी जाती हैं। यह सत्य है कि दुर्घटना में अधिकांश घायलों की मौत सिर में चोट लगने से होती है। बाइक के चालकों और उस पर सवार लोगों को इससे बचने के लिए हेलमेट लगाना जरूरी है।
>
> **यातायात प्रभारी।**

### यह है नियम

जुर्माना की राशि जमा न करने वालों की सूची परिवहन विभाग तैयार करता है। 10 जुमार्ना बकाया होने पर विभाग की ओर से नोटिस जारी किया जाता है। नोटिस का जवाब न देने व भुगतान न करने पर लाइसेंस व गाड़ी का रजिस्ट्रेशन निरस्त करने की कार्रवाई की जाती है

# मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना के लिए आवेदन शुरू

जनसंदेश न्यूज

**पहल**

### वधु की आयु 18 वर्ष या उससे अधिक तथा वर की आयु 21 वर्ष अथवा उससे अधिक होनी अनिवार्य

**गाजीपुर।** जिला समाज कल्याण अधिकारी राम नगीना यादव ने बताया है कि अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति, अन्य पिछड़ा वर्ग, अल्पसंख्यक वर्ग एवं सामान्य वर्ग के गरीब व्यक्तियों के पुत्रियों की शादी के लिए मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजनान्तर्गत तृतीय सप्ताह में वैवाहिक कार्यक्रम प्रस्तावित है।

विभाग के साफ्टवेयर पर आवेदक मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना की वेबसाइट/पोर्टल पर लागिन कर ऑनलाइन आवेदन कर सकते है। अन्य किसी माध्यम से आवेदन पत्र स्वीकार नही किये जायेगे। समाज कल्याण अधिकारी ने बताया कि पात्र वहीं है जिस कन्या के अभिभावक उ.प्र. के मूल निवासी हो, अभिभावक निराश्रित, निर्धन तथा जरूरतमंद हों। आवेदक के परिवार की वार्षिक आय सीमा अधिकतम रू0 2.00 लाख तक होगी। पुत्री की आयु शादी की तिथि को 18 वर्ष या उससे अधिक तथा वर की आयु 21 वर्ष अथवा उससे अधिक होनी अनिर्वाय है। आयु की पुष्टि के लिए स्कूल शैक्षिक रिकार्ड, जन्म प्रमाण पत्र, मतदाता पहचान पत्र, मनरेगा जाब कार्ड, आधार कार्ड मान्य होगे, कन्या अविवाहित हो अथवा विधवा, परित्यक्ता/तलाकशुदा जिसका कानूनी रूप से तलाक हो गया हो, का पुनर्विवाह किया जाना हो। वहीं, अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति तथा अन्य पिछड़ा वर्ग के आवेदकों को जाति प्रमाण पत्र प्रस्तुत करना होगा।

विवाह के लिए निराश्रित कन्या, विधवा महिला की पुत्री, दिव्यांगजन अभिभावक की पुत्री, ऐसी कन्या जो स्वयं दिव्यांग हो, को प्राथमिकता प्रदान की जायेगी, आनलाइन आवेदन मे समस्त अभिलेखों की स्पष्ट कापी अपलोड होना अनिवार्य है। आय प्रमाण पत्र माता-पिता अथवा अभिभावक का होना अनिवार्य है। बैंक खाता आवेदिका (कन्या) का अनिवार्य है।

## ग्राम पंचायतों में लगी चौपाल

**मरदह।** ब्लॉक के नरवर व श्रवणडीह गांव में शुक्रवार को ग्राम चौपाल का आयोजन किया गया। विभागीय योजनाओं के बारे में उपस्थित ग्रामीणों को जानकारी दी गई। जो समस्याएं आई उनको सुनकर अधिकारियों ने समाधान किया। बहुत सारे पात्र लाभार्थियों को लाभ दिलाने के लिए ऑनलाइन आवेदन करने को कहा गया। नरवर गांव के चौपाल में आएं 3 जनसमस्याओं का निस्तारण करते हुए खंड विकास अधिकारी अनुराग राय ने मनरेगा तथा प्रधानमंत्री आवास एवं मुख्यमंत्री आवास से संबंधित जानकारी ग्रामीणों को दी। राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन के संबंध में कहा कि इस मिशन से ग्रामीण महिलाएं जुड़े समूह का गठन करें। यह महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही है। श्रवणडीह गांव के चौपाल में ग्राम पंचायत अधिकारी अखिलेश प्रजापति 4 समस्याएं सुन तुरंत निस्तारण किया। ग्राम पंचायत के विकास एवं सरकार द्वारा चलायी गई जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ पात्रों तक पहुंचें इसके लिए शौचालय, आवास, पेंशन सहित आदि सुविधाओं का लाभ पात्रों को देने के साथ ही ग्राम पंचायत के विकास कार्यों को गति देने का कार्य करने की बात कहां। साथ ही साथ स्वच्छता, पर्यावरण, जल, शिक्षा, स्वास्थ्य, रोजगार, आदि विषयों पर प्रकाश डालते हुए जागरूक किया। इस मौके पर एडीओ आईएसबी भूपेंद्र कुमार सिंह, प्रधान रमेश यादव, संगीता खरवार, सचिव ज्योति आदि मौजूद रहे।

# अनदेखी : हाईवे-सड़कों पर सवारियां ढो रहे माल वाहक



अवैध रूप से सवारियों को ले जा रहा मालवाहक वाहन

**गाजीपुर।** जिले में बीते माह 31 जनवरी को हुई घटना से न तो लोगों ने सबक ली, न वाहन चालक और पुलिस प्रशासन ने, जिसमें नौ लोगों की जान गई थी और 15 लोग घायल हुए थे। महाकुंभ स्नान और शादी सीजन में मालवाहकों में लोगों को ढोए जा रहे हैं। ट्रैक्टर ट्राली, पिकअप ट्रक, छोटा हाथी जैसे मालवालक को यात्री वाहन बनाकर जान से खिलवाड़ किया जा रहा है। यह लापरवाही स्वयं लोग और वाहन चालकों की है।

लेकिन उनके जानमाल की रक्षा करना और उन्हें जागरुक करने की जिम्मेदारी पुलिस प्रशासन की भी है, जो कि फिलहाल नहीं हो रहा है। इसका ही नतीजा , बीते 31 जनवरी को देखने को मिला था, जिसमें नौ श्रद्धालुओं ने अपनी जान गवांई थी और 15 लोग घायल हुए थे। वहीं ट्रैक्टर, पिकअप पलटने से लगातार हादसे हो रहे हैं। अभी रोजाना ही नेशनल हाइवे से लेकर गांव प्रमुख सड़कों पर मालवाहकों से ही लोगों को ढोते हुए दिखाई दे रहे हैं। दो सप्ताह पूर्व पिकअप से महाकुंभ स्नान कर प्रयागराज से गोरखपुर लौटते समय में ट्रेलर के धक्के से पिकअप का डाला टूटने से नौ यात्रियों की दर्दनाक मौत हो गई। लेकिन उसके बाद भी जनपद में इस घटना से कोई खास सबक नहीं लिया गया है। सड़क पर सवारी लेकर फरार्टा भर रहे लोडर, पिकअप व ट्रैक्टर ट्रॉली गवाही दे रहे हैं। जिन्हें रोकने की कोशिश नहीं की जा रही है। शहर से लेकर ग्रामीण क्षेत्र में यह मनमानी बड़े पैमाने पर चल रही है। शहर में हाईवे पर पूरे दिन निकलने वाले मालवाहक ट्रक से सवारियां जा रही हैं। शुक्रवार को इसी तरह के कई नजारे सामने आए। ऐसा ही नजारा शहर में ट्रैक्टर ट्रॉली पर 20 से ज्यादा लोग बैठकर जाते नजर आए। इन्हें रोकने व टोकने वाला कोई नहीं था।

**मनमानी**

### शासन स्तर से सख्त निर्देश के बावजूद धरातल पर नहीं हो पा रहा सुधार

> माल वाहक वाहनों पर सवारियां बिठाकर चलना पूरी तरह से प्रतिबंधित किया गया है। कई बार इस तरह के वाहन मिलने पर उनका चालान काटते हुए चेतावनी भी दी गई। इसको लेकर अब अभियान और तेज किया जाएगा।
>
> **आर्यका अखौरी डीएम गाजीपुर।**

# समय से पूर्ण कराया जाय निर्माण कार्य : जिलाधिकारी

बैठक

### कलेक्ट्रेट सभागार में डीएम ने की सीएम डैशबोर्ड की समीक्षा

### पर्यटन विभाग के परियोजना प्रबंधक का मांगा स्पष्टीकरण

### बैठक में अनुपस्थित अधिकारियों के प्रति जतायी नाराजगी


बैठक को संबोधित करते जिलाधिकारी नवनीत सिंह चहल

जनसंदेश न्यूज

**आजमगढ़।** जिलाधिकारी नवनीत सिंह चहल की अध्यक्षता में शुक्रवार को कलेक्ट्रेट सभागार में 50 लाख से ऊपर के समस्त निमार्णाधीन कार्यों तथा सीएम डैशबोर्ड की समीक्षा बैठक हुई। जिलाधिकारी ने सभी कार्यदायी संस्थाओं को निर्देशित किया कि नोडल अधिकारी द्वारा जो भी रिपोर्ट उपलब्ध कराई जाती है, उस रिपोर्ट के आधार पर सत्यापन कराकर निर्माण कार्यों को समय से पूर्ण कराया जाए। यदि किसी भी परियोजना में कोई समस्या होती है तो उससे तत्काल अवगत कराया जाए।

कस्तूरबा गांधी विद्यालय तहबरपुर तथा बिलरियागंज में भूमि की उपलब्धता न होने के कारण कार्यदाई संस्था ग्रामीण अभियन्त्रण विभाग द्वारा कार्य नहीं कराया जा रहा है। जिस पर जिलाधिकारी ने बेसिक शिक्षा अधिकारी को निर्देशित किया कि तत्काल संबंधित उप जिलाधिकारी से समन्वय स्थापित कर भूमि की उपलब्धता सुनिश्चित करें। उन्होने जिला कृषि अधिकारी को निर्देशित किया कि मल्टीपर्पज सीड स्टोर बिलरियागंज के लिए भूमि उपलब्ध कराने हेतु स्वयं प्रयास करके अवगत कराएं। पर्यटन विभाग के परियोजना प्रबंधक का स्पष्टीकरण मांगा गया, क्योंकि उनके द्वारा न हीं अपने विभाग की योजना में प्रगति दशार्यी जा रही है और नही बैठक में उनके द्वारा प्रतिभाग किया गया।

जिलाधिकारी ने सभी कार्यदायी संस्थाओं को निर्देशित किया कि सीएम डैशबोर्ड पर रुपया एक करोड़ या उससे ऊपर की जो भी परियोजना है, उसका समय से पोर्टल पर फिडींग करना सुनिश्चित करें। जिसके अंतर्गत भौतिक तथा वित्तीय प्रगति भी फीड कराई जाए। उन्होने अधिशासी अभियंता जल निगम नगरीय को निर्देशित किया कि नगर पंचायत फूलपुर में पिछले एक साल से कार्य क्यों बंद था, का कारण स्पष्ट करें, तथा इस संबंध में अधिशासी अधिकारी नगर पालिका परिषद बिलरियागंज से समन्वय स्थापित करते हुए भूमि उपलब्धता के सापेक्ष शत-प्रतिशत कार्य निर्धारित समय अवधि के अंतर्गत पूर्ण कराना सुनिश्चित करें। जिलाधिकारी द्वारा अधिशासी अभियंता जल निगम नगरीय को निर्देशित किया गया कि अधिशासी अधिकारी नगर पालिका परिषद आजमगढ़ द्वारा जो भूमि उपलब्ध कराई गई है, उस पर हरबंशपुर पेयजल परियोजना का कार्य प्रारंभ कराना सुनिश्चित करें, यदि इसमें कोई समस्या हो तो तत्काल अवगत कराएं।

जल जीवन मिशन (ग्रामीण) की सीएम डैशबोर्ड पोर्टल पर खराब रैंकिंग एवं अधिशासी अधियन्ता जल निगम (ग्रामीण) बिना बताये बैठक में अनुपस्थित पाये जाने पर कड़ी नाराजगी व्यक्त किया। जिलाधिकारी ने अधिशासी अभियन्ता जल निगम ग्रामीण का वेतन रोकने एवं लिखित में जवाब देने के निर्देश दिये। सिंचाई विभाग को टेल फीडिंग में लापरवाही/सीएम डैशबोर्ड पर खराब रैंकिंग पर एई/जेई को कारण बताओ नोटिस जारी करने एवं विभागीय कार्यवाही करने के निर्देश दिये।

# दो अभियुक्तों पर पचीस-पचीस हजार रुपये का इनाम घोषित

जनसंदेश न्यूज

कार्रवाई

### शादी का झांसा देकर शारीरिक संबंध बनाने

### गहना और नकद लेकर फरार होने का आरोप

**आजमगढ़।** वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक हेमराज मीणा ने फरार दो अभियुक्तों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई करते हुए उसकी गिरफ्तारी हेतु 25 हजार का इनाम घोषित किया है। अभियुक्त पर युवती को शादी का झांसा देकर उसके साथ शारीरिक संबंध बनाने और गर्भवती होने पर एर्वाशन करवाने सहित विश्वास में लेकर दो लाख के गहने सहित दो लाख रुपए लेकर फरार हो जाने का आरोप है। पीड़ित युवती द्वारा इस मामले में थाने में मुकदमा दर्ज कराया गया है। वहीं चोरी एक अन्य मामले में भी वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक द्वारा फरार अभियुक्त की गिरफ्तारी हेतु 25 हजार का इनाम घोषित किया गया।

तहबरपुर थाना क्षेत्र निवासिनी युवती ने कंधरापुर थाने में तहरीर देकर आरोप लगाया कि अभियुक्त मुहम्मद दैयान खान द्वारा उसे शादी का झांसा देकर उसके साथ शारीरिक सम्बन्ध बनाया गया तथा गर्भवती होने पर एर्वाशन कराया गया। इतना ही नहीं अभियुक्त द्वारा पीड़िता को विश्वास में लेकर दो लाख रुपए के गहने और दो लाख रुपए नकद लेकर फरार हो गया। पीड़िता की तहरीर पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी। विवेचना के दौरान अभियुक्त की गिरफ्तारी हेतु 16 नवम्बर 2024 को न्यायालय से गैर जमानती वारंट जारी किया गया। 14 दिसम्बर 2024 को 84 बीएनएसएस की नोटिस जारी की गयी। नोटिस जारी होने के बाद 30 दिन से अधिक समय हो जाने के उपरान्त भी अभियुक्त न्यायालय में हाजिर नहीं हुआ। नियमानुसार कोर्ट द्वारा 6 फरवरी को न्यायालय द्वारा कुर्की का आदेश जारी किया गया। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक हेमराज मीणा द्वारा अभियुक्त मोहम्मद दैयान खान पुत्र गुलाम खान निवासी अघिया थाना कुण्डा जनपद प्रतापगढ़ की गिरफ्तारी हेतु जनपद स्तर से अभियुक्त पर 25 हजार रुपए का नकद पुरस्कार घोषित किया गया। इसी क्रम में फूलपुर थाना का गैंगेस्टर एक्ट में वांछित अभियुक्त मंगल नोना उर्फ मंगल लोना पुत्र रत्तिलाला निवासी शाहपुर फिरोजपुर थाना जलालपुर जनपद अम्बेडकरनगर की गिरफ्तारी हेतु जनपद स्तर से अभियुक्त पर 25 हजार रुपए का नकद पुरस्कार घोषित किया गया। अभियुक्त पर चोरी व धोखाधड़ी मामले का आरोप है।

## संक्षेप

### चौपाल में सुनी गयी ग्रामीणों की समस्याएं

**रानीकीसराय (आजमगढ़)।** ग्राम चौपाल कार्यक्रम के तहत ब्लाक क्षेत्र के साकीपुर में शुक्रवार को चौपाल में ग्रामीणों की समस्याओं का समाधान किया गया। शासन के निर्देश पर चल रहे आयोजन के क्रम में साकीपुर में लगी चौपाल में गांव में आवास के पात्र, पेंशन, महिला समूह और मनरेगा पर ग्रामीणों ने अपनी बात रखी। आवास पात्रों समेत अन्य योजनाओं से सबंधी पात्रों की सूची भी तैयार की गई। टीवी उन्मूलन के साथ ही गांव में खडंजा मार्ग और पानी निकास नाली पर योजना तैयार की गई। ग्राम प्रधान राहुल तिवारी ने कहा कि चैपाल में संबंधित अधिकारियों के समक्ष ग्रामीण अपनी समस्याओं को बयां कर रहे हैं जिसके निराकरण पर भी तुरंत चर्चा से काफी सहूलियत है। इस दौरान आईएसबी परमेश्वरी, दयाल राम, लालजी, विन्ध्याचल तिवारी, सुरेंद्र तिवारी आदि लोग मौजूद रहे।

### मनचलों से छात्राओं सहित नागरिक परेशान

**रानीकीसराय (आजमगढ़)।** स्थानीय कस्बा समेत आसपास के विद्यालयों के आसपास शिक्षण के दौरान मनचलों की हरकत से नागरिक परेशान हैं।कस्बे के आसपास आधा दर्जन शिक्षण संस्थाएं हैं।विद्यालयों में छुट्टी होने से पहले ही बाइक सवार आदि मनचले दिखने लगते हैं।यही नहीं आपस में आयेदिन मारपीट भी करते रहते हैं।ऐसे में छात्र छात्राओं के लिए दिक्कतें होती हैं।इनकी हरकतों से तंग नागरिकों ने पुलिस प्रशासन से कार्रवाई की मांग की है।

### विजिलेंस टीम देखते ही मचा हड़कंप, लोड बढ़ाने पर दिया जोर



**अतरौलिया (आजमगढ़)।** स्थानीय नगर पंचायत में बिजलेंस टीम की संयुक्त चेकिंग अभियान के दौरान नगर पंचायत में अफरा तफरी मची रही। इस दौरान दर्जनों विद्युत उपभोक्ताओं के मीटर कनेक्शन व विद्युत लोड को जांचा गया। गर्मी को देखते हुए उपभोक्ताओं के लोड बढ़ाने पर जोर दिया गया। उपखंड अधिकारी बृजेश कुमार राव ने बताया कि जो भी एक लाख से ऊपर के बकायेदार हैं व 5 लाख तक के बड़े बकायेदार हैं उनके लिए विजिलेंस टीम का गठन किया गया है जो जांच कर विद्युत विच्छेदन करेंगे। इसी के साथ ही गर्मी आने से पहले जहां पर भी एसी लगे हुए हैं लोग अपना लोड नहीं बढ़वाए हैं जहां पर एसी की संख्या ज्यादा है उनके लिए बिजलेंस टीम को लगाया गया है जो चेकिंग करेंगे। उपभोक्ता अपने विद्युत भार को बढ़वा लें अन्यथा चेकिंग के दौरान अत्यधिक लोड पाए जाने पर कार्यवाही सुनिश्चित की जाएगी। विजिलेंस टीम द्वारा ऐसे उपभोक्ताओं को जांच कर चिन्हित किया जा रहा है।

# एसपी ने किया पुलिस सहायता केंद्र का शुभारंभ


फीता काटकर शुभारंभ करते एसपी हेमराज मीना

उद्घाटन

### मिलेगी 24 घंटे सहायता तैनात रहेगी पुलिस

जनसंदेश न्यूज

**पटवध (आजमगढ़)।** जीयनपुर कोतवाली क्षेत्र के मुबारकपुर तिराहे पर पुलिस सहायता केंद्र का पुलिस अधीक्षक ने फीता काटकर शुभारंभ किया। जीयनपुर कस्बा के मुबारकपुर तिराहे पर पुलिस सहायता केंद्र का पुलिस अधीक्षक हेमराज मीना ने फीता काट कर शुभारंभ किया। मुबारकपुर तिराहे व आसपास क्षेत्र दुर्घटना बाहुल्य क्षेत्र होने के साथ-साथ आवागमन के लिए भी महत्वपूर्ण स्थान है जहां से जनपद मुख्यालय व मुबारकपुर कस्बा के लिए सड़क संपर्क मार्ग पर नियमित सड़क जाम की समस्या के साथ-साथ दुर्घटना भी होती रहती है। इसको देखते हुए क्षेत्राधिकारी सगड़ी शुभम तोदी व जीयनपुर कोतवाल जितेंद्र बहादुर सिंह ने मुबारकपुर तिराहे पर पुलिस सहायता केंद्र की स्थापना की। क्षेत्राधिकारी शुभम तोदी ने बताया कि पुलिस सहायता केंद्र पर 24 घंटे पुलिस की तैनाती की जाएगी जिससे तिराहा व आसपास क्षेत्र में किसी भी प्रकार की समस्या पर पुलिस समय से मौजूद रहेगी। वहीं यातायात व्यवस्था को भी सुचारू रूप से संचालित किया जा सकेगा। दुर्घटना बाहुल्य क्षेत्र होने के कारण पुलिस सहायता केंद्र खुलने से दुर्घटना में कमी लाई जा सकेगी वहीं यात्रियों को भी सहूलियत प्रदान की जा सकेगी।

# इलाज के दौरान डीजे संचालक की मौत

जनसंदेश न्यूज


अमर अंजाम सिंह (फाइल फोटो)

**लालगंज (आजमगढ़)।** लालगंज के सूरज डीजे संचालक अमर अंजाम सिंह की इलाज के दौरान मौत हो गई। दो दिन पहले मुगलसराय से बैरीडीह आते वक्त रास्ते में अज्ञात वाहन की चपेट में आने से वह गंभीर रूप से घायल हुए थे। उनका ट्रामा सेंटर वाराणसी में उपचार चल रहा था।

लालगंज के बैरीडीह निवासी सूरज डीजे संचालक अमर अंजाम सिंह 27 वर्ष श्याम केर सिंह बुधवार को डीजे लेकर मुगलसराय गए हुए थे। वहां से कार्य पूरा करके वो अपने घर के लिए निकले थे कि रास्ते में अज्ञात वाहन की चपेट में आकर बुरी तरह घायल हो गए। सूचना पर पहुंची पुलिस व साथ के लोगों की मदद से उन्हें आनन फानन में ट्रामा सेंटर इलाज के लिए भर्ती कराया गया था। उनके सर पर गंभीर चोट लगी थी जिसका इलाज किया जा रहा था। कई दिनों से जिंदगी और मौत की जंग लड़ रहे डीजे संचालक ने शुक्रवार को इलाज के दौरान दम तोड़ दिया। मौत की खबर लगते ही डीजे व्यापारियों सहित गांव में शोक की लहर दौड़ गई है। परिजनों में कोहराम मचा हुआ है।

# बिजली बिल व निजीकरण को लेकर भाकिस का प्रदर्शन

धरना

### तहसीलदार को सौंपा राष्ट्रपति को संबोधित पांच सूत्री मांगों का ज्ञापन

जनसंदेश न्यूज


धरना देते अखिल भारतीय किसान सभा के कार्यकर्ता

**माहुल (आजमगढ़)।** रेड़हा बिजली सब स्टेशन पर शुक्रवार को अखिल भारतीय किसान सभा के प्रदेश अध्यक्ष इम्तियाज बेग व किसान सभा के जिलाध्यक्ष त्रिलोकीनाथ के नेतृत्व में किसानों के मुद्दे व बिजली के निजीकरण, भारी-भरकम बिजली बिल को माफ करने, किसानों की विभिन्न समस्याओं को लेकर विरोध प्रदर्शन किया। कार्यकर्ताओं ने जमकर सरकार विरोधी नारा लगाया। तहसीलदार को राष्ट्रपति को संबोधित पांच सूत्री मांगों का ज्ञापन सौंपा।

इम्तियाज बेग ने कहा कि सरकार सबकुछ उद्योगपतियों के हाथों बेच देना चाहती है। पूंजीपति को भारी छूट है। वहीं गरीबों से सब कुछ कानून का डर दिखाकर वसूल कर रही है। किसानों के मुद्दे पर सरकार मौन हो जाती है। नहरों में पानी नहीं है, गन्ना की पर्ची नहीं मिल रही, किसानों के उत्पादन का लागत मूल्य नहीं मिल रहा है। विकास के नाम पर बजट का बंदरबांट हुआ। बिजली विभाग दंबगई से मनमाने ढंग से कमजोर तबके से बिजली बिल वसूल रहे हैं। कनेक्शन काट कर जोड़ने के नाम पर अवैध वसूली की जा रही है। थाना, ब्लॉक, तहसील में भ्रष्टाचार व्याप्त है। किसानों को देने के नाम पर धोखा है।

जिलाध्यक्ष त्रिलोकीनाथ ने कहा कि 1.5 लाख तक व ऊपर की बिजली बिल माफ हो, विद्युत विभाग का निजीकरण न हो। किसानों के गन्ने की पर्ची समय से व भुगतान समय से हो, नहर में पानी नहीं है। अहरौला कप्तानगंज मार्ग को तत्काल जनहित में बनाया जाय। सुरक्षा की दृष्टि से प्रभारी इंचार्ज धर्मेन्द्र शर्मा हमराहीयों के साथ मौजूद रहे। इस मौके पर जिलाध्यक्ष त्रिलोकीनाथ, रामकेवल, दिनेश पाण्डेय, रामलखन, पारस, हीरालाल, निर्मल, राजेन्द्र,आशा, सुशीला, किस्मत्ती, गायत्री, इन्द्राक्षी आदि मौजूद रहीं।

# अभिभावकों को लूट रहे कान्वेंट स्कूल



जिलाधिकारी कार्यालय पर प्रदर्शन करते एबीवीपी कार्यकर्ता

जनसंदेश न्यूज

आक्रोश

### एबीवीपी ने जिलाधिकारी को सौंपा 18 सूत्री मांगों का ज्ञापन

**आजमगढ़।** अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद कार्यकताओं द्वारा जिले में व्याप्त शैक्षिक एवं सामाजिक समस्याओं के समाधान हेतु जिलाधिकारी को 18 सूत्री मांगों का ज्ञापन दिया गया। जिला संयोजक आलोक ने बताया कि स्ववित्त पोषित महाविद्यालय, माध्यमिक विद्यालयों, कोचिंग संस्थानों एवं सरकारी अस्पतालो में व्याप्त अनियमितताओं की जांच कर कठोरतम करवाई करने एवं विभिन्न सामाजिक विषयों के समाधान करने के लिए अपर जिलाधिकारी आजाद भगत सिंह को ज्ञापन दिया गया। आजाद भगत सिंह द्वारा एक सप्ताह के पश्चात पुनः मिलने को कहा गया। ज्ञापन के माध्यम से अवगत कराया गया कि जिले में बगैर मानक व मान्यता से संचालित हो रहे प्ले स्कूलों की जांच कर मानक के विपरीत चल रहे ऐसे स्कूलों को तत्काल बंद किया जाए।प्राथमिक विद्यालयों में दिए जा रहे मिड डे मील की गुणवत्ता निरर्थक हो गई है, एवं जो भोजन मेन्यू निर्धारित है उसका पालन नहीं होता। जिले के कॉन्वेंट व सीबीएसई बोर्ड के स्कूलों में प्रत्येक वर्ष शुल्क वृद्धि की जा रही है इसका एक मानक तय किया जाए, प्रत्येक वर्ष पुस्तकें एवं ड्रेस कोड भी बदल दिए जाते हैं तथा अभिभावकों से निश्चित दुकान से क्रय करने के लिए बाधित किया जाता हैं।

एक विद्यालय में एक बार प्रवेश लेने पर कक्षा 12वीं तक पढ़ा जा सकता है लेकिन जिले के निजी विद्यालयों में प्रत्येक वर्ष प्रवेश शुल्क वसूला जा रहा है जिसे तुरंत रोका जाए। इस अवसर पर आदित्य गांधी,ज्ञान प्रकाश सिंह, दीपक पटेल,सत्यम प्रजापति, आलोक मिश्रा, उत्कर्ष पांडेय, आदित्य गुप्ता,सत्यम जायसवाल, गुड़िया, अंजलि, खुशबू, सत्यगोविंद वर्मा, विवेक,सुमित,आर्यन शर्मा, राजन, लकी गौतम, मुद्दीत ठाकुर, तन्मय, आकाश गोंड़,सत्यम अस्थाना आदि मौजूद रहे।

# दलितों के महानायक थे डॉ.तुलसी रामः संतोष


डॉ.तुलसी राम के चित्र पर श्रद्धा सुमन अर्पित करते लोग

पुष्पांजलि

### दसवीं पुण्यतिथि पर लोगों ने दी श्रद्धांजलि

जनसंदेश न्यूज

**निजामाबाद (आजमगढ़)।** भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी कार्यालय पर डॉक्टर तुलसी राम की दसवीं पुण्यतिथि मनायी गयी। उनके चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर उन्हें याद किया गया।आयोजन भारतीय सांस्कृतिक सहयोग एवं मैत्री संघ इसकफ ने किया।अध्यक्षता तहसील निजामाबाद बार एसोशिएशन के महामंत्री चंद्रेश राम और संचालन इसकफ के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष एवं सीपीआई आजमगढ़ जिला सचिव जितेंद्र हरि पाण्डेय ने किया।

डॉ.तुलसी राम के सामाजिक और राजनीतिक जीवन के साथी कॉमरेड हरिमंदिर पाण्डेय ने तुलसी राम से जुड़े कई संस्मरण सुनाते हुए कहा कि उन्होंने अपनी रचना मुर्दहिया और मणिकर्णिका रचना की है। उन्होंने बताया कि डॉ.तुलसी राम अभाव में रहकर भी आजमगढ़,बीएचयू और जेएनयू दिल्ली तक शिक्षा लेकर जेएनयू में ही प्रोफेसर बने।

कलेक्टरेट मिनिस्टीरियल कर्मचारी संघ के जिलाध्यक्ष संतोष कुमार यादव ने डॉ.तुलसी राम को दलितों का महानायक बताते हुए कहा कि वे जिस तरह के जीवन को देखे और अनुभव किया उसका दर्द उनकी लेखनी में झलकता है। इस अवसर पर कांग्रेस पार्टी के नेता नदीम खान, लालचंद यादव,हरिकेश गौंड, अब्दुल्लाह, अजय कुमार तिवारी,समीर पाण्डेय, सूचीबाला, नेहा आदि उपस्थित रहीं।

# निरीक्षण में 13 कर्मी मिले अनुपस्थित

मुआयना

### महिला आयोग की सदस्य ने किया निरीक्षण

जनसंदेश न्यूज


अस्पताल का निरीक्षण करती राज्य महिला आयोग की सदस्य डा. प्रियंका मौर्य

**आजमगढ़।** उ0प्र0 राज्य महिला आयोग की सदस्य डा. प्रियंका मौर्या द्वारा प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र, विकास खण्ड अजमतगढ़ का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान महोदया द्वारा साफ-सफाई करने हेतु निर्देश दिया गया। उपस्थिति पंजिका का निरीक्षण किया गया, जिसमें 31 कर्मचारियों में से 18 उपस्थित थे और 13 अनुपस्थित मिले। उपस्थित चिकित्सक द्वारा अवगत कराया गया कि कंचनलता स्टाप नर्स अपनी ड्यूटी पर तैनात नही रहती, जिसका हस्ताक्षर प्रतिदिन दूसरे कर्मचारी गोपनीय तरीके बनाते है।

इसके उपरान्त महोदया द्वारा नवोदय विद्यालय, जीयनपुर में औचक निरीक्षण किया गया, जिसमें सभी स्टॉफ उपस्थित मिले, वहाँ सारी व्यवस्थाएं सुव्यवस्थित मिली, महोदया द्वारा प्रशंसा व्यक्त किया गया। इसके उपरान्त कस्तूरबा गाँधी अवासीय विद्यालय अजमतगढ़ का निरीक्षण किया गया। सभी स्टाफ उपस्थित मिले और रसोई घर का निरीक्षण किया गया, जिसमें मीनू के अनुसार खाना नही बना था। इस कारण महोदया द्वारा नराजगी व्यक्त की गयी। प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र मुबारकपुर का औचक निरीक्षण के दौरान वहाँ सभी स्टॉफ उपस्थित मिले, और साफ-सफाई पायी गई, व्यस्थाएं सराहनीय थी। भ्रमण कार्यक्रम में क्षेत्राधिकारी सदर, महिला थानाध्यक्ष, वन स्टॉप सेन्टर व चाइल्ड लाइन के समस्त कार्मिक उपस्थित रहें।

इसके उपरान्त राज्य महिला आयोग की सदस्य डा. प्रियंका मौर्या द्वारा विकास खण्ड, अजमतगढ जनपद आजमगढ़ के अन्तर्गत भुअर अखाड़ा कोतवाली जीयनपुर में कबड्डी प्रतियोगिता का उद्घाटन किया गया।

कबड्डी प्रतियोगिता कार्यक्रम का शुभारम्भ पहलवान ब्लैकवेल्ट पहलवान नेशनल विजेता, रवि यादव कोच, डेविड पहलवान एवं भुवर पहलवान के द्वारा किया गया। कार्यक्रम में विजेता पहलवान को मा० महोदया द्वारा मेडल व मोमेन्टो देकर सम्मानित किया गया। इसके उपरान्त कबड्डी महिला टीम के प्रदीप यादव कोंच, राज विजय कोंच, कुसुम यादव सीनियर नेशनल, ज्योति राय सीनियर नेशनल, ऑचल निषाद नेशनल, शिवांगी नेशनल, प्रियंका निषाद राज्य स्तरीय विजेता को महोदया द्वारा मोमेन्टो देकर सम्मानित किया गया।

### गर बिजली विभाग का रहा रहमोंकरम तो जगमगाएगा अपना शहर

**पटवध (आजमगढ़)।** जिला मुख्यालय पर भले ही तिराहे चौराहे तथा मोहल्ले में नगर पालिका द्वारा खंबे पर लाइट लगाई गई थी लेकिन यह सब लाइटें केवल अपना मुंह देख रही थी, पूरा शहर अंधेरे की आगोश में रहता था। लेकिन अब नगर पालिका के रहमों करम पर नरौली पुल से लेकर तिरंगा चौराहा, शारदा चौराहा सहित शारदा पुल से लेकर तमाम गलियों में आधुनिक डिजाइनों वाली लाइटें लगाई गई हैं जो अब पूरे शहर और मोहल्ले को अपनी नई रोशनी से जगमगाएंगी। लेकिन अब मामला उठ रहा है बिजली विभाग के रहमों करम पर, क्योंकि शाम होते ही अक्सर बिजली आपूर्ति ठप हो जाती है जिससे पूरा शहर गली मोहल्ला अंधेरे में तब्दील हो जाता है। जब शाम को बिजली आपूर्ति होती है तो अब शहर की छटा देखते बनती है। अब यहां रहने वाले लोगों को अंधेरे से निजात मिल जाएगी। नगर पालिका के ईओ विवेक त्रिपाठी ने इस दुर्व्यवस्था को दूर करने के लिए बीड़ा उठाया और लाखों रुपए खर्च करके इस मुहिम को पूरा किया। नजर पालिका अध्यक्ष ने बताया कि इस मुहिम के तहत अभी कई स्थानों पर तेजी से काम चल रहे हैं जिसमें कुंवर सिंह उद्यान, अग्रसेन चौराहा, दीनदयाल चैक, मूसेपुर तिराहा,चर्च चौराहा, नरौली पुल, शारदा पुल सहित शहर के चारों तरफ लगभग लाइटों का कार्य पूरा हो चुका है। शहर में बेहतर साफ सफाई की व्यवस्था की जा रही है जिससे अपना शहर आदर्श शहर बन सके।


नरौली पुल पर जगमगाती लाइट

# 35 मामलों में से 18 का हुआ मौके पर निस्तारण

जनसंदेश न्यूज



महिला की समस्या को सुनती डा. प्रियंका मौर्य

**आजमगढ़।** उत्तर प्रदेश राज्य महिला आयोग की मा० सदस्य डा. प्रियंका मौर्या द्वारा जनपद के पुलिस लाइन सभागार में महिला जन सुनवाई कार्यक्रम आयोजित किया गया। जनसुनवाई के अन्तर्गत कुल 35 प्रकरण प्राप्त हुए। 18 प्रकरण का त्वरित निस्तारण किया गया, शेष प्रकरण को सम्बन्धित अधिकारियों को आवश्यक कार्यवाही करने हेतु निर्देशित किया गया। नोडल अधिकारी के रूप में जिला प्रोबेशन अधिकारी डीसी त्रिपाठी के द्वारा कार्यक्रम का संचालन किया गया।

सदस्या द्वारा बेटी बचाओं-बेटी पढाओं योजना के 10 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में पुलिस लाइन सभागार में समस्त अधिकारियों की उपस्थिति में वृक्षारोपण किया गया। कार्यक्रम के अन्तर्गत जनसुनवाई में उपस्थित समस्त महिलाओं एवं पुरुषों को महिला कल्याण विभाग योजनान्तर्गत मुख्यमंत्री बाल सेवा योजना (सामान्य), स्पॉन्सरशिप योजना, निराश्रित महिला पेंशन योजना, मुख्यमंत्री कन्या सुमंगला योजना के बारे में जानकारी दी गयी तथा 2 लाभार्थी को मुख्यमंत्री कन्या सुमंगला योजना, 4 लाभार्थी को स्पॉन्सरशिप योजना तथा 2 लाभार्थी को निराश्रित महिला पेंशन योजना से लाभान्वित करने की जिला प्रोबेशन अधिकारी द्वारा त्वरित कार्यवाही की गयी।

राज्य महिला आयोग की सदस्य द्वारा जन सुनवाई में प्राप्त महिलाओं की समस्याओं को गम्भीरता से लेकर निर्धारित समय के अन्दर निस्तारण हेतु समस्त संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया गया।

उन्होने कहा कि हमारा प्रयास है कि जो भी शिकायतें आ रही हैं, उनका तत्काल निस्तारण कराया जाए। जन सुनवाई के पश्चात संबंधित अधिकारियों से वार्ता कर प्रकरण की समीक्षा भी की जायेगी।

इसके उपरान्त राजकीय मेडिकल कालेज चक्रपानपुर, आजमगढ़ में सदस्या के उपस्थिति में कन्या जन्मोत्सव के अन्तर्गत नवजात बच्चियों को बेबी किट, दूध का बॉटल उपहार स्वरूप वितरित किया गया।

जनसुनवाई कार्यक्रम में क्षेत्राधिकारी सदर, उप जिलाधिकारी, स्वास्थ्य विभाग, जिला समाज कल्याण अधिकारी मोती लाल, जिला दिव्यांगजन सशक्तिकरण अधिकारी शशांक सिंह, जिला पिछड़ा वर्ग कल्याण अधिकारी चेतन सिंह, महिला थानाध्यक्ष प्रज्ञा सिंह, श्रम प्रवर्तन अधिकारी, बाल कल्याण समिति, किशोर न्याय बोर्ड, वन स्टॉप सेन्टर के समस्त कार्मिक उपस्थित रहें।

### सस्पेक्ट डाटा का मिलान कर सही करायें छात्र

**आजमगढ़।** जिला पिछड़ा वर्ग कल्याण अधिकारी चेतन सिंह ने बताया है कि वर्ष 2024-25 पिछड़ी जाति पूर्वदशम् (कक्षा 9-10) छात्रवृत्ति योजनान्तर्गत जनपद स्तर पर छात्रों द्वारा भरे गये आवेदन पत्रों के डाटा की अग्रसारण की कार्यवाही चल रही हैं, जिसमें मुख्यालय लखनऊ से डाटा स्क्रूटनी के उपरान्त विद्यालयों एवं जनपदीय लॉगिन पर 9892 सस्पेक्ट डाटा उपलब्ध कराया गया है, जो अन्य कारणों से सस्पेक्ट है। सस्पेक्ट डाटा से सम्बन्धित अभिलेखों का मिलान करते हुए इन डाटा को नियमानुसार फारवर्ड, रिजेक्ट किया जाना हैं। उक्त सम्बन्ध में पिछड़ी जाति पूर्वदशम् (कक्षा 9-10) छात्रवृत्ति से सम्बन्धित जनपद में संचालित समस्त विद्यालयों को सूचित किया जाता है, कि वह अपने छात्रवृत्ति लॉगिन से अथवा कार्यालय जिला पिछड़ा वर्ग कल्याण अधिकारी, आजमगढ़ से सम्पर्क कर सस्पेक्ट डाटा सूची प्राप्त करते हुए, इन छात्रों के छात्रवृत्ति सस्पेक्ट डाटा से सम्बन्धित वांछित अभिलेखों (गत वर्ष की परीक्षाफल आदि) का जांच/परीक्षण एवं सत्यापित करते हुए, इन्हें संलग्न कर कार्यालय जिला पिछड़ा वर्ग कल्याण अधिकारी, नेहरू हाल, आजमगढ़ को विलम्बतम 16 फरवरी तक अनिवार्य रूप से अपनी आख्या सहित उपलब्ध करा दें, ताकि इन छात्रों के अभिलेखों का परीक्षण करते हुए छात्रवृत्ति डाटा को नियमानुसार फारवर्ड, रिजेक्ट किये जा सकें, जिन छात्रों के सस्पेक्ट डाटा से सम्बन्धित वांछित अभिलेख कार्यालय को निर्धारित तिथि तक प्राप्त नहीं होगे, ऐसे छात्रवृत्ति डाटा रिजेक्ट की श्रेणी में जायेगें और जिसके उत्तरदायी सम्बन्धित संस्था एवं छात्र होगें।

### शहीदों की याद में निकाला गया कैंडल मार्च

**रानीकीसराय आजमगढ।** पुलवामा मे शहीद जवानों की याद मे युवाओं ने कैंडल मार्च निकाल कर श्रद्धांजलि अर्पित की। सेठवल कालेज से पूरे बाजार मे भ्रमण किया। सेठवल कालेज स्थित मैदान मे जहा युवा सेना भर्ती की तैयारी करते है। शुक्रवार को देर शाम पुलवामा शहीद दिवस पर जवानों की याद मे कैंडल मार्च निकाला। डीजे पर देश भक्ति गीत के बीच युवा हाथो मे जहा कैंडल लिए थे वही पीछे बाइक जुलूस भी रहा।पूरे बाजार मे भ्रमण कर पुनः खेल मैदान पहुच समाप्त हुआ।इस दौरान युवा भारत माता की जय का जयघोष करते रहे।

# कूटरचित दस्तावेज तैयार कर फर्जी बैनामा कराने के तीन आरोपी अरेस्ट

गिरफ्तारी

### अवैध देशी तमंचा व एक जिन्दा कारतूस बरामद



**मीरजापुर।** थाना कोतवाली शहर पर विगत 10 जनवरी को वादिनी विन्ध्यावासनी देवी पत्नी स्व0 छोटेलाल निवासिनी ग्राम सोबरी बिछिया, ज्ञानपुर जनपद भदोही द्वारा नामजद आरोपियों के विरूद्ध कूटरचित दस्तावेज तैयार कर फर्जी बैनाम करा लेने के सम्बन्ध में लिखित तहरीर दी गयी। प्राप्त तहरीर के आधार पर थाना कोतवाली शहर पर मुकदमा पंजीकृत कर विवेचना प्रारम्भ की गयी।

वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक सोमेन बर्मा द्वारा उक्त प्रकरण को गंभीरता पूर्वक लेते हुए संलिप्त आरोपियों की गिरफ्तारी करने हेतु क्षेत्राधिकारी नगर के नेतृत्व में प्रभारी निरीक्षक कोतवाली शहर को निर्देश दिए गये। उक्त निर्देश के अनुक्रम में शुक्रवार को प्रभारी निरीक्षक थाना कोतवाली शहर नीरज कुमार पाठक मय पुलिस टीम द्वारा प्राप्त सूचना के आधार पर थाना कोतवाली शहर क्षेत्र से उपरोक्त अभियोग से सम्बधित तीन वांछित आरोपी सुशील मिश्रा पुत्र स्व0 गुलाब चन्द मिश्रा, संदीप मिश्रा पुत्र स्व0 गुलाब चन्द मिश्रा निवासीगण बधेल की गली वासलीगंज थाना कोतवाली शहर एवं रिजवांन खां पुत्र स्व0 मुख्तार खां निवासी कन्तित भैरव मन्दिर के पास थाना कोतवाली शहर को गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार अभियुक्त रिजवान खाँ उपरोक्त के कब्जे से एक अवैध देशी तमंचा 315 बोर मय 01 अदद जिन्दा कारतूस बरामद किया। उक्त अभियुक्त रिजवान खाँ से बरामद तमंचा के सम्बन्ध में थाना कोतवाली शहर पर मुकदमा पंजीकृत किया गया। उक्त गिरफ्तारी व बरामदगी के सम्बन्ध में थाना कोतवाली शहर पुलिस द्वारा विधिक कार्यवाही करते हुए जेल भेजा गया।

# बिजली कर्मियों का निजीकरण के विरोध में प्रांतव्यापी प्रदर्शन जारी

**मीरजापुर।** विद्युत कर्मचारी संयुक्त संघर्ष समिति, उप्र के आवाहन पर 79वें दिन बिजली कर्मियों का निजीकरण के विरोध में प्रांतव्यापी विरोध प्रदर्शन जारी रहा। संघर्ष समिति की मांग है कि बिजली उपभोक्ताओं और बिजली कर्मचारियों के हितों को देखते हुए निजीकरण की चल रही प्रक्रिया तत्काल निरस्त की जाए। संघर्ष समिति के पदाधिकारियों ने कहा कि पूर्वांचल विद्युत वितरण निगम एवं दक्षिणांचल विद्युत वितरण निगम के निजीकरण होने से कॉमन केडर के मुख्य अभियन्ता स्तर -1 के 7 पद, मुख्य अभियन्ता स्तर -2 के 25 पद, अधीक्षण अभियन्ता के 109 पद, अधिशासी अभियंता के 362 पद, सहायक अभियन्ता के 1016 पद, जूनियर इंजीनियर के 2154 पद समाप्त हो जाएंगे। तृतीय श्रेणी के अन्य कर्मचारियों के 23818 पद समाप्त हो जाएंगे और संविदा के लगभग 50 हजार पद समाप्त हो जाएंगे। संघर्ष समिति ने कहा कि कॉमन केडर के इतने अधिक पद समाप्त होने से अभियंताओं और जूनियर इंजीनियरों की बड़ी संख्या में पदावनति होगी। सहायक अभियन्ता और अवर अभियंता के पद सरप्लस होने से सहायक अभियंताओं और अवर अभियंताओं की सैकड़ों की संख्या में छटनी होगी। निजीकरण से तृतीय श्रेणी के 23818 कर्मचारियों और लगभग 50 हजार संविदा कर्मियों की नौकरी जाने का खतरा मंडरा रहा है। इस प्रकार बिजली बिजली का निजीकरण किसी भी प्रकार कर्मचारियों के हित में नहीं है। विरोध सभा में मुख्य अभियंता कार्यालय के सामने इंजीनियर दीपक सिंह, विनीत मिश्रा, पंकज कुमार, प्रमोद कुमारए रामजन्म यादव, राजेश कुमार, बृजेश कुमार, शंभू कुमार आदि मौजूद रहे।

### प्रमाण पत्र के लिए दिव्यांगों ने कराया पंजीकरण

**गैपुरा।** छानबे ब्लाक विजयपुर में शुक्रवार को लगाए गए शिविर में दिव्यांगों का रजिस्ट्रेशन किया गया। सरकारी डाक्टरों की टीम ने शारीरिक व मानसिक दिव्यांगों की पहचान की। चिकित्सक प्रतीक पाठक, महेंद्र सरोज, मफतलाल ने हड्डी, नाक कान गला व दृष्टिबाधित दिव्यांगों की जांच पड़ताल किया। पांच दिव्यांगों को शिविर में ही प्रमाण पत्र दिया गया। चार अन्य को मंडलीय अस्पताल रेफर किया गया। समाज कल्याण विभाग की ओर से सहायक उपकरणों के लिए 57 दिव्यांगों का रजिस्ट्रेशन किया गया। बीडीओ रामपाल, प्रभारी एडीओ पंचायत बृजेश सिंह, एडीओ आईएसबी श्याम बहादुर सिंह सेक्रेटरी आदि उपस्थित रहे।

## संक्षेप

### मड़हे में आग लगने से घर का सामान जलकर खाक

**हलिया।** स्थानीय थाना क्षेत्र के राजपुर गांव में शुक्रवार को सुबह संदिग्ध परिस्थितियों में दो मड़हे में आग लग गयी जिसमें रखा गृहपयोगी सामान जल कर नष्ट हो गया। थाना क्षेत्र के राजपुर गांव निवासी अमृतलाल व रामप्रसाद दोनों के मडहे में संदिग्ध परिस्थितियों में आग लग गयी। उस समय परिजन खेत की तरफ गये थे। आग की लपट देख कर मौके पर पहुंचे तब तक सब कुछ जल कर राख हो गया था। अमृत लाल का दो कुंतल गेंहू, धान भूसा, दश नग हस्ती पाइप, मोटर, चारपाई, बिस्तर आदि सामान जलकर राख हो गया। निमार्णाधीन आवास होने के कारण घर का सामान मड़हे में रखा था जिससे सारा सामान जल कर राख हो गया। वहीं राम प्रसाद के मडहा सहित चारपाई बिस्तर जल गया। जिसकी सूचना लेखपाल कृष्ण चंद मिश्रा को दी गयी। उन्होंने क्षतिपूर्ति दिलाने की बात कहा है।

### एआरटीओ ने छह ट्रैक्टर ट्रॉली किया सीज

**हलिया।** एआरटीओ प्रवर्तन एस0पी0 सिंह ने गुरुवार देर रात ड्रमंडगंज थाना क्षेत्र के मीरजापुर रीवा राष्ट्रीय राजमार्ग स्थित ड्रमंडगंज से मध्यप्रदेश की ओर से ओवरलोड गिट्टी लादकर लालगंज की ओर जा रहे तीन ट्रैक्टर ट्राली को पकड़कर ड्रमंडगंज थाना परिसर में खड़ा करवाते हुए सीज की कार्रवाई की। वहीं भैसोड़ बलाय पहाड़ गांव में एआरटीओ को देखकर गिट्टी लादकर जा रहे तीन ट्रैक्टर ट्राली के चालक नेशनल हाईवे पर ट्रैक्टर ट्राली खड़ा कर भाग निकले। एआरटीओ एस0पी0 सिंह ने बताया कि देर रात अवैध रूप गिट्टी बालू लादकर परिवहन करने वाले वाहनों के विरुद्ध अभियान चलाया गया।ट्रैक्टर ट्राली का कृषि कार्य के अलावा व्यवसायिक उपयोग पर रोक होने के कारण व कागजात नही दिखाने पर अवैध रूप से गिट्टी लादकर जा रहे तीन ट्रैक्टर ट्राली को ड्रमंडगंज से पकड़ा गया। पकड़े गए तीनों ट्रैक्टर ट्राली को ड्रमंडगंज थाना परिसर में खड़ा करवाते हुए सीज की कार्रवाई की गई है। वहीं गिट्टी लादकर मीरजापुर की ओर जा रहे तीन ट्रैक्टर ट्राली के चालक टीम को देखकर ट्रैक्टर ट्राली छोड़कर भाग निकले। पकड़े गए छह ट्रैक्टर ट्राली के विरुद्ध सीज की कार्रवाई की गई है।

### अनियंत्रित बाइक से गिरकर दो घायल, रेफर

**हलिया।** स्थानीय थाना क्षेत्र के बेदउर गांव में गुरुवार देर शाम बाइक सवार दो लोग अनियंत्रित गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गए। सूचना पर पहुंचे परिजनों ने दोनों घायलों को प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र हलिया लेकर गए। चिकित्सक द्वारा प्राथमिक उपचार करने के बाद दोनों की गंभीर स्थिति को देखते हुए बेहतर उपचार के लिए मंडलीय चिकित्सालय के लिए रेफर कर दिया। हलिया थाना क्षेत्र के बेदउर गांव निवासी चालक मोनू शर्मा 22 वर्ष तथा पीछे बैठा साथी जवाहर का बेटा गुलाब 16 वर्ष बाइक से जैसे ही दुबही नहर के पास पहुंचे कि अनियंत्रित होकर गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गए। सूचना मिलने पर पहुंचे परिजनों ने दोनों घायलों को अपने निजी साधन से प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र लेकर आए। चिकित्सक ने दोनों घायलों का प्राथमिक उपचार करने के बाद दोनों की हालत को गंभीर देख कर बेहतर उपचार के हेतु मंडलीय चिकित्सालय के लिए रेफर कर दिया। इस संबंध में प्रभारी चिकित्सा अधिकारी अवधेश कुमार ने बताया कि घायल मोनू शर्मा के सिर में गंभीर चोट व गुलाब के हाथ व पैर में गंभीर चोट को देखते हुए बेहतर उपचार के लिए मंडलीय चिकित्सालय के लिए रेफर कर दिया गया है।

### नहर में डूबने से अधेड़ व्यक्ति की मौत

**चुनार।** स्थानिक कोतवाली क्षेत्र के नवपुरवा ममोलापुर निवासी राजेश पटेल उम्र 50 वर्ष पुत्र स्वर्गीय राधेश्याम पटेल की भगवती देई नहर के में पैर फिसल गया और डूबने से मौत हो गई। घर के परिजनों ने बताया कि राजेश पटेल कुछ दिनों से अस्वस्थ चल रहा था। मृतक के दो लड़के एक लड़की है। किसी की शादी अभी नहीं हुई है। वहीं पत्नी का रो-रो कर बुरा हाल है। घटनास्थल पर चुनार क्षेत्राधिकार मंजरी राव, कोतवाल रविंद्र भूषण मौर्य, कस्बा इंचार्ज रामप्रताप यादव पहुंचकर शव को बाहर निकलवाए और मृतक का शव कब्जे में लेकर पीएम के लिए भेजा।

### पुलवामा के शहीदों को दी गई श्रद्धांजलि

**अदलहाट।** क्षेत्र के विद्या संस्कार पब्लिक स्कूल कौड़ियांकला अदलहाट में शुक्रवार को बच्चों एवं शिक्षकों ने 14 फरवरी 2019 को कश्मीर के पुलवामा में आत्मघाती हमले में शहीद हुए सीआरपीएफ जवानों को दो मिनट का मौन रखकर हाथों में कैंडल जलाकर भावभीनी श्रद्धांजलि दी। बच्चों व शिक्षकों ने कहा कि पुलवामा आतंकी हमले में देश के जवान शहीद हो गए थे। उन्होंने हमारे व देश के लिए अपनी जान की कुबार्नी दे दी थी। ऐसे वीर शहीदों को देश कभी नहीं भूलेगा। विद्यालय की डायरेक्टर सौम्या द्विवेदी ने कहा कि पुलवामा में हमारे जिन साहसी नायकों ने देश के लिए अपनी शहादत दी है। हमें उनपर गर्व है। आने वाली पीढ़ियां उनके बलिदान और राष्ट्र के प्रति उनके अटूट समर्पण को कभी नहीं भूलेंगी। कहा कि मेरे सेना के जवान देश की सीमा पर हमेशा मुस्तैद रहते हैं। उन्हें इस बात की चिंता रहती है कि कैसे हमारा देश सुरक्षित रहे तथा भारत के नागरिक अमन-चैन की जिंदगी जी सकें। देश को किसी भी दुश्मन की बुरी नजर से बचाने के लिए जवान हमेशा तत्पर रहते हैं। इस मौके पर निखिल दुबे, आलोक कुमार सिंह, अल्पना श्रीवास्तव, प्रवीण सिंह, अच्युतानंद दुबे, गोपाल सिंह, धर्मेंद्र सिंह, विनोद सिंह सहित शिक्षक मौजूद रहे।

### मुख्यमंत्री युवा उद्यमी शिविर का किया गया आयोजन

**जमालपुर।** ब्लॉक सभागार में शुक्रवार को खंड विकास अधिकारी डाक्टर रक्षिता सिंह की देखरेख में मुख्यमंत्री युवा उद्यमी शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें 114 बेरोजगारों ने योजना का लाभ लेने के लिए आवेदन किया। कैंप में आए सीएससी संचालकों ने बेरोजगारों का आनलाइन किया। बीडीओ ने बताया कि आवेदन करने वाले 21 से 40 वर्ष के भीतर के बेरोजगारों को व्यवसाय करने के लिए पांच लाख रूपए का बैंक से ऋण दिया जाएगा। इस दौरान उद्योग विभाग से टेक्निकल सहायक अशोक, एडीओ आईएसबी मुकेश कुमार शर्मा, खंड मिशन प्रबंधक नीलेश सिंह, शशिकांत कुमार, देवेंद्र श्रीवास्तव, विभा श्रीवास्तव सहित तमाम बेरोजगार मौजूद रहे।

### नसबंदी शिविर में 36 महिलाओं ने कराया पंजीकरण

**हलिया।** उच्चीकृत प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र हलिया में शुक्रवार को महिला नसबंदी शिविर का आयोजन किया गया। नसबंदी हेतु विभिन्न गांवों की कुल 36 महिलाओं ने पंजीकरण कराया था। जांचोपरांत 32 महिलाएं को ही नसबंदी योग्य पाई गई। जिले से आए डा0 संतलाल व उनकी टीम द्वारा महिलाओं की सफलता पूर्वक नसबंदी की गई। इस दौरान प्रभारी चिकित्साधिकारी अवधेश कुमार डा0 निर्मल, डा0 रीना सिंह आदि मौजूद रहीं।

### चौपाल के नाम पर की गई कागजी खानापूर्ति

**गैपुरा।** छानबे ब्लॉक के डंगहर एवं करनी भावां गावों में शुक्रवार को जन चौपाल में आवास व शौचालय के लिए महिलाओं ने अपना नाम सेक्रेटरी को नाम लिखाया। ब्लाक स्तरीय एक भी अधिकारियों के नहीं आने से केवल कागजी खानापूर्ति उजागर हो गई। डंगहर गांव में दलित बस्ती के सूर्यलाल ने बिजली उपकेंद्र हरगढ़ के जेई पर बिजली कनेक्शन के नाम पर एक लाख धन उगाही करने का आरोप लगाया। प्रधान सुनीता देवी के घर पर ग्राम चौपाल का आयोजन किया गया। आवास व शौचालय के लिए महिलाओं का नाम रजिस्टर में दर्ज किया? गया। प्रधान प्रतिनिधि कृष्ण जीत सिंह, महिला समूह की अनीता देवी, स्वच्छाग्रही संतोष यादव आदि मौजूद रहे। करनी भावां में सेक्रेटरी अभिषेक पारासर ने आवास के इच्छुक ग्रामीणों को एप पर आनलाइन आवेदन करने की सलाह दी। पंचायत सहायक के लंबे समय से मातृत्व अवकाश पर होने के कारण गांव का विकास कार्य व आनलाइन समस्या समाधान नहीं हो पा रहा है। ग्रामीणों ने कहा कि नियमित रूप से काम करने वाले पंचायत सहायक की जरूरत है। इस दौरान प्रधान पति बृजेश मिश्रा उपस्थित रहे।

### महापुरुष संतराम की मनायी गयी138वीं जयंती



**मीरजापुर।** अपना दल (एस) के जिलाध्यक्ष ई0 राम लौटन बिंद के नेतृत्व में पार्टी कार्यकर्ताओं द्वारा सांसद जनसंपर्क कार्यालय स्थित पटेल चौक भरुहना में महापुरुष संतराम जी का 138वां जयंती दिवस मनाया गया। जयंती दिवस के अवसर पर कैबिनेट मंत्री आशीष पटेल समेत तमाम पदाधिकारियों ने संतराम जी के छायाचित्र पर पुष्प अर्पित कर शत-शत नमन किया। मौके पर सभी लोगों ने महापुरुष संतराम बीए के पद चिन्हों पर चलने का संकल्प लिया। इस दौरान दुर्गेश पटेल, रामवृक्ष बिंद, नमिता केसरवानी, राधिका बेलदार, दुर्गा प्रसाद केसरवानी, शंकर सिंह चौहान, उमाशंकर सोनी, भगवान दास प्रजापति, ग्राम प्रधान प्यारेलाल प्रजापति, जयप्रकाश प्रजापति, रामकिशन प्रजापति, रतन पटेल, हर्षित पटेल, अभिषेक सिंह, गौरव पटेल, राहुल ओझा, गौरव दुबे, शेरू पटेल, शारदा पटेल, अजय पाठक, महेश प्रजापति शुभम दुबे, आनंद पांडेय आदि अनेक पदाधिकारी उपस्थित रहें।

# घटना को अंजाम देने वाले का हुआ एनकाउंटर

**मीरजापुर।** विंध्याचल थाना अंतर्गत पुलिस द्वारा अकोढ़ी के नदी पार एक बगीचे में कल्लू यादव उर्फ राजेश यादव को पुलिस अधीक्षक सोमेन वर्मा व नगर क्षेत्राधिकारी विवेक जावला के नेतृत्व में विंध्याचल पुलिस थाना प्रभारी विंध्याचल अमित प्रजापति, विंध्याचल कस्बा प्रभारी राजकुमार पांडेय, गैपुरा चौकी प्रभारी आनंद शंकर, अष्टभुजा प्रभारी मनोज राय, राम बहादुर राय मौके पर पहुंचकर हॉफ एनकाउंटर किया गया। प्राप्त जानकारी के अनुसार गुरुवार को शाम एक व्यापारी के दुकान में बाइक से सवार तीन लोगों की संख्या में पहुंचकर दुकानदार को बेलचा और हॉकी से मारने पीटने लगते हैं। दुकान में बैठे आधा दर्जन लोगों ने जब मिलकर उन लोगों का विरोध किया तो वह लोग भागने लगे लेकिन उसमें से एक व्यक्ति को पकड़कर पुलिस के हवाले कर दिया गया। गुरुवार की रात को पीड़ित दुकानदारों ने थाना कोतवाली विंध्याचल में पहुंचकर तहरीर दिया गया। घटना घटित होते ही पुलिस सक्रिय होकर आरोपी को पकड़ने के लिए जगह जगह दबिश देने लगी। मुखबिर से सूचना प्राप्त हुआ कि उक्त आरोपी अकोढ़ी नदी पार एक बगीचे में है। पुलिस मौके पर पहुंचकर आरोपी को पकड़ना चाहा, इस दौरान आरोपी व पुलिस से मुठभेड़ हुआ। इस दौरान पुलिस को सफलता मिली और आरोपी के पैर में गोली छू कर निकल गई और आरोपी तत्काल घायल होकर वहीं गिर पड़ा। इस पर गैपुरा चौकी प्रभारी आनंद शंकर सिंह और धाम चौकी प्रभारी राजकुमार पांडेय, राम बहादुर राय द्वारा मुठभेड़ में घायल आरोपी को अपने वाहन से लादकर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र विंध्याचल इलाज के लिए लाया गया। पुलिस की बड़ी सफलता से थाना विंध्याचल व्यापारी वर्ग खुशहाल नजर आया।

**चौबीस घंटे में हुई कार्रवाई**

## विवाहिता ने थाने में तहरीर देकर लगाई न्याय की गुहार

**जमालपुर।** स्थानीय थाना क्षेत्र के एक गांव निवासिनी विवाहिता ने थाने में तहरीर देकर दुष्कर्म का आरोप लगाते हुए न्याय की गुहार लगाई है। दिए गए तहरीर के माध्यम से बताया कि वह पति के साथ चुनार क्षेत्र के एक ईट भट्ठे पर ईट पथाई का काम करती है। उसी ईट भट्ठे पर आरोपित भी गदहे से ईट की ढुलाई करता है। बीते 11 फरवरी को आरोपित उसके पति को अपने जीजा के डेरे पर लेकर गया। जहां मीट एवं शराब का दौरा चला और मेरे पति को शराब पिलाकर वही सुला दिया और मेरे डेरा पर आकर उसे घसीटते हुए भट्ठे के फड़ में ले जाकर जबरन दुष्कर्म किया। यह बात किसी से बताने पर जान से मारने की धमकी दिया। विरोध करने पर प्रार्थनी की पिटाई कर अर्द्ध बेहोशी की हालत में छोड़ कर भाग गया। पिटाई से प्रार्थिनी की आंख में चोट लग गई। इस सम्बन्ध में थानाध्यक्ष विजय कुमार सरोज ने बताया कि दोनों में पुरानी रंजिश को लेकर मारपीट हुई है और दुष्कर्म का कोई मामला नहीं है।

# जान जोखिम में डालकर फर्राटा भर रहे डग्गामार वाहन, विभाग मौन

जनसंदेश न्यूज

मनमानी

### सवारियों से भरी चलती जीप में लगी आग, सवारियों ने कूदकर बचाई जान

**कलवारी।** थाना क्षेत्र मड़िहान अंतर्गत हरिहरा गांव के पास मीरजापुर से सवारियों को लेकर घोरावल सोनभद्र जा रही डग्गामार वाहन में अचानक आग लग गई आग लगते ही जीप में बैठी सवारियां कूदने लगी। जीप की रफ्तार कम होने से सवारियां घायल नहीं हुई।

ड्राइवर संतोष ने सूज-भुज दिखाते हुए सड़क के किनारे खेत में इकट्ठा पानी को बाल्टी बाल्टी डालकर आज पर काबू पाया। डग्गामार वाहन पर लगभग 20 की संख्या में महिला, पुरुष, बच्चे सवारी बैठे थे। मीरजापुर घोरावल संपर्क मार्ग पर चलने वाले डग्गामार वाहनों के रजिस्ट्रेशन फिटनेस इंश्योरेंस का पता पता नहीं रहता है। मानक के विपरीत डग्गामार वाहनों से सवारियों को ढोया जाता है। जान हथेली पर डालकर यात्री यात्रा करते है। यह कहानी तो डग्गामार वाहनों की है लेकिन उत्तर प्रदेश परिवहन के भी खटारा बसों का संचालन मीरजापुर घोरावल संपर्क मार्ग पर किया जाता है। यह खटारा बसें कब और कहां खड़ी हो जाए कोई भरोसा नहीं है। खटारा हो चुकी उत्तर प्रदेश परिवहन की बसों का संचालन मीरजापुर घोरावल संपर्क मार्ग पर किए जाने से यात्रियों में आक्रोश है। लेकिन डिपो का एक अलग ही नियम कानून है कि समय सीमा पारकर चुकी खटारा बसों का ही संचालन मीरजापुर घोरावल संपर्क मार्ग पर किया जाता है। कुछ जंगल में और कुछ अन्य स्थानों पर खड़ी मिलती है। बस के एकाएक खराब हो जाने से यात्रियों की बहुत फजीहत होती है। अभी गर्मी ने अपना प्रकोप दिखाया ही नहीं की डग्गामार वाहनों में आग लगने का सिलसिला शुरू हो चुका है। डग्गामार वाहन बिना परमिट बिना फिटनेस के रोड पर सड़क पर फराटे भरते है लेकिन इन डग्गामार वाहनों की जांच करने वाला कोई नहीं है। अभी कुछ दिन पहले ही कलवारी में डग्गामार वाहन जीप चालक की तड़प तड़प कर मौत हो गई थी। डग्गामार वाहन खुद के लापरवाही से काल के गाल में समा चुका है। लेकिन मड़िहान पुलिस के द्वारा इनके ऊपर कोई कार्रवाई नहीं की जाती है और नहीं आरटीओ विभाग के द्वारा कोई कार्रवाई की जाती है। लगता है कि विभाग किसी बड़ी घटना के इंतजार में है।

## संक्षेप

### हाईवा की चपेट में आने से बाइक सवार की मौत



**चुनार।** स्थानीय कोतवाली क्षेत्र के चचरी मोड़ के पास फोर लैन के नीचे लिंक रोड पर बाइक सवार को हाईवा ने पीछे से धक्का मार दिया जिससे घटना स्तर पर ही बाइक सवार की मौत हो गई। बताया जा रहा है कि बाइक सवार पाषाण विभाग में कर्मचारी हैं। वह प्रतिदिन की भांति ड्यूटी कर अपने घर जा रहा था। मृतक राजेश कुमार जायसवाल उर्फ घूसकन उम्र 53 वर्ष पुत्र स्वर्गीय राम बच्चन जायसवाल निवासी मोहल्ला रामसरोवर थाना चुनार का निवासी था। घटना की सूचना पर चुनार क्षेत्राधिकार मंजरी राव, कोतवाल रविंद्र भूषण मौर्य, कस्बा चौकी इंचार्ज उदय नारायण मौर्य मौके पर पहुंचकर शव को कब्जे में लेकर पीएम के लिए भेजा। घटना स्थल से हाईवा ड्राइवर लेकर फरार हो गया। पुलिस हाईववा की तलाश कर रही है। वहीं मृतक की पत्नी का रो-रो कर बुरा हाल है।

### बच्चों को शिक्षा के साथ संस्कार देना आवश्यक है : आर. जानसन

**मीरजापुर।** विंध्य योग धाम ट्रस्ट की ओर से नगर के पुलिस लाईन, कजरहवा का पोखरा स्थित सेंट जोसेफ हायर सेकेंडरी स्कूल में बच्चों ने वेलेंटाइन डे को मातृ पितृ पूजन दिवस के रूप में मनाया। आज के इस दिन बच्चों ने अपने माता पिता को तिलक लगाते हुए उनका माल्यार्पण कर उनको चरणस्पर्श करते हुए उनसे आशिर्वाद प्राप्त किया। माता पिता ने भी आज के इस दिन अपने बच्चों के संस्कार को देखकर व बच्चों का अपने प्रति यह असीम स्नेह दुलार और प्यार देखकर प्रसन्नता की अनन्त अनुभूति की। इस अवसर पर प्रबंधक आर0 जानसन ने कहा कि आज के इस भौतिक संसार में बच्चों को शिक्षा के साथ-साथ संस्कार देना अति आवश्यक है। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में आये योग गुरु योगी ज्वाला सिंह ने कहा कि ये वेलेंटाइन हमारी संस्कृति और सभ्यता का हिस्सा है ही नहीं, जिसे हमारी युवा पीढ़ी आज भटक रही है। इसलिए आज के दिन को मातृ पितृ पूजन दिवस के रूप में मनाकर, युवाओं के साथ-साथ आने वाली पीढियां के लिए एक नया संदेश है। मुख्य महिला केंद्रीय प्रभारी संगीत ने कहा कि विंध्य योग सेवा धाम इसे पिछले कई वर्षों से मनाता रहा है और समाज तथा युवाओं के लिए एक नया संदेश भी है, जो युवाओं के साथ आने वाली पीढियां को अपनी संस्कृति और सभ्यता से जोड़े रखने में मदद करेगी। इस अवसर पर ममता, डिंपल, विप्रा दुबे, प्रीति श्रीवास्तव, प्रिया, विक्रम गुप्ता, शबाना अख्तर, किरन पाण्डेय, शिवम दीपांशी, आर्या, संध्या, दिव्यांशी, रिषभ, एलिसा आदि लोग उपस्थित रहे।

### पड़री को हराकर विजेता बना चुनार



**मीरजापुर।** शिवलोक स्पॉटिंग पड़री के द्वारा श्री ज्ञानानंद इंटर कॉलेज पड़री के मैदान पर आयोजित पंद्रह दिन से चल रहे क्रिकेट टूर्नामेंट का समापन हुआ। जिसमें 40 टीमों ने भाग लिया। फाइनल मैच पड़री और चुनार के बीच खेला गया। जिसमें पड़री ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 12 ओवरों में 159 रन बनाए जबकि चुनार ने 12 ओवरों में मैच को बराबर कर लिया। उसके बाद दोनों टीम के बीच एक ओवर का मैच खेला गया जिसमें चुनार की टीम ने 6 बाल पर 16 रन बनाया। वहीं पड़री की टीम केवल चार रन पर ही सिमट गई जिस पर चुनार की टीम विजेता बना। वहीं पड़री टीम उपविजेता बनी। मुख्य अतिथि श्री ज्ञानानन्द इंटर कॉलेज के प्रबंधक अजय ओझा द्वारा विजेता टीम चुनार को 21000 नगद और ट्रॉफी प्रदान किया। वहीं उपविजेता को 11000 और ट्रॉफी दी गई फाइनल मैच के अतिथि के रूप में ब्लॉक अध्यक्ष व्यास जी एवं मंडल अध्यक्ष भाजपा अशोक मौर्य थे। इस मौके पर पूर्व मंडल अध्यक्ष राजेश सोनकर, प्रियांशु मोदनवाल आदि लोग मौजूद रहे।

# एनएचएसआरसी की टीम के साथ जिलाधिकारी ने की बैठक



**मीरजापुर।** भारत सरकार की एन0एच0एस0आर0सी0 की टीम डा0 रंजन चौधरी एडवाइजर डिविजनल के नेतृत्व में सात सदस्यीय टीम की जिलाधिकारी प्रियंका निरंजन की अध्यक्षता में बैठक का आयोजित की गई।

बैठक जिलाधिकारी द्वारा टीम का स्वागत करते हुए टीम के सभी सदस्यों का परिचय भी प्राप्त किया। टीम द्वारा जिलाधिकारी को अपने आने के उद्देश्यों के बारे में बताया गया। जनपद में संचालित जिला चिकित्सालय का सुदृढिकरण हेतु गैप एलालिसीस, कैंसर डे केयर यूनिट का आरम्भ, डी0ई0आई0सी0 सेन्टर की स्थापना, टेलिमानस की स्थापना, कार्डियक केयर यूनिट का सुदृढिकरण, डायलिसिस सेन्टर का विस्तार, डाईग्नोस्टीक का सुदृढिकरण, रेडियोलाजी का सुदृढिकरण, आई0पी0एच0एल0 का क्रियाशीलता एवं लक्ष्य कार्यक्रम के अन्तर्गत एन0क्यू0ए0एस0 सर्टिफिकेशन से सम्बन्धित बिन्दुओं पर गैप एलालिसिस कर मुख्यमंत्री को रिर्पोट उपलब्ध कराया जायेगा। बैठक में भारत सरकार से आयी सात सदस्यीय टीम में डा0 कपिल जोशी डिविजनल कन्सल्टेण्ट, वर्तिका सीनियर डिविजनल कन्सल्टेण्ट, डा0 नवीन कुमार डिविजनल कन्सल्टेण्ट, डा0 अर्पिता कन्सल्टेण्ट, अंकूर कन्सल्टेण्ट एन0एच0एस0आर0सी0, इन्दू कन्सल्टेण्ट आर0बी0एस0के0 के अलावा बैठक में प्रधानाचार्य मेडिकल कालेज डा0 संजीव, जिला विकास अधिकारी विशाल कुमार, मुख्य चिकित्साधिरी डा0 सी0एल0 वर्मा, एस0आई0सी0 जिला चिकित्सालय, सी0एच0एस0, जिला महिला चिकित्सालय, अपर मुख्य चिकित्साधिकारी, आर0सी0एच0, जिला कार्यक्रम प्रबन्धक, एन0एच0एम0, क्वालिटी मैनेजर, जिला डाटा प्रबन्धक आदि उपस्थित रहें। जिलाधिकारी ने जिला अस्पताल के पीछे निर्माणाधीन चिकित्सक आवास का भ्रमण कर निरीक्षण करते हुए सम्बन्धित को आवश्यक दिशा निर्देश दिया।

### वार्षिकोत्सव व पुरस्कार वितरण समारोह का किया गया आयोजन

**सीखड़।** नरोत्तम सिंह पदम सिंह राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय मगरहा में वार्षिकोत्सव एवं पुरस्कार वितरण समारोह 'कलरव' का आयोजन किया गया। समारोह के मुख्य अतिथि विधायक चुनार अनुराग सिंह रहे। महाविद्यालय की प्राचार्य द्वारा मुख्य अतिथि को पुष्प गुच्छ डा0 राघवेंद्र सिंह द्वारा बैच अलंकरण तथा अंगवस्त्रम भेंट कर स्वागत किया गया। मुख्य अतिथि द्वारा महाविद्यालय के सेमिनार हॉल के उद्घाटन के साथ साथ महाविद्यालय की पत्रिका चरणद्रि गौरव तथा डा0 अरुण प्रताप सिंह द्वारा रचित पुस्तक निर्वाचन लोकतंत्र का आधार का विमोचन किया गया। उत्तर प्रदेश सरकार की तकनीकी सशक्तिकरण के अंतर्गत छात्र-छात्राओं को निःशुल्क टैबलेट का वितरण भी किया गया। मुख्य अतिथि द्वारा महाविद्यालय के चैंपियन, टॉपर एवं विभिन्न प्रतियोगिता में स्थान प्राप्त छात्र-छात्राओं को पुरस्कृत किया गया। मुख्य अतिथि ने अपने संबोधन में कहा कि युवाओं को विभिन्न प्रतियोगिताओं में प्रतिभाग करने के साथ कौशल विकास पर भी जोर देना चाहिए। कलरव के अंतर्गत विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रमों की सराहना करते हुए इसके आयोजन के लिए महाविद्यालय के सभी प्राध्यापक, कर्मचारियों की सराहना किए।

### एक बोतल शराब लाओ, नो एंट्री में जाओ

**मीरजापुर।** देहात कोतवाली क्षेत्र के बरकछा इंट्री प्वाइंट पर यातायात सिपाही को नगर में प्रवेश के लिए ट्रक चालक से वाहन के प्रवेश के लिए शराब की बोतल मांगना महंगा पड़ गया। अपनी ही इच्छा पूर्ति की के जुगाड़ में लगे सिपाही की करनी किसी ने कैमरे में कैद कर लिया। जो अब वायरल हो रहा है। जिसे संज्ञान में लेते हुए एसएसपी सोमेन वर्मा ने आरोपी सिपाही को लाइन हाजिर कर जांच का आदेश दिया हैं। वायरल वीडियो देहात कोतवाली क्षेत्र के बरकछा का हैं। बताया गया कि बुधवार की रात यातायात सिपाही अपनी तैनाती के दौरान एक ट्रक को रोककर उसके कागजात की जांच करने लगा। ट्रक चालक सिपाही से भरुहना तक जाने की जानकारी देता हैं। जिस पर सिपाही ने कहा कि एक बोतल दो, होली आ रहा है। शराब मांगने का वीडियो वायरल होने पर वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक सोमेन वर्मा ने आरोपी सिपाही चंदन सिंह को लाइन हाजिर करते हुए जांच का आदेश दिया हैं। सीओ सिटी विवेक जावला ने बताया कि व्यवस्था के नाम पर डिमांड का वीडियो सामने आया था। जिसमें शराब की बोतल की बात की जा रही है। वीडियो वायरल होने के मामले में एसएसपी ने सिपाही चंदन सिंह को लाइन हाजिर कर जांच का आदेश दिया है।

# विकास हमारी प्राथमिकता : अनुराग



जनसंदेश न्यूज

**चुनार।** विकास खंड नारायनपुर में बीआरसी भवन प्रशिक्षण कक्ष एन0पी0जी0 आई0एल0 एवं चहार दीवारी निर्माण कार्य का निरीक्षण करने के लिए भाजपा विधायक चुनार अनुराग सिंह पहुंचे।

यूपी प्रोजेक्ट्स कापोरेशन लिमिटेड द्वारा कार्य कराया जा रहा हैं। कार्य की कुल लागत 68 लाख 61 हजार रुपए हैं। अवमुक्त धनराशि 48 लाख 3 हजार रुपए की गई है। कार्य की शुरूआत बीते 21 अक्टूबर तथा कार्य पूर्ण करने की तिथि 20 अप्रैल बताया गया। वहीं कंपोजिट विद्यालय शिवशंकरी धाम कैलहट के विद्यालय पर उत्तर प्रदेश प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ द्वारा स्वागत किया गया। इस अवसर पर खंड शिक्षा अधिकारी नारायनपुर जयकुमार यादव, उत्तर प्रदेश प्रादेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ जिलाध्यक्ष प्रभु नारायण सिंह, हरिश्चंद्र सिंह, चंद्रशेखर सिंह, धीरज सिंह, अनिल सिंह, महेंद्र सिंह, बंशीधर चतुर्वेदी, अश्वनि द्विवेदी, श्रीप्रकाश सिंह, दिनेश सिंह, अमित कुमार, मीरा देवी, रेणुका सिंह, रुपाली, प्रतिमा, शरद पांडेय, धर्मेन्द्र सिंह, प्रदीप कुमार सिंह, कनक प्रभा सिंह, लक्ष्मण सिंह पटेल, नेहा सिंह, आभा सिंह, शांति सिंह, कयूम अंसारी, आरती देवी, प्रतिभा सिंह, शंकल्प सिंह, अजय कुमार सिंह, बलवंत मौर्या, जय सिंह सहित अन्य लोग मौजूद रहें।

# बैंक खाते से साइबर ठगों ने उड़ाए नौ लाख 17 हजार रु.

**मचा हड़कंप**

### केनरा बैंक शाखा रजमिलान का मामला, पीड़ित परिवार में पसरा मातम

जनसंदेश न्यूज


पीड़िता प्रियंका सिंह

**बीजपुर।** स्थानीय थाना क्षेत्र अंतर्गत चेतवा मोड़ पर संचालित केनरा बैंक शाखा रजमिलान से एक महिला खाताधारक के खाते से नौ लाख सत्रह हजार रुपए की साइबर ठगी किए जाने से पीड़ित परिवार के घर मातम पसरा है। वहीं बैंक के अन्य खाताधारकों में हड़कम्प मचा है।

बताया गया कि स्वास्थ्य विभाग में एएनएम पद पर कार्यरत प्रियंका सिंह पत्नी रत्नेश सिंह का केनरा बैंक शाखा रजमिलान चेतवा मोड़ पर सेविंग खाता संख्या 98352210006985 है। पीड़िता ने बताया कि उसकी सैलरी इसी खाता में आती है। बीते 10 फरवरी को उसके मोबाइल पर अंजान नम्बर से फोन आया और फोन रिचार्ज करने के लिए एक दबाने को बोला गया। इस पर प्रियंका ने एक दबाने से मना किया तो धमकी दी गयी कि आपका फोन बन्द कर दिया जाएगा और कुछ देर बाद मोबाइल हैक हो गया। पीड़िता के घर के पास बैंक होने के कारण तत्काल बैंक जाकर शाखा प्रबंधक से मामले की पूरी जानकारी दी। उस वक्त तक महिला के खाते में पूरा पैसा सुरक्षित था।

आरोप है कि शाखा प्रबंधक को तत्काल खाते के लेनदेन पर कुछ दिन के लिए रोक लगा देना चाहिए था, लेकिन उन्होंने ऐसा नही किया। जिससे 11 फरवरी को 5 बार, 12 फरवरी को 13 बार में कुल नौ लाख सत्रह हजार रुपए ठगों द्वारा निकाल लिया गया। बाद में ठगों ने ही फोन कर प्रियंका सिंह के रिश्तेदारों के माध्यम से जानकारी दी। उसके बाद बीते 13 फरवरी को ठगी की शिकार महिला ने बैंक मैनेजर से सम्पर्क किया और खाता चेक किया तो महज 222 रुपए शेष बचे। यह देख महिला को सांप सूंघ गया। आनन फानन में महिला ने प्रभारी निरीक्षक अखिलेश मिश्रा से सम्पर्क किया तो उन्होंने मामला साइबर सेल का बताया।

पीड़िता ने शुक्रवार को सोनभद्र साइबर सेल पहुंचकर प्रार्थना पत्र और बैंक डिटेल देकर कार्रवाई की मांग की है। इधर इस तरह की धोखाधड़ी से ग्राहकों में बैंक से विश्वास उठ गया। कईयों ने कहा कि हम अपना खाता बन्द करेंगे। शाखा प्रबंधक जितेंद्र कुमार से जब जानकारी मांगी गयी तो वे निशब्द थे, मानो उनको काठ मार गया है। इस बाबत साइबर सेल प्रभारी राजेश सिंह ने कहा मामला दर्ज कर काम शुरू दिया गया है, जल्द कुछ रिजल्ट आने की संभावना है।

# 127 लाभार्थियों को बांटा गया भूमि का पट्टा

**खिले चेहरे**

### चौरा गांव में जन चौपाल लगा सांसद, सदर विधायक व डीएम ने सुनी ग्रामीणों की समस्याएं, निस्तारण का दिया निर्देश

**सोनभद्र।** सांसद छोटेलाल खरवार, विधायक सदर भूपेश चौबे व जिलाधिकारी बीएन सिंह ने शुक्रवार को मड़पा के राजस्व ग्राम चौरा में जन चौपाल लगाकर अनुसूचित जनजाति और अन्य परम्परागत 127 वन निवासियों को खतौनी का वितरण किया। खतौनी पाते ही लाभार्थियों के चेहरे खिल गये।

इस दौरान चौरा गांव में सांसद, सदर विधायक व डीएम ने जन चौपाल लगा ग्रामीणों की समस्याएं सुन निस्तारण का निर्देश दिया। सदर विधायक ने कहा कि मुख्यमंत्री ने कई वर्षों से जंगल में रह रहे वनवासियों के जन कल्याण व उनकी मूलभूत समस्याओं के समाधान के लिए कई योजनाएं संचालित हैं। वनवासी समाज जिस जमीन पर कई वर्षों से जोत-कोड़ कर रहा था, उनके पास जमीन का कोई रिकार्ड नहीं था, जिससे उन्हें कठिनाईयों का सामना करना पड़ रहा था। जिसे ध्यान में रखते हुए भूमि पर उनके अधिकार के लिए खतौनी का वितरण किया जा रहा है। उन्होंने अपील किया कि अपने बच्चों को हर हाल में स्कूल भेजें। इसके अलावा बच्चों को साफ-सफाई के प्रति जागरूक भी करना होगा, जिससे स्वस्थ्य शरीर का विकास भी होता रहे। सांसद ने कहा कि सरकार द्वारा सभी क्षेत्रों में वनाधिकार के तहत जो भी पट्टा व खतौनी का वितरण किया जाये उसे पारदर्शिता व निष्पक्षता के साथ किया जाये। डीएम ने कहा कि जो पात्र व्यक्ति हैं, उसमें ज्यादा अनुसूचित जनजाति के लोग हैं।

अभी तक 16 हजार पट्टे का वितरण किया जा चुका है। उन्होंने कहा कि पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए कई कार्यक्रम संचालित हैं।


लाभार्थी को भूमि का पट्टा देते अतिथिगण

चौरा गांव के आस-पास प्राकृतिक सौन्दर्य बेहतर है, यह इको टूरिज्म, विलेज टूरिज्म को विकसित करने के दृष्टिकोण से काफी अच्छा है। इसे आगे बढ़ाने हेतु कार्यवाही की जायेगी।

उन्होंने कहा कि केन्द्र एवं प्रदेश सरकार द्वारा जो भी जन कल्याणकारी योजनाएं ग्रामीणजनों के हित के लिए चलायी जा रही है, उससे सभी पात्र व्यक्तियों को लाभान्वित करने की कार्यवाही सम्बन्धित अधिकारी द्वारा सुनिश्चित की जाती है। कहा कि चौरा गांव जनपद मुख्यालय से काफी दूर है, यहां के निवासियों के समस्याओं का निस्तारण ग्राम स्तर पर ही किये जाने सम्बन्धी कार्यवाही की जाये। चौरा गांव में पुल, नेटवर्क से सम्बन्धित जो भी समस्याएं हैं, उनके निराकरण हेतु भी आवश्यक कार्यवाही सुनिश्चित करायी जायेगी। शिक्षा व्यवस्था को और बेहतर करने हेतु आवश्यक प्रबन्ध किये जायेंगे। इस मौके पर तहसीलदार राबट्र्सगंज अमित कुमार, रमाशंकर यादव समेत तमाम लोग उपस्थित रहे।

## संक्षेप

### निश्चल सेवा फाउंडेशन ने बच्चों को बांटा वस्त्र


बच्चों को वस्त्र पहनाते फाउंडेशन के पदाधिकारी

**रेणुकूट।** वर्ष 2019 में हुए पुलवामा हमले में शहीद हुए जवानों की याद में शुक्रवार को निश्चल सेवा फाउंडेशन के अध्यक्ष संदीप शाह व उनके सहयोगियों द्वारा क्षेत्र के मकरा गांव में जाकर गरीब बच्चों में स्वेटर और कपड़े का वितरण किया। संदीप शाह ने बताया कि उनका संगठन सामाजिक कार्यों में बढ़ चढ़ कर हिस्सा लेता है, जिसके तहत गौ सेवा, मानव सेवा, भोजन बैंक,वस्त्र बैंक, अन्नपूर्णा रसोई आदि कार्य किए जाते हैं। इस मौके पर मनोज सिंह भृगुवंशी,गजानंद पांडे, श्याम शंकर गुप्ता, वीर बहादुर सिंह, प्रमोद शाह, मणिभूषण सिंह, विशाल ठाकुर, विकास झा, पवन सिंह आदि मौजूद रहे।

### नौ माह बाद मिली लापता महिला

**दुद्धी।** बिहार के पटना से पुलिस ने स्थानीय कस्बा से लापता महिला को बरामद कर हिरासत में ले लिया। बता दें कि बीते नौ जून से गायब महिला की पुलिस नौ माह से तलाश कर रही थी। कोतवाल मनोज कुमार सिंह ने बताया कि स्थानीय कस्बा के एक विवाहिता अपने घर से बीते नौ जून को अचानक गायब हो गई। जिसकी सूचना महिला के पति द्वारा दस जून को कोतवाली पुलिस को दी गई। पुलिस गुमशुदगी का मामला दर्ज कर तलाश में जुट गई। कुछ माह बाद परिजन कोर्ट के तहत विभिन्न धाराओं में मुकदमा दर्ज कराया। पुलिस टीम ने बिहार में अब तक पांच बार दबिश दी, लेकिन असफल रही। लेकिन छठी बार पुलिस को कामयाबी मिल गई। महिला पटना में किराए के मकान में रहती थी। महिला का मेडिकल कराकर जिला न्यायालय भेजा गया है। कोर्ट कार्यवाही के बाद पुलिस कोई कार्रवाई करेगी। इसकी सूचना महिला के परिजनों को दे दी गयी है।

### मैजिक-कार की टक्कर में तीन जख्मी

**करमा।** स्थानीय थाना क्षेत्र के मिर्जापुर-हिंदुआरी मुख्य मार्ग पर केकराही भैरोपुर के समीप शुक्रवार को मैजिक और कार की टक्कर हो गयी। इस हादसे में दो महिलाओं को गंभीर चोटे आई हैं, जबकि अन्य तीन सवार को हल्की चोटे आई हैं। स्थानीय लोगों की मदद से घायलों को पीएचसी केकराही में भर्ती कराया गया, जहां इलाज जारी है। कार सवार सीएच सुपात्रा की मानें तो प्रयागराज स्नान करने के बाद वापस वे उड़ीसा जा रहे थे कि अचानक मैजिक वाले ने विपरीत दिशा से आकर कार में टक्कर मार दी। जिसमें सीएच सुपत्रा 40 के पैर में गम्भीर चोटें आई। वहीं सी एच साईबना 70, सीएच जगरनाथ पात्रा 30 पुत्र सीएच सूपत्रा निवासी उड़ीसा को भी हल्की चोटे आई हैं।

### डेढ़ किलो गांजा बरामद, एक गिरफ्तार

**सोनभद्र।** सदर कोतवाली पुलिस ने शुक्रवार को एक आरोपी को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से एक किलो 546 ग्राम गांजा बरामद किया। यह कार्रवाई पुलिस अधीक्षक अशोक कुमार मीणा के निर्देशन में जनपद में मादक पदार्थों की तस्करी के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान के तहत की गई है। एसएचओ ने बताया कि पकड़ा गया आरोपी मुसम्मीयान इमामन शाह जो सिल्थरी, राबर्टसगंज का निवासी है। उसने बताया कि वह गांजा अवैध रूप से बेचता था। टीम में सुनील कुमार, अमरजीत यादव शामिल रहे।

### शरद मेला आज

**रेणुकूट।** लायंस क्लब की स्थानीय शाखा द्वारा शनिवार को हिंडाल्को के रामलीला मैदान में शरद मेले का आयोजन किया गया है, मेले में कई प्रकार के मनोरंजन कार्यक्रम के साथ कई प्रकार के स्टाल भी लगाये जाएंगे। क्लब के अध्यक्ष डा. राकेश रंजन ने बताया कि मेले में विभिन्न प्रकार के आकर्षक स्वादिष्ट व्यंजनों के स्टॉल, लकी ड्रा, खेलकूद और अन्य मनोरंजक गतिविधियां शामिल होंगी।

## प्रसव पीड़िता की मौत, पति ने लगाया लापरवाही का आरोप

**म्योरपुर।** स्थानीय कस्बे के चंद्रभान नगर निवासी एक गर्भवती महिला को प्रसव के लिए सीएचसी में भर्ती कराया गया था। जिसे चिकित्सक द्वारा शुक्रवार को मृत घोषित कर दिया गया। पति ने चिकित्सकों पर लापरवाही का आरोप लगाते हुए थाने में तहरीर देकर कार्रवाई की मांग किया है। बताया गया कि चंद्रभान नगर निवासी हीरामती देवी की शादी हरदोई में हुई थी। वह पति के साथ मायके में ही रहती थी। मृतका के तीन बच्चे हैं। वह चौथी बार गर्भवती थी। रात्रि में प्रसव पीड़ा होने पर तड़के पति ने सीएचसी में भर्ती कराया। प्रमोद का आरोप है कि नर्स द्वारा जांच कर कहा गया कि आठ बजे तक बच्चा हो जाएगा। वह कई बार डाक्टर को बुलाता रहा। लेकिन कोई डाक्टर नहीं आया। दोपहर पहुंचे चिकित्सकों ने महिला को मृत घोषित कर दिया। पति ने लिखित तहरीर देकर चिकित्सकों पर लापरवाही का आरोप लगाते हुए कार्रवाई की मांग किया। सूचना पर पहुंची पुलिस अग्रिम कार्रवाई में जुट गई।

# कचरा जलाकर प्रदूषण फैला रही सीमेंट कंपनी

**समाधान की मांग**

### सांस लेना हुआ दूभर

### दुर्गंध से परेशान नगरवासियों ने चौकी प्रभारी को सौंपा ज्ञापन

जनसंदेश न्यूज

**डाला।** स्थानीय अल्ट्राटेक सीमेंट कंपनी से निकल रही दुर्गंध से परेशान नगरवासियों ने शुक्रवार को जिलाधिकारी के नाम का ज्ञापन चौकी प्रभारी आशीष पटेल को सौंपकर समस्या का समाधान कराने की मांग किया। नगरवासियों ने कहा कि फैक्ट्री द्वारा अपशिष्ट पदार्थ तथा कचरे को जलाया जा रहा है, जिसका धुंआ निकल कर इलाके को प्रदूषित कर रहा है। प्रदूषण इतना बढ़ गया है कि सांस लेना मुश्किल हो गया है।

ज्ञापन के माध्यम से बताया गया कि अल्ट्राटेक कंपनी द्वारा भारी मात्रा में कचरा जलाकर नगर को दूषित किया जा रहा है। विगत कई माह से कंपनी में कचरा जलाए जाने से नगरवासी परेशान हैं। पूरे नगर में दुर्गंध फैला हुआ है, इससे पर्यावरण भी प्रभावित हो रहा है। लोगों का दुर्गंध के कारण सांस लेना दुभर हो गया है। नौजवान, बुजुर्ग समेत स्कूल आने-जाने वाले बच्चों को नाक बंद कर विद्यालय जाना पड़ रहा है। पर्यावरण दूषित होने के कारण गंभीर बीमारियों का भी भय सता रहा है। कभी-कभी कचरा जलने से दुर्गंध इतनी तेज रहती है कि तमाम घरों तक वह प्रवेश कर जाती है हर कोई दुर्गंध के कारण विचलित हो जा रहा है। रात में दुर्गंध के कारण बेचैन होकर बिस्तर से उठकर लोग बैठ जाते हैं। जिलाधिकारी का ध्यान आकृष्ट कराते हुए मांग किया कि अल्ट्राटेक कंपनी के कचरा डंपिंग व जलाए जा रहे कचरे के दुर्गंध से नगरवासियों को जल्द निजात दिलाई जाए। चौकी प्रभारी आशीष पटेल ने लोगों को आश्वस्त किया कि कंपनी के उच्च अधिकारियों से इस संबंध में जल्द वार्ता की जाएगी। इस मौके पर नागेंद्र पासवान, नूरुद्दीन अंसारी, संतोष कुमार कुशवाहा, संजीव कुमार, राजेश मौर्य, बृजेश कुमार, बबुंदर पाठक, राम आशीष, दिवाकर, दिनेश कुमार, कादिर अली आदि मौजूद रहे।


चौकी प्रभारी को ज्ञापन सौंपते रहवासी

### मतगणना के लिए रिटर्निंग ऑफिसर नियुक्त

**सोनभद्र।** जिला मजिस्ट्रेट बीएन सिंह ने बताया कि न्यायालय विशेष न्यायाधीश एससी/एसटी एक्ट के आदेशानुसार नगर पंचायत ओबरा के वार्ड नम्बर 9 एवं वार्ड एक की पुनः मतगणना करायी जानी है। मतगणना हेतु रिटर्निंग ऑफिसर सुरेश राय डिप्टी कलेक्टर, रिटर्निंग कर्मचारी उत्कर्ष सक्सेना खण्ड विकास अधिकारी रावर्ट्सगंज 9454465136, रामवृक्ष लेखाकार कोषागार, ललित दूबे लेखाकार कोषागार को नियुक्त किया गया है। मतगणना 20 फरवरी को कलेक्ट्रट परिसर स्थिति अपर जिला मजिस्ट्रेट न्यायिक के कक्ष में प्रातः 11:00 बजे से किया जायेगा तथा मतगणना क्रमशः वार्ड नम्बर नौ तथा एक की क्रमवार की जायेगी। पुनः मतगणना की सम्पूर्ण प्रक्रिया मतपेटी/बाक्स खोलने से लेकर मतपेटी सील करने तक की वीडियोग्राफी की जायेगी। रिटर्निंग आफिसर मतगणना के परिणाम को गोपनीय रखते हुए उसे शील लिफाफे में शासकीय अधिवक्ता सिविल के माध्यम से न्यायालय के समक्ष मतगणना अगले दिन ससमय दाखिल करायेंगे।

# कम्पोजिट विद्यालय बीजपुर का एबीएसए ने किया निरीक्षण, दिया निर्देश

**बीजपुर।** शिक्षा क्षेत्र म्योरपुर स्थित कंपोजिट विद्यालय बीजपुर अपने किसी न किसी कार्य को लेकर पिछले कुछ महीनों से सुर्खियां बटोरने में लगा है। ताजा मामला खंड शिक्षा अधिकारी द्वारा नियम विरुद्ध तरीके से यहां का प्रभार देने का मामला तूल पकड़ने लगा है। शुक्रवार को विद्यालय पहुंचे खंड शिक्षा अधिकारी विश्वजीत कुमार मामले को सलटाने की जगह शिक्षकों को ही धमका कर आग में घी डालने का काम कर गए। खंड शिक्षा अधिकारी द्वारा शासनादेश के विरुद्ध किए गए कार्य से शिक्षको में व्यापक आक्रोश है। बता दें कि बेसिक शिक्षा अधिकारी मुकुल आनंद पांडेय द्वारा दिसंबर माह में महिला प्रभारी प्रधानाध्यापक को निलंबित करने के बाद खाली पड़े प्रभारी पद पर खंड शिक्षा अधिकारी ने अपने चहेते शिक्षक को कंपोजिट विद्यालय में प्रभारी बना दिया।

सूत्रों से मिली जानकारी पर गौर करें तो अपने खास को प्रधानाध्यापक के सिंहासन पर बैठाने के लिए पुराने प्रधानाध्यापक आशा रानी को बलि का बकरा बनाया था। शुक्रवार को कंपोजिट विद्यालय बीजपुर पहुंचे खंड शिक्षा अधिकारी द्वारा शिक्षकों को ही सीधे धमकाते हुए कहा कि किसी ने विरोध किया तो दूर के स्कूल में उठा कर फेक दूंगा। खंड शिक्षा अधिकारी ने बच्चों की हाजिरी के लिए भी शिक्षकों को सीधे तौर पर कार्रवाई की धमकी दी। नियम विरुद्ध तरीके से वरिष्ठता क्रम को ताख पर रख कर प्रधानाध्यापक द्वारा अभी तक हाजिरी बढ़ाने के लिए अधिकारियों को बुला कर कार्रवाई की धमकी ही दिया जाता था, लेकिन विद्यालय पहुंच कर खंड शिक्षा अधिकारी ने भी धमकी देकर आग में घी डालने वाली कहावत को चरितार्थ कर दिया। एक स्कूल से दूसरे स्कूल पर भेजे जाने की खंड शिक्षा अधिकारी की धमकी से परेशान शिक्षकों में खलबली मच गई है। बहरहाल जो भी हो मामला जल्द ही महानिदेशक शिक्षा सहित डीएम दरबार और तहसील दिवस में जा सकता है। अभिभावकों द्वारा मामला संज्ञान में लाने पर भाजपा के मंडल मंत्री ईश्वरी प्रसाद ने जिलाधिकारी से मामले की निष्पक्ष जांच कराने की मांग किया है। एबीएसए विश्वजीत कुमार ने कहा कि उन्होंने धमकी नहीं दी है। नामांकन बढ़ाने व समय से स्कूल संचालन का निर्देश दिया है।

### डिबाए का शपथ ग्रहण आज

**सोनभद्र।** डिस्ट्रिक्ट बार एसोसिएशन की कार्यकरिणी की बैठक अध्यक्ष जगजीवन सिंह की अध्यक्षता में सम्पन्न हुई। इस दौरान अध्यक्ष ने कहा कि कार्यकरिणी का शपथ ग्रहण 15 फरवरी को होगा। शपथ ग्रहण समारोह में मुख्य अतिथि जनपद एवं सत्र न्यायाधीश रविंद्र विक्रम सिंह होंगे। अति विशिष्ट अतिथि बार काउंसिल आफ उत्तर प्रदेश के पूर्व अध्यक्ष पांचूराम मौर्य, हरिशंकर सिंह, विनोद कुमार पांडे सदस्य बार काउंसिल होंगे। संचालन पवन कुमार सिंह ने किया। इस मौके पर राजेश यादव, राजेश कुमार सिंह, चंद्र प्रकाश सिंह, वीरेन्द्र राव, रामगुल्लो यादव, दशरथ यादव, मो. याकूब, महेन्द्र आर्य, शाहनवाज खान आदि उपस्थित रहे।

# शिक्षकों के दो दिवसीय प्रशिक्षण का समापन


प्रशिक्षण में शामिल शिक्षक

**रामगढ़।** छलांग परियोजना दानी स्पोर्ट्स फाउंडेशन एवं पिरामल फाउंडेशन नीति आयोग के सहयोग से शुक्रवार को बीआरसी चतरा में दो दिवसीय फिजिकल एजुकेशन पर नोडल अध्यापकों का प्रशिक्षण का समापन हुआ। आकांक्षी ज़िलों में शिक्षा के स्तर को ऊंचा उठाने के लिए दानी स्पोर्ट्स फाउंडेशन पिरामल परियोजना संचालक स्पेस सोसायटी द्वारा दो विकास खण्डों चतरा, राबर्ट्सगंज में ग्रामीण इलाकों के 50 विद्यालयों में छात्रों को शारीरिक, मानसिक विकास के लिए छलांग परियोजना संचालित है। प्रशिक्षण के बाद परियोजना के तहत बीआरसी में नोडल शिक्षकों का दो दिवसीय अध्यापक प्रशिक्षण का समापन किया गया। चतरा ब्लाक के सभी 24 नोडल अध्यापकों को खंड शिक्षा अधिकारी चतरा द्वारा प्रमाण पत्र वितरित किया गया। फेलो साईनी, सुमन, खंड शिक्षा अधिकारी अरविन्द पटेल ने छलांग परियोजना द्वारा गतिविधियों को बताते हुए कहा कि चयनित विद्यालयों में स्टाफ द्वारा सेशन नियमित हो रहा है। उन्होंने शिक्षकों से कहा कि प्रशिक्षण के बाद बच्चों को प्रतिभावान बनाएं। इस मौके पर एआरपी शशीभुषण, चंद्रप्रकाश, संदीप, ब्रजेश कुमार, कृष्ण कुमार, अनुपम, जयश्री विश्वकर्मा, हेमेन्द्र चतुर्वेदी, सुमन, अरविंद मौर्या, शिवशंकर पांडेय समेत तमाम लोग मौजूद रहे। यह जानकारी राजकुमार शर्मा सचिव स्पेस सोसायटी ने दी।

# शिक्षिका जागृति गुप्ता को मिला राज्य पुरस्कार


शिक्षिका को सम्मानित करते शिक्षा मंत्री संदीप सिंह

**सोनभद्र।** विकास खण्ड करमा के प्राथमिक विद्यालय अन्हवा पर तैनात एकल शिक्षिका जागृति गुप्ता ने जिले का नाम रोशन किया है। राज्य शैक्षिक अनुसंधान एवं प्रशिक्षण परिषद लखनऊ में फरवरी को आयोजित पंचम राज्य स्तरीय कला क्राफ्ट प्रतियोगिता का पुरस्कार वितरण कार्यक्रम आयोजित किया गया। शिक्षा में पपेट के माध्यम से कम लागत मॉडल और बेहतर प्रदर्शन पर राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में टॉप टेन में स्थान प्राप्त करने पर जागृति गुप्ता को शिक्षा निदेशक और राज्य शिक्षा मंत्री संदीप सिंह द्वारा मेडल व प्रशस्तिपत्र देकर सम्मानित किया गया। जिला स्तर पर भी नवाचार कार्य हेतु शिक्षिका को सम्मानित किया जा चुका है। उनकी इस सफलता पर बीएसए मुकुल आनंद पाण्डेय, खंड शिक्षा अधिकारी राकेश कुमार पांडेय, एआरपी समेत तमाम शिक्षकों ने बधाई दी।

# ओबरा व दुद्धी पीजी कॉलेज के विकास को पांच करोड़ स्वीकृत

**ओबरा।** राजकीय स्नाकोत्तर महाविद्यालय के विकास को लेकर प्रधानमंत्री उच्चतर शिक्षा अभियान के अंतर्गत पांच करोड़ रूपये स्वीकृत होने से छात्र छात्राओं में हर्ष है। इस योजना में प्रदेश के 57 महाविद्यालयों का चयन किया गया है। योजना के तहत जनपद के ओबरा एवं दुद्धी पीजी कालेज का कायाकल्प होगा। दोनों महाविद्यालयों का सभी विकास कार्य राज्य निर्माण एवं श्रम विकास सहकारी संघ लिमिटेड द्वारा किया जाएगा। ओबरा पीजी कालेज के सभी विकास कार्यों को लेकर कॉमर्स बिल्डिंग के पीछे भूमि परीक्षण भी हो चुका है तथा शासन से बजट स्वीकृत हो गया है। शीघ्र ही टेंडर की प्रक्रिया कराकर कार्य शुरू कराया जाएगा। राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय के विकास को लेकर कॉन्ट्रैक्शन के लिए 1 करोड़ 52 लाख रुपये स्वीकृत किया गया है। जिसमें एक बड़ा हाल, सीआईएफ क्लास रुम, दो आधुनिक शौचालय का निर्माण कराया जाएगा। महाविद्यालय का जीर्णोद्धार को लेकर शासन से 94 लाख रुपये स्वीकृत किया गया है। जिसमें मुख्य रूप से कमरों की मरम्मत, टाइल्स का कार्य, वायरिंग, खिड़कियों की मरम्मत आदि किया जाएगा। आधुनिक प्रयोग शाला के लिए एक करोड़ 32 लाख रुपये स्वीकृत किया गया है। जिसमें आधुनिक प्रयोगशाला, पुस्तकालय, शिक्षण कक्ष, सभागार सहित इलेक्ट्रानिक उपकरण आदि खरीदे जाएंगे। सॉफ्ट स्किल के अंतर्गत होने वाले विकास कार्य के लिए एक करोड़ 10 लाख रुपये स्वीकृत किया गया है। इसमें लर्निंग मैनेजमेंट सिस्टम, इनक्यूबेशन केंद्र का उच्चीकरण, लैंग्वेज लैब आदि कार्य कराए जाएंगे। इसके अलावा रसायन विज्ञान के लैब को लेकर आधुनिक केमिकल वैलेंस, इलेक्ट्रिक डिजिटल वैलेस तथा जंतु एवं वनस्पति विज्ञान के लैब के लिए आरोक्लिप, कोलरी मीटर वाटर बाथ का संयोजन किया जाएगा। इसके अतिरिक्त पांच नए स्मार्ट शिक्षण कक्ष के साथ ही पूरे महाविद्यालय परिसर को सीसीटीवी कैमरे की निगरानी में रखा जाएगा। सामग्री की गुणवत्ता, रख रखाव आदि की समीक्षा महाविद्यालय द्वारा की जाएगी।

## मजदूरों से भरी टेम्पो पलटी, दर्जन भर लोग हुए घायल

**घोरावल।** स्थानीय कोतवाली क्षेत्र के कोहरथा मार्ग पर बेलन नदी के पास गुरुवार रात पिकअप की टक्कर से मजदूरों से भरा टेम्पो पलट गया। इस हादसे में टेम्पो सवार 12 मजदूर घायल हो गए, जिनमें से तीन की हालत गंभीर है। घटना उस समय हुई जब देवगढ़ और बरयां गांव के मजदूर दिनभर की मजदूरी के बाद टेम्पो में सवार होकर अपने घर लौट रहे थे। घायल मजदूरों में राजकुमारी, गुड्डी, बेचू, ददोसर, रंजना, बबिता, रविता, मनीषा, रिंकी और मजीरा शामिल हैं। सभी घायलों को तत्काल एंबुलेंस से सीएचसी में भर्ती कराया गया। वहीं गंभीर रूप से घायल तीन मजदूरों ददोसर, रंजना और बबिता को बेहतर इलाज के लिए जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया। दो अन्य घायलों का इलाज गांव के निजी चिकित्सक द्वारा किया जा रहा है। कोतवाली प्रभारी कमलेश पाल ने घटनास्थल का निरीक्षण कर बताया कि मुकदमा दर्ज कर विधिक कार्रवाई की जायेगी।

# आईडीबीआई बैंक ने बच्चों को बांटी शिक्षण सामग्री, खिले चेहरे




**रेणुकूट।** आईडीबीआई बैंक ने सीएसआर के माध्यम से दुद्धी स्थित प्राथमिक विद्यालय कटौली के बच्चों को पढ़ने लिखने में आत्मनिर्भर बनाने के लिए गुरुवार को अलमारी, कुर्सी, ब्रेंच, वॉटर प्यूरीफायर, वाटर कूलर, ब्लैक बोर्ड तथा स्टेशनरी का सामान वितरित करवाया। वक्ताओं ने कहा कि देश के विकास में बच्चों की भागीदारी बहुत ही अहम होती है। ऐसे में इनके पढ़ने लिखने तथा स्वावलंबी बनाने वाली वस्तुएं प्रदान करना समाज तथा देश के लिए एक मील का पत्थर साबित होगा। यह जिला आदिवासी बहुल एरिया है, यहां के अधिकतर लोग आर्थिक रूप से कमजोर हैं। कार्यक्रम में क्षेत्रीय प्रबंधक मनोज गुप्ता वाराणसी, शाखा प्रबंधक नितिन भारतीय, सुधा श्रीवास्तव, कृष्णा अस्थाना ने बच्चों को स्टेशनरी का सामान वितरित करते हुए नियमित स्कूल आने और पढ़ाई करने के लिए प्रेरित किया। प्रधानाचार्य सीमा ने आईडीबीआई बैंक का धन्यवाद किया।

# अप डाउन की ओर से चलाई गई 34 स्पेशल ट्रेनें

**राहत**

**आरपीएफ, जीआरपी, वाणिज्य विभाग की टीम को करना पड़ रही भारी मशक्कत**

**जनसंदेश न्यूज**




**डीडीयू नगर।** माघ पूर्णिमा पर प्रयागराज में अमृत स्नान के बाद वापस लौटने वालों की संख्या कुछ कम हुई है। यात्रियों की सहायता के लिए शुक्रवार की शाम चार बजे तक अप और डाउन की ओर 34 स्पेशल ट्रेनें चलाई गई।

स्पेशल ट्रेनों के साथ नियमित ट्रेनों में यात्रियों को सुरक्षित ढंग से सवार कराने के लिए आरपीएफ, जीआरपी, वाणिज्य विभाग की टीम को मशक्कत करना पड़ा। माघ पूर्णिमा पर प्रयागराज संगम में डुबकी लगाने के बाद लोग लगातार वापस लौट रहे हैं। वहीं प्रयागराज भें भीड़ कम होने की सूचना पर जाने वालों का भी तांता लगा हुआ है। स्नानार्थियों के लिए रेल प्रशासन लगातार स्पेशल ट्रेनें चला रहा है। रेल प्रशासन की माने तो शुक्रवार की शाम चार बजे तक 34 स्पेशल ट्रेनें चलाई गईं। इसमें प्रयागराज से डीडीयू के लिए 11 स्पेशल ट्रेनें चली। वहीं स्थानीय रेलवे स्टेशन से प्रयागराज के लिए आठ ट्रेन रवाना की गई। इसके साथ ही स्थानीय रेलवे स्टेशन से गया की ओर आठ जबकि पटना के लिए छह और जपला रूट पर एक स्पेशल ट्रेन रवाना किया गया। शुक्रवार को लगभग पचास हजार से अधिक यात्री गंतव्य के लिए रवाना हुए।

स्पेशल ट्रेनों के साथ ही डाउन की ओर जाने वाली ब्रह्मपुत्र मेल, पुरुषोत्तम एक्सप्रेस, सिकंदराबाद दानापुर, कोटा पटना सहित अन्य स्पेशल ट्रेनों में सवार होने के लिए मारामारी की स्थिति रही। यात्रियों को सुरक्षित ढंग से ट्रेन में सवार कराने के लिए स्टेशन अधीक्षक एसके सिंह, आरपीएफ निरीक्षक प्रदीप कुमार रावत, जीआरपी निरीक्षक सुनील कुमार सिंह, सीएसजी एनके मिश्र, एचआई अभिषेक यादव और स्काउट गाइड की टीम लगी रही।

## चोरी की मोबाइल लैपटॉप के साथ एक चोर गिरफ्तार

**डीडीयू नगर।** राजकीय पुलिस ने स्थानीय रेलवे स्टेशन से शुक्रवार को यात्रियों का सामान चुराने वाले गिरोह के सदस्य को गिरफ्तार किया। युवक लंबे समय से ट्रेनों में और रेलवे स्टेशन पर यात्रियों का सामान चुरा रहा था। युवक के पास से चोरी के दो मोबाइल फोन और एक टैबलेट बरामद हुआ। जीआरपी निरीक्षक सुनील कुमार सिंह ने बताया कि अपराधियों की धर पकड़ के लिए अभियान चलाया जा रहा है। इसी क्रम में शुक्रवार की सुबह रेलवे स्टेशन के पूर्वी छोर पर रोलिंग हट के पास युवक संदिग्ध हाल में दिखाई दिया। उसे पकड़ कर तलाशी ली गई। तब उसके पास से चोरी के दो मोबाइल फोन और एक टैबलेट बरामद हुआ। पूछताछ में युवक ने अपना नाम सोनू उर्फ बंगाली निवासी काली महाल मुगलसराय बताया। जीआरपी निरीक्षक ने बताया कि युवक लंबे समय से चोरी कर रहा था। युवक की गिरफ्तारी से चोरी की घटनाओं में कमी आएगी।

# वार्षिकोत्सव में प्रस्तुतियों से बच्चों ने अतिथियों का मोहा मन

**चहनियां।** क्षेत्र स्थित पीआर पब्लिक स्कूल टांडा कला में 14वां वार्षिक उत्सव धूमधाम से मनाया गया। कार्यक्रम की शुरूआत मुख्य अतिथि डॉ जयश्याम त्रिपाठी, विशिष्ट अतिथि चहनियां ब्लॉक प्रमुख अरुण जायसवाल ने मां सरस्वती के तैल चित्र पर माल्यार्पण व दीप प्रज्वलित करके किया। साथ ही पुलवामा हमले में वीरगति को प्राप्त हुए भारत के सैनिकों के नाम दो मिनिट का मौन धारण कर भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित किया।

14 फरवरी वैलेंटाइन डे के दिन स्कूल के प्रबंधक ने मातृ पितृ पूजन को दिवस के रूप में मनाया। तत्पश्चात छात्र-छात्राओं ने थाल में धूप दीप पूजन की सामग्री लेकर विधिवत अपने-अपने अभिभावकों की आरती उतारी। इस दौरान छात्रों ने रंगारंग कार्यक्रम प्रस्तुत कर आए हुए अतिथियों को मंत्रमुग्ध कर दिया। आयोजित कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि डॉ जयश्याम त्रिपाठी ने कहा कि अच्छी शिक्षा एवं संस्कार ही जीवन को एक नया रुप देते हैं। हमें समाज को शिक्षित एवं संस्कारित बनाने के लिए निरंतर प्रयासरत रहना चाहिए। उन्होंने कहा कि परिवारों के बढ़ने के साथ-साथ उनकी युवा पीढ़ी को संस्कारित एवं सकारात्मक मार्ग दर्शन की आवश्यकता है। कार्यक्रमों से छात्रों में छिपी हुई प्रतिभा को निखारना आसान होता है। कार्यक्रम की कड़ी में बच्चों ने सरस्वती बंदना, स्वागत गीत,एकांकी,देश भक्ति गीत, जैसे कार्यक्रम प्रस्तुत किए।दर्शकों में एक अलग ही उत्साह नजर आया। छात्र और छात्राओं ने बेहतरीन सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत कर समां बांध दिया। कार्यक्रम के दौरान उत्कृष्ट कला का प्रदर्शन करने वाले बच्चों को पुरस्कृत भी किया गया। अध्यक्षता दीनानाथ पाण्डेय तथा संचालन अमित पांडेय ने किया। प्रबंधक अमित पांडेय द्वारा आए हुए सभी अतिथियों का स्वागत सम्मान पुष्प गुच्छ अंगवस्त्र स्मृति चिन्ह देकर किया गया। इस दौरान प्रबंधक धनंजय सिंह, लालता यादव, प्रबंधक आनंद तिवारी सोनू, आलोक पांडेय, अभय यादव पीके, संकठा राय, चंदन जायसवाल, पंकज पांडेय, रामजी यादव, रामजी सिंह, अमरेंद्र पाण्डेय, जावेद अख्तर, अनिल यादव, परमात्मा सिंह आदि लोग उपस्थित रहे।


वार्षिकोत्सव में उपस्थित अतिथिगण व अभिभावक।

## संक्षेप

### ओपेन जिम से बच्चों-बुजुर्गों का मनोरंजन के साथ होगा व्यायाम


डयौढ़ा में ओपेन जिम में आनन्द लेते ग्रामीण।

**चहनियां।** क्षेत्र के डयौढा गांव में सार्वजनिक स्थल पर अब बच्चे, बुजुर्ग और ग्रामीण ओपेन जिम से मनोरंजन के साथ व्यायाम भी करेंगे। इसके लिए राज्य सभा सांसद दर्शना सिंह द्वारा दिया गया ओपेन जिम को अनूप मिश्राष्जुगनूष द्वारा लगवाया गया । जिस पर ग्रामीण पहुंचकर आनन्द ले रहे है। डयौढा गांव के अनूप मिश्रा द्वारा इसके लिए पहले ही प्रार्थना पत्र राज्यसभा सांसद दर्शना सिंह को दिया था। जिसके तहत कुछ दिन पूर्व से ही सार्वजनिक स्थल पर ओपेन जिम खोलने के लिए कार्य शुरू हो गया, जो अब बनकर तैयार है। अब ग्रामीण यहां मनोरंजन के साथ व्यायाम भी करेंगे। गांव के भाजपा नेता अभिमन्यु मिश्रा ने कहा कि राज्य सभा सांसद द्वारा दिया गया यह योजना सराहनीय है जो राज्यसभा सांसद द्वारा विकास कराने के साथ बच्चों पर भी ध्यान दे रहे है। प्रधान प्रतिनिधि पवन गिरी ने बताया कि यह योजना बच्चो के भविष्य के लिए लगाया गया है। अभी इसको और सुसज्जित करना है। इसे लेकर राहुल मिश्रा, अनूप मिश्रा, अभिमन्यु मिश्रा, अवनीश मिश्रा, सुभाष मिश्रा, सुनील मिश्रा, धर्मेंद्र यादव, संजय मिश्रा आदि ने राज्य सभा सांसद को धन्यवाद ज्ञापित किया।

### गांव वासियों की समस्या सुनकर समाधान कराने का दिया भरोसा

**नौगढ़।** चंदौली प्रशासन आपके द्वार कार्यक्रम में शुक्रवार को खण्ड विकास अधिकारी अमित कुमार ने तीन महिलाओं की गोदभराई व दो बच्चों का अन्नप्राशन कराया। प्राथमिक विद्यालय मलेवर व प्राथमिक विद्यालय जनकपुर में आयोजित कार्यक्रम में जन चौपाल का भी आयोजन किया गया। जिसमें गांव वासियों की समस्या को सुनकर समाधान कराने का भरोसा खण्ड विकास अधिकारी ने दिया। विभिन्न विभागीय व स्वयं सेवी संस्थाओं की ओर से लगाए गए स्टालों का निरीक्षण कर के बताया कि सरकार की ओर से संचालित जनहितकारी योजनाओं की जानकारी ग्रामीणों को देकर के पात्रों को लाभान्वित कराया जाए। खण्ड विकास अधिकारी ने तीन महिलाओं की गोद भराई व दो बच्चो का अन्नप्रासन्न कराया। कहा कि चंदौली प्रशासन आपके द्रार कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य स्थानीय स्तर पर गांव वासियों को सरकार की संचालित जनहितकारी योजनाओं का सुलभता से निर्धारित मानक के अनुरूप पात्रों को लाभ दिलाया जाना है। जन चौपाल में मनरेगा मजदूरी भुगतान चकरोड प्रधानमंत्री आवास विधवा वृद्धा विकलांग पेंशन ईत्यादि समस्यायों से संबंधित प्रार्थना पत्र पड़ा। जिसका एक सप्ताह में स्थलीय सत्यापन कर गुणवत्तापूर्ण निस्तारण रिपोर्ट दिए जाने का निर्देश संबंधित विभागीय अधिकारियों को दिया। इस अवसर पर विभागीय अधिकारी जनप्रतिनिधि व गांव वासी मौजूद रहे।

### चकरघट्टा पुलिस ने वांछित अभियुक्त को दबोचा

**नौगढ़।** न्यायालय सिविल जज जूनियर डिवीजन चकिया की अदालत से जारी गैर जमानती वारंट में चकरघट्टा थाना पुलिस ने पड़हवा गांव निवासी अभियुक्त संतलाल उर्फ संता पुत्र रामसूरत को गिरफ्तार कर अग्रिम कार्रवाई किया है। थानाध्यक्ष भूपेंद्र कुमार निषाद ने बताया कि अपर न्यायिक मजिस्ट्रेट चकिया की अदालत के आदेश के अनुपालन में मु.अ.सं. 198/2001 धारा 3/5 ए/8 गोवध निवारण व धारा 11 पशु क्रूरता अधिनियम में वांछित अभियुक्त पड़हवा गांव निवासी संतलाल यादव उर्फ संता पुत्र रामसूरत को पुलिस ने शुक्रवार को भोर में दबिश देकर उसके घर से गिरफ्तार कर के अग्रिम कार्रवाई किया है। पुलिस टीम मे थानाध्यक्ष भूपेंद्र कुमार निषाद, उपनिरीक्षक हरिन्द्र यादव, शैलेन्द्र यादव शामिल रहे।

## बंदरों का आतंक बढ़ा, नौ लोगों को किया घायल

**कंदवा।** स्थानीय थाना क्षेत्र के रामपुर गांव में बंदरों ने तीन दिन के अंदर में नौ महिला को काट कर घायल कर दिया है। सभी घायल महिलाओं का उपचार पीएचसी बरहनी, चंदौली सहित वाराणसी में किया जा रहा है। घायल में कृष्णा शर्मा की पत्नी गीता देवी 50 वर्ष स्व.जितेन्द्र तिवारी की पत्नी उर्मिला देवी 55 वर्ष दुर्गादत तिवारी की पत्नी प्रतिभा देवी 62 वर्ष रागेकेश्वर पत्नी गिरिजा देवी 70 वर्ष रामभजन शर्मा की पत्नी शशिकला देवी 45 वर्ष मुन्ना शर्मा की पत्नी चिंता देवी 45 वर्ष स्व.अजय तिवारी की पत्नी धर्मशाला देवी 53 वर्ष रविन्द्र तिवारी की पत्नी निर्मला देवी 63 वर्ष अनिल तिवारी पत्नी अनिता 56 वर्ष को काट कर घायल कर दिया जिनका उपचार प्राइवेट सहित सरकारी अस्पताल में किया जा रहा है। गांव निवासी दुर्गादत तिवारी, हंशलाल शर्मा, अविनाश तिवारी, योगेन्द्र खरवार,सारदेन्दु शेखर तिवारी, शिवशंकर तिवारी सहित अन्य का कहना है की बंदर के उत्पात से ग्रामीण परेशान है। बंदर अपना झुंड बनाकर कर घर के छत पर घुम रहे हैं महिला बच्चे को देखते है तो उनके ऊपर हमला करके बुरी तरह काट कर घायल कर दे रहे हैं। गांव के महिलाएं सहित बच्चों ने डर के वजह से डरे-सहमे हैं।

# सादगी व समरसता के प्रतिमूर्ति थे स्व.रामजीत

**पुण्यतिथि**

**कैबिनेट मंत्री अनिल राजभर के पिता स्व.रामजीत राजभर की मनाई गई 23वीं पुण्यतिथि**

**सकलडीहा।** धानापुर और चिरईगांव के पूर्व विधायक स्व.रामजीत राजभर की शुक्रवार को मंत्री आवास पर 23 वीं पुण्यतिथि श्रद्धापूर्वक मनाया गया। कैबिनेट मंत्री अनिल राजभर ने अपने पिता के तैल चित्र पर श्रद्धासुमन अर्पित करते हुए भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित किया। इस मौके पर विद्वान पंडितों ने विधि विधान से पूजा अर्चना कराया। इस मौके पर पहुंचे लोगों ने प्रसाद और भोजन ग्रहण किया।

धानापुर और चिरईगांव वाराणसी के पूर्व विधायक रहे स्व.रामजीत राजभर की 23वीं पुण्यतिथि पर सुबह से ही काफी संख्या में लोगों की भीड़ जुटने लगा था। पूर्व विधायक रामजीत राजभर नौ सेना में अफसर पद से सेवानिवृत्त हुए थे। रिटायर्ड होने के बाद मां भारती और जनसेवा करने का फैसला लिया। अपनी सादगी और समरसता के कारण दो बार विधायक बने। भारी व्यवस्ता के बीच वे सुख दुरूख में साथ खड़ा रहने वाले लोगों का सदैव ख्याल रखते थे। 14 फरवरी वर्ष 2003 में हृदय गति रूक जाने से उनका निधन होगया। उनकी निधन की खबर सुनते ही उनके अंतिम शव यात्रा में जनसैलाब उमड़ पड़ा था। बलुआ घाट से लेकर सकलडीहा तक वाहनों की लम्बी कतार लग गयी थी। एकलौते पुत्र अनिल राजभर उनके नख्शे कदम पर चलते हुए शिवपुर विधान सभा से दो बार विधायक और मंत्री बने। उनके पुण्यतिथि पर विद्वान पंडितों ने विधि विधान से पूजा अर्चना किया। मंत्री अनिल राजभर ने भावभीनी श्रद्धासुमन अर्पित करते हुए पिता के बताये मार्ग दर्शन में चलने का संकल्प दोहराया। उनके विधानसभा के लोग और जनप्रतिनिधियों ने उनके तैल चित्र पर माल्यापर्ण और पुष्प अर्पित किया।इस मौके पर डा. संत त्रिपाठी, डा.अभय वर्मा, रविन्द्र प्रताप सिंह, रतेन्द्र राजभर, कमलेश यादव, सूरज सिंह, रवि सिंह राजपूत, अतुल सिंह, रिकू राजभर, शिक्षामित्र संघ के जिलाध्यक्ष अजीत यादव, पवन दूबे, मंटू पांडेंय, गोपाल राजभर, अरविंद, फनफन चौबे सहित अन्य काफी संख्या में लोग मौजूद रहे।


पूर्व विधायक स्व.रामजीत भारद्वाज के तैल चित्र पर माल्यार्पण करते हुए कैबिनेट मंत्री अनिल राजभर

## बाइक सवार उचक्कों ने पुरोहित का मोबाइल छीना

**कंदवा।** थाना क्षेत्र में राह चलते बाइक सवार तीन युवक एक पुरोहित का मोबाइल छीनकर फरार हो गए। भुक्तभोगी जब तक शोरगुल मचाता तब तक बाइक सवार आंखों से ओझल हो गए। यह वाक्या दिनदहाड़े सैयदराजा जमानियां राष्ट्रीय राजमार्ग पर असना व कंजेहरा के मध्य हुआ। बलिया निवासी पुरोहित कन्हैया पांडेय असना गांव मे अपने यजमान के यहां आए हुए थे।शुक्रवार की अपराह्न वह साइकिल से कंजेहरा की तरफ जा रहे थे अभी गांव से कुछ दूर दैत्रावीर बाबा के समीप पहुंचे थे तभी उनके मोबाइल की घंटी घनघनाई। मार्ग के किनारे खडा होकर बात करने लगे तभी कंजेहरा की तरफ से एक बाइक पर सवार तीन युवक आए पुरोहित से बात करने के लिए मोबाइल की मांग की गयी जब तक ब्राह्मण कुछ समझ पाता तब तक मोबाइल छीनकर युवक फरार्टा भरते हुए थाना की तरफ भाग निकले।मोबाइल छीने जाने के बाद पुरोहित छाती पीटने लगा। शोरगुल सुनकर राहगीर व आस पास के लोग मौके पर जुट गए। लाचार भुक्तभोगी द्वारा अब पुलिस को मामले की जानकारी देते हुए मदद की गुहार लगायी गयी है।

# सड़क निर्माण: मुख्यमंत्री से उच्च स्तरीय जांच कराने की मांग

**मांग**

**328.84 करोड़ की लागत, 220.60 करोड़ रुपये का ठेका**

**जनसंदेश न्यूज**

**डीडीयू नगर।** मुगलसराय सिक्स लेन परियोजना की 108 करोड़ रुपये से अधिक लागत बताकर अधिकारी जनता को गुमराह कर रहे हैं। जिसको लेकर नगर के लोगों के मन में संदेह पैदा हों रहा है। जो नगर सहित जिले में चर्चा का विषय बना हुआ है। जब कि अधिकारियों ने इसकी लागत 328.84 करोड़ रुपये बताया। जबकि 220.60 करोड़ रुपये में कार्यदायी संस्था को ठेका दिया गया है। ऐसे में 144 करोड़ रुपये कहां चले गए। हालांकि, पीडब्ल्यूडी अधिकारियों कोई धांधली नहीं होना बताया है। जनता अब पूरे मामले को शासन तक पहुंचाना चाह रही है। उप्र कांग्रेस के सदस्य (पीसीसी सदस्य) आनंद शुक्ला ने अधिकारियों पर वित्तीय अनियमितता का आरोप लगाते हुए मामले की उच्च स्तरीय जांच की मांग की है।

नगर के बाजार सहित पूरे मार्ग में सिक्स लेन सड़क निर्माण के लिए 259.50 करोड़ रुपये की अनुमानित लागत तय की गई थी। इस दौरान चार कंपनियों ने निविदा डाली। इनमें सबसे कम बोली लगाने वाली ऐपको इंफ्राटेक प्राइवेट लिमिटेड को 220.60 करोड़ रुपये में ठेका दे दिया गया। इसके बावजूद सार्वजनिक रूप से यह बताया जा रहा है कि परियोजना की लागत 328.84 करोड़ रुपये है, जिससे प्रथम दृष्टया 108 करोड़ रुपये से अधिक की वित्तीय अनियमितता स्पष्ट होती है। उन्होंने यह भी कहा कि पीडब्ल्यूडी के स्टैंडर्ड बिडिंग डॉक्यूमेंट में पीडीडीयू नगर के बाजार में सिक्स लेन रोड बनाने की योजना थी, जबकि अब लगभग तीन किलोमीटर के हिस्से को घटाकर चार लेन कर दिया गया।

लागत को अनावश्यक रूप से बढ़ा दिया गया है। (राजमार्ग संख्या 120) के 21.00 से 32.235 किलोमीटर तक सड़क के चौड़ीकरण एवं सुदृढ़ीकरण के लिए 25 अप्रैल 2022 को निविदा आमंत्रित की गई थी। 30 अप्रैल 2022 को बोली प्रक्रिया पूरी हुई थी। सुपरिंटेंडिंग इंजीनियर, वाराणसी सर्कल, पीडब्ल्यूडी वाराणसी के पत्रांक 2105/183 (दिनांक 13 अप्रैल 2022) में इस परियोजना की लागत 259.50 करोड़ रुपये दर्शाई गई थी। उन्होंने कहा कि अगर सिक्स लेन सड़क के निर्माण की अनुमानित लागत 259.50 करोड़ रुपये थी, तो 328.84 करोड़ रुपये की स्वीकृति कैसे दी गई? इस तरह, परियोजना में वित्तीय अनियमितता और भ्रष्टाचार की आशंका को नजरअंदाज नहीं किया जा सकता। उन्होंने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से मांग की कि इस पूरे प्रकरण की उच्च स्तरीय जांच कराई जाए, मौजूदा निर्माण कार्य को रोका जाए और नगर में भी सिक्स लेन सड़क का निर्माण किया जाए।

# संगठित होने से होगा बिंद समाज का उत्थान: डॉ. वीरेंद्र बिंद


बिंद स्वाभिमान संघ के नवनिर्वाचित पदाधिकारियों के साथ डा.वीरेंद्र बिंद।

**नियामताबाद।** बिंद समाज के लोगों की बैठक शुक्रवार को कटारिया में संपन्न हुई। इसमें बिन्द स्वाभिमान संघ का गठन कर समाज के लोगों को संगठित करने का प्रयास किया गया। वही पदाधिकारियों का चयन व माल्यार्पण कर सम्मानित करने का काम किया गया। बिंद समाज की बैठक में बिन्द स्वाभिमान संघ का गठन किया गया जिसमें चंद्रिका बिन्द को जिलाध्यक्ष, मोरध्वज बिंद को महासचिव, लालवचन बिंद को कोषाध्यक्ष की जिम्मेदारी सौंपी गई। इस दौरान डॉ वीरेंद्र बिन्द ने कहा कि बिंद समाज के लोग निषाद, पटेल, वर्मा, साहनी आदि उपजातियां में बटता जा रहा है। जिससे बिंद जाति की संख्या दिनों दिन कम होती जा रही है। हम लोग संगठन के माध्यम से सभी लोगों को संगठित कर बिंद समाज के उत्थान के लिए काम करेंगे। इसके लिए हम लोग गांव-गांव अभियान के तहत आओ चले शिक्षा और सत्ता की ओर के तहत कार्यक्रम आयोजित कर लोगों को जगाने का काम करेंगे। हमारा समाज शिक्षा और सत्ता दोनों से वंचित हो चुका है। इन दोनों से जोड़कर अपने हक और अधिकार की बात सत्ता तक पहुंचाने का हम लोग काम करेंगे। संगठन प्रदेश और देश का काम करने की मुहिम चलाएगा। इस मौके पर डॉ सुदर्शन बिन्द, विनोद बिन्द, डा.गुरु चरण बिन्द, रामचंद्र बिन्द, रामलाल बिन्द, गणेश बिन्द, मोती बिंद, हनुमान बिंद, बृजेश बिंद, सुनील बिंद, ठाकुर प्रसाद बिंद सहित दर्जनों की संख्या में बिंद समाज के लोग उपस्थित रहे।

# दुलहीपुर में 243 मरीज का निःशुल्क स्वास्थ्य परीक्षण

**जनसंदेश न्यूज**

**डीडीयू नगर।** जन स्वास्थ्य एवं शिक्षा कल्याण संस्थान एवं नीमा चंदौली के संयुक्त तत्वाधान में स्वर्गीय रामचंद्र शर्मा पूर्व विधायक मुगलसराय के स्मृति में आर सी हॉस्पिटल दुलहीपुर में 32 वां स्थापना दिवस मनाया गया। इस अवसर पर 243 मरीज का निःशुल्क स्वास्थ्य परीक्षण एवं दवा वितरण किया गया। शिविर का उद्घाटन समाजसेवी रतन कुमार श्रीवास्तव ने स्व रामचन्द्र शर्मा के तैल चित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्ज्वलित कर शुभारंभ किया। शिविर में वाराणसी जनपद एवं चंदौली जनपद के विशेषज्ञ चिकित्सकों के द्वारा निःशुल्क स्वास्थ्य परीक्षण एवं दवा वितरण हुआ।

इस अवसर पर वाराणसी के न्यूरो फिजिशियन डॉक्टर सुनील शर्मा नाक कान गला रोग विशेषज्ञ डॉक्टर अनिल श्रीवास्तव फिजिशियन डॉक्टर वी गोयल गोयल बाल रोग विशेषज्ञ डॉक्टर आर पी श्रीवास्तव डा राजेश कुमार डॉक्टर अनिल पांडे डॉक्टर एस एन तिवारी डॉक्टर आनंद श्रीवास्तव डॉक्टर मुस्तकीम डॉक्टर एस के शर्मा डॉक्टर अनिल शर्मा डॉक्टर हरेंद्र यादव डॉक्टर सच्चिदानंद डॉक्टर सतीश चौहान डॉक्टर दीपू सोनी छब्बू पटेल पूर्व विधायक मुगलसराय राजकिशोर सिंह शिवशंकर पटेल हीरालाल शर्मा वंश नारायण पांडे घनश्याम शर्मा संजय चौधरी विनोद गुप्ता हैदर अली खान राम जी गुप्ता आनंद शुक्ला शाहिद तौफीक इत्यादि मौजूद रहे।


निःशुल्क स्वास्थ्य परीक्षण शिविर का आयोजन करते संस्थान के लोग

# डीएम ने मृत होमगार्ड के आश्रितों को सौंपा 38 लाख का चेक



**चंदौली।** बरहनी ब्लॉक अंतर्गत परेवां गाँव निवासी राजकुमार यादव होमगार्ड के जवान की 30अगस्त को दुर्घटना हो गई। जहां इलाज के दौरान होमगार्ड की 16 अक्टूबर को मृत्यु हो गई। दुर्घटना बीमा का लाभ के तहत जिलाधिकारी निखिल टीकाराम फुंडे शुक्रवार को कलेक्ट्रेट में पीड़ित परिवार को 38 लाख का चेक सौंपा। बताते हैं कि मृत होमगार्ड रामकुमार यादव का सैलरी अकाउंट एक्सिस बैंक की शाखा चंदौली में था। इसके तहत दुर्घटना बीमा लाभ के तहत मृतक के परिवार को 38 लाख रुपये का चेक जिलाधिकारी निखिल टी फूंडे ने सौंपा। एक्सिस बैंक चंदौली शाखा प्रबंधक वरूण सिंह बताया की मृत्यु के बाद मिली राशि से परिवार की जरूरते पूरी होगी। जिसमें 30 लाख का चेक मृतक की पत्नी प्रमिला देवी और बेटी की पढ़ाई के लिए 8 लाख रुपये का चेक मृतक की बेटी निशा यादव को दिया। इस दौरान प्रबंधक वरुण सिंह उप शाखा प्रबंधक मनोहर यादव, कमांडेंट बृजेश मिश्रा, बैंक कर्मचारी हिमांशु पाण्डेय, संजीव पाण्डेय उपस्थित रहे।

# शक्ति पीठ अमरा पर कथा सुनने के लिए उमड़े भक्त

**जनसंदेश न्यूज**

**नौगढ़।** क्षेत्र के शक्ति पीठ माता अमरा भगवती धाम परिसर में आयोजित नव दिवसीय नवान्ह पाठ महायज्ञ एवं संगीतमय श्रीराम कथा के दूसरे दिन कथावाचक कौशलेंद्र दास शांडिल्य ने बताया कि भगवान भोलेनाथ प्रभु श्री राम चन्द्र के आराध्य देव हैं। जिनके नाम मात्र के ही उच्चारण से भगवान प्रसन्न होते हैं। श्री राम कथा सुनने से मन की सारी कुरीतियां राग द्वेष ईर्ष्या और भेदभाव समाप्त हो जाते हैं। भगवान विष्णु के अवतार प्रभु श्री राम चन्द्र को आदर्श मानव का स्वरूप बतलाया। कहा कि कथा के माध्यम से मन को शांति मिलकर हिंसक भावनाओं पर नियंत्रण होता है।

मन व ध्यान को एकाग्र करके श्री राम कथा को सुनकर जीवन में उतारने पर बल देते हुए राम नाम की महिमा का वर्णन किया। बताया कि गंगा में स्नान करने से मन स्वच्छ होता है। लेकिन संतो का समाज चलता फिरता प्रयागराज है। जिनके सत्संग से कष्ट और दोष दूर हो जाते हैं। शिव विवाह का प्रसंग सविस्तार सुनाते हुए कहा कि जटाओं का मुकुट धारण कर शिव जी के गण बारात में प्रस्थान किया। वहीं भगवान भोलेनाथ ने सांपो का कुंडल व कंगन पहन कर के शरीर पर विभूति लगा कर के वस्त्र के जगह बाघंबर छाल लपेट कर दूल्हा बनकर चल दिए। जिन्हें देखकर हिमांचल नगरी में लोग आश्चर्य चकित हो गये। भगवान के इस रूप को देखने के लिए अनेकों देवता भी आए थे। इस अवसर पर काफी संख्या में क्षेत्रवासियों सहित जनपद सोनभद्र मिजार्पुर व बिहार राज्य के श्रद्धालु मौजूद रहे।


शक्ति पीठ अमरा भगवती धाम परिसर में कथा कहते कथावाचक।

# स्पोर्ट्स



दोहा में कतर टोटलएनर्जीज ओपन में कजाकिस्तान की एलेना रयबाकिना के खिलाफ क्वार्टर फाइनल मैच जीतने के बाद जश्न मनाती हुई पोलैंड की इगा स्वियाटेक।

## श्रीलंका ने वर्ल्ड चैंपियन ऑस्ट्रेलिया को 174 रन से हराया, दो वनडे की सीरीज में क्लीन स्वीप किया

### कुसल मेंडिस का शतक



**कोलंबो।** शुक्रवार को चैंपियंस ट्रॉफी से ठीक पहले श्रीलंका ने वर्ल्ड चैंपियन ऑस्ट्रेलिया को 174 रन के बड़े अंतर से हरा दिया है। यह कंगारू टीम की रन के लिहाज से श्रीलंका के खिलाफ सबसे बड़ी वनडे हार है। इस जीत के सहारे श्रीलंका ने कंगारुओं पर 2 वनडे की सीरीज में 2-0 से क्लीन स्वीप कर लिया। टीम ने पहला मुकाबला 49 रन से जीता था।

शुक्रवार को श्रीलंका ने टॉस जीतकर बैटिंग चुनी और 50 ओवर में 4 विकेट पर 281 रन का स्कोर खड़ा किया। जवाब में ऑस्ट्रेलियाई टीम 24.2 ओवर में 107 रन पर ऑलआउट हो गई। कप्तान स्टीव स्मिथ ने सबसे ज्यादा 29 रन बनाए। दुनिथ वेल्लालागे ने 4 विकेट झटके। वनिंदू हसरंगा और असिथ फर्नांडो ने 3-3 विकेट लिए। श्रीलंका से कुसल मेंडिस ने 115 गेंद पर 101 रन की शतकीय पारी खेली। निशान मदुष्का ने 70 बॉल पर 51 और चरिथ असलंका ने 66 बॉल पर नाबाद 78 रन बनाए। जनिथ लियानागे ने नाबाद 32 रन का योगदान दिया। 282 रन का टारगेट चेज कर रही ऑस्ट्रेलियाई टीम को शुरूआती झटके लगे। टीम ने 33 रन पर 3 विकेट गंवा दिए। ओपनर मैथ्यू शॉर्ट 2, जैक फ्रेजर-मैगर्क 9 और ट्रैविस हेड 18 रन बनाकर आउट हुए। तीनों को असिथा फर्नांडो ने आउट किया। वहीं स्टीव स्मिथ ने 29 और जोश इंग्लिस ने 22 रन बनाकर स्कोर 79 रन तक पहुंचाया। यहां इंग्लिस आउट हुए और टीम बिखर गई। टीम ने 29 रन बनाने में आखिर के 7 विकेट गंवा दिए। ऑस्ट्रेलिया 24.2 ओवर में 107 रन ही बना सका। टॉस जीतकर बैटिंग कर रही श्रीलंकाई टीम ने 15 रन के स्कोर पर पाथुम निसांका का विकेट गंवा दिया। वे 6 रन बनाकर आउट हुए। उन्हें एरोन हार्डी ने बोल्ड किया। यहां से ओपनर निशान मदुष्का ने कुसल मेंडिस के साथ मिलकर टीम को शुरूआती झटकों से उबारा। मदुष्का 51 रन बनाकर आउट हुए। उन्हें बेन ड्वारशस ने एडम जम्पा के हाथों कैच कराया। मदुष्का के बाद कामिंडु मेंडिस भी 4 रन बनाकर आउट हो गए। 121 रन पर तीसरा विकेट गंवाने के बाद कुसल मेंडिस ने चरिथ असलंका के साथ चौथे विकेट के लिए 94 रनों की पार्टनरशिप की। इस पार्टनरशिप ने टीम को 200 पार पहुंचा दिया। 215 के स्कोर पर कुसल मेंडिस आउट हो गए, यहां चरिथ असलंका ने जनिथ लियानागे के साथ नाबाद 66 रन की साझेदारी की। टीम ने 4 विकेट खोकर 281 रन बनाए। ऑस्ट्रेलिया से बेन ड्वारशस, आरोन हार्डी, शॉन एबट और एडम जम्पा ने 1-1 विकेट लिया।

### श्रीलंका के खिलाफ टेस्ट सीरीज ऑस्ट्रेलिया ने 2-0 से जीती थी

वनडे सीरीज से पहले श्रीलंका और ऑस्ट्रेलिया के बीच दो मैचों की टेस्ट सीरीज खेली गई थी। ऑस्ट्रेलिया ने यह सीरीज 2-0 से जीती थी। टीम ने श्रीलंका के खिलाफ पहला टेस्ट पारी और 242 रन के अंतर से जीता था। वहीं, दूसरे टेस्ट में 9 विकेट से हराया था। ऑस्ट्रेलियाई टीम 13 साल के बाद श्रीलंका में टेस्ट सीरीज जीती है। इससे पहले 2011 में टीम को सफलता मिली थी। इसके बाद 2 सीरीज खेली गई, एक श्रीलंका ने जीती और दूसरी ड्रॉ रही।

## 22 मार्च से शुरू हो होगा आईपीएल फाइनल 25 मई को होगा

**नई दिल्ली।** आईपीएल 2025 की शुरूआत जल्द ही होने वाली है। बताया जा रहा है कि आईपीएल 22 मार्च से शुरू हो सकता है। वहीं, फाइनल 25 मई को खेला जा सकता है। बताया जा रहा कि आईपीएल के मुकाबले कुल 12 शहरों में आयोजित किए जाएंगे। रिपोर्ट्स के मुताबिक इंडियन प्रीमियर लीग का 18वां सीजन 22 मार्च को शुरू होगा। सीजन के पहले मैच में गत विजेता केकेआर और रॉयल चैलेंजर्स के बीच कोलकाता के ईडन गार्डन्स में होगा। पिछले साल की उपविजेता सनराइजर्स हैदराबाद भी अपने घरेलू मैदान पर अपना पहला मैच खेलेगी। वे 23 मार्च राजीव गांधी अंतर्राष्ट्रीय स्टेडियम में राजस्थान रॉयल्स से भिड़ेगी। बीसीसीआई ने अभी तक आधिकारिक तौर पर इसकी ऐलान नहीं किया। सूत्रों के अनुसार, फाइनल मैच गत चैंपियन के शहर में आयोजित होगा और इसकी संभावना है कि ईडन गार्डन रविवार, 25 मई को फाइनल की मेजबानी करेगा। कोलकाता और हैदराबाद के अलावा 10 अलग अलग शहरों में आईपीएल के मैच खेले जाएंगे। इसमें अहमदाबाद, मुंबई, चेन्नई, बेंगलुरु, लखनऊ, मुल्लांपुर, दिल्ली, जयपुर, गुवाहाटी और धर्मशाला में भी खेले जाएंगे। राजस्थान रॉयल्स ने नॉर्थ ईस्ट में गुवाहाटी को अपना अपना दूसरा स्थान चुना है। जहां वे 26 और 30 मार्च को खेलेगी।

## चैंपियंस ट्रॉफी की प्राइज दोगुना, पिछली बार 29 करोड़, इस बार 60 करोड़, जीतने वाली टीम को मिलेंगे 19.46 करोड़

### आईसीसी ने किया पुरस्कारों का ऐलान 19 को पाकिस्तान में मचेगा घमासान




**दुबई।** अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) ने 2025 पुरुष चैंपियंस ट्रॉफी के लिए पुरस्कार राशि का ऐलान कर दिया है, जो 19 फरवरी से पाकिस्तान में शुरू होने वाली है। इस टूनार्मेंट के विजेता को 2.24 मिलियन अमेरिकी डॉलर की भारी भरकम राशि दी जाएगी, जबकि उप-विजेता को 1.12 मिलियन डॉलर दिए जाएंगे। 2025 चैंपियंस ट्रॉफी के लिए पुरस्कार पूल को बढ़ाकर 6.9 मिलियन अमेरिकी डॉलर कर दिया गया है, जो कि 2017 के संस्करण की पुरस्कार राशि 4.5 मिलियन अमेरिकी डॉलर से 53 फीसदी ज्यादा है।

आईसीसी ने बयान में कहा कि यह टूनार्मेंट 2017 के बाद पहली बार आयोजित हो रहा है और इसमें जीतने वाली टीम को 2.24 मिलियन डॉलर दिए जाएंगे। इसके साथ ही हारने वाले सेमीफाइनलिस्ट को 560,000 डॉलर मिलेंगे। हर मैच में विजेता टीम के लिए 34 हजार अमेरिकी डॉलर का पुरस्कार दिया जाएगा। पांचवें और छठे स्थान पर रहने वाली टीमों को 350,000 डॉलर जबकि सातवें और आठवें स्थान पर रहने वाली टीमों को 140,000 डॉलर दिए जाएंगे। आईसीसी ने बताया कि टूनार्मेंट में भाग लेने वाली सभी आठ टीमों को 125,000 अमेरिकी डॉलर का आश्वासन दिया गया है। आईसीसी के अध्यक्ष जय शाह ने कहा कि यह टूनार्मेंट न केवल कड़ी प्रतिस्पर्धा को बढ़ावा देगा, बल्कि क्रिकेट के विकास और दीर्घकालिक स्थिरता में अहम भूमिका निभाएगा। यह पहली बार है जब पाकिस्तान 1996 के बाद आईसीसी इवेंट की मेजबानी कर रहा है। इस बार आठ टीमें टूनार्मेंट में भाग लेंगी, जिन्हें दो समूहों में बंटा गया है। भारत अपने सभी मैच दुबई में खेलेगा, जिसमें सेमीफाइनल और फाइनल भी शामिल हैं। पाकिस्तान 19 फरवरी को न्यूजीलैंड के खिलाफ अपना पहला मैच खेलेगा। चैंपियन ट्राफी पर सभी टीमों की निगाहें जमी हैं और वह पूरी दमखम के साथ मैदान में उतरने के तैयार हैं। भारत की स्थिति को देखते हुए लोग इसे जीत का दावेदार मान रहे हैं और भारत-पाकिस्तान मैच पर सभी की निगाहें लगी हैं।

## ट्राई सीरीज फाइनल : पाक 242 रन पर ऑलआउट

### रिजवान ने 46, सलमान ने 45 रन बनाए, विलियम ओरूर्क को 4 विकेट मिले

**कराची।** पाकिस्तान ने ट्राई सीरीज के फाइनल मुकाबले में न्यूजीलैंड को 243 रन का टारगेट दिया है। शुक्रवार को टीम 49.3 ओवर में 242 रन पर ऑलआउट हो गई। कराची के नेशनल स्टेडियम में खेल जा रहे मुकाबले का टॉस मेजबान टीम के कप्तान मोहम्मद रिजवान ने जीता और बैटिंग चुनी। पाकिस्तान से रिजवान ने 76 बॉल पर 46 रन बनाए। जबकि आगा सलमान ने 65 बॉल पर 45 रनों की पारी खेली। तैय्यब ताहिर ने 38 और बाबर आजम ने 29 रन बनाए। न्यूजीलैंड की ओर से विलियम ओरूर्क ने 4 विकेट झटके। माइकल ब्रेसवेल और मिचेल सैंटनर ने 2-2 विकेट लिए। जैकब डफी और नाथन लायन को एक-एक विकेट मिला। पाकिस्तान के कप्तान मोहम्मद रिजवान और आगा सलमान फिफ्टी बनाने से चूक गए हैं। रिजवान 46 और सलमान 45 रन बनाकर आउट हुए। इससे पहले दोनों ने चौथे विकेट के लिए 120 बॉल पर 88 रन की पार्टनरशिप करके पाकिस्तानी पारी को संभाला। टीम ने 54 रन पर 3 विकेट गंवा दिए थे। यहां बाबर आजम 29 रन बनाकर आउट हुए। उन्हें नाथन स्मिथ ने कॉट एंड बोल्ड किया। आउट होने से पहले बाबर आजम ने वनडे क्रिकेट में 6 हजार रन पूरे किए। वे सबसे तेज 6 हजार रन बनाने के मामले में साउथ अफ्रीका के पूर्व बल्लेबाज हाशिम अमला के बराबर हैं। दोनों बल्लेबाजों ने एक समान 123 पारियों में 6 हजार रन पूरे किए हैं।

## आईसीसी चैंपियंस ट्रॉफी : धवन को नियुक्त किया ब्रांड एम्बेसडर



**नई दिल्ली।** पूर्व भारतीय सलामी बल्लेबाज शिखर धवन को आईसीसी चैंपियंस ट्रॉफी के चार इवेंट एंबेसडर में से एक के रूप में नामित किया गया है। धवन के अलावा पाकिस्तान के 2017 के विजेता कप्तान सरफराज अहमद, ऑस्ट्रेलिया के पूर्व ऑलराउंडर शेन वॉटसन और न्यूजीलैंड के तेज गेंदबाज टिम साउदी भी इस सूची में शामिल हैं। आईसीसी चैंपियंस ट्रॉफी की शुरूआत 19 फरवरी से होने वाली है, और इसके कुछ मुकाबले पाकिस्तान में तो कुछ दुबई में खेले जाएंगे। शिखर धवन, जिन्होंने 2013 में भारत के चैंपियंस ट्रॉफी जीत में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई थी और प्लेयर ऑफ द सीरीज बने थे, ने आईसीसी की एक विज्ञप्ति में कहा, चैंपियंस ट्रॉफी का हिस्सा बनना एक विशेष एहसास है और एक ब्रांड एम्बेसडर के रूप में आगामी सत्र का आनंद लेने का अवसर मिलना एक सम्मान की बात है। उन्होंने आगे कहा, ह्लअगले कुछ हफ्तों में हम दुनिया की सर्वश्रेष्ठ टीमों को आपस में प्रतिस्पर्धा करते हुए देखेंगे, जहां एक गलती या हार उनके सभी प्रयासों को समाप्त कर सकती है।

यह एक ऐसी प्रतियोगिता है जिसमें सब कुछ दांव पर लगा होता है और यही इसे इतना रोमांचक बनाता है।ह्व धवन चैंपियंस ट्रॉफी के इतिहास के सबसे प्रतिष्ठित खिलाड़ियों में से एक रहे हैं। इस टूनार्मेंट में भारत के सबसे ज्यादा रन बनाने वाले खिलाड़ी के रूप में दो सत्रों में 701 रन बनाकर उन्होंने अपनी स्थिति मजबूत की है।

## बैडमिंटन एशिया मिश्रित टीम चैंपियनशिप के क्वार्टर फाइनल में जापान ने भारत को रौंदा

### जापान के दूसरे श्रेणी के खिलाड़ियों से हारे भारतीय भारत का अभियान खत्म



**किंगदाओ।** भारत शुक्रवार को बैडमिंटन एशिया मिश्रित टीम चैंपियनशिप के क्वार्टर फाइनल में जापान से 0-3 से हार गया, इस हार के बाद भारत का अभियान निराशाजनक रूप से समाप्त हो गया। दुबई में 2023 के कांस्य पदक विजेता भारत को जापान के खिलाफ अपनी लय हासिल करने में मुश्किलें आईं, खासकर जब जापान ने अपनी अपेक्षाकृत कमजोर टीम उतारी थी।

क्वार्टर फाइनल के पहले मैच में ध्रुव कपिला और तनीषा क्रैस्टो की मिश्रित युगल जोड़ी को हिरोकी मिदोरिकावा और नात्सु सैतो से हार का सामना करना पड़ा। इसके बाद पीवी सिंधु के चोटिल होने के कारण महिला एकल का दारोमदार मालविका बांसोड़ पर आया गया था, लेकिन उन्हें टोमोका मियाजाकी से 12-21, 19-21 से हार मिली, जिससे भारत 0-2 से पीछे हो गया।

भारत को मुकाबले को बनाए रखने की जिम्मेदारी एचएस प्रणय पर थी, लेकिन वे भी केंटा निशिमोटो से से हार गए। यह हार भारत के लिए इसलिए भी निराशाजनक रही क्योंकि जापान ने अपनी शीर्ष खिलाड़ियों को इस प्रतियोगिता से बाहर रखा था और एक दूसरी श्रेणी की टीम उतारी थी। भारत का यह प्रदर्शन एशिया मिश्रित टीम चैंपियनशिप में एक बड़ा झटका था, जहां उसे मजबूत प्रदर्शन की उम्मीद थी।

## चैंपियंस ट्रॉफी से बाहर हुए यशस्वी, मुंबई के लिए खेलेंगे रणजी का सेमीफाइनल



**नई दिल्ली।** भारतीय क्रिकेट टीम के युवा ओपनर यशस्वी जायसवाल अब रणजी ट्रॉफी सेमीफाइनल में मुंबई के लिए खेल सकते हैं। चैंपियंस ट्रॉफी 2025 के लिए भारतीय टीम में पहले शामिल किए गए जायसवाल को मुख्य स्क्वॉड से हटा दिया गया और ट्रेवलिंग रिजर्व में डाल दिया गया। उनकी जगह स्पिनर वरुण चक्रवर्ती को टीम में मौका दिया गया। इस फैसले के बाद अब जायसवाल रणजी ट्रॉफी में अच्छे प्रदर्शन से एक बार फिर चयनकताओं को प्रभावित करने की कोशिश करेंगे। रणजी ट्रॉफी के सेमीफाइनल में मुंबई का मुकाबला विदर्भ से होगा। यह मुकाबला 17 से 21 फरवरी तक नागपुर में खेला जाएगा। यहां विदर्भ को घरेलू परिस्थितियों का फायदा मिलेगा, लेकिन मुंबई टीम काफी संतुलित है। अजिंक्य रहाणे की कप्तानी वाली इस टीम में सूर्यकुमार यादव जैसे अनुभवी खिलाड़ी भी मौजूद हैं। ऐसे में जायसवाल की मौजूदगी से मुंबई की बैटिंग और मजबूत होगी। जायसवाल ने हाल ही में घरेलू और अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में कई बेहतरीन पारियां खेली हैं।

## जीवन सुधारने के लिए सत्संग जरूरी:उपेंद्र भारद्वाज

**चहनियां।** फुलवरिया स्थित दया करणी माता शुभांगी देवी तस्य पुत्र रामावतार ब्रह्म के पंच दिवसीय श्रृंगारोत्सव व ज्ञान यज्ञ के प्रथम दिवस शुक्रवार को जलभराव के साथ कार्यक्रम की शुरूआत किया गया। जल कलश यात्रा की शुरूआत हाथी घोड़े बैंड बाजे के साथ हुआ।

रामावतार ब्रह्म बाबा के श्रृंगारोत्सव कार्यक्रम में वेदपाठी कर्मकांडी ब्राह्मणों के मन्त्रोंच्चार के बीच जल कलश यात्रा की शुरूआत हुआ। जिसमें बैंड बाजे की धुन पर हाथी घोड़े के साथ हाथ में जल कलश लिये महिलाएं और बालिकाएं चल रही थी। यात्रा फुलवरिया से कैथी होकर बलुआ गंगा घाट पहुंची और गंगा जल लेकर कार्यक्रम स्थल पहुंची। कार्यक्रम के पहले दिन कथा वाचक उपेंद्र भारद्वाज ने सत्संग और यज्ञ की महत्ता पर प्रकाश डालते हुए कहा कि सत्संग ही जीवन सुधार के लिए जरूरी है।

वेदों में यत्र तत्र विभिन्न प्रार्थनाओं के रूप में यज्ञ देव की महिमा का उल्लेख प्राप्त होता है। किसी भी प्रकार की कामना हो, आत्मिक प्रगति, भौतिक प्रगति तथा विश्व के कल्याण की भावना हो, सभी की उपलब्धि यज्ञ द्वारा निश्चय ही होती थी। अतः यज्ञ को जीवन का अभिन्न अंग मानते हुए उसकी नियमित उपासना की जानी चाहिए। इस दौरान अवधेश उपाध्याय, संजय उपाध्याय, मोहन उपाध्याय, हृदय नारायण उपाध्याय सहित पूजा समिति के सैकड़ों लोग उपस्थित रहे।



फुलवरिया स्थित श्री रामावतार ब्रह्म के शृंगार उत्सव में जल कलश यात्रा निकालते श्रद्धालु

## हमारा आंगन हमारे बच्चे कार्यक्रम का आयोजन

**शहाबगंज।** कस्बा स्थित ब्लाक संसाधन केन्द्र पर शुक्रवार को हमारा आंगन हमारे बच्चे कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ विकास खण्ड अधिकारी दिनेश सिंह व खण्ड शिक्षा अधिकारी अजय कुमार ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्ज्वलन कर किया। वहीं बच्चों के द्वारा सरस्वती वंदना एवं स्वागत गीत प्रस्तुत किया। कार्यक्रम में प्रत्येक न्याय पंचायत से पांच निपुण बच्चे बुलाए गए थे जिसमें तीन परिषदीय विद्यालय के व 2 आंगनबाड़ी के बच्चे शामिल थे। वहीं निपुण बच्चों को पुरस्कृत भी किया गया। वहीं दिनेश सिंह ने बच्चों के विकास एवं शिक्षा के बारे में सभी प्रतिभागियों को प्रोत्साहित करते हुए आपसी समन्वय के साथ कार्य करने और बच्चों को निपुण बनाने की अपील की। उन्होंने आगे कहा कि शिक्षा व्यवस्था को व्यवस्थित करने में शिक्षा विभाग एवं विकास विभाग मिल कर कार्य कर रहे है। हमारा आंगन हमारे बच्चे कार्यक्रम की प्रशंसा किया। इस दौरान अजय कुमार, प्रधान रामजीत साहनी ,चंचल कुमार, समद अली, भूपेंद्र कुमार, संतोष त्रिपाठी, विमला देवी, अच्युतानंद त्रिपाठी, आदर्श, शमशेर, राम प्रकाश, अवधेश, आशा देवी, अर्चना, स्नेहलता, लक्ष्मण, पूनम, प्रमिला सहित शिक्षक व आंगनवाड़ी उपस्थिति रहीं।

## बॉलीवुड न्यूज

### 'मेरे हसबैंड की बीवी' ने पांच अवेटेड भारतीय फिल्मों में बनाई जगह




**मुंबई।** 'मेरे हसबैंड की बीवी', एक आगामी क्विर्की कॉमेडी पारिवारिक मनोरंजन, ने आईएमडीबी की शीर्ष 5 सबसे मच अवेटेड भारतीय फि ल्मों और शो में जगह बनाई है। रिलीज से पहले ही, यह कॉमेडी फिल्म फिल्म प्रेमियों के बीच काफी चर्चा बटोर रही है। फिल्म को लेकर लोगों में जो उत्साह है, उसने इसे विक्की कौशल की आने वाली फिल्म 'छावा', सलमान खान की एक्शन फिल्म 'सिकंदर' और सोहम शाह की 'क्रेजी' के साथ आईएमडीबी की सूची में शामिल कर दिया है। आईएमडीबी से मिली यह मान्यता विभिन्न विधाओं में फैली कई फिल्मों के प्रति उत्सुकता और उत्साह को दशार्ती है। मुदस्सर अजीज की 'मेरे हसबैंड की बीवी' ने खास तौर पर रोमांस के साथ कॉमेडी के कारण लोगों का ध्यान खींचा है। फिल्म में अर्जुन कपूर, भूमि पेडनेकर और रकुल प्रीत मुख्य भूमिकाओं में हैं, जबकि हर्ष गुजराल, शक्ति कपूर और डिनो मोरिया ने महत्वपूर्ण भूमिकाएं निभाकर इसका भरपूर समर्थन किया है। 'मेरे हसबैंड की बीवी' हिंदी फिल्म की कॉमेडी विधा में नए आयाम स्थापित करती है, जिसमें ऐसे चुटकुले और हास्य हैं जो दर्शकों को गुदगुदाने का वादा करते हैं।फिल्म के ट्रेलर ने नेटिजन्स को हंसा-हंसा कर लोटपोट कर दिया है और फिल्म की बड़े पर्दे पर रिलीज के लिए माहौल तैयार कर दिया है। ट्रेलर से परे, इसका गाना 'गोरी है कलाइयां' सभी सही कारणों से वायरल हो रहा है, और नेटिजन्स की म्यूज़िक लाइब्रेरी पर राज कर रहा है। वाशु भगनानी और पूजा फिल्म्स द्वारा प्रस्तुत और वाशु भगनानी, जैकी भगनानी और दीपशिखा देशमुख द्वारा निर्मित, 'मेरे हसबैंड की बीवी' 21 फरवरी, 2025 को सिनेमाघरों में आने के लिए पूरी तरह तैयार है।

### 'जादू तेरी नजर' डायन स्लेयर', के साथ गेमिंग ऐप लॉन्च



**मुंबई।** स्टार प्लस एक बार फिर साबित कर रहा है कि मनोरंजन की दुनिया में उससे आगे कोई नहीं! चैनल ने अपने मच अवेटेड सुपरनैचुरल शो ह्यजादू तेरी नजर डायन का मौसम के साथ-साथ इसके गेम ह्यजादू तेरी नजर डायन स्लेयर को भी लॉन्च कर दिया है। मुंबई में आयोजित शो की प्रेस कॉन्फ्रेंस में, इसके लीड एक्टर्स जैन इबाद खान (विहान) और खुशी दुबे (गौरी) ने अपनी मौजूदगी से महफिल जमा दी। इस खास मौके पर सिर्फ ह्यजादू तेरी नजर डायन का मौसम की स्टारकास्ट ही नहीं, बल्कि र३ं१ ढ४२ के दो और चर्चित शो ह्ये रिश्ता क्या कहलाता है और उड़ने की आशा के लीड एक्टर्स भी शामिल हुए। समृद्धि शुक्ला (अभिरा) और रोहित पुरोहित (अरमान) के साथ-साथ कंवर ढिल्लों (सचिन) और नेहा हरसोरा (साइली) ने भी इस इवेंट में हिस्सा लेने के साथ साथ इससे जुडी कई मजेदार एक्टिविटीज में भी भाग लिया। मीडिया से बातचीत के दौरान जैन इबाद खान और खुशी दुबे ने अपने किरदारों, शो की सुपरनैचुरल थीम और विहान और गौरी की रोमांचक यात्रा के बारे में दिलचस्प बातें साझा कीं। इस शो में दर्शकों को जबरदस्त सस्पेंस, रहस्यमयी ट्विस्ट और अंधेरे ताकतों से जूझते किरदारों की एक अनोखी कहानी देखने को मिलेगी। सबसे खास बात यह है कि जैन और खुशी की जोड़ी एक बार फिर स्क्रीन पर साथ नजर आने वाली है, जिससे उनके फैंस काफी एक्साइटेड हैं। दोनों की ऑन-स्क्रीन केमिस्ट्री पहले भी दर्शकों को खूब पसंद आई थी, और इस बार वे एक नई, रोमांचक दुनिया में एक-दूसरे का साथ निभाते दिखेंगे। ह्यजादू तेरी नजर डायन का मौसम दर्शकों को सस्पेंस, जादू और रोमांस से भरी एक रोमांचक यात्रा पर ले जाने के लिए तैयार है! यह शो 18 फरवरी 2025 से स्टार प्लस पर शुरू हो रहा है, जहां हर पल एक नया मोड़, हर जादू एक नई रहस्य और हर रिश्ते में छुपा होगा अनकहा एहसास।

### वैलेंटाइन्स डे पर राधिका मुथुकुमार और दीक्षा धामी ने प्रेम की खूबसूरती को किया साझा





**मुंबई।** वैलेंटाइन्स डे अपनों के प्यार, साथ और दिल से जुड़े रिश्तों का जश्न मनाने का दिन है। ऐसे में शेमारू उमंग के शो 'मैं दिल तुम धड़कन' और 'बड़ी हवेली की छोटी ठकुराईन' की अभिनेत्रियां राधिका मुथुकुमार और दीक्षा धामी ने प्यार से जुड़े अपने भाव को साझा किया। एक ओर राधिका ने प्यार के सही अर्थ को समझाया वहीं दीक्षा ने प्यार बांटने की खूबसूरती को बयां किया। 'मैं दिल तुम धड़कन' में वृंदा की भूमिका निभा रहीं राधिका मुथुकुमार ने अपनी भावनाएँ साझा करते हुए कहा, "प्यार को व्यक्त करना एक खूबसूरत एहसास है। ठीक उसी प्रकार जैसे 'मैं दिल तुम धड़कन' शो में वृंदा के लिए प्यार का मतलब ही उनका बेटा कान्हा है। उनके लिए कान्हा उसकी पूरी दुनिया के समान है और यही प्यार की शक्ति है। यह प्यार एक रिश्ते तक सिमित नहीं है। फिर चाहे वह पति पत्नी, माँ-बच्चे, माता-पिता या अन्य किसी रिश्ते में हो। निजी जीवन में मेरे आसपास मौजूद सभी लोग मेरे लिए बहुत खास हैं। रही बात मेरे जीवनसाथी की तो मेरी अरेंज मैरिज है, लेकिन हमारे बीच का प्यार बहुत अनमोल है। हम सिर्फ पति-पत्नी नहीं, बल्कि एक बहुत अच्छे दोस्त भी हैं और यही हमारे रिश्ते को अटूट बनाता है। मुझे पता है कि वे मुझसे बहुत प्यार करते हैं और यही मेरे लिए सबसे बड़ा गिफ्ट है। रिश्ते में दोस्ती होना बहुत महत्वपूर्ण होता है। हम इस वैलेंटाइन्स डे पर कोशिश करेंगे कि एकसाथ क्वालिटी टाइम बिताएं जो आजके समय में सबसे ज्यादा महत्वपूर्ण है।



यह लाइन राशन लेने के लिए नहीं लगी है, बल्कि आधार कार्ड बनवाने के लिए लोग शुक्रवार की सुबह लगभग 6 बजे से अलफ्टीनगंज के प्रधान डाकघर में खड़े हैं।

# जौनपुर



# सड़क के किनारे कचरे में मिला नवजात, नोंच रहे थे कुत्ते

**शर्मसार**

### शव को कब्जे में लेकर पुलिस आवश्यक कार्रवाई में जुटी

जनसंदेश टाइम्स

**केराकत/सरकी।** मां की ममता पर कैसे समाज की लोकलज्जा भारी पड़ जाती है इसका जीता जागता उदाहरण केराकत में देखा गया। क्षेत्र के शेखजादा मुहल्ले में गुरुवार की देर शाम ममता और मानवता को शर्मसार करने वाला मामला सामने आया है। यहां एक मां ने शिशु को जन्म तो दिया लेकिन खुद ही उसकी जिंदगी भी छीन ली। नवजात को सड़क के किनारे कचरे में छोड़ दिया जिसे आवारा कुत्ते नोंच रहे थे। जानकारी के अनुसार शेखजादा मुहल्ले की तरफ जा रहे रोड के किनारे कचरे में एक नवजात शिशु के हाथ को आवारा कुत्ते नोंचकर खा चुके थे। नवजात का शव क्षत-विक्षत हो चुका था। स्थानीय लोगों की नजर जब उस पर गई तो उन लोगों ने पास में हीं मिट्टी देकर उसे ढ़क दिया। स्थानीय लोगों ने बताया कि कुत्तों की झुंड नवजात के शव नोचने के लिए आपस में उलझ रही थी जिसे देखने के लिए लोगों की भीड़ जमा हो गई। क्षत-विक्षत शव को कुत्तों से बचाकर पास में ही मिट्टी देकर ढ़क दिया गया। कुत्ते को नवजात के शव को नोचते देख जमा भीड़ में महिलाएं जन्म देने वाली अनजान मां को कोसती रही। चारों ओर ममता को शर्मसार होने की चर्चा होती रही। कयास लगाए जा रहे है कि अवैध संबंध से जन्मे बच्चे को पाप समझकर छुपाने के लिए समय पूर्व प्रसव कराकर नवजात को फेंका गया। घटना की सूचना पर पहुंचे कस्बा चौकी प्रभारी राधेश्याम सिंह ने नवजात शिशु के शव को कब्जे में आवश्यक कार्यवाही में जुट गए।



सड़क किनारे फेंका गया नवजात का शव

# बस ने बाइक में मारी टक्कर, महिला की मौत

जनसंदेश टाइम्स

**दु:खद**

### पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा

**शाहगंज।** कोतवाली क्षेत्र अन्तर्गत अयोध्या मार्ग स्थित चिरैया मोड़ के समीप अपने पति व देवर के साथ बाइक पर सवार दवा लेकर घर जा रही महिला की बस की चपेट में आने से मौत हो गयी। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लिया।

आजमगढ़ जनपद के पवई थाना क्षेत्र के सलेमपुर गांव निवासी मोहम्मद शकील पुत्र अब्दुल रऊफ अपने भाई 48 वर्षीय मोहम्मद रफीक पुत्र अब्दुल रऊफ व 42 वर्षीय सरवरी बेगम पत्नी रफीक को बाइक पर बिठाकर शुक्रवार को दवा लेने शाहगंज आया था। दवा लेकर शाम को घर लौट रहा था। जैसे ही अयोध्या मार्ग स्थित चिरैया मोड़ के समीप पहुंचा पीछे से आ रही तेज रफ्तार बस ने बाइक में टक्कर मार दिया जिसके चलते महिला गिरकर बस की चपेट में आ गयी जिससे मौके पर ही उसकी मौत हो गई। वहीं रफीक को गंभीर चोट आई है। स्थानीय लोगों ने दौड़ाकर बस व चालक को पकड़कर पुलिस को सूचना दिया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में ले पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

वहीं घायल पति का उपचार एक निजी नर्सिंग होम में चल रहा है। पुलिस ने चालक समेत बस को कब्जे में ले लिया है। मौत की खबर सुनकर परिजनों मे कोहराम मच गया। मौत की खबर से पति का रो रोकर बुरा हाल हो गया।

# पुलवामा के शहीदों को दी गयी श्रद्धांजलि



जनसंदेश न्यूज

**जौनपुर।** कलेक्ट्रेट परिसर में क्रांति स्तम्भ पर हिंदुस्तान शोसलिस्ट रिपब्लिकन आर्मी एवं लक्ष्मी बाई ब्रिगेड द्वारा पुलवामा के 40 अमर शहीद भारत माँ के वीर जवानो को मोमबत्ती, अगरबत्ती जला कर माला फूल चढ़ाया गया तथा दो मिनट मौन रहकर भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की गयी। ब्रिगेड की अध्यक्ष मंजीत कौर ने कहा कि पुलवामा में जो अमर योद्धाओं की शहादत पूरे देश की आत्मा को झकझोर कर रख दिया जिसमें भारत माँ के लाल के शरीर का एक एक तिनका पोटली में बांधकर लाया गया। पता नहीं चला किस पोटली में किस जवान का हाथ, पैर, सर व धड़ है। उन जवानों के परिजन को उनके अंतिम दर्शन के लिए चेहरा देखने को नहीं मिला। उस माँ को नमन जिनके पास अपार सहनशक्ति है।

हमारे शासन की लापरवाही इस घटना से प्रतीत होती हैं। इस कार्यक्रम की अध्यक्षता वरिष्ठ अधिवक्ता संजय मिश्रा ने किया। इस मौके पर अजय, उषा, मंजू, संतोष, राहुल, राजेश कुमार गुप्ता, अखिलेश, राज पाठक आदि लोग मौजूद रहे।

# जमीन के विवाद में पड़ोसियों ने एक को पीटकर किया घायल

जनसंदेश टाइम्स

**मड़ियाहूं।** स्थानीय कोतवाली क्षेत्र के ताजुद्दीनपुर गांव में शुक्रवार की सुबह मड़हा रखने को लेकर हुए विवाद में मनबढ़ पड़ोसियों ने एक व्यक्ति को पीटकर गंभीर रूप से घायल कर दिया।

ताजुद्दीनपुर गांव निवासी मनोज सोनकर ने कोतवाली में प्रार्थना पत्र देकर बताया कि शुक्रवार को सुबह लगभग 8 बजे उनके पड़ोसी पतालू सोनकर, पप्पू सोनकर, बाबा और राजू आदि ने मिलकर उनकी जमीन में मड़हा रख रहे थे। मना करने पर उक्त लोगों द्वारा लाठी डंडा व टंगारी से मारकर गंभीर रूप से घायल कर दिया गया। पीड़ित द्वारा मामले की सूचना कोतवाली पुलिस को दे दी गई है। इस संबंध में प्रभारी निरीक्षक सत्य प्रकाश सिंह ने बताया कि तहरीर मिली है आवश्यक कार्यवाही की जा रही है।

# टाई नाला क्षतिग्रस्त पुलिया का होगा शीघ्र निर्माण, मिली स्वीकृति

जनसंदेश टाइम्स

**चंदवक।** भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण ने खुज्झी केराकत मार्ग पर स्थित क्षतिग्रस्त टाई नाला पुलिया के निर्माण की स्वीकृति दे दी है। निविदा प्रक्रिया भी पूरी हो चुकी है। कार्यदायी संस्था मेसर्स अयागी बिल्डर्स को प्राधिकरण द्वारा लेटर ऑफ अवार्ड भी जारी किया जा चुका है। इस संबंध में परियोजना निदेशक प्रवीण कुमार कटियार ने पत्र के माध्यम से पूर्वांचल किसान संगठन के किसान नेता अजीत सिंह को अवगत कराया है।

खुज्झी केराकत मार्ग पर स्थित टाई नाले पर बनी पुलिया दो साल पहले क्षतिग्रस्त हो गई थी जिसके कारण भारी वाहनों का आवागमन प्रतिबंधित कर दिया गया था। पुलिया के दोनों तरफ गार्डर लगा दिया गया था। दूर संकेतक न होने के कारण दुघर्टना की बाढ़ आ गई थी। दुर्घटना में कइयों की जान चली गई। पूर्वांचल किसान संगठन के नेता अजीत सिंह ने समस्या से केंद्रीय सड़क परिवहन व राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी व राजमार्ग प्राधिकरण के वरिष्ठ को पत्रक के माध्यम से अवगत कराते हुए क्षतिग्रस्त पुलिया के निर्माण की मांग की। मंत्री के निर्देश पर प्राधिकरण के वरिष्ठ अधिकारियों ने समस्या का संज्ञान लेते हुए क्षतिग्रस्त पुलिया के निर्माण की स्वीकृति प्रदान की। निविदा भी जारी हो गई। निर्माण के लिए मेसर्स अयानी बिल्डर्स को अधिकृत किया गया है। इस संबंध में प्राधिकरण के परियोजना निदेशक वाराणसी प्रवीण कुमार कटियार ने पूर्वांचल किसान संगठन के नेता अजीत सिंह को पत्र के माध्यम से अवगत कराया है कि दुर्घटनाओं को नियंत्रित करने के लिए गार्डर को हटा दिया गया है। दोनों तरफ दूर से ही संकेतक लगा दिए गए हैं। पुलिया निर्माण के लिए निविदा प्रक्रिया पूर्व हो चुकी है। कार्यदायी संस्था मेसर्स अयानी बिल्डर्स को निर्माण के लिए अधिकृत किया गया है। लेटर ऑफ अवार्ड भी जारी कर दिया गया है अतिशीघ्र निर्माण कार्य प्रारंभ होगा।



# प्रेम प्रसंग में किशोरों ने मारी थी युवक को गोली

जनसंदेश टाइम्स

**खुलासा**

### आरोपित तीन किशोरों को गिरफ्तार कर भेजा गया सुधार गृह

**खुटहन।** पटैला मार्ग के तबेला मैदान के पास सेंवई नाला पुल पर तीन दिनों पूर्व साइकिल सवार युवक को बाइक से आये बदमाशों द्वारा जान से मारने की नीयत से तमंचा निकाल कमर पर गोली मारने के मामले में पुलिस ने घटना में शामिल तीन नाबालिग आरोपितों को गिरफ्तार कर पर्दाफाश कर दिया। आवश्यक लिखापढ़ी के बाद पकड़े गए तीनों किशोरों को सुधार गृह भेज दिया गया।

प्रेम प्रसंग में आपसी विद्रोह के चलते घटना को अंजाम दिया गया। मूलरूप से ख्वाजापुर गांव निवासी मुन्नीलाल लगभग छह वर्षों पूर्व रसूलपुर गांव में घर बनाकर परिवार सहित रह रहे हैं। वह सूरत शहर में रहकर प्राइवेट नौकरी करते हैं। उनके दो बेटे और पत्नी घर पर रहते है। गत मंगलवार की सुबह उनका बड़ा पुत्र 22 वर्षीय सचिन मौर्या खेत में तैयार चुकंदर उखाड़ खुटहन मंडी में बेचने गया था। जहां से वह साइकिल से वापस लौट रहा था। उक्त नाले के पुल पर पीछे से आये बाइक पर सवार दो बदमाशों ने उसे ओवरटेक कर रोक लिया था। वह कुछ समझ पाता कि पीछे बैठा बदमाश उसे लक्ष्य कर तमंचा से फायर कर दिया।

गोली कमर में लगते ही सचिन लहुलुहान होकर सड़क पर गिर गया। दोनों बदमाश मौके से फरार हो गए। पुलिस छानबीन के साथ साथ सर्विलांस की मदद से आरोपितों की तलाश में जुटी हुई थी। थानाध्यक्ष दिव्य प्रकाश सिंह ने बताया कि तभी सूचना मिली कि घायल सचिन का एक युवती से प्रेम प्रसंग चल रहा है। जिसे आधार मान छानबीन आगे बढ़ाई गई तो घटना में कई नाम जुड़ते चले गए। पुलिस ने 17 वर्षीय अनुराग उर्फ मंगला, 17 वर्षीय छोटू उर्फ कृष्ण कुमार मिश्रा और 16 वर्षीय प्रिंस यादव निवासीगण रसूलपुर को शुक्रवार की भोर पटैला बाजार से हिरासत में ले लिया। पूछताछ में आरोपितों ने स्वीकार किया कि घायल सचिन का एक युवती से प्रेम प्रसंग चल रहा है। जिसको लेकर उसे कई बार सचेत किया गया था कि वह उसका चक्कर छोड़ दे लेकिन वह माना नहीं। हम लोगों ने उसे हमेशा के लिए हटाने का प्लान बना लिया जिसमें कई लोग शामिल रहे। पकड़े गए आरोपितों में अनुराग घटना के समय बाइक चला रहा था। तमंचा से फायर करने वाला आरोपित अभी फरार बताया जाता है।

## भगाई गई दो किशोरियां बरामद, दोनों अपहर्ता गिरफ्तार

**मड़ियाहूं।** स्थानीय कोतवाली क्षेत्र के एक गांव से लापता दो किशोरियों को पुलिस ने मड़ियाहूं रेलवे स्टेशन से शुक्रवार को बरामद कर दोनों अपहर्ताओं को गिरफ्तार कर लिया है। किशोरी का बयान लेने के बाद महिला पुलिस की अभिरक्षा में मेडिकल मुआयना के लिए भेजा जा गया। ज्ञात हो कि क्षेत्र के एक गांव की किशोरी अपनी नाबालिग मौसेरी बहन के साथ 28 जनवरी को घर से लापता हो गई थी। घर वालों के काफी खोजबीन के बाद दोनों का कहीं पता नहीं चला। थक हार कर किशोरी की मां ने पुलिस में अज्ञात लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया। पुलिस टीम बनाकर तलाश में जुटी थी। सुबह मुखबिर से सूचना मिली कि गायब दोनों किशोरियां व अपहर्ता मड़ियाहूं रेलवे स्टेशन पर मौजूद हैं और कहीं भागने की फिराक में है। सूचना की पुष्टि होने के बाद प्रभारी निरीक्षक सत्य प्रकाश सिंह हमराही पुलिस कर्मियों के साथ रेलवे स्टेशन पर पहुंचकर 12:40 बजे सभी को गिरफ्तार कर लिया। किशोरियों का बयान दर्ज करने के बाद मेडिकल के लिए महिला पुलिस की अभिरक्षा में जिला अस्पताल भेजा गया। वहीं दोनों अपहरणकर्ता प्रिंस यादव पुत्र दिनेश यादव निवासी बेलवा व शैलेश यादव पुत्र अखिलेश यादव निवासी बेलवा का चालान न्यायालय भेजा गया।

# हर्षोल्लास पूर्वक मनाया गया केडी इंटर कॉलेज का वार्षिकोत्सव



**खेतासराय।** नगर के केडी इण्टर कालेज का वार्षिकोत्सव शुक्रवार को हर्षोल्लास पूर्वक मनाया गया। छात्रों ने कई रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किया। मुख्य अतिथि रहे प्रदेश के राज्यमंत्री स्वतंत्र प्रभार गिरीश चंद्र यादव ने छात्रों की प्रतिभा की सराहना की। उन्होंने पत्रकार राजेन्द्र सोनी स्मृति भवन का लोकार्पण करने के पश्चात कहा कि यह भवन विद्यालय की शिक्षा और सामाजिक विकास का नया अध्याय खोलेगा।

छात्रों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा और बेहतर संसाधन उपलब्ध कराना हमारी प्राथमिकता है। प्रधानाचार्य नीतू सेठ ने वार्षिक रिपोर्ट प्रस्तुत करते हुए पिछले वर्ष की उपलब्धियों पर प्रकाश डाला। प्रबंध निदेशक डा. नीरज सोनी आभार व्यक्त किया। इससे पहले सांस्कृतिक कार्यक्रम का शुभारंभ सरस्वती वंदना से हुआ। छात्राओं ने नृत्य, गीत, नाटक समेत अनेक सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत कर दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। इस मौके पर अनिल कुमार उपाध्याय, धर्मेंद्र मिश्रा, मनीष धर्मरक्षक, संजय विश्वकर्मा, जगदम्बा पांडेय, कपूर चंद्र जायसवाल, दिनेश कुमार गुप्ता, सुनीता मिश्रा आदि मौजूद रहे।

# डीएम ने लेखपाल संघ भवन का किया उद्घाटन



**जौनपुर।** जिलाधिकारी डा. दिनेश चन्द्र ने तहसील सदर में बने लेखपाल संघ भवन का शुक्रवार को उद्घाटन किया। इस अवसर पर जिलाधिकारी द्वारा दीप प्रज्जवलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। जिलाधिकारी ने निर्देशित किया कि सार्वजनिक भूमि को अतिक्रमण मुक्त कराकर नेपियर घास बोई जाए जिससे मुख्यमंत्री की प्रेरणा से गौशालाओं में और उत्कृष्ट व्यवस्था सुनिश्चित की जा सके। जिलाधिकारी ने लेखपालों को यह भी निर्देशित किया कि अपने अपने क्षेत्रों में खाली जमीनो पर नैपियर घास बोये जाये। जिलाधिकारी ने कहा कि प्रत्येक व्यक्ति को गरिमा पूर्ण ढंग से कार्य करने और बैठने के लिए एक स्थान की आवश्यकता होती है। जनपद में लेखपाल संघ भवन का जीर्णोद्धार कराया गया है उसका आज लोकार्पण किया गया जहां पर लेखपाल बैठकर जनता की सुनवाई करेंगे और सरकार की मंशा के अनुरूप त्वरित रूप से उनकी समस्याओं को निस्तारित करेंगे। इस दौरान जिलाधिकारी ने पौधरोपण भी किया। इस अवसर पर लेखपाल संघ के प्रदेश अध्यक्ष राम मूर्ति यादव, उप जिलाधिकारी सदर पवन कुमार सिंह, तहसीलदार सौरभ कुमार, नायब तहसीलदार, बेसिक शिक्षा अधिकारी डॉ. गोरखनाथ पटेल सहित अन्य उपस्थित रहे।

## ट्रेन से गिरकर महिला की मौत, देवर घायल

**जफराबाद।** स्थानीय रेलवे स्टेशन पर गुरुवार की रात में ट्रेन से गिरकर एक वृद्ध महिला की मौत हो गयी तथा उसको बचने में देवर भी गिरकर घायल हो गया। बिहार के मुजफ्फरपुर जनपद करजा थाना क्षेत्र के रक्षा गांव निवासी एक 13 लोग जिनमे महिला व पुरूष शामिल थे यह सभी लोग महाकुंभ स्नान करके वाराणसी काशी विश्वनाथ का दर्शन पूजन किया। उसके बाद महाकुंभ स्पेशल ट्रेन से अयोध्या धाम दर्शन करने जा रहे थे। ट्रेन जफराबाद जंक्शन पर आकर खड़ी हुई। उसी समय 60 वर्षीया फुला देवी ट्रेन से नीचे उतर गयी। जब ट्रेन चलने लगी तो वह ट्रेन में चढ़ने लगी। उनको चढ़ता देखकर उनके देवर जगदेव महतो उन्हें अंदर खींचने का प्रयास करने लगे अचानक जगदेव भी फुला देवी को ट्रेन में चढ़ाने के चक्कर गिर पड़े। फुला देवी तथा जगदेव प्लेटफार्म पर गिरकर घायल हो गए। आरपीएफ चौकी इंचार्ज प्रदीप सिंह ने दोनों को जिला चिकित्सालय भेजवाया वहां पर चिकित्सक ने फुला देवी को मृत घोषित कर दिया व देवराज का उपचार चल रहा है।

# दबंगों ने ढहाई चहारदीवारी लाखों रुपये का नुकसान

जनसंदेश टाइम्स



**मुंगराबादशाहपुर।** थाना क्षेत्र के गरियांव बाजार में गुरुवार की रात को दबंगों ने चहार दीवारी ढ़हा दी जिससे गांव में हड़कंप मच गया। सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची और बिना किसी कार्यवाही के वापस लौट आई। पीड़ित ने पुलिस अधीक्षक से कार्रवाई की मांग की है।गरियांव बुढंसापुर निवासी विजय जायसवाल ने बताया कि वह रोजी रोटी के सिलसिले में गुजरात में रहते हैं। गरियांव बाजार में उन्होंने तीन माह पूर्व कुछ जमीन खरीदी थी। एक सप्ताह पूर्व वह उस जमीन पर चारों तरफ बाउंड्री वाल कराई और दरवाजा लगा दिया। आरोप है कि गांव का एक दबंग व्यक्ति मुझसे दो लाख रुपए रंगदारी मांगने लगा। मैंने देने से मना कर दिया तो गुरुवार की रात दबंग ने अपने साथियों के साथ मिलकर मेरी बाउंड्री वाल को गिरा दिया और सब कुछ तहस नहस कर दिया रात में ही भागकर मौके पर पहुंचा तो देखा कि पूरी चहार दीवारी ढ़हा दी गई थी। एज्बेस्टर सीट को भी तहस नहस कर दिया गया था। घटना की सूचना पुलिस को दी गई तो थानाध्यक्ष विनोद कुमार मिश्र मौके पर पहुंचे और घटना की जानकारी ली। पीड़ित का आरोप है कि पुलिस ने कोई कार्रवाई नहीं कि और वापस लौट आई। पीड़ित ने पुलिस अधीक्षक से दबंगों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है। इस बाबत थानाध्यक्ष विनोद कुमार मिश्र का कहना है कि मामला संज्ञान में आते ही मौके पर पहुंचा। मामले की जांच की जा रही है। आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी।

## संक्षेप

### पुलिस टीम ने गुम हुए दो मासूम बच्चों को घंटे भर में किया बरामद

**मुंगराबादशाहपुर।** पुलिस टीम ने गुरुवार को एक घंटे के अंदर दो मासूम बच्चों को बरामद कर लिया और उनके परिजनों को सौंप दिया। पुलिस की लोग प्रशंसा कर रहे हैं। पुलिस टीम द्वारा प्रभारी निरीक्षक विनोद कुमार मिश्रा के कुशल नेतृत्व में गुरुवार को नगर से गुम दो बच्चे बानी सोनी पुत्री रवि उम्र करीब चार वर्ष व नित्या गुप्ता पुत्री गुड्डू उम्र करीब चार वर्ष को एक घंटे से कम समय में ही खोज कर उनके परिजनो को सुपुर्द कर दिया। बरामद करने वाली पुलिस टीम में प्रभारी निरीक्षक विनोद कुमार मिश्रा, हे.का. जितेन्द्र पाण्डेय, म.का. अल्का द्विवेदी आदि शामिल रहीं।

### ऑटो व बाइक की टक्कर में तीन घायल

**मड़ियाहूं।** स्थानीय कोतवाली क्षेत्र के दिलावरपुर गौशाला के पास इटायें रोड पर शुक्रवार को बाइक व टेंपो की आमने-सामने हुई भिड़ंत में तीन लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। बताया जाता है कि नेवढ़िया थाना क्षेत्र के बनेवरा गांव निवासी लाल बहादुर पुत्र दूधनाथ 55 वर्ष व नेवढ़िया थाना क्षेत्र के धनेथू गांव निवासी आशीष सोनकर 25 वर्ष टेंपो से बैठकर मड़ियाहू की तरफ आ रहे थे। जैसे ही टेंपो दिलावरपुर स्थित गौशाला के पास पहुंचा था विपरीत दिशा से आ रही बाइक से जोरदार टक्कर हो गई जिससे टेंपो में बैठे लाल बहादुर, आशीष सोनकर व बाइक चालक गंभीर रूप से घायल हो गए। लाल बहादुर व आशीष सोनकर को 102 एंबुलेंस से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ले जाया गया जहां से दोनों को प्राथमिक उपचार के बाद जिला चिकित्सालय रेफर कर दिया गया। बाइक चालक को उसके परिजन किसी निजी अस्पताल में उपचार करवा रहे हैं।

### युवक को लाठी डंडे से पीटा

**गौराबादशाहपुर।** थाना क्षेत्र के खलसहा गांव में बुधवार की देर रात आयोजित रविदास जयंती कार्यक्रम में पहुंचे दो व्यक्तियों ने एक युवक को लाठी डंडे से पीट दिया। जिसमे पुलिस ने दोनों के विरुद्ध एससी एसटी एक्ट का मुकदमा दर्ज कर लिया। पुलिस के मुताबिक थाना क्षेत्र के खलसहा गांव में बीते बुधवार की देर रात रविदास जयंती कार्यक्रम मनाया जा रहा था। इस दौरान गांव का प्रमोद यादव एक और व्यक्ति के साथ कार्यक्रम स्थल पर पहुंच गया, उसने कार्यक्रम में मौजूद दीपक कुमार को भद्दी- भद्दी जाति सूचक शब्दो का इस्तेमाल करते हुए गाली-गलौज देने लगा। जिस पर दीपक कुमार (21) ने विरोध जताया तो उसे प्रमोद व सतई मिलकर लाठी डंडी से मारपीट दिया। गुरुवार को दीपक कुमार थाने पर पहुचकर तहरीर दिया। जिसमें पुलिस ने प्रमोद यादव व सतई यादव के विरूद्ध एससी एसटी एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज कर लिया।

### मोबाइल छिनैती का शिकार थाने का लगा रहा चक्कर

**सुइथाकला।** क्षेत्र के सुइथाकला गांव में बुधवार देर शाम मोबाइल छिनैती का शिकार हुआ पीड़ित व्यक्ति प्रार्थना पत्र लेकर दो दिनों से थाने का चक्कर लगा रहा है। आरोप है कि पुलिस मामले को दर्ज करने में हीलाहवाली कर रही है। बताया जा रहा है कि सुइथाकला (जूड़ापुर) गांव निवासी नन्हे चौबे बुधवार देर शाम लगभग पौने आठ बजे मुख्य बस्ती से साइकिल पर सवार होकर अपने घर जूड़ापुर जा रहे थे। अभी वे चमनतारा पोखरे के पास पहुंचे ही थे कि पीछे से एक बाइक पर सवार होकर आए दो बदमाश उनका मोबाइल छीनकर जूड़ापुर की तरफ फरार हो गए। हालांकि पीड़ित की चीख-पुकार सुनकर बड़ी संख्या में ग्रामीण घटनास्थल पर जमा हो गए और बाइक सवारों का पीछा किए, लेकिन उनका कहीं पता नहीं चला।

### बाटी चोखा में साइकिल नदारद

**सुइथाकला।** क्षेत्र में सारी जहांगीर पट्टी गांव में बाटी चोखा के दौरान गांव निवासी गौड़ परिवार से साइकिल नदारद हो गई। साइकिल नदारद देख परिवार वाले सन्न रह गए। गांव निवासी दशरथ गौड़ का परिवार गुरुवार देर शाम घर में बाटी चोखा बनाने में लगा हुआ था। उसी समय उनका लड़का कहीं से आकर साइकिल दरवाजे पर खड़ी कर घर के अंदर गया, तभी उसकी साइकिल किसी ने नदारद कर दी। साइकिल नदारद होने की जानकारी होते ही समूचा परिवार सन्न रह गया। हालांकि खोजबीन के दौरान घटना के दूसरे दिन गांव के ही एक तालाब में साइकिल फेंकी मिली।

### लोकतंत्र में क्षत्रिय राज्य संवर्धन आवश्यक क्यों :अंबिका

**गौराबादशाहपुर।** जनपद जौनपुर के ग्राम सभा चिरैयाडीह में प्रदेश अध्यक्ष प्रमोद सिंह के आवास पर क्षत्रिय विकास संस्थान के संरक्षक एवं क्षत्रिय करणी सेना के राष्ट्रीय सलाहकार डा.आद्या प्रसाद सिंह के मार्गदर्शन एवं क्षत्रिय विकास संस्था के प्रदेश प्रभारी डा. जयसिंह राजपूत के नेतृत्व में बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता कर रहे अंबिका सिंह चौहान एडवोकेट द्वारा कहा गया कि लोकतंत्र में क्षत्रिय राज्य संवर्धन तभी संभव है जब मुगलशासन काल में विस्थापित हुए पूर्वांचल में बसे क्षत्रियों को पुनः क्षत्रिय समाज की मुख्य धारा में समाहित किया जाय। क्योंकि इनकी संख्या लगभग 5 से 7 करोड़ है जो आज भी विस्थापित जीवन जीने के लिए मजबूर है। उन्हें ससम्मान अपना कर ही क्षत्रिय राज्य संवर्धन का सपना पूरा किया जा सकता है। इस अवसर पर प्रदेश उपाध्यक्ष सभाजीत सिंह ऋषिबंसी, विनोद सिंह मास्टर, देवानंद सिंह परमार, पन्नालाल सिंह चौहान, आशीष मिश्रा आदि लोग उपस्थित रहे।

### दो बाइकों की टक्कर में एक घायल

**जफराबाद।** क्षेत्र के जौनपुर-केराकत मार्ग पर सरैयां मोड़ पर शुक्रवार की सुबह दो बाइकों की टक्कर हो गयी जिसमें एक बाइक सवार घायल हो गया। घटना के बाद दूसरा बाइक सवार मौके से भाग निकला। केराकत क्षेत्र के कदहरा गांव निवासी त्रिलोकी सिंह अपनी बाइक से किसी कार्य के लिए जौनपुर शहर की तरफ जा रहे थे। उक्त मोड़ के पास विपरीत दिशा से आ रहे एक तेज रफ्तार बाइक सवार ने सामने से उनकी बाइक में टक्कर मार दिया। टक्कर लगने से त्रिलोकी सिंह (43 वर्ष) बाइक सहित गिरकर घायल हो गए। स्थानीय लोगों ने उन्हें इलाज के लिए सीएचसी मुफ्तीगंज भेजवाया।

### कुंभ से लौट रही कार अनियंत्रित होकर गड्ढे में गिरी, बाल बाल बच्चे यात्री

**जफराबाद।** लाइन बाजार क्षेत्र में शुक्रवार दोपहर को एक बड़ा हादसा होते-होते टल गया। वाराणसी-लखनऊ राष्ट्रीय राजमार्ग पर शिवापार गांव के पास कुंभ से लौट रही एक कार अनियंत्रित होकर गड्ढे में जा गिरी। हादसे में कार में सवार सभी 5 यात्री बाल-बाल बच गए। जानकारी के अनुसार उत्तराखंड से आए श्रद्धालु प्रयागराज कुंभ के दर्शन के बाद बाबा विश्वनाथ के दर्शन के लिए वाराणसी जा रहे थे। शिवापार गांव के पास कार अचानक अनियंत्रित हो गई और सड़क किनारे बने गड्ढे में जा गिरी। स्थानीय लोगों की मदद से सभी यात्रियों को कार से बाहर निकाला गया। हादसे में सभी यात्रियों को मामूली चोटें आईं। घटना की सूचना मिलते ही स्थानीय पुलिस मौके पर पहुंची और यात्रियों को प्राथमिक चिकित्सा की व्यवस्था की गई। पुलिस ने बताया कि सभी यात्री सुरक्षित हैं और उन्हें मामूली चोटें आई हैं। यात्रियों का इलाज कराने के बाद उन्हें उनके गंतव्य के लिए रवाना कर दिया गया।

### युवती को गहना व नकदी सहित भगाने वाले पर मुकदमा दर्ज

**जफराबाद।** क्षेत्र के जमैथा गांव निवासी युवती को एक युवक पर दो लाख का गहना तथा 30 हजार नकद सहित भगा ले जाने का मुकदमा दर्ज किया गया। वहीं थाने पर पहुंची युवती ने परिजनों के विरुद्ध बयान दिया।उक्त गांव निवासी विशाल विश्वकर्मा ने तहरीर में आरोप लगाया कि कुंभापुर जमालापुर गांव निवासी जितेंद्र विश्वकर्मा पुत्र बब्बन विश्वकर्मा छह फरवरी को मेरे घर आया था। जब वह आया तब घर में कोई नहीं था। उसका फायदा उठाकर वह मेरी बहन प्रियंका को बहला फुसलाकर दो लाख का गहना तथा 30 हजार रुपये सहित भगाकर ले गया। थाना प्रभारी जयप्रकाश यादव ने बताया कि विशाल विश्वकर्मा की तहरीर पर उक्त युवक पर मुकदमा दर्ज हुआ है परन्तु थाने पहुंची युवती ने कहा कि वह युवक के साथ कोर्ट में शादी कर चुकी है और सारे आरोप गलत हैं।

### खादी ग्रामोद्योग की एक दिवसीय कार्यशाला का हुआ आयोजन

**खेतासराय।** शाहगंज सोंधी ब्लाक सभागार में शुक्रवार को बीडीओ पीयूष कुमार त्रिपाठी की अध्यक्षता में खादी ग्रामोद्योग बोर्ड की ओर से स्वरोजगार हेतु एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। जिसमें प्रतिभागियों को विभाग की ओर से संचालित समस्त रोजगार परक एवं लाभार्थी परक योजनाओं की विस्तृत जानकारी दी गई। जिला ग्रामोद्योग अधिकारी विनोद कुमार सिंह ने प्रतिभागियों को जागरूक करते हुए प्रधानमंत्री रोजगार सृजन कार्यक्रम, मुख्यमंत्री ग्राम उद्योग रोजगार योजना, मुख्यमंत्री माटी कला रोजगार योजना के बारे में जानकारी दी। बताया कि इन योजनाओं में ऋण देने की प्रक्रिया अन्य बैंकों से सरलीकरण द्वारा ऋण वितरण किया जाएगा। उन्होंने उपस्थित लोगों से उद्योग के बारे में गंभीरता से विचार करने और योजनाबद्ध तरीके से इकाई स्थापित करने की उपस्थिति लोगों से अपील की। कार्यशाला में एडीओ पंचायत रमेश कुमार यादव, संदीप दिवेदी, एडीओ एसटी राकेश कुमार सिंह, दीपक कुमार सोनी, विनोद पाण्डेय, विनोद मौर्य, सचिव संतोष कुमार, विपिन यादव, संजय यादव, विनोद कुमार, कमलाकांत, विजय कुमार गौड़ आदि मौजूद रहे।

## संक्षेप

### औचक निरीक्षण कर राज्य महिला आयोग के सदस्य ने परखी हकीकत

**भदोही।** राज्य महिला आयोग के सदस्य प्रतिभा कुशवाहा ने शुक्रवार को जिला कारागार, महाराजा चेतसिंह राजकीय चिकित्सालय, वृद्धा आश्रम, आंगनवाड़ी केंद्र व कस्तूरबा गांधी आवासीय बालिका विद्यालय, वाहिदा नगर का निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया व सम्बंधित को जरूरी दिशा निर्देश दिया। जिला कारागार के निरीक्षण के दौरान 05 महिला बन्दी संरक्षित रही। महिला बन्दियों का स्वास्थ्य परीक्षण, भोजन एवं कपडों की सुविधा के बारे में जानकारी ली गयी। जिला जेल में साफ-सफाई आदि की व्यवस्था उत्तम पाई गयी। जिला कारागार के निरीक्षण के पश्चात महिला आयोग की सदस्य ने महाराजा चेतसिंह राजकीय चिकित्सालय, ज्ञानपुर में इमरजेंसी व विभिन्न वार्डों का निरीक्षण किया। जहां पूछने पर जानकारी मिली डॉक्टरों द्वारा बाहर की दवा लिखी जाती है, जो एक गम्भीर विषय है। तद्पश्चात सदस्या द्वारा वृद्धा आश्रम, खरहटी मोहाल, गोपीगंज का निरीक्षण किया। विकास खण्ड डीघ के आंगनबाड़ी केन्द्र, दरवासी के औचक निरीक्षण के दौरान पांच गर्भवती महिलाओं को गोद भराई कर फल एवं मिठाई दी गयी एवं कस्तूरबा गांधी आवासीय बालिका विद्यालय, वाहिदा नगर को निरीक्षण कर बच्चों को फल-मिठाई आदि दी गयी थी।

### जनता दर्शन में आए फरियादियों की एसपी ने सुनी समस्याएं

**भदोही।** प्रतिदिन की जा रही जनसुनवाई के क्रम में शुक्रवार को अभिमन्यु मांगलिक, पुलिस अधीक्षक भदोही द्वारा जनता दर्शन में आये फरियादियों की समस्याएं और शिकायतों को सुना गया। जनसुनवाई के दौरान प्राप्त शिकायतों के शीघ्र एवं गुणवत्तापूर्ण निस्तारण हेतु सम्बन्धित को आदेशित किया गया। एसपी द्वारा सभी थाना प्रभारियों को निर्देशित किया गया कि जनसुनवाई, महिला हेल्पडेस्क को और अधिक प्रभावशाली बनाये ताकि शिकायतकर्ता को अनावश्यक रुप से अपने थाने से पुलिस कार्यालय आने की आवश्यकता न हो। साथ ही जिस समस्या का समाधान थाना स्तर से हो सकता है उनका समाधान थाना स्तर पर ही समयबद्ध, गुणवत्तापूर्ण निस्तारण प्राथमिकता के आधार पर कराना सुनिश्चित करें। इसी क्रम में जनपद के समस्त राजपत्रित अधिकारीगण व थाना प्रभारियों द्वारा कार्यालय और थाना पर जनसुनवाई करते हुए प्राप्त जन शिकायतों का त्वरित निस्तारण सुनिश्चित कराया जा रहा है।

### गुनाहों से तौबा कर मगफिरत के त्योहार शबेबरात पर रात भर लोगों ने की इबादत

**भदोही।** गुनाहों से तौबा और पुरखों के लिए प्रार्थना करने वाला पर्व शबे बरात गुरुवार को अकीदत व एहतराम के साथ मनाया गया। पर्व के मद्देनजर मुस्लिम बाहुल्य मोहल्लों में दिन भर चहल पहल रही। अधिकांश लोगों ने रोजा रखा। सुबह से ही घरों में पर्व के विशेष पकवान हलुआ आदि बनाने में महिलाएं जुट गई थीं। शाम तक नजरों नियाज का सिलसिला जारी रहा। कब्रस्तानों व बुजुर्गों के आस्तानों पर फातेहा पढने का क्रम रात भर चलता रहा। घरों व मस्जिदों में लोग रात भर इबादत में जुटे रहे। परंपरा के अनुसार कुछ मस्जिदों को भी सजाया गया था। नगर पालिका की ओर से शहर के लगभग सभी मजारों पर सजावट की गयी थी। शाम को बाद नमाज मगरिब शहर के प्रमुख आस्तानों तकिया कल्लन शाह, जानू शहीद बाबा, औराई रोड स्थित नाबीना शाह बाबा, लाइन शाह बाबा, मर्यादपट्टी स्थित कुतुब भदोही, जाहिदपुर स्थित जाहिद शाह बाबा, कजियाना स्थित हाजी अब्दुल वहाब चरमपोश बाबा, आलमपुर स्थित आलम शहीद बाबा, मीरा शहीद बाबा के आस्तानों पर लोगों का देर रात तक आवागमन बना रहा। पर्व के मद्देनजर प्रशासन द्वारा सुरक्षा व्यवस्था चाक चौबंद की गई थी। लगभग सभी कब्रस्तानों, मस्जिदों, आस्तानों के पास पुलिस की ड्यूटी लगाई गई थी। कोतवाल अश्वनी त्रिपाठी हमराहियों के साथ पूरी मुस्तैदी के साथ क्षेत्रों में दौरा करते रहे।

### सात समंदर पार प्यार की जीतः शीतला माता मंदिर में दो प्रेमी जोड़ों ने रचाई शादी

**ज्ञानपुर।** भदोही जनपद में प्रेम और समर्पण की एक अनोखी मिसाल देखने को मिली, जहां सात समुंदर पार से शुरू हुई प्रेम कहानी ने शीतला माता मंदिर में शादी के रूप में अंजाम पाया। समाजसेवियों और स्थानीय लोगों की मौजूदगी में दो प्रेमी जोड़ों ने विधि-विधान से शादी कर अपने रिश्ते को सामाजिक मान्यता दी। बता दें कि शीतला माता मंदिर में यह शादी न्यायिक मानवाधिकार परिषद के मंडल अध्यक्ष आशुतोष कुमार मिश्रा और समाजसेवी रमेश चंद प्रजापति उर्फ सलई की देखरेख में संपन्न हुई। दोनों समाजसेवियों ने कहा कि कन्यादान महादान होता है। यह हमारा सौभाग्य है कि हमें इन प्रेमी जोड़ों के मिलन में भागीदार बनने का अवसर मिला। उन्होंने आगे कहा कि प्रेम और समाज सेवा का यह संगम अनमोल है, और ऐसे प्रयासों से समाज में सकारात्मक संदेश जाता है। यह शादी न केवल एक रिश्ते की नई शुरूआत है, बल्कि यह भी दिखाती है कि प्यार की कोई सीमा नहीं होती।

# सदलूबीर बाजार के ग्रामीणों ने कलेक्ट्रेट पर किया प्रदर्शन, समर्थन में उतरी कांग्रेस

जनसंदेश न्यूज



**भदोही।** राष्ट्रीय राजमार्ग 731 बी के चौड़ीकरण हेतु भूमि अधिग्रहण किया जा रहा है। इसी क्रम में हरिकरनपुर गांव के सदलूबीर बाजार के कुछ ग्रामीणवासियों ने अधिकारियों पर दोहरे मापदंड का आरोप लगाते हुए कलेक्ट्रेट पर प्रदर्शन किया व पत्रक देकर जिलाधिकारी से न्याय की गुहार लगायी ग्रामीणों का कलेक्ट्रेट पर कांग्रेस के जिलाध्यक्ष राजेन्द्र दुबे राजन के नेतृत्व में जिला कांग्रेस कमेटी के पदाधिकारियों ने भी समर्थन दिया।

बाजारवासियो ने बताया कि लगभग 6 माह पूर्व राष्ट्रीय राजमार्ग के अधिकारियों द्वारा मकानो पर जमीन अधिग्रहण हेतु चिन्हित कर दी गई थी, लेकिन एक सप्ताह पूर्व दोबारा निशान लगाया गया, जिसमे सडक के मध्य भाग को केंद्र न मानकर उत्तरी छोर पटरी पूरी तरह से खाली छोडकर चौडीकरण हेतु निशान लगाया गया, जिसमे पीडितो का पूरा मकान भूमि अधिग्रहण मे चला गया है। शुक्रवार को पीडित लोगो के साथ जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष डॉक्टर राजेंद्र कुमार दूबे राजन कांग्रेसी नेताओं के साथ जिला मुख्यालय पहुचकर अपर जिलाधिकारी को पत्रक सौपकर कर पीडितो के साथ न्याय करने की मांग की। इस अवसर पर त्रिलोकी नाथ बिंद, वसीम अंसारी, राजेंद्र मोदनवाल, ओमप्रकाश, राजेश कुमार, विद्या गुप्ता, रमेश मोदनवाल, सुशीला, रेनू देवी, महेन्द्र कुमार, राजेश्वर दुबे, त्रिलोकी नाथ बिंद, नाजिम अली, सरफराज अहमद, शक्ति मिश्रा इत्यादि लोग रहे।

# छात्रा में प्रिया यादव और छात्र में विवेक राजभर बने चैंपियन



समारोह

### डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी राजकीय महाविद्यालय, भदोही के दो दिवसीय वार्षिक क्रीड़ा समारोह का समापन

**भदोही।** डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी राजकीय महाविद्यालय, भदोही में चल रहे दो दिवसीय वार्षिक क्रीडा समारोह का समापन शुक्रवार को प्राचार्य प्रो. शाहिद परवेज के मार्गदर्शन और क्रीड़ा प्रभारी बृजेश कुमार के नेतृत्व में सम्पन्न हुआ।

जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में प्रो रमेश चंद्र यादव, प्राचार्य, काशी नरेश राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय ज्ञानपुर शामिल हुए। मुख्य अतिथि ने खेलों के माध्यम से जीवन मे, परिवार में, समाज में अनुशासन स्थापित करते हुए एक दूसरे के सहयोग से आगे बढ़ने और लक्ष्य प्राप्ति के लिए प्रेरित किया। क्रीड़ा प्रभारी बृजेश कुमार ने वार्षिक खेल रिपोर्ट प्रस्तुत करते हुए बताया कि रिले रेस छात्र वर्ग में प्रथम स्थान जतन कुमार विश्वकर्मा, छात्रा वर्ग में प्रथम स्थान नेहा यादव, 400 मीटर दौड़ छात्र वर्ग में विवेक कुमार राजभर और छात्रा वर्ग में प्रथम स्थान नेहा यादव, ऊंची कूद छात्र वर्ग में सौरभ तिवारी, छात्रा वर्ग में शालू कनौजिया ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। 100 मीटर दौड़ छात्रा वर्ग में प्रथम स्थान ज्योति यादव, छात्र वर्ग में विवेक कुमार राजभर चैंपियन बने। क्रीड़ा समारोह के आयोजन में डॉ अनुराग सिंह, डॉ माया, डॉ राजकुमार सिंह यादव, डॉ अनीश कुमार मिश्र, डॉ सुजीत कुमार सिंह, आशीष जायसवाल, डॉ भावना सिंह, डॉ विनोद भारती, डॉ अंकिता तिवारी, डॉ अमित तिवारी, पूनम द्विवेदी, ऋत्विक रंजन सिंह के साथ-साथ कर्मचारियों आदि की महती भूमिका रही। कार्यक्रम का संचालन डॉ रुस्तम अली और डॉ शिखा तिवारी ने किया।

### शारदा संगोष्ठी व विद्यालय वार्षिकोत्सव का भव्य आयोजन

**भदोही।** प्राथमिक विद्यालय फत्तूपुर विकासखंड भदोही में शारदा संगोष्ठी व विद्यालय वार्षिकोत्सव का भव्य आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ करते हुए खंड शिक्षा अधिकारी चंद्रशेखर आजाद ने कहा कि सरकारी विद्यालय गुणवत्तापूर्ण शिक्षा बच्चों की देखभाल में बड़ा मुकाम हासिल कर रहे हैं। आज बहुतायत लोग विद्यालय की व्यवस्थाओं से संतुष्ट हैं। इस अवसर पर विद्यालय के बच्चों ने अपने शिक्षकों के निर्देशन में सांस्कृतिक एवं समाज को संदेश देने वाले कार्यक्रमों की प्रस्तुति दी। जिसमें स्वच्छता अपनाओ बीमारी भगाओ, हाथ धुलाई के फायदे, घर नहीं रहना है हमें पढ़ना है पर आधारित लघु नाटिका प्रस्तुत किया। बच्चों ने वर्किंग मॉडल का प्रस्तुतिकरण कर चंद्र ग्रहण, सूर्य ग्रहण, पोषक तत्व, अंग्रेजी वार्तालाप का डेमो दिया। विद्यालय द्वारा स्कूल हर दिन आए के महत्व एवम ड्रॉप आउट न होने देने के लिए अभिभावकों को प्रेरित एवं जागरुक किया। इस अवसर पर कक्षाध्यापक को भी विद्यालय प्रबन्ध समिति द्वारा उनके उल्लेखनीय योगदान हेतु सम्मानित किया गया।

## संक्षेप

### ओपन स्टेट आमंत्रण सीनियर पुरुष कबड्डी प्रतियोगिता का आयोजन

**जौनपुर।** उप क्रीड़ा अधिकारी ने अवगत कराया है कि खेल निदेशालय उ.प्र. लखनऊ के निर्देश के क्रम में क्षेत्रीय खेल कार्यालय, देवीपाटन मण्डल, गोण्डा के तत्वावधान में ओपन स्टेट आमंत्रण सीनियर पुरूष कबड्डी प्रतियोगिता का आयोजन 20 से 22 फरवरी तक जवाहर लाल नेहरू स्पोर्ट्स स्टेडियम देवीपाटन मण्डल, गोण्डा में किया जा रहा है। उक्त के क्रम में जनपद के सीनियर पुरूष कबड्डी खिलाड़ियों का जनपदीय चयन परीक्षण 16 फरवरी को पूर्वान्ह 10 बजे से इन्दिरा गांधी स्टेडियम सिद्दीकपुर में किया जायेगा। जनपद स्तर पर चयनित पुरूष कबड्डी खिलाड़ी ही प्रदेश स्तरीय प्रतियोगिता में प्रतिभाग करेंगे। इच्छुक खिलाड़ी कन्हैया सिंह यादव, अंशकालिक मानदेय कबड्डी प्रशिक्षक से सम्पर्क कर प्रतिभाग कर सकते हैं।

### जिला स्वच्छता समिति की बैठक आयोजित

**जौनपुर।** जिलाधिकारी डॉ. दिनेश चंद्र की अध्यक्षता में जिला स्वच्छता समिति की बैठक कलेक्ट्रेट सभागार में संपन्न हुई। बैठक में जिलाधिकारी द्वारा 5812 लाभार्थियों को व्यक्तिगत शौचालय की प्रोत्साहन धनराशि दिए जाने हेतु अनुमोदन, वित्तीय वर्ष 2025-26 की वार्षिक कार्य योजना के अनुमोदन, व्यक्तिगत शौचालय निर्माण की प्रगति, स्वच्छ भारत मिशन फेस 2 योजना अंतर्गत ओडीएफ प्लस मॉडल ग्रामों की प्रगति, आरसी निर्माण आदि की समीक्षा की गई। बैठक मे समिति द्वारा स्वच्छ भारत मिशन (ग्रामीण) फेस-2 के अंतर्गत व्यक्तिगत शौचालय के प्रोत्साहन धनराशि को दो किस्तों में दिए जाने पर सर्वसम्मति से सहमति व्यक्त की गई। बैठक में वरिष्ठ कोषाधिकारी उमाशंकर, जिला पंचायत राज अधिकारी नत्थूलाल गंगवार, अपर जिला पंचायत राज अधिकारी, जिला कार्यक्रम अधिकारी, समस्त खंड विकास अधिकारी सहित अन्य अधिकारीगण, कर्मचारीगण उपस्थित रहे।

### श्रृंगार महोत्सव व भण्डारे का हुआ आयोजन

**केराकत।** क्षेत्र के कालीकाडीह बाबा सरोज बड़ेवर मंदिर का दसवां वार्षिक उत्सव एवं श्रृंगार तथा श्री रामचरितमानस पाठ एवं भव्य भंडारा का हुआ आयोजन हुआ। क्षेत्र के कालीकाडीह बाबा सरोज बडेवर मंदिर में दो दिवसीय कार्यक्रम का आयोजन हुआ। प्रथम दिवस रामचरितमानस पाठ का आयोजन एवं द्वितीय दिवस भव्य भंडारा का आयोजन संपन्न हुआ जिसमें सात हजार भक्त जनों ने प्रसाद ग्रहण कर बाबा का किया दर्शन। कार्यक्रम के मुख्य कार्यकर्ता दिग्विजय यादव ग्राम प्रधान मनोज कुमार, बबलू पाल, उदयराज यादव रहे। मंदिर परिसर के कार्यकर्ताओं ने आए हुए दूर दराज के भक्त जनों को प्रसाद ग्रहण कराया।

### घर वालों से नाराज होकर युवती ने फांसी लगाकर दी जान

**जौनपुर।** शहर कोतवाली क्षेत्र के उमरपुर काली कुत्ती मोहल्ले की एक युवती ने फांसी लगाकर अपनी जीवनलीला समाप्त कर ली। बताया जाता है कि उक्त मोहल्ला निवासी सुरेश बिंद की 20 वर्षीया पुत्री राधा बिंद ने शुक्रवार की भोर में किसी बात से नाराज होकर दुपट्टे के सहारे छत पर लगे हुए चुल्ला के सहारे फांसी लगाकर अपनी जीवन लीला समाप्त कर ली। बताया गया कि राधा की गोद भराई शादी का दिन तय हो चुका था, मगर उसने किसी बात से नाराज होकर आत्मघाती कदम उठा लिया। परिवार वालों को पता लगा तो दरवाजा तोड़ कर देखा तो राधा दुपट्टे के सहारे झूल रही थी। आनन फानन में परिवार वाले अपने निजी वाहन से जिला अस्पताल लाये जहां डॉक्टर ने उसे मृत घोषित कर दिया। मौत की खबर सुनते ही परिवार में कोहराम मच गया है। पुलिस ने लाश को कब्जे में लेकर पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया है।

### आज सात से नौ घंटे बाधित रहेगी बिजली आपूर्ति

**भदोही।** आरडीएसएस के अंतर्गत 132 केवी फत्तूपुर से निकलने वाले 33 केवी सुरियावां फीडर पर मिड स्पिन पोल लगाने एवं तार बदलने का कार्य किया जाएगा। विद्युत विभाग के अधिशासी अभियंता आरबी शर्मा ने बताया कि कार्य होने की वजह से सब स्टेशन सुरियावां, मोढ़, करियांव उपकेंद्र में शनिवार दस बजे से शाम पाँच बजे तक विद्युत आपूर्ति बाधित रहेगी। कार्पेट सिटी अवर अभियंता मनोज सिंह ने बताया कि कार्पेट सिटी पावर हाउस पर दिनांक 15 फरवरी 2025 को जल जीवन मिशन ग्रामीण योजना के तहत काम होगा जिससे कार्पेट सिटी पावर हाउस से सम्बंधित मलेथु गांव की पूरी सप्लाई सुबह नौ बजे से शाम को छह बजे तक बंद रहेगी।

### सड़क के किनारे मिला युवक का शव

**भदोही।** थाना चौरी क्षेत्र अंतर्गत परसीपुर के पास सड़क के किनारे गिरने से युवक की मौत हो गई।सूचना मिलने पर मौके पर पहुँची पुलिस शव को कब्जे में लेकर कार्यवाही में जुट गई। बताया जाता हैं कि क्षेत्र के चौरी निदुरपट्टी निवासी आलोक शर्मा पुत्र नंदलाल शर्मा उम्र करीब 35 वर्ष की अत्यधिक शराब पीने के कारण रेलवे फाटक परसीपुर के पास सड़क के किनारे गिरने से मौत हो गई। मृतक के पिता द्वारा तहरीर दी गई कि मृतक अत्यधिक शराब पीने का आदि था। पूर्व में भी एक- दो बार गिरने के कारण बीएचयू रेफर हुआ था, इसकी पत्नी इन्हीं आदतों के वजह से 06 वर्ष पूर्व छोड़कर चली गई थी। चौरी थानाध्यक्ष ने बताया कि स्थानीय पुलिस व फोरेंसिक टीम द्वारा घटनास्थल का निरीक्षण करते हुए शव को कब्जे में लेकर आवश्यक विधिक कार्यवाही की जा रही है।

### नशे में धुत युवक ने लगाई फांसी, दरवाजा तोड़कर पुलिस ने बचाई जान

**भदोही।** कोतवाली भदोही क्षेत्र अंतर्गत छेड़ीवीर मोहल्ले में नशे की हालत युवक ने फाँसी लगाकर आत्महत्या करने की कोशिश की। परिजनों द्वारा समय से पुलिस को सूचना दी गयी, मौके पर पहुँची पीआरवी पुलिस ने दरवाजा तोड़कर युवक को फंदे से उतारकर जान बचाई। पुलिस टीम की तत्परता पूर्वक कार्यवाही व बहादुरी पर एसपी ने नगद इनाम देकर पुरस्कृत किया। बताया जाता हैं कि छेड़ीवीर निवासी रवि उर्फ प्रदुम पुत्र रामलखन उम्र करीब 21 वर्ष शराब के नशे में अपने घर में अंदर से कमरा बंद करके साड़ी के फंदे से पंखे पर फांसी लगाकर लटक गया। परिजनों की सूचना पर पीआरवी-6242 पुलिसकर्मियों द्वारा तत्काल मौके पर पहुंचकर कमरे का दरवाजा तोड़कर युवक को फंदे से उतारा गया। पुलिसकर्मियों द्वारा तत्परतापूर्वक युवक को सी.पी.आर. देते हुए एम.बी.एस. अस्पताल भदोही में एडमिट कराया गया जहां उसका ईलाज चल रहा है। युवक की हालत खतरे से बाहर बताई जा रही हैं। पुलिस अधीक्षक अभिमन्यु मांगलिक ने आरक्षी अश्विन कुमार चौधरी, महिला आरक्षी पूनम पाल, अनुराधा वर्मा, आरक्षी चालक चंद्रबली मौर्य आदि पीआरवी पुलिसकर्मियो की तत्परतापूर्वक कार्यवाही बहादुरी की प्रशंसा करते हुए नगद रिवार्ड प्रदान कर सम्मानित किया।

# अमर शहीद शौर्य चक्र विजेता की मनायी गयी आठवीं पुण्यतिथि

जनसंदेश टाइम्स



**जौनपुर।** बदलापुर विधानसभा के ग्राम सुल्तानपुर में अमर शहीद शौर्य चक्र विजेता आशुतोष यादव की आठवीं पुण्यतिथि पर विधायक बदलापुर रमेश चंद्र मिश्र तथा जिलाधिकारी डॉ. दिनेश चंद्र द्वारा उनके आवास पहुंचकर श्रद्धांजलि अर्पित करके नमन किया और शहीद की माता, परिजनो, सेना के अधिकारीगणों को सम्मानित किया गया। इसके पश्चात विधायक तथा जिलाधिकारी द्वारा उनके परिवार से वार्ता करते हुए उन्हें ढांढस बंधाया गया तथा उन्हें आश्वासन दिया गया कि जिला प्रशासन से उन्हें जो भी मदद की आवश्यकता होगी, प्रशासन सदैव उनके साथ खड़ा है।

इस दौरान विधायक द्वारा कहा गया कि जब एक नौजवान अपने देश के लिए शहीद होता है तो सभी देशवासियों की आखे नम हो जाती है। एक शहीद अपने परिवार की चिन्ता न करते हुए अपने देश के लिए अपने प्राणों को न्यौछावर करता है। जिलाधिकारी ने कहा कि एक शहीद के त्याग और बलिदान से हम सबकी आंखें नम हो जाती हैं। एक शहीद का बलिदान अन्य नौजवानों में देश प्रेम की भावना उत्पन्न करता है। जिला प्रशासन सदैव शहीद के परिवारजन के साथ है। इस मौके पर उपजिलाधिकारी योगिता सिंह, सीओ प्रतिमा वर्मा, कैप्टन अजीत पाण्डेय, नायब सूबेदार अनिल कुमार राय, नायक संदीप कुमार यादव, नायक पाटिल अशोक, कर्नल पुष्पेंद्र सिंह, बिग्रेडियर एस तिवारी, सूबेदार मेजर बलराम सिंह, लालबहादुर यादव, के-के सिंह, देवेंद्र कुमार सिंह, राकेश कुमार सिंह, कैप्टन रामगुन मिश्र, लालजी यादव, मंडल अध्यक्ष शनि शुक्ला, संदीप पाठक, साहबलाल चौधरी आदि उपस्थित रहे।

### स्कूली वैन दुर्घटनाग्रस्त छह बच्चे घायल

**जौनपुर।** बरसठी थाना क्षेत्र में एक स्कूल वाहन एवं मोटरसाइकिल की जोरदार टक्कर में मोटरसाइकिल सवार युवक गंभीर रूप से घायल हो गया है। जबकि स्कूल वाहन में सवार आधा दर्जन बच्चे भी घायल बताये जा रहे हैं। प्रत्यक्षदर्शियों की माने तो मछलीशहर की तरफ से आ रहे मोटरसाइकिल सवार एवं आदर्श विद्या मंदिर बड़ेरी के वाहन में टक्कर हो गयी। शुक्रवार को पूर्वान्ह करीब 10 बजे बच्चों को लेकर पुलिस चौकी की तरफ से विद्यालय जा रहे स्कूल वाहन और मोटरसाइकिल की बाजार में ही टक्कर हो गई, जिसमें मोटरसाइकिल सवार युवक 18 वर्षीय राहुल पाल पुत्र राम प्रसाद पाल पड़ूवा बेलवार सुजानगंज गंभीर रूप से घायल हो गया एवं मारुति वैन में सवार यूकेजी का छात्र 7 वर्षीय रूपेश प्रजापति एवं 6 वर्षीय रुद्र प्रजापति पुत्र रवि प्रजापति उदयपुर रामपुर, एलकेजी का छात्र, 15 वर्षीया कक्षा आठ की छात्रा मुस्कान पुत्री दिनेश निवासी उतिरांई, अर्पित यादव कक्षा एक पुत्र दिनेश यादव उतिराई, अर्जुन यादव कक्षा एक पुत्र विनोद उतिराई को भी चोटें आई है जिनका प्राथमिक इलाज कर घर भेज दिया गया वहीं मोटरसाइकिल सवार युवक राहुल पाल जिला अस्पताल में अपनी जिंदगी और मौत से जूझ रहा है। बड़ेरी चौकी इंचार्ज ने दोनों वाहनों को अपने कब्जे में लेते हुए विधिक कार्यवाही की।

# दबंगों ने करकट युक्त कमरे को ढहाया, वीडियो वायरल



**केराकत।** क्षेत्र के ग्राम भैरोभानपुर में गुरुवार देर रात को दबंगों ने महिला के करकट युक्त कमरे को ढहा दिया। करकट युक्त कमरे को ढहाते समय का किसी ने वीडियो बना लिया जो सोशल मीडिया पर प्रसारित हो रहा है। वायरल वीडियो में साफ देखा जा सकता है कि कैसे फावड़े के सहारे दीवार को तोड़ा जा रहा है। इस दुस्साहित मामले में पीड़िता ने पुलिस से तत्काल कार्रवाई की मांग की है। हालांकि वायरल वीडियो की पुष्टि हम और हमारा अखबार नहीं करता है।

पीड़िता नगीना देवी ने बताया कि मेरे पति रोजी रोटी के सिलसिले में बाहर रहते है मेरे ससुर द्वारा बीस वर्ष पहले करकट युक्त कमरे का निर्माण कराया गया था जिसने मेरा परिवार वर्षों से रह रहा है, लेकिन गाँव के कुछ दबंगों ने अवैध रूप से कब्जा करने की नियत से रात के समय अचानक आकर टिन शेड को तोड़ने लगे। मना करने पर गाली गलौज देते हुए मारने की धमकी दे रहे है जबकि मेरे पति के नाम से घरौनी बनी हुई है। पीड़िता ने कोतवाली पहुंची तहरीर देकर कब्जा करने व ईट उठाने से मना करने की गुहार लगाई। साथ ही महिला ने आरोप लगाया कि स्थानीय प्रशासन और पुलिस इस मामले में जानबूझकर अनदेखी कर रही है। पुलिस पीड़िता के तहरीर के आधार पर मामले की जांच पड़ताल में जुट गई।

# पुलवामा के शहीदों को दी गई श्रद्धांजलि

## उनकी याद में जलाए 151 दिए



**मुंगराबादशाहपुर।** स्थानीय नगर के मोहल्ला गुड़हाई स्थित नागा बाबा कुटी पर निःशुल्क पाठशाला के बच्चों ने जम्मू कश्मीर के पुलवामा में आतंकी हमले में 40 वीर जवानों को 151 दीप जलाकर भावभीनी श्रद्धांजलि दी।

शुक्रवार को श्रद्धांजलि समारोह का आयोजन किया गया जिसमें जम्मू कश्मीर के पुलवामा में आतंकवादी हमले में 40 वीर जवान शहीद हो गए थे। आतंकवादियों का यह कायराना हरकत भारत ही नहीं पूरे विश्व को हिलाकर रख दिया था। इसका बदला भारत के वीर जवानों ने लिया था। उन्होंने कहा हमारे वीर जवानों की शहादत कभी व्यर्थ नहीं जाएगी। इस मौके पर संचालक सूरज विश्वकर्मा, राहुल गुप्ता, नमन ऊमरवैश्य, गायत्री, रेखा देवी, प्रीति, अतुल त्रिपाठी व सुमित आदि लोग बड़ी संख्या में मौजूद रहे।

### राज्यमंत्री की अध्यक्षता में आयोजित हुई जौनपुर महोत्सव की तैयारी बैठक

**जौनपुर।** राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) खेल एवं युवा कल्याण उ.प्र. गिरीश चंद्र यादव की अध्यक्षता में आगामी जौनपुर महोत्सव की तैयारी के संदर्भ में बैठक निरीक्षण भवन में संपन्न हुई। बैठक में मंत्री द्वारा बताया गया कि आगामी 17, 18, 19 मार्च को जौनपुर महोत्सव आयोजित होना प्रस्तावित है। तीन दिवसीय महोत्सव के दौरान रोजगार मेले का आयोजन, कवि सम्मेलन, सांस्कृतिक कार्यक्रम, सामूहिक विवाह के आयोजन सहित योजनाओं के प्रचार-प्रसार हेतु विभिन्न विभागों द्वारा स्टाल लगाए जाने आदि विषयों पर चर्चा हुई। मंत्री द्वारा समस्त सम्बन्धित अधिकारियों को निर्देशित किया गया कि अपने विभाग से सम्बन्धित तैयारिया समय से पूर्ण कर ले। इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी साईं तेजा सीलम, जिला विकास अधिकारी मीनाक्षी देवी, पर्यटन सूचना अधिकारी मीनाक्षी यादव, समाज कल्याण अधिकारी नीरज पटेल, अधिशासी अभियंता पीडब्ल्यूडी, अधिशासी अधिकारी नगर पालिका सहित अन्य उपस्थित रहे।

# लायंस क्लब शाहगंज स्टार ने आयोजित किया अंतरराष्ट्रीय बाल कैंसर दिवस

जनसंदेश टाइम्स



**शाहगंज।** नगर की अंतरर्राष्ट्रीय सामाजिक संस्था लायंस क्लब शाहगंज स्टार ने सूर्या हास्पिटल में अंतरराष्ट्रीय बाल कैंसर दिवस जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। बताते चलें कि बच्चों में होने वाली कैंसर से बचाव व जागरूकता के लिए हर साल 14 फरवरी को अंतरराष्ट्रीय बाल कैंसर दिवस के रूप में मनाया जाता है।

इस जागरूकता कार्यक्रम में सूर्या हॉस्पिटल की डॉ. रुचि मिश्रा ने कहा कि खेलने-कूदने की उम्र में बच्चों को अब कैंसर जैसी खतरनाक बीमारी से जंग लड़नी पड़ रही है। शहर के पीएमसीएच, आइजीआइएमएस, एनएमसीएच और पटना एम्स में कैंसर रोग विभाग में करीब 700 से अधिक बच्चों का इलाज चल रहा है। इसके अलावा इनमें महावीर कैंसर संस्थान, बुद्धा कैंसर सेंटर के अलावा अन्य निजी अस्पतालों में 250 बच्चे इलाजरत हैं। विशेषज्ञ बताते हैं कि कैंसर लाइलाज बीमारी है लेकिन इससे जिदंगी खत्म नहीं हो सकती है। जज्बा, आत्मविश्वास, जागरूकता और अपनों के सपोर्ट से जंग-ए-जिंदगी में कैंसर को मात दी जा सकती है। बच्चों में होने वाली कैंसर से बचाव व जागरूकता के लिए आज हम 14 फरवरी को अंतरराष्ट्रीय बाल कैंसर दिवस मना रहे हैं।

पटना में लिम्फोमा कैंसर अधिकारी डॉक्टरों के मुताबिक बच्चों में चार प्रकार का कैंसर फैल रहा है। इसमें एक्यूट ल्यूकेमिया, ब्रेन ट्यूमर, न्यूरोब्लास्टोमा और लिम्फोमा का कैंसर शामिल है। विशेषज्ञ बताते हैं कि बड़ों के मुकाबले बच्चों में कैंसर के मामले कम होते हैं। बच्चों में होने वाला ज्यादातर कैंसर ठीक हो सकता है। बशर्ते उसकी समय पर पहचान हो जाए। यहां पर इलाज कराने वाले ज्यादातर बच्चों में लिम्फोमा और ल्यूकीमिया के पंजीकृत हैं। यहां तक कि कैंसर के संबंधित अस्पतालों में तीन साल से कम उम्र के बच्चों में न्यूरोब्लास्टोमा का कैंसर भी मिला है। बच्चों में कैंसर के प्रकार में ल्यूकीमिया इसे ब्लड कैंसर भी कहा जाता है। इसमें बच्चों की त्वचा पीली पड़ने लगती है। लिम्फोमा- शरीर में गिल्टी या गांठ बन जाती है। लिम्फोमा में बच्चों को तेज बुखार व थकान जैसे समस्या होने लगती है। न्यूरोब्लास्टोमा - यह कैंसर नवजातों को होता है। किडनी के ऊपरी हिस्से को प्रभावित करता है। ब्रेन ट्यूमर- बच्चों के मस्तिष्क में ट्यूमर का निर्माण होने लगता है। बचाव के लिए आपको यह करना जरूरी स्वच्छता पर ध्यान दें। स्वच्छ व पौष्टिक भोजन कराएं, हड्डी में दर्द या सूजन हो तो डॉक्टर से संपर्क करें।

बड़ों के मुकाबले बच्चों में कैंसर के मामले कम होते हैं। समय पर इलाज हो तो बच्चों में होने वाला अधिकांश कैंसर ठीक हो जाता है। बच्चों के आंतरिक शारीरिक क्षमता व्यस्कों की तुलना में मजबूत होती है। सही से इलाज हो तो तीसरे व चौथे स्टेज के कैंसर में भी अच्छी रिकवरी हो जाती है। कार्यक्रम का संचालन एवं आभार संस्था अध्यक्ष मनीष अग्रहरि ने किया और लगभग 100 मरीजों को बिस्किट वितरण किया गया। इस जागरूकता कार्यक्रम को सफल बनाने में डॉ. सुधाकर मिश्रा, मनोज पांडेय, अनिमेश अग्रहरि, दीपक सिंह आदि ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

जनसंदेश टाइम्स प्रा.लि.के लिए **प्रवीण कुमार कुशवाहा,** सी 28 /121, तेलियाबाग, प्रथम तल, वाराणसी से प्रकाशित एवं मीडिया टेक्स्ट (Media Text) प्रा.लि. प्रेस, रोहनिया, वाराणसी से मुद्रित।
**प्रधान सम्पादक - सुभाष राय**
**स्थानीय सम्पादक -प्रवीण कुमार कुशवाहा**
पीआरबी एक्ट के अन्तर्गत समाचारों के चयन के लिए उत्तरदायी। इस समाचार पत्र में प्रकाशित समस्त समाचारों से सम्बन्धित विवादों का न्याय क्षेत्र वाराणसी होगा।
फोन नं. 8177008889
आरएनआई नं. **UPHIN/2012/46221**
डाक पंजीयन सं.: जीपीओएलडब्ल्यू / एनपी - 78/2011-13।

# श्रद्धालुओं का सैलाब अब भी लाखों में

## लोगों को बाबा के दर्शन के लिए घंटों करना पड़ा इंतजार

**अब लोग परेशान हो रहे**

**दोपहर तक तीन लाख ने किया दर्शन, बाबा दरबार में लगते रहे जयकारे**

जनसंदेश न्यूज

**वाराणसी।** काशी विश्वनाथ धाम में श्रद्धालुओं का सैलाब कम नहीं हो रहा है। शुक्रवार को दोपहर तक तीन लाख लोग बाबा विश्वनाथ का दर्शन पूजन कर चुके थे। बाबा दरबार में जयकारे लग रहे थे। काशी विश्वनाथ मंदिर में भक्तों की लंबी कतारें लगी हैं। सुबह मंगला आरती के बाद से ही बाबा के झांकी दर्शन का सिलसिला शुरू हुआ। इसके बाद से बाबा के जयकारे गूंज रहे हैं। काशी विश्वनाथ मंदिर में शुक्रवार को महाकुंभ के पलट प्रवाह का असर कुछ ऐसा रहा कि श्रद्धालुओं की लंबी लाइन लग गई। मंगला आरती के बाद दोपहर 1 बजे तक तीन लाख से ज्यादा भक्तों ने दर्शन- पूजन किया। घंटों लाइन में लगने के बाद बाबा का दर्शन मिला तो श्रद्धालुओं के चेहरे खिल उठे। गोदौलिया पर लाइनों में खड़े श्रद्धालु भीड़ से परेशान दिखे। आरती के दौरान कॉरिडोर कतारबद्ध श्रद्धालुओं के जयघोष से गूंजता रहा। बाबा के दर्शन को श्रद्धालु बेताब दिखे। दूसरी ओर 6 से 7 घंटे तक लाइन में लगे रहने के बाद श्रद्धालु बाबा विश्वनाथ के गेट नंबर 4 से मंदिर में कड़ी सुरक्षा के बीच प्रवेश करते रहे। बाबा विश्वनाथ मंदिर में झांकी दर्शन के दौरान सेवादार भक्तों की लाइन को तेजी से आगे बढ़ाते रहे।





# वीडियो कांफ्रेंसिंग के जरिए पीड़िता पेश दर्ज हुआ बयान

**वाराणसी।** प्रसाद में नशीला पदार्थ खिलाकर विवाहिता से दुष्कर्म करने के लंबित मुकदमे की शुक्रवार को फास्टट्रैक कोर्ट (द्वितीय) सुनील कुमार की अदालत में सुनवाई हुई। आस्ट्रेलिया के सिडनी शहर में रह रही पीड़िता वीडियो कांफ्रेंसिंग के जरिए अदालत में पेश हुई थी। इस दौरान पीड़िता से बचाव पक्ष के अधिवक्ता द्वारा उससे जिरह की कार्रवाई की गई। जिरह की कार्रवाई पूरी न होने पर अदालत ने इसे जारी रखते हुए 24 फरवरी की तिथि मुकर्रर कर दी। प्रकरण के मुताबिक चौक थाना क्षेत्र निवासिनी विवाहिता ने 27 फरवरी 2017 को महात्मा गांधी काशी विद्यापीठ के कर्मचारी राजेश राय के खिलाफ दुष्कर्म करने का आरोप लगाते हुए मुकदमा दर्ज कराई थी। पीड़िता का आरोप था कि फरवरी 2017 में सिडनी (आस्ट्रेलिया) से अपने पति के साथ भारत आयी थी। नई दिल्ली से उसका पति हरियाणा अपने घर चला गया और वह अपने मायके बनारस आ गई। उसके घर आये राजेश राय ने खाने के लिए उसे प्रसाद दिया। प्रसाद खाने के बाद वह अचेत हो गई। तब राजेश ने उसके साथ दुष्कर्म किया और अपने मोबाइल से उसका आपत्तिजनक फोटो खींचकर चला गया। आस्ट्रेलिया जाकर उसने अपने पति से आप बीती बताई। बाद में बनारस के पुलिस अधिकारी से संपर्क कर दंपति ने घटना की जानकारी दी। दोनों ने यहां आकर राजेश राय के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया। पुलिस ने पीड़िता का मेडिकल और मजिस्ट्रेट के समक्ष बयान दर्ज कराने के बाद विवेचना पूरी कर अदालत में अदालत में आरोपित के खिलाफ आरोपपत्र दाखिल कर दी।

# बिछड़े बालक को डीएम ने माता-पिता को सौंपा



**सराहनीय कार्य**

**तेलांगना के दम्पति का बालक भीड़ में गया था बिछड़**

**पुत्र को पाकर दम्पत्ति ने डीएम का जताया आभार**

**डीएम ने गिरजाघर व गोदौलिया क्षेत्र का किया निरीक्षण**

**वाराणसी।** जिलाधिकारी एस. राजलिंगम और अपर पुलिस आयुक्त डॉ. एस. चिनप्पा ने मैदागिन, गिरजाघर और गोदौलिया चौराहे सहित आसपास के क्षेत्रों का निरीक्षण कर मौके पर तैनात पुलिसकर्मियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। इस दौरान एक बिछड़े बालक को जिलाधिकारी ने उसके माता-पिता को सौंपा।

हुआ यह कि गिरजाघर, गौदौलिया और आसपास क्षेत्रों में उमड़ी भीड़ के नियंत्रण के बाबत निरीक्षण करते हुए वह पैदल ही काशी विश्वनाथ मंदिर के गेट नंबर चार से मंदिर परिसर पहुंचे और वहां का जायजा लिाय। तत्पश्चात वह चौक की तरफ भ्रमण करते हुए व्यवस्थाओं को देखा। उन्होंने थाना कोतवाली और मैदागिन चौराहे का दौरा करते हुए जिलाधिकारी ने वहां पर एक मेडिकल टीम लगाने का सीएमओ को निर्देश दिया। इस दौरान तेलंगाना के एक दम्पत्ति के रेवंत रेड्डी नाम का पांच वर्षीय पुत्र भीड़ में गुम हो गया था। उसकी खोज के लिए दम्पत्ति ने जिलाधिकारी से मदद की गुहार लगाई। इसे गंभीरता से लेते हुए जिलाधिकारी ने तत्काल बच्चे को ढूंढ़ने के लिए पुलिसकर्मियों को निर्देशित किया और आधे घंटे में बच्चे को सुरक्षित खोज लिया गया। जिलाधिकारी ने दम्पति को बालक को सौंपा। बालक को पाकर दम्पति ने जिलाधिकारी का आभार व्यक्त किया। गिरजाघर से मंदिर के गेट नंबर चार के निरीक्षण के दौरान ठेला और फुटपाथ पर सामान बेचने वाले दुकानदारों को चेतावनी दी गई कि अनावश्यक भीड़ न लगाएं अन्यथा कार्यवाही की जाएगी। उन्हें वहां से तत्काल हटाया भी गया। इसके बाद मंदिर से वापस मैदागिन तक चलकर चौक थाना और मैदागिन चौराहे पहुंचे। मैदागिन चौराहे पर एसीपी प्रज्ञा पाठक मौजूद रहीं।

# 30 दिन 1.5 करोड़ श्रद्धालुओं ने मत्था टेका

**जारी है सिलसिला**

**बाबा के दर्शन करने को लगी रहीं कतारें**

**ड्रोन कमरों से की जा रही है निगरानी**

**वाराणसी।** बनारस में महाकुंभ के स्नान को लेकर लगभग डेढ़ करोड़ श्रद्धालुओ ने मत्था टेका। एक माह के दौरान काशी विश्वनाथ धाम में लगभग डेढ़ करोड़ लोग दर्शन-पूजन कर चुके हैं। वाराणसी में 15 जनवरी से महाकुंभ से लौटते श्रद्धालुओं की भीड़ अब सारे रिकार्ड तोड़ चुकी है। 12 फरवरी को 50 लाख श्रद्धालुओं का काशी पहुंचना ऐतिहासिक है। शहर की सड़कों से लेकर काशी आने वाले सभी मार्ग श्रद्धालुओं से खचाखच भरी हुई चल रही है। मैदागिन से बुलानाला, नीचीबाग, आसभैरव, ज्ञानवापी, चौक , बांसफाटक, कोतवालपुरा, गोदोलिया मार्ग पूरी तरह खचाखच भरा हुआ चल रहा था। उधर, दशाश्वमेधघाट भी पूरी तरह से पटा हुआ है। गिरजाघर पर लोगों की भारी भीड़ जमा थी। महाकुंभ के पलट प्रवाह से वाराणसी में श्रद्धालुओं की भीड़ लगातार बढ़ रही है। शुक्रवार को काशी में लाखों श्रद्धालु पहुंचे। उनकी निगरानी बढ़ा दी गई है। उनकी संख्या का आंकलन करने के लिए मंदिर में लगे स्मार्ट कैमरों के साथ-साथ ड्रोन का भी प्रयोग किया जा रहा है।








# बीयर केन पर गांधीजी की फोटो, मचा बवाल

**ये हिमाकत**

**भारतीयों ने प्रधानमंत्री मोदी से की कार्रवाई की मांग**




**नई दिल्ली।** रूस के एक बियर ब्रांड Rewort ने अपने प्रोडक्ट पर महात्मा गांधी की तस्वीर लगाकर विवाद खड़ा कर दिया है। सोशल मीडिया पर इस बियर की तस्वीरें और वीडियो वायरल होने के बाद भारतीय यूजर्स ने कड़ी नाराजगी जताई है। गौरतलब है कि महात्मा गांधी जीवन भर नशामुक्ति के समर्थक थे। इंटरनेट पर इन दिनों एक चौंकाने वाली तस्वीर तेजी से वायरल हो रही है, जिसमें रूसी बीयर ब्रांड फ्6ड्ड१३ के एक उत्पाद पर महात्मा गांधी की तस्वीर देखी गई है। इस खबर के सामने आते ही भारतीय सोशल मीडिया यूजर्स में आक्रोश फैल गया है। सोशल मीडिया पर यूजर्स #RespectGandhi जैसे हैशटैग के साथ विरोध जता रहे हैं। कई लोगों ने इसे भारत का अपमान बताते हुए ब्रांड पर कार्रवाई की मांग की है। सोशल वर्कर 'श्री सुपर्णो सतपथी' ने इस बीयर की तस्वीर ट्विटर पर साझा करते हुए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से इस मामले में हस्तक्षेप करने की अपील की। उन्होंने पीएम मोदी से अनुरोध किया कि वे इस मुद्दे को रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन के सामने उठाएं। उन्होंने ट्वीट करते हुए लिखा, मेरा विनम्र अनुरोध है कि प्रधानमंत्री @narendramodi जी इस मामले को अपने मित्र @KremlinRussia_E के साथ उठाएं। रूस की Rewort कंपनी गांधीजी के नाम से बीयर बेच रही है... यह निंदनीय है। महात्मा गांधी जीवनभर शराब के खिलाफ रहे। ऐसे में उनकी तस्वीर का एक बीयर ब्रांड पर इस्तेमाल किया जाना अस्वीकार्य माना जा रहा है। सोशल मीडिया पर कई यूजर्स ने इसे भारत के मूल्यों और गांधीजी की विरासत का अपमान बताया। एक यूजर ने लिखा- चौंकाने वाला और अस्वीकार्य! एक रूसी ब्रूअरी महात्मा जी नाम से बीयर बेच रही है। यह गांधीजी की विरासत का मजाक उड़ाने जैसा है। @narendramodi और @DrSJaishankar जी से आग्रह है कि @mfa_russia से इस पर कड़ी आपत्ति दर्ज कराएं।

# पुलवामा शहीदों की याद में श्रद्धांजलि सभा आयोजित

**श्रद्धांजलि**

**अधिवक्ताओं सहित शहर के कई क्षेत्रों में दी गयी श्रद्धांजलि**

**वाराणसी।** जिला जज संजीव पाण्डेय ने पुलवामा में शहीद जवानों की स्मृति में सिविल कोर्ट परिसर में पौधारोप किया। ग्रीन पीस नेचर फाउंडेशन काशी के तत्वावधान मे शुक्रवार को अपराह्न कचहरी परिसर में पुलवामा में शहीद जवानों की स्मृति में प्रतिवर्ष की भांति इस वर्ष भी कचहरी परिसर में जिला जज और पुलवामा में शहीद जवान रमेश यादव की पत्नी रेनू यादव के कर कमलों द्वारा वृक्षारोपण किया गया। संस्था के संस्थापक राजेश सिंह कुशवाहा अध्यक्ष आरिफ सिद्दीकी, महासचिव नीरज कुमार शुक्ला ने रेनू यादव को पौधा देकर शहीद जवानों को भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की। वहीं137 टी.ए.बटालियन 39 जी.टी.सी के जवानों द्वारा शहीद जवानों को श्रद्धांजलि अर्पित किया गया। कार्यक्रम में मुख्य रूप से संजय यादव,प्रेम प्रकाश सिंह गौतम, मुरलीधर सिंह,अमित कुमार शुक्ला,कौशलेंद्र त्रिपाठी आदि अधिवक्ता उपस्थित रहें। वहीं चोलापुर क्षेत्र के स्थानीय बाजार में शहीद स्मारक चोलापुर में भी लोगों ने दी श्रद्धांजलि दी। सभी ने शहीदी बलिदान को नमन करते हुए दीप व कैंडल जलाकर दो मिनट का मौन रखते हुए श्रद्धांजलि दी। इस मौके पर इंस्पेक्टर राकेश कुमार चोलापुर थाना प्रभारी के साथ विजय शंकर चौबे, चंद्र प्रकाश सिंह, नित्यानंद चौबे, अभय यादव, दीपक सिंह आदि थे। वहीं सेवापुरी के सोनबरसा के ग्रामीणों ने पुलवामा हमले में शहीद जवानों को दी श्रद्धांजलि दे कैंडिल मार्च निकाला।




# तमिलनाडु से 200 मेहमानों का जत्था आज आएगा

**काशी तमिल संगमम**

**बनारस स्टेशन पर किया जाएगा काशी की परंपरा के अनुरूप भव्य स्वागत**

**16 फरवरी से छह अकादमिक सत्र बीएचयू में आयोजित होंगे**

**बीएचयू और आईआईटी बीएचयू के इतिहास से रूबरू होंगे ये मेहमान**

**वाराणसी।** काशी तमिल संगमम 3.0 के लिए तमिलनाडु से 200 मेहमानों का जत्था शुक्रवार को काशी पहुंचेगा। शुक्रवार को दोपहर में सभी चेन्नई से रवाना हो गए और वे 15 फरवरी को बनारस स्टेशन पहुंचेंगे। मेहमानों के दल में दो सौ छात्र, शिक्षक और लेखक शामिल रहेंगे।

इंडियन रेलवे कैटरिंग एंड टूरिज्म कॉरपोरेशन ने अतिथियों के स्वागत-सत्कार की तैयारियों को अंतिम मूर्तरूप देना शुरू कर दिया है। कॉरपोरेशन सूत्रों की मानें तो मेहमानों के स्वागत में रेड कारपेट बिछाए जायेंगे। शंख ध्वनि, डमरू के निनाद और ढोल की थाप के बीच तिलक लगा और माल्यार्पण कर स्वागत किया जाएगा। ई-बसों से मेहमानों को उनके होटलों तक पहुंचाया जाएगा। मेहमान हनुमान घाट पर गंगा स्नान करने के बाद राष्ट्रकवि सुब्रमण्यम भारती के प्रवास स्थल पर जायेंगे। काशी विश्वनाथ मंदिर में दर्शन, बीएचयू में आयोजित अकादमिक सत्र में सहभागिता करने के साथ नमो घाट पर आयोजित कार्यक्रम में अतिथि के रूप में भाग लेंगे। इन मेहमानों के जरिए काशी में 109 साल पूर्व स्थापित हुई बीएचयू के इतिहास और उपलब्धियां दक्षिण भारत तक पहुंचेंगी।

बीएचयू के साथ ही आईआईटी-बीएचयू की तरफ से नमो घाट पर स्थित आयोजन स्थल पर स्टॉल लगाया जाएगा, जहां विश्वविद्यालय और संस्थान की उपलब्धियां, प्रमुख जानकारियां, इतिहास और शैक्षणिक उत्कृष्टता के बारे में बताया जाएगा। 16 तक काशी तमिल संगमम के तहत छह अकादमिक सत्र बीएचयू में आयोजित होंगे। हर दल में आने वाले 100 मेहमानों को बीएचयू परिसर के ऐतिहासिक स्थलों और विभागों का भ्रमुण भी कराया जाएगा। इससे पहले नमो घाट पर लगे स्टॉल पर वह बीएचयू और आईआईटी-बीएचयू के बारे में जानेंगे। बीएचयू की तरफ से गठित प्रचार समिति को यह जिम्मा दिया गया है।

प्रचार समिति के अध्यक्ष और जनसंपर्क विभाग के आचार्य प्रभारी प्रो. अनुराग दवे ने बताया कि नमो घाट पर बीएचयू के कृषि विज्ञान संस्थान, दृश्य कला संकाय, मंच कला, पशु विज्ञान संकाय, दंत चिकित्सा सहित अन्य विभागों के विशेषज्ञ मौजूद रहेंगे। जंतु विभाग के प्रो. ज्ञानेश्वर चौबे और उनके शोधार्थी जीन थिरेपी ओर डीएनए विज्ञान की दिशा में हुए उत्कृष्ट कार्यों के बारे में बतायेंगे। तमिल प्रतिनधिमंडल को बीएचयू पर शॉर्ट वीडियो भी दिखाये जायेंगे। तमिल विभाग के आचार्य और छात्र स्वयंसेवक मेहमानों से संवाद का जरिया बनेंगे। कार्यक्रम स्थल पर बीएचयू का स्टॉल लगाने की तैयारियां शुरू भी हो गयी है।

# दिल्ली में नई सरकार का गठन जल्द

**नई दिल्ली।** दिल्ली विधानसभा चुनाव के बाद सरकार के गठन की प्रक्रिया तेज हो गई है। सूत्रों के मुताबिक दिल्ली में नई सरकार का शपथ ग्रहण समारोह 19 या 20 फरवरी को हो सकता है। वहीं, विधायक दल की बैठक 17 और 18 को होगी, जिसमें नई सरकार के गठन से संबंधित अहम फैसले लिए जाएंगे। पीएम नरेंद्र मोदी शुक्रवार रात अमेरिका से दिल्ली वापस आ गए हैं। इसके बाद सरकार बनाने को लेकर एक बैठक होगी। पीएम मोदी के साथ केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह, बीजेपी अध्यक्ष जेपी नड्डा और पार्टी के अन्य शीर्ष नेता भी मौजूद रहेंगे। बैठक में दिल्ली में सरकार के गठन फैसला लिया जाएगा। इस दौरान दिल्ली का अगला सीएम कौन होगा, यह भी तय होगा। भारतीय जनता पार्टी के शीर्ष नेतृत्व ने दिल्ली में सरकार गठन के लिए पहले ही होमवर्क कर रखा है। पार्टी ने विधायकों के नामों की सूची तैयार की है, जिसमें 48 में से 15 विधायकों के नाम को प्राथमिकता दी गई है। इन 15 विधायकों में से 9 नामों को चुना जाएगा, जिसमें सीएम, मंत्री और स्पीकर के नाम तय होंगे। सूत्रों के मुताबिक पार्टी अध्यक्ष जेपी नड्डा ने साफ कर दिया है कि सीएम निर्वाचित विधायकों में से होगा और इस बारे में फैसला विधायक दल की बैठक में किया जाएगा। नड्डा ने यह भी संकेत दिया कि सीएम के शपथ ग्रहण के बाद पहली कैबिनेट बैठक में कुछ अहम नीतिगत फैसले लिए जाएंगे।

## जवान ने गोलियां बरसाकर ली दो साथियों की जान

**इंफाल।** मणिपुर में केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल (सीआरपीएफ) के एक जवान ने गोलीबारी कर अपने दो सहकर्मियों की हत्या कर दी और आठ को घायल कर दिया।

जवान ने खुद भी आत्महत्या कर ली। घायलों को अस्पताल में भर्ती कराया गया है। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। आधिकारिक सूत्रों ने बताया कि इंफाल पश्चिम जिले के लाम्फेल स्थित सीआरपीएफ के शिविर में गुरुवार रात करीब 8.20 बजे यह घटना हुई। उन्होंने बताया कि आरोपी हवलदार संजय कुमार ने अपनी लाइसेंसी बंदूक से गोली चलाई जिससे एक कांस्टेबल और एक उपनिरीक्षक की मौके पर ही मौत हो गई। इसके बाद उसने खुद को भी गोली से उड़ा लिया। उसे अस्पताल ले जाया गया जहां डॉक्टों ने उसे मृत घोषित कर दिया।

# संविदा लाइन स्टॉफ की करंट की चपेट में आने से मौत

**हादसा**

**विद्युत मजदूर पंचायत ने जताया शोक, एसई के साथ वार्ता स्थगित की**



**वाराणसी।** चंदौली जिले के औद्योगिक क्षेत्र फेज-टू सिंधिताली स्थित एक कारखाने की लाइन बनाते समय करंट की चपेट में आने से शुक्रवार को संविदा लाइन स्टॉफ गनेशु कुमार पटेल की मौत हो गयी। वह विद्युत वितरण खंड मुगलसराय के अधीन सिंधिताली उपकेंद्र पर तैनात था। इस हादसे की जानकारी मिलते ही विद्युत मजदूर पंचायत के सदस्यों ने शोक जताया और अधीक्षण अभियंता के साथ आयोजित वार्ता को स्थगित कर दिया। दरअसल, विद्युत मजदूर पंचायत के पदाधिकारियों के साथ विद्युत वितरण मंडल चंदौली के अधीक्षण अभियंता के साथ शुक्रवार को कर्मचारियों की समस्याओं को लेकर बैठक थी। बैठक के दौरान ही जानकारी मिली कि सिंधिताली स्थित औद्योगिक क्षेत्र में लाइन पर कार्य करते समय संविदा लाइन स्टॉफ गनेशु पटेल की करंट की चपेट में आने से मौत हो गयी है। यह जानकारी मिलते ही संगठन के लोगों ने वार्ता स्थगिम कर दिया और मृत संविदा कर्मचारी के पावनों को जल्द दिलाने के साथ ही उसकी तत्काल पोस्टमार्टम कराने के लिए जिलाधिकारी चंदौली से बात की। चंदौली के जिलाधिकारी ने तत्काल वाराणसी के जिलाधिकारी से बात कराकर पोस्टमार्टम कराने का आश्वासन दिया। तब जाकर संगठन के लोग कार्यालय से हटे। संगठन के लोगों ने बताया कि अधीक्षण अभियंता और मुगलसराय के अधिशासी अभियंता ने मृतक के परिजनों के प्रति सहानुभूति दिखाते हुए तत्काल पावनों के निस्तारण का आदेश दिया। इस दौरान आरके वाही, ओपी सिंह, जिउतलाल, अंकुर पांडेय, राहुल सिंह, जितेंद्र सिंह, शिवनारायण सिंह, विकास कुशवाहा आदि उपस्थित रहे।